विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के नवीन दिशा-निर्देश के अनुरूप

ISSN 2321-4945
PEER REVIEWED
& REFEREED JOURNAL

# द्विभाषी राष्ट्रसेवक

वर्ष : 74 अंक : 12

मार्च, 2025



अमृत वर्ष
की ओर
अग्रसर ...

RNI NO. ASSBIL/2009/31008 ISSN : 2321-4945

एक हृदय हो भारत जननी

# द्विभाषी राष्ट्रसेवक

(भाषा, साहित्य, समाज, कला व संस्कृति विषयक शोध-पत्रिका)

**PEER REVIEWED & REFEREED JOURNAL**
**www.arpsguwahati.com**

**वर्ष : 74** **अंक : 12** **मार्च, 2025**

*परामर्श मंडल*

**भारतभूषण महंत** (असम) • **प्रो. आर. एस. सर्राजु** (तेलंगाना) • **प्रो. किरण हाजरिका** (पंजाब)
• **प्रो. प्रदीप के शर्मा** (सिक्किम) • **प्रो. एच. एन. वाघेला** (गुजरात) • **डॉ. रीतामणि वैश्य** (असम)

*संपादक मंडल*

**प्रो. देवाशीष महापात्र** (तेजपुर) • **डॉ. अमूल्य चंद्र बर्मन** (गुवाहाटी) • **प्रो. दिलीप कुमार मेधी** (गुवाहाटी)
• **डॉ. अनुशब्द** (तेजपुर) • **डॉ. कुसुम कुंज मालाकार** (गुवाहाटी) • **डॉ. जुरी दत्त** (तेजपुर)
• **डॉ. अंबेश्वर गोगोई** (गुवाहाटी) • **डॉ. प्रांजल शर्मा वशिष्ठ** (गुवाहाटी) • **डॉ. स्वप्नाली दास** (गुवाहाटी)

*प्रधान संपादक*

**डॉ. क्षीरदा कुमार शइकीया**

*संपादक*

**प्रो. मोहन**

*कार्यकारी संपादक*

**रामनाथ प्रसाद**

असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी

**DWIBHASHI RASTRASEWAK :** A Bilingual (Hindi & Assamese) Monthly Research Journal, Focused on Language, Literature, Society, Art and Culture, Partially funded by Central Hindi Directorate, Govt. of India and Published by Asom Rastrabhasha Prachar Samiti, Rupnagar, Guwahati-781032.

*प्रकाशक :*

**असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति**

गुवाहाटी-32

*संपादकीय कार्यालय :*

प्रधान संपादक, द्विभाषी राष्ट्रसेवक

असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

सेवा मंदिर पथ, रूपनगर, गुवाहाटी-32

फोन : 9101541395, 9101541380

ई-मेल : rastrasewak51@gmail.com

सहयोग राशि : 100/- (प्रति अंक)

शब्द संयोजन : रतिकांत कलिता

असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की ओर से मंत्री डॉ. क्षीरदा कुमार शइकीया द्वारा सराइघाट फोटो टाइप्स प्रा. लिमिटेड, इंडस्ट्रियल इस्टेट, गुवाहाटी-781021 में मुद्रित, प्रकाशित एवं प्रसारित।

© सर्वाधिकार : **असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी-32**

द्विभाषी राष्ट्रसेवक में प्रकाशित रचनाओं के विचारों से असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्रकाशित सामग्री के उपयोग हेतु प्रकाशक की अनुमति आवश्यक है। सभी कानूनी विवादों का निपटारा गुवाहाटी न्यायालय के अधीनस्थ होगा।

# विषय सूची


| क्रम | विषय | लेखक | पृष्ठ |
|---|---|---|---|
| | **हिंदी विभाग** | | |
| | *संपादकीय* | | *5* |
| 1. | भारतीय ज्ञान-परंपरा और भारतबोध | ✍ डॉ. अमित कुमार<br>✍ डॉ. आकांक्षा तिवारी | 6 |
| 2. | व्याधगीता : कैसे एक 'शूद्र' ने 'ब्राह्मण' को धर्म का पाठ पढ़ाया | ✍ डॉ. प्रेरणा मल्होत्रा | 13 |
| 3. | नदी संस्कृति की कथा-व्यथा : तितास एक नदी का नाम | ✍ प्रो. यशवंत सिंह | 17 |
| 4. | असमीया कविता में राष्ट्रीय चेतना : स्वाधीनता आंदोलन के विशेष संदर्भ में | ✍ डॉ. मालबिका शर्मा | 24 |
| 5. | समकालीन हिंदी कविताओं में युवा महिला सशक्तिकरण : प्रातिनिधिक कविताओं के संदर्भ में | ✍ नमिता.के.<br>✍ डां. प्रभुसेन डी | 31 |
| 6. | स्त्री-विमर्श का बृहद आख्यान : आवां | ✍ डॉ. मजीद शेख | 36 |
| 7. | लोकनाट्य कुशान पाला : एक अवलोकन | ✍ डॉ. चन्दना शर्मा | 43 |
| 8. | यशपाल के उपन्यास 'झूठा सच' में विभाजन त्रासदी | ✍ डॉ. अन्नु<br>✍ डॉ. बलजीत कौर | 47 |
| 9. | 'अविरल काव्यधारा की सरसता में बहता उपन्यास 'जिंदगीनामा' | ✍ पूनम लाकरा<br>✍ प्रो. आर.पी. गंगवार | 50 |
| 10. | चंद्रकुँवर बर्त्वाल का काव्य-दर्शन | ✍ डॉ. ममता थपलियाल | 54 |
| 11. | नारी की परिस्थितियाँ, चुनौतियाँ और प्रगति पर एक परिप्रेक्ष्य | ✍ नीलाक्षी पावे | 62 |
| 12. | डॉ. अनामिका के काव्य में आधुनिकता | ✍ नीतू यादव | 70 |
| 13. | वर्तमान संदर्भ में हिंदी भाषा की व्यापकता | ✍ सुश्री अन्नू इंदौरा | 75 |
| 14. | उदय प्रकाश की कहानियों में स्त्री संघर्ष | ✍ शिल्पा दत्त | 79 |
| 15. | भूमंडलीकरण और 21वीं सदी के हिंदी उपन्यास (स्त्री लेखन के विशेष संदर्भ में ) | ✍ नेहा साव | 83 |
| 16. | मैथिलीशरण गुप्त के काव्य में नारी चेतना ('साकेत' महाकाव्य के विशेष संदर्भ में) | ✍ चारुलता देवी | 88 |
| 17. | मराठा स्वतंत्रता आंदोलन के प्रेरक के रूप में छत्रपति संभाजी : एक ऐतिहासिक अध्ययन | ✍ सूर्य प्रकाश | 93 |
| 18. | राजेश जोशी की कविताओं में अभिव्यक्त यथार्थ | ✍ मनीषा कुमारी<br>✍ डॉ. अरविद कुमार यादव | 98 |
| 19. | मन्नू भंडारी तथा निरूपमा बरगोहाईं की आत्मकथाओं में नारी चेतना | ✍ कसीरा जहाँ<br>✍ डॉ. नूरजहाँ रहमातुल्लाह | 104 |

## অসমীয়া বিভাগ


| | | | |
|---|---|---|---|
| 20. | প্রবীণা শইকীয়াৰ উপন্যাসৰ বিষয়বস্তুৰ সংবেদনশীলতা ঃ এক বিশ্লেষণাত্মক অধ্যয়ন | ✍ ড° মৌচুমী বৰদলৈ হাজৰিকা | 109 |
| 21. | হোমেন বৰগোহাঞিৰ 'মৎস্যগন্ধা' উপন্যাসত প্রতিফলিত বর্ণ বৈষম্য আৰু সামাজিক অৱদমনৰ ছবি ঃ এক আলোচনা | ✍ মিথুন দাস<br>✍ ড° প্রভাত ভূঞা | 114 |
| 22. | নিৰুপমা বৰগোহাঞিৰ "এজন বুঢ়া মানুহ" উপন্যাসত সমাজ পৰিৱর্তন | ✍ ড° জুমি বর্মন | 120 |
| 23. | শংকৰদেৱৰ ধর্মীয় দর্শন আৰু ঈশ্বৰতত্ত্ব | ✍ ড° মৰমী চৌধুৰী | 127 |
| 24. | অসমৰ মহাফেজখানাৰ ভাষা (১৮৩৬-৭৩) ঃ এক চমু অধ্যয়ন | ✍ ড° স্বপন জ্যোতি নাথ | 131 |
| 25. | পাশ্চাত্য আৰু জোনাকী যুগৰ ত্রিমূর্তিৰ কবিতাত প্রকৃতি চিত্রণ ঃ এক বিশ্লেষণ | ✍ ৰাজেন দাস | 136 |
| 26. | ঔপনিবেশিক যুগত অসমলৈ অহা পূর্ববংগীয় প্রব্রজনকাৰী সকলৰ পুনৰ সংস্থাপন ঃ এটি বিশ্লেষণাত্মক আলোচনা | ✍ বিনয় কুমাৰ নাথ | 148 |
| 27. | অসমীয়া ছফ্‌টৱেৰ অভিধানৰ অভিধানবৈজ্ঞানিক অধ্যয়ন | ✍ লক্ষীপ্রসাদ দিহিঙ্গীয়া | 153 |
| 28. | নৃতাত্ত্বিক ভাষাবিজ্ঞানৰ দৃষ্টিৰে বিহুগীতৰ ভাষা ঃ এটি অধ্যয়ন | ✍ হিনাশ্রী দিহিঙীয়া | 161 |
| 29. | বয়ঃসন্ধিকাল সংগ্রামৰ কাল ঃ এক বিশ্লেষণাত্মক অধ্যয়ন ('বুলবুল কেন চিং' চলচ্চিত্রৰ বিশেষ উল্লিখনসহ) | ✍ বিন্দিয়া ছিদ্দিকা | 170 |
| 30. | প্রব্রজন অধ্যয়ন তত্ত্বৰ দৃষ্টিৰে অসমীয়া উপন্যাস ঃ এক বিশ্লেষণাত্মক অধ্যয়ন (চৈয়দ আব্দুল মালিকৰ ৰূপাবৰিৰ পলস আৰু দীপক কুমাৰ বৰকাকতীৰ উপত্যকাৰ পৰা উপত্যকালৈৰ তুলনামূলক বিশ্লেণেৰে) | ✍ দেৱাশিস বুঢ়াগোহাঁই | 175 |
| 31. | মায়ঙৰ তন্ত্র-মন্ত্র সাধনা ঃ এক ক্ষেত্রভিত্তিক অধ্যয়ন | ✍ আইমী বৰা | 184 |
| 32. | নতুন ইতিহাসবাদৰ দৃষ্টিৰে বীৰেন্দ্র কুমাৰ ভট্টাচার্য্যৰ মৃত্যুঞ্জয় উপন্যাসৰ চৰিত্র ঃ এক বিশ্লেষণাত্মক অধ্যয়ন | ✍ স্বাগতা মহন্ত | 189 |
| 33. | মহাপুৰুষ শংকৰদেৱৰ সৃষ্টিত বিজ্ঞানমনস্কতা (নামঘৰৰ বিশেষ উল্লিখনেৰে) | ✍ মঞ্জু দাস | 196 |
| 34. | অভিযোজনা তত্ত্বৰ দৃষ্টিৰে আৰতি দাস বৈৰাগীৰ নাটক ঃ এক বিশ্লেষণাত্মক অধ্যয়ন | ✍ উপাসনা বৰা | 200 |


❑ ❑ ❑

संपादकीय

# तुलनात्मक साहित्य और भारत

भारत एक विविधताओं से भरा देश है जहाँ भाषाई, सांस्कृतिक, साहित्यिक और सामाजिक बहुलता का अनूठा संगम देखने को मिलता है। भारतीय उपमहाद्वीप की यह बहुभाषिक और बहुसांस्कृतिक संरचना न केवल इसकी पहचान है, बल्कि इसकी साहित्यिक परंपराओं का भी मूल आधार है। ऐसी विविधताओं के मध्य समरसता की खोज करना, तुलनात्मक दृष्टिकोण अपनाकर साहित्य का अध्ययन करना न केवल समीचीन है, बल्कि आवश्यक भी है। इसी संदर्भ में तुलनात्मक साहित्य की संकल्पना भारत के लिए विशेष महत्व रखती है।

तुलनात्मक साहित्य एक ऐसी विधा है जिसमें विभिन्न भाषाओं, साहित्यिक परंपराओं, संस्कृति और ऐतिहासिक संदर्भों में रचे गए साहित्य का परस्पर अध्ययन किया जाता है। यह अध्ययन केवल साहित्यिक पाठों के तुलनात्मक विश्लेषण तक सीमित नहीं होता, बल्कि वह साहित्य और संस्कृति, इतिहास, समाज, विचारधाराओं और भाषिक प्रवृत्तियों के अंतर्संबंधों को भी उजागर करता है।

पश्चिमी विश्व में तुलनात्मक साहित्य का जन्म 19वीं शताब्दी में हुआ और यह विधा 20वीं शताब्दी में जाकर एक शास्त्र के रूप में स्थापित हुई। भारत में भी इसकी प्रासंगिकता अत्यधिक है, परंतु संस्थागत रूप में इसका विकास अपेक्षित स्तर तक नहीं हुआ है।

भारत में 22 संविधान मान्य भाषाओं सहित 1652 से अधिक मातृभाषाएँ बोली जाती हैं। प्रत्येक भाषा की अपनी साहित्यिक परंपरा, इतिहास और सांस्कृतिक चेतना है। हिंदी, उर्दू, असमिया, बोडो, बंगला, तमिल, मराठी, मलयालम, तेलुगु, ओड़िया, कन्नड़ जैसी भाषाओं में अत्यंत समृद्ध साहित्य रचा गया है। इन सभी साहित्यिक परंपराओं में एक ओर जहाँ विशिष्टता है, वहीं दूसरी ओर गहराई से देखने पर इनमें एक अद्‌भुत अंतर्संबंध भी मिलता है। उदाहरण के लिए, भक्ति आंदोलन का प्रभाव उत्तर और दक्षिण भारत के लगभग सभी साहित्यिक भाषाओं पर पड़ा। तुलसीदास, सूरदास, मीराबाई, कबीर, शंकरदेव, माधवदेव, नामदेव, चैतन्य, तुकाराम, अक्कमहादेवी और अंडाल जैसे संतों की वाणी ने क्षेत्रीय सीमाओं को पार कर एक साझा साहित्यिक चेतना को जन्म दिया।

यदि इन परंपराओं का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए, तो भारतीय साहित्य की एक व्यापक और एकीकृत समझ संभव हो सकती है। हालांकि वर्तमान में अनेक विश्वविद्यालयों में तुलनात्मक अध्ययन पर व्यापक शोध कार्य हो रहे हैं। विभिन्न साहित्यिक धारणाओं और कृतियों के अंतर्संबंधों को उजागर करना ही तुलनात्मक साहित्य का लक्ष्य है।

भारतीय भाषाओं का साहित्यिक विकास आपसी संपर्क, अनुवाद, पुनर्रचना और सांस्कृतिक आदान-प्रदान से प्रभावित रहा है। संस्कृत, फारसी, पाली, प्राकृत और अंग्रेजी जैसी भाषाएँ भारतीय भाषाओं के साहित्यिक विकास में निर्णायक भूमिका निभा चुकी हैं। उदाहरणस्वरूप, बंगला के रवींद्रनाथ ठाकुर और हिंदी के जयशंकर प्रसाद के नाटकों में भारतीय परंपरा के साथ-साथ पाश्चात्य रंगमंच की तकनीकों का भी प्रभाव देखा जा सकता है। मलयालम साहित्य में वल्लथोल नारायण मेनन के काव्य और हिंदी में मैथिलीशरण गुप्त की रचनाओं में राष्ट्रवादी चेतना की समान धारा मिलती है।

यदि इस तरह की समानताओं को व्यवस्थित रूप से तुलनात्मक दृष्टिकोण से देखा जाए, तो न केवल भारतीय साहित्य के विविध पक्षों की समग्रता स्पष्ट होती है, बल्कि सांस्कृतिक एकता की धारणा भी प्रबल होती है। ❑

ISSN 2321-4945
PEER REVIEWED & REFEREED JOURNAL
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

विरासत

# भारतीय ज्ञान-परंपरा और भारतबोध

**डॉ. अमित कुमार**

असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षाशास्त्र विभाग
आर्य कन्या डिग्री कॉलेज
(संघटक-इलाहाबाद विश्वविद्यालय)
प्रयागराज-211003 उत्तर प्रदेश
9451053821
dramitau@gmail.com

**डॉ. आकांक्षा तिवारी**

फ्लैट न. 10, साई विहार अपार्टमेंट
चर्च लेन, प्रयागराज-211002 (उत्तरप्रदेश)
7905299193
drakankshamishrav@gmail.com

**शोध-सार :**

भारतीय ज्ञान-परंपरा और भारतबोध एक ऐसी धरोहर है, जो न केवल भारतीय समाज और संस्कृति की जड़ों को महत्वपूर्ण बनाती है, अपितु वैश्विक स्तर पर भी एक मार्गदर्शक सिद्धांत प्रस्तुत करती है। भारतीय ज्ञान परंपरा को हम भारतीय जीवन दृष्टि का व्यावहारिक स्वरूप भी कह सकते हैं। भारतबोध के माध्यम से भारतीयता के गहन दर्शन और जीवन के मूल्यों को अवलोकित किया जा सकता है, जो कि भारत की प्राचीन और समृद्ध ज्ञान परंपरा से ही अभिसिंचित होता है। भारतीय ज्ञान परंपरा एक समृद्ध विरासत है, जो दर्शन, विज्ञान, गणित, कला, संस्कृति, ज्योतिष, धातु विज्ञान और आध्यात्मिकता जैसे विषयों का अद्भुत सम्मिश्रण है। वेदों, उपनिषदों और इतिहास जैसे ग्रंथों में निहित प्राचीन ज्ञान से आच्छादित भारतीय ज्ञान प्रणाली अतीत और वर्तमान के बीच एक सेतु का काम करती है, जो भारत बोध की अवधारणा को उजागर करती है और भारत की राष्ट्रीयता और सांस्कृतिक पहचान के बारे में एक जागरूक समझ बनाती है। इस लेख का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा और भारत बोध के बीच जटिल संबंधों का पता लगाना है, भारतीय ज्ञान परंपरा के ऐतिहासिक, आध्यात्मिक, दार्शनिक और वैज्ञानिक आयाम भारत बोध को न केवल एक भौगोलिक या राजनीतिक पहचान के रूप में प्रस्तुत करता है, बल्कि एक सभ्यतागत और दार्शनिक चेतना के रूप में भी प्रस्तुत करता है, जो सहस्राब्दियों में विकसित हुई है। इस लेख के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा की विशेषताओं और भारत बोध के विचार को समझाना है, जो कि भारतीय चेतना, संस्कृति व सभ्यता की विशिष्टता को प्रतिपादित करता है।

**बीज शब्द :**

भारत, ज्ञान-परंपरा, भारतबोध, भारतीयता, आध्यात्मिकता, दर्शन, चेतना, परंपरा, साहित्य, संस्कृति।

**विश्लेषण :**

भारत विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक है और इसकी ज्ञान परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है। भारतीय ज्ञान परंपरा न केवल भौतिक विज्ञान और दर्शनशास्त्र के क्षेत्रों में अद्वितीय है, बल्कि इसमें सामाजिक, नैतिक और आध्यात्मिक विचारों का गहन चिंतन भी शामिल है। भारतीय ज्ञान परंपरा वेदों, उपनिषदों, पुराणों,

धर्मशास्त्रों और दार्शनिक ग्रंथों पर आधारित है। यह परंपरा केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक, गणितीय और औषधीय दृष्टिकोण से भी समृद्ध है। भारतीय ज्ञान परंपरा के विशद विवेचन में लोक कल्याण और सनातन परंपरा की भावना दृष्टिगत होती है। सनातन परंपरा में लोक कल्याण और विश्व प्राणी मात्र की सुख प्राप्ति (लौकिक और अलौकिक सुख) का भाव निहित है। इसे ज्ञान की धारा में नवोन्मेष कर ज्ञान के मूल तक पहुँचना हमारा दायित्व बनता है। विश्व का संपूर्ण साहित्य इतिहास की घटनाओं के लेखा-जोखा मात्र से समेकित है, जबकि इसके विपरीत भारतीय ज्ञान परंपरा में ज्ञान के मूल स्वरूप की खोज हमेशा एक केंद्र बिंदु रही है। भारतीय ज्ञान प्रणाली में जगत के उत्तम विचारों को परिष्कृत कर ग्रहण करने की परंपरा सतत चली आ रही है और साथ ही नवीन ज्ञान का सृजन कर उसे एक सनातन स्वरूप प्रदान किया गया है।

ऋग्वेद में ऋषि यह कामना करते हैं कि विश्व के सभी उत्तम और कल्याणकारी विचार हमारी तरफ आएँ। 'आ नो भद्रा: क्रतवो यन्तु विश्वत: ' भारतीयों और विश्वजन के लिए आचार-आध्यात्म और संपूर्ण साहित्य का आधार भारतीय ज्ञान प्रणाली ही है। वेद इसके मूल हैं। भारतीय दर्शन एवं धर्म का मूल वेद ही है। विश्व ज्ञान प्रणाली की समस्त जानकारी वैदिक साहित्य में विद्यमान है। इसलिए इसे अनादि और अपौरुषेय कहा गया है। आर्यों की सभ्यता और संस्कृति वैदिक साहित्य के आधार पर जीवंत बनी हुई है।

पाठक (2024) लिखते हैं कि भारतीय ज्ञान परंपरा में ज्ञान क्या है? इस संदर्भ में इसके अनेक उत्तर प्राप्त हो सकते हैं- यथा ज्ञान सूचना है, ज्ञान तर्क है, ज्ञान अनुभव है, ज्ञान परिपक्वता है, ज्ञान एक साधन है, ज्ञान एक विधि है, ज्ञान बुद्धिमता है, ज्ञान विचारों की आधारशिला है, ज्ञान सत्य तक पहुँचाने का साधन है, ज्ञान एक सोच है, ज्ञान अंत: प्रज्ञा है और ज्ञान शक्ति है। भारतीय दर्शन के अनुसार ज्ञान मानव जीवन का सार है। भारत में ज्ञान की यात्रा वैदिक काल, ब्राह्मण काल, आरण्यक काल, बौद्ध काल, जैन काल, सूत्र काल आदि तक निर्बाध रूप से रही है। भारतीय ज्ञान प्रणाली से ज्ञात होता है कि समस्त ज्ञान मानव के अंत:करण में अवस्थित है। आत्मा ज्ञान स्वरूप है, ज्ञान आत्मा का प्रकाश है। मानव प्राणी को बाहर से ज्ञान प्राप्त नहीं होता है। उसके स्व की आत्मा के अनावरण से ही ज्ञान का प्रकटीकरण होता है। ज्ञान मानव मात्र में स्वभाव सिद्ध है। समस्त ज्ञान चाहे वह भौतिक हो अथवा आध्यात्मिक, मनुष्य की आत्मा में ज्ञान प्रक्रिया को समझने के लिए अंत:करण के स्वरूप और उसकी प्रकृति को समझना आवश्यक है। भारतीय ज्ञान प्रणाली की विषय-वस्तु बहुत ही वृहद है। इसका अंत नहीं है, असीम है अतुलनीय है, महनीय है और सर्वोत्कृष्ट है। अनेक कालखंडों में अनेक ऋषियों, मनीषियों, संतों, गुरुओं, योगियों, तपस्वियों, चिंतकों, दार्शनिकों, साहित्यकारों, शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों, और कलाकारों ने अपने ज्ञान और अनुभव से विश्व को ज्ञान के प्रकाश से अभिसिंचित किया और विश्व को अपना परिवार स्वीकार करते हुए 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना को चरितार्थ किया।

वैदिक वाङ्मय (वेद, उपनिषद, पुराण, दर्शन, विज्ञान, कला) भाषा-लिपि का विकास, अंक विद्या, गणित, रेखा गणित, वैदिक गणित, काल गणना, भारतीय वैदिक शिक्षा, खगोल विज्ञान, कला, साहित्य, प्राचीन विज्ञान, प्रौद्योगिकी, लोक परंपराएँ, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य की भारतीय संचेतना- आयुर्वेद, अष्टांग योग, कृषि-उद्योग, अनुशासन-संस्कार, योग विज्ञान, यज्ञ विज्ञान, ग्रामोद्योग, व्यावसायिक शिक्षा व 64 कलाएँ आदि हिस्सा रही हैं। चार वेद, छह वेदांग, छह शास्त्र, 18 पुराण, 60 नीतियाँ, 108 उपनिषद, षडदर्शन, महाकाव्य, काव्य, नाट्यशास्त्र, शिल्पशास्त्र, वास्तुशास्त्र, युद्ध प्रणाली आदि इस ज्ञान परंपरा के आदि स्रोत हैं। धातु विज्ञान, नौवहन, सौर ऊर्जा, नौका विज्ञान, आयुध निर्माण, रत्न विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान, वायुयान, मौसम विज्ञान, भूगर्भ विज्ञान, संचार विज्ञान, जल संरक्षण, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, शल्य चिकित्सा, अर्थ विज्ञान, यांत्रिकी, वाणिज्य, कृषि पशुपालन, रथयान, नक्काशी, वास्तुकला, विमान शास्त्र व आयुर्वेद आदि अनेक विषयों की शिक्षा गुरुकुलों में दी जाती थी। नालंदा, तक्षशिला, विक्रमशिला, उदंतपुरी, जगत्दला, सोमापुरी आदि विश्वविद्यालयों में देश के ही नहीं, अपितु विदेश से भी हजारों की संख्या में विद्यार्थी

ज्ञान प्राप्त करते थे। भारतीय ज्ञान परंपरा में विद्या को पवित्र माना गया है। श्रीमद्भागवत गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि 'न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमहि विद्यते।' ज्ञान देना पवित्र कार्य है। ज्ञान देने का कार्य गुरु और आचार्य करते हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा में गुरु और आचार्य की श्रेष्ठ परंपरा रही है, जिन्होंने विश्व को ज्ञान के प्रकाश रूपी पथ पर अग्रसर किया। भारतीय चिंतन के आध्यात्मिक होने के कारण शिक्षा में पाँच पंचकोशों के विकास को आवश्यक माना गया है। अन्नमय कोश, प्राणमय कोश, मनोमय कोश, विज्ञानमय कोश तथा आनंदमय कोश है, जिन्हें पंचमय कोश माना गया है। शिक्षा द्वारा इन्हीं पंचकोशों का विकास लक्ष्य रहा है। संपूर्ण विश्व को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में योगदान देने वाले मेधातिथि, भास्कराचार्य, चाणक्य, आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त, बोधायन, महर्षि कणाद, महर्षि भारद्वाज, चरक, सुश्रुत, नागार्जुन, वराहमिहिर, महर्षि अगस्त्य, धनवंतरी, महर्षि कपिल, महर्षि पतंजलि, जैसे विद्वान मनीषियों का अवतरण इसी भारतीय ज्ञान परंपरा से ही हुआ है। विश्व को ज्ञान देने वाला यह राष्ट्र पूर्व में भी था, वर्तमान में है, और भविष्य में भी रहेगा तथा सदैव भारतीय ज्ञान परंपरा के पताका को फहराता रहेगा। यहाँ यह भी उल्लिखित करना उचित है कि भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को हमारे देश द्वारा स्वीकार किया गया है। इसका क्रियान्वयन भी प्रारंभ हो गया है। यह नीति भारतीयता को बढ़ावा देती है। विद्यार्थियों का समग्र विकास ही इसका लक्ष्य है।

श्रीवास्तव (2024) के अनुसार भारतीय ज्ञान परंपरा में एक नैरंतर्य है, एक सातत्य है। इसी कारण यह परंपरा कहलाने की अधिकारिणी है। वर्तमान में भारतीय ज्ञान परंपरा को पाश्चात्य दृष्टिकोण के प्रभाव के चलते विभिन्न तथाकथित विद्वानों द्वारा इसे एक मत के रूप में या मतवाद के रूप में लेने का भ्रम किया जाता है, जबकि यह महज भ्रम है। मतवाद और परंपरा में मूलभूत तौर पर अंतर होता है। मतवाद और परंपरा की प्रकृति में और परिवहन में बहुत बड़ा फर्क है। हालाँकि वामपंथी विचारधारा से पोषित विद्वानों के द्वारा ऐसा भ्रम अधिकांशत: किया जाता है। पश्चिमी मतवाद सातत्य के मतवाद नहीं हैं। यदि मैं बहुत सम्मान भी करूँ तो कहूँगा कि वहाँ क्वांटम जंप या क्वांटम लीप है। एक फ्लैश में रूपांतरण है। परंपरा होने के लिए कालातिक्रमण करना होता है। परंपरा होने के लिए महाकाल या महाकाली की स्पिरिट चाहिए तथा परंपरा होने के लिए सनातन की स्पिरिट चाहिए। सनातन की स्पिरिट व्यक्ति विशिष्टता से नहीं बनी है। वह तो अपने व्यक्ति का इस हद तक विलय कर देने से बनी है कि हमें आज तक कई ग्रंथों के मूल लेखक तक का पता तक नहीं है। स्वयं सनातन का प्रवर्तक कौन है, हमें यह भी मालूम नहीं है। लिबरलिज्म के प्रवर्तक जॉन स्टुअर्ट मिल को हम जानते हैं, उपयोगितावाद के प्रवर्तक जेरेमी बेंथम को हम जानते हैं। फॉसिज्म के प्रवर्तक मुसोलिनी को हम जानते हैं। नाजीवाद के प्रवर्तक हिटलर को हम जानते हैं। अस्तित्ववाद के प्रवर्तक ज्याँ पॉल सार्त्र को हम जानते हैं। विखंडनवाद (डिकॉन्सट्रक्शनिज्म) के प्रवर्तक देरिदा को हम जानते हैं। स्ट्रक्चरलिज्म के प्रवर्तक क्लाड लेवी स्ट्रास को हम जानते हैं, पर सनातन का आदि पुरुष या प्रवर्तक कौन है? यह आज तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। सनातन वह है, जो देश और काल से निरपेक्ष होता है। वही परंपरा हो सकता है और धर्म भी वही हो सकता है। इसलिए भारतीय ज्ञान परंपरा ही परंपरा है। शेष सभी मतवाद हैं और खेल देखिए कि उन्होंने हमें मतवाद बनाना चाहा, पेउ बनाने का प्रयास किया। हमें हिंदुइज्म की संज्ञा दी, मानो हम मार्किसज्म या लिबरलिज्म की तरह के कोई मतवाद हों। उस परंपरा को पेउ में अपघटित करने की कोशिश की गई, जो 'वादे वादे जायते तत्वबोध:' का विवेक रखती थी। स्वयं को तो वह क्रिश्चियनिटी कह रहे थे और स्वयं को तो इस्लाम कह रहे थे, पर हमें हिंदुइज्म कह रहे थे। सच तो यह है कि न्यायसूत्र में वाद का उपयोग विवाद के एक पक्ष के रूप में हुआ और सांख्य सूत्र में वाद शब्द का उपयोग दार्शनिक सिद्धांत या वितण्डा के साथ जुड़कर हुआ। मतवाद का मतलब ही सोच की एक विशिष्ट दिशा होती है, पर हमारे यहाँ तो तैंतीस कोटि देवी-देवता हैं। एक-एक के कभी अष्टोत्तरशतनाम तो कभी सहस्त्रनाम हमारे ग्रंथों में अध्ययन किया जा सकता है। हमारी ज्ञान परंपरा में जो समग्रता है, जो कंप्रिहेंसिवनेस है, वह मतवादों में हो ही नहीं सकती।

मतवाद प्राय: दूसरों के प्रति, उनके विरुद्ध एक प्रतिक्रिया होते हैं और उस कारण वे अनचाहे भी उन्हीं के द्वारा नियंत्रित होते हैं, जिनके खिलाफ वे बने हैं। ज्ञान परंपरा प्रतिक्रियावादी नहीं होती। वह अपनी प्रकृति में, अपने एसेंस में ही सदैव रहती है। पश्चिमी मतवाद गहरे तात्विक अर्थों में प्रतिक्रियावादी हैं, लेकिन इसके बावजूद वामपंथी हमारे परंपरा-प्रेमियों को रिएक्शनरी अर्थात प्रतिक्रियावादी कहते ही नहीं थकते। मतवाद, विरोधी विचारधारा को सहन नहीं कर पाता, वे परंपरा को भी मतवाद की तरह ही देखने की भूल करते हैं, जबकि परंपरा तो एक नदी है, जो लगातार बहती हुई चली जा रही है । इसलिए भारतीय ज्ञान परंपरा मतवादियों को खासकर पश्चिमी मतवादियों को समझ में नहीं आती। वह उनके समझ से परे है (राष्ट्र धर्म, अक्टूबर 2024)।

**भारत बोध :** 'भारत बोध' एक व्यापक अवधारणा है, जो भारतीय सभ्यता, संस्कृति, विचारधारा और जीवन मूल्यों को समझने और अनुभव करने का प्रयास है। यह न केवल भौगोलिक दृष्टि से भारत को समझता है, बल्कि भारतीयता के सांस्कृतिक और दार्शनिक मूल्यों की भी विवेचना करता है। भारत बोध का आधार निम्नलिखित सिद्धांतों पर आधारित है :-

**एकता में अनेकता** - भारतीय समाज में विभिन्न भाषाएँ, धर्म, जातियाँ, और संस्कृतियाँ होने के बावजूद एक गहरी सांस्कृतिक एकता दिखाई देती है।

**धर्म और नैतिकता** - भारतीय दृष्टिकोण में धर्म का अर्थ केवल धार्मिक आचरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नैतिकता, सत्य, अहिंसा और सामाजिक जिम्मेदारी को भी समाहित करता है।

**अध्यात्मवाद** - भारतीय ज्ञान परंपरा में जीवन का अंतिम उद्देश्य आध्यात्मिक उन्नति और आत्मा की मुक्ति मानी जाती है।

**समन्वयवाद** - भारतीय संस्कृति और दर्शन में विभिन्न विरोधाभासी विचारों का समन्वय होता है। इसमें द्वैत और अद्वैत, कर्म और भक्ति, सांख्य और योग जैसे विचारों का संतुलन शामिल है।

**भारतीय ज्ञान परंपरा और भारत बोध का आपसी संबंध :** भारतीय ज्ञान परंपरा और भारत बोध एक-दूसरे के पूरक हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा का अध्ययन करने पर हमें यह स्पष्ट होता है कि भारत बोध का आधार उसकी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर और दर्शन में निहित है। उदाहरणत :-

**वेदांत और भारत बोध** - वेदांत दर्शन के अनुसार, सारा विश्व एक आत्मा से जुड़ा हुआ है, जो भारतीयों के 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के सिद्धांत को स्पष्ट करता है। यह विचार भारत बोध के केंद्रीय तत्वों में से एक है।

**धर्म और समाज** - भारतीय धर्मशास्त्रों में वर्णित सामाजिक और नैतिक मूल्यों ने भारतीय समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत बोध इसी सांस्कृतिक, सामाजिक और नैतिक समझ का प्रतिफल है।

**आध्यात्मिकता और भारत बोध** - भारतीय ज्ञान परंपरा में भौतिक और आध्यात्मिक जीवन को संतुलित रखने की बात कही गई है, जिससे भारत बोध में गहरी आध्यात्मिकता का समावेश होता है।

भारतीय ज्ञान परंपरा में भारत-बोध की अवधारणा अंतर्निहित है - यह भारत के अद्वितीय सभ्यतागत लोकाचार और पहचान के बारे में जागरूकता प्रदान करता है। भारतीय ज्ञान परंपरा और भारत-बोध के बीच का अंतर्संबंध उस तरीके को दर्शाता है, जिस तरह से प्राचीन भारतीय विद्वान, ऋषि और विचारक भारत को केवल एक भौतिक क्षेत्र के रूप में नहीं, बल्कि अपनी बौद्धिक और आध्यात्मिक विरासत की विशेषता वाले एक जीवंत इकाई के रूप में देखते थे।

**समकालीन संदर्भ में भारतीय ज्ञान परंपरा और भारत बोध :** आज के वैश्विकरण और तकनीकी युग में भी भारतीय ज्ञान परंपरा और भारत बोध की प्रासंगिकता बनी हुई है। चाहे वह योग और ध्यान की महत्ता हो, या भारतीय सामाजिक और नैतिक मूल्य हों, इनका प्रभाव विश्वभर में फैल रहा है। पश्चिमी देशों में भी भारतीय ज्ञान परंपरा के अध्ययन में रुचि बढ़ी है, विशेष तौर पर आध्यात्मिकता और योग के क्षेत्रों में काफी उन्नति देखी जा सकती है। वृहदारण्यक उपनिषद का एक श्लोक है-

सर्वे भवन्तु सुखिन:, सर्वे सन्तु निरामया:।

सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद्दु:खभाग्भवेत्।।

(सभी प्राणी सुखी हों, सभी रोग से मुक्त हों। सभी शुभ को देखें, तथा किसी को किसी भी तरह से कष्ट न हो।)

यह श्लोक भारतीय विचार के सार को समाहित करता है - जो व्यक्तिगत कल्याण से आगे बढ़कर सार्वभौमिक कल्याण को अपनाता है। यह भारत-बोध को परिभाषित करने वाले व्यापक विश्व दृष्टिकोण को दर्शाता है, जो सभी जीवन रूपों की परस्पर संबद्धता पर जोर देता है तथा भारतीय ज्ञान प्रणाली की समग्र और समावेशी प्रकृति को उजागर करता है।

भारतीय ज्ञान प्रणाली की जड़ें वैदिक परंपरा से आती हैं। वेद भारतीय विचार और ज्ञान की नींव हैं। ये ग्रंथ केवल धार्मिक ग्रंथ ही नहीं हैं, बल्कि विज्ञान, ब्रह्मांड विज्ञान और नैतिकता पर ज्ञान के भंडार भी हैं। उदाहरण के लिए, ऋग्वेद में ऐसे भजन हैं, जो गहन ब्रह्मांड संबंधी अंतर्दृष्टि को दर्शाते हैं, जबकि अथर्ववेद में चिकित्सा और उपचार पर व्यापक जानकारी शामिल है। भारत-बोध का सबसे अच्छा निरूपण ऋग्वेद के इस श्लोक से समझा जा सकता है :-

भद्रं कर्णेभि: श्रृणुयाम देवा: भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्रा:।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवांसस्तनुभिर्व्यशेम देवहितं यदायु:।।

(हे देवो, हम अपने कानों से शुभ सुनें, अपनी आँखों से शुभ देखें और स्थिर अंगों से स्तुति करें। हम अपना पूरा जीवन ईश्वर की सेवा में जिएँ।)

यह श्लोक जीवन के वैदिक दृष्टिकोण को आध्यात्मिक उत्थान, ज्ञान और सेवा की ओर एक यात्रा के रूप में दर्शाता है। वैदिक ग्रंथ भारत को न केवल कर्मकांडों की भूमि के रूप में, बल्कि सत्य और परम वास्तविकता (ब्रह्म) की खोज के लिए दार्शनिक केंद्र के रूप में भी स्थापित करते हैं। वैदिक विचार जीवन को एक एकीकृत समग्रता के रूप में देखता है, जहाँ व्यक्ति, समाज, प्रकृति और ब्रह्मांड एक-दूसरे से घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए हैं।

ज्ञान की खोज उपनिषद, जिन्हें अक्सर वेदों के अंत (वेदांत) के रूप में जाना जाता है, ये भारतीय ज्ञान प्रणाली को और समृद्ध करते हैं। आत्मान (स्वयं) और ब्रह्म (परम सत्य) जैसी अवधारणाएँ उपनिषद दर्शन की आधारशिला के रूप में काम करती हैं। ईशा उपनिषद में एक श्लोक है, जो भारत की गहरी आध्यात्मिक और दार्शनिक विरासत का उदाहरण देता है :-

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृध: कस्यस्विद्धनम्।।

(यह सब इस परिवर्तनशील ब्रह्मांड में जो कुछ भी विद्यमान है-उसे भगवान द्वारा आच्छादित किया जाना चाहिए। त्याग के माध्यम से अपनी रक्षा करो और किसी के धन का लालच मत करो।)

यह श्लोक भारतीय दर्शन के मूल मूल्यों, जैसे त्याग, अनासक्ति और संतोष, जो भारत-बोध के भारतीय लोकाचार का केंद्र हैं, उस भावना को स्पष्ट करता है। यह प्राचीन भारतीय ऋषियों के विश्व दृष्टिकोण को प्रकट करता है, जिन्होंने भारत को आध्यात्मिक साधकों और बुद्धिमान पुरुषों की भूमि के रूप में देखा था, जो सत्य, नैतिकता और ज्ञान की खोज के लिए समर्पित थे।

**ऐतिहासिक और पौराणिक अंतर्दृष्टि :** रामायण व महाभारत और पुराण न केवल ऐतिहासिक और पौराणिक अभिलेखों के रूप में काम करते हैं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना को आकार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये ग्रंथ राम, सीता, कृष्ण और अर्जुन जैसे महान व्यक्तित्वों के जीवन की कहानियों के माध्यम से नैतिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। वे धार्मिक जीवन जीने का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, जो धर्म की भारतीय समझ का केंद्र है, वह नैतिक व्यवस्था जो ब्रह्मांड को बनाए रखती है। रामायण में वर्णित शासन के स्वर्णिम युग, राम राज्य की अवधारणा इस बात का एक प्रमुख उदाहरण है कि भारतीय ज्ञान प्रणाली किस तरह भारत-बोध से जुड़ी हुई है। राम राज्य एक आदर्श राज्य का प्रतिनिधित्व करता है, जहाँ शासक और नागरिक धर्म के सत्य और न्याय मानक सिद्धांतों से बंधे होते हैं। यह एक न्यायपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण समाज के लिए भारतीय आकांक्षा को दर्शाता है, जहाँ सभी नागरिकों की भलाई को प्राथमिकता दी जाती है। एक ऐसा दृष्टिकोण, जिसने सहस्राब्दियों से भारत की राजनीतिक और सांस्कृतिक चेतना को आकार दिया है।

रामो विग्रहवान धर्मः सत्यसन्धः पराक्रमः।
राजा सर्वस्य लोकस्य देवानां इव वासवः।।

(राम धर्म के अवतार हैं, सत्य में दृढ़ हैं, और वीर हैं। वे सभी लोगों के राजा हैं, जैसे देवताओं में इंद्र हैं।)

रामायण का यह श्लोक इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे भगवान राम, एक नैतिक धार्मिकता का आदर्श, न केवल शक्ति से, बल्कि बुद्धि और धर्म के पालन से शासन करते हैं। यह भारत-बोध के केंद्रीय विचार को पुष्ट करता है, जहाँ शासकों और समाज से सत्य, न्याय और नैतिक जीवन के मूल्यों को बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है।

**भारत-बोध में सभ्यतागत एकता :** भारत-बोध की अवधारणा में भारत की सभ्यतागत एकता निहित है, जो समय के साथ राजनीतिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों के बावजूद हजारों सालों से कायम है। एक एकीकृत सांस्कृतिक और आध्यात्मिक इकाई के रूप में भारत का विचार भौगोलिक और राजनीतिक सीमाओं से परे है, जो विभिन्न परंपराओं, भाषाओं और धर्मों को गले लगाता है। त्योहारों, अनुष्ठानों और प्रथाओं के माध्यम से मनाई जाने वाली 'विविधता में एकता' भारत-बोध की रीढ़ है।

इस समझ को महोपनिषद के श्लोक में देखा जा सकता है :-

अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम्।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्।।

(यह मेरा है, वह किसी और का है, यह संकीर्ण सोच वालों की सोच है। इस तरह की सोच छोटे चित्त वाले लोग करते हैं, बड़े दिल वालों के लिए तो पूरा संसार ही परिवार है।)

यह संस्कृत श्लोक भारतीय चिंतन की समावेशी प्रकृति को दर्शाता है, जिसमें व्यक्ति और समाज के संकीर्ण भेदों को भुला दिया गया है। और सामूहिक पहचान इस अहसास में विलीन हो जाती है कि दुनिया एक परिवार है (वसुधैव कुटुम्बकम्)। ऐसे आदर्श एकता की चेतना को बढ़ावा देते हैं, जो भारत की पहचान का केंद्र रही है और जिसने सदियों से इसके विश्व दृष्टिकोण को आकार दिया है।

**धर्म और न्याय का दर्शन :** भारतीय ज्ञान परंपरा का धर्म (धार्मिकता) पर जोर भारत-बोध का नैतिक आधार है। धर्म केवल व्यक्तिगत व्यवहार को ही नियंत्रित नहीं करता, बल्कि प्राचीन भारतीय समाज की संपूर्ण सामाजिक-राजनीतिक संरचना को नियंत्रित करता है। नैतिकता की यह प्रणाली आध्यात्मिक या धार्मिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं थी, बल्कि राज्य के शासन तक विस्तारित थी, जैसा कि मनुस्मृति और अर्थशास्त्र जैसे प्राचीन ग्रंथों में व्यक्त किया गया है। महाभारत में, हमें निम्नलिखित श्लोक मिलता है जो धर्म के सार को समाहित करता है :-

धर्मेण हीनः पशुभिः समानः।

(धर्म के बिना मनुष्य पशु के समान है।)

यह शक्तिशाली कथन सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखने में नैतिक आचरण के महत्व पर जोर देता है। इस प्रकार भारत-बोध की अवधारणा इस समझ से उत्पन्न होती है कि भारत की भूमि केवल एक राजनीतिक इकाई नहीं है, बल्कि धर्म की भूमि है, जहाँ न्याय, नैतिकता और धार्मिकता सर्वोपरि हैं।

**आध्यात्मिक ज्ञान और योगिक परंपराएँ :** योग और आध्यात्मिक प्रथाओं के रूप में दुनिया को भारत का योगदान ज्ञान और ज्ञान के केंद्र के रूप में इसकी वैश्विक पहचान को और मजबूत करता है। भगवद्गीता की शिक्षाएँ, जो भगवान कृष्ण और अर्जुन के बीच एक वार्तालाप है, जीवन, कर्तव्य और आध्यात्मिक मुक्ति के मार्ग पर कालातीत मार्गदर्शन प्रदान करती है। श्रीमद्भगवद्गीता का प्रसिद्ध श्लोक है :-

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्तवकर्मिणी।।

(आपको अपने निर्धारित कर्तव्यों को करने का अधिकार है, लेकिन आप अपने कर्मों के फलों के हकदार नहीं हैं। कभी भी अपने आप को अपने कार्यों के परिणामों का कारण न समझें, न ही निष्क्रियता से आसक्त हों।)

यह श्लोक कर्म योग के सार को दर्शाता है, जो निःस्वार्थ कर्म का मार्ग है, जो भारतीय ज्ञान प्रणाली में एक मौलिक अवधारणा है। यह कर्तव्य और जिम्मेदारी

के भारतीय लोकाचार को दर्शाता है, जो व्यक्तियों और समुदायों की चेतना को व्यक्तिगत लाभ के बजाय अधिक अच्छे के लिए कार्य करने के लिए आकार देता है। यह विश्वदृष्टि भारत-बोध का अभिन्न अंग है, जहाँ व्यक्तियों को एक बड़े ब्रह्मांडीय क्रम के हिस्से के रूप में देखा जाता है, जो समाज और बड़े पैमाने पर दुनिया के कल्याण में योगदान देता है।

**निष्कर्ष :** भारतीय ज्ञान परंपरा वह है, जिसमें विविध विषयों के ज्ञान का विशाल भंडार समाहित है। इस परंपरा ने भारत-बोध को आकार देने में एक केंद्रीय भूमिका निभाई है। एक सभ्यता के रूप में भारत की अनूठी पहचान की चेतना को जीवंत करती है। वेदों, उपनिषदों, इतिहास और पुराणों में निहित आध्यात्मिक, दार्शनिक और वैज्ञानिक अंतर्दृष्टि आधुनिक काल के साथ भी गूँजती रहती है, जो ब्रह्मांड के साथ सद्भाव में जीवन जीने के तरीके पर कालातीत मार्गदर्शन प्रदान करती आ रही है। भारत-बोध, जैसा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के माध्यम से व्यक्त किया गया है कि यह राष्ट्रवाद या सांस्कृतिक गौरव से परे है। यह भारत के शाश्वत आध्यात्मिक मिशन की प्राप्ति है-एक ऐसा मिशन जो धर्म को बनाए रखना, शांति को बढ़ावा देना और सभी प्राणियों के बीच एकता की भावना को बढ़ावा देना चाहता है। संस्कृत श्लोकों के कालातीत ज्ञान के माध्यम से, भारत बोध का सार पीढ़ियों को प्रेरित करता रहता है, जो वैश्विक समुदाय में ज्ञान, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक समृद्धि के प्रकाश स्तंभ के रूप में भारत की भूमिका की पुष्टि करता है। भारतीय ज्ञान परंपरा और भारत बोध एक ऐसी धरोहर है, जो न केवल भारतीय समाज और संस्कृति की जड़ों को सशक्त बनाता है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी एक मार्गदर्शक सिद्धांत प्रस्तुत करता है।

भारत बोध के माध्यम से भारतीयता के गहन दर्शन और जीवन के मूल्यों को समझा जा सकता है, जो कि भारत की प्राचीन और समृद्ध ज्ञान परंपरा से अविच्छेद रूप से जुड़ा हुआ है। विश्व में सर्वत्र शांति की कामना का विचार भारतीय ज्ञान परंपरा और भारत बोध का मूल तत्व है। वर्तमान में यदि भारतीय ज्ञान परंपरा और भारत बोध के सिद्धांतों को दुनिया आत्मसात करे तो शायद समय-समय पर विभिन्न देशों के बीच होने वाली अस्थिरता और अशांति से सुगमतापूर्वक बचा जा सकता है। ❑

**संदर्भ :**


- शिक्षा अंक (1988). गीता प्रेस, गोरखपुर।
- ईशादि नौ उपनिषद (शांकरभाष्यार्थ). गीता प्रेस, गोरखपुर।
- श्रीवास्तव, एम. (2024). संश्लेषणवादी भारतीय ज्ञान परंपरा. राष्ट्रधर्म पत्रिका. राष्ट्रधर्म प्रकाशन लिमिटेड, लखनऊ।
- पाठक, आर. पी. (2024). भारतीय ज्ञान परंपरा का उद्भव और विकास. हिंदी केंद्रीय विभाग, त्रिभुवन विश्वविद्यालय, नेपाल।
- मुरारी, एम. (2023). जंबुद्वीपे भरतखंडे. प्रभात प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली।
- सलूजा, सी. (2023). शिक्षा भारतीय परिप्रेक्ष्य. संस्कृतसंवर्धनप्रतिष्ठानम, नई दिल्ली।
- किरण, सी. (2013). शिक्षा सामाजिक परिप्रेक्ष्य. हिंदी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।
- काटदरे, सी. (2017). शिक्षा का समग्र विकास प्रतिमान. पुनरुत्थान प्रकाशन सेवा ट्रस्ट, अहमदाबाद।
- काटदरे, सी. (2017). भारतीय शिक्षा के व्यावहारिक आयाम. पुनरुत्थान प्रकाशन सेवा ट्रस्ट, अहमदाबाद।
- काटदरे, सी. (2017). वैश्विक संकटों का निवारण भारतीय शिक्षा. पुनरुत्थान प्रकाशन सेवा ट्रस्ट, अहमदाबाद।
- मिश्र, वी. (2010). हिंदू धर्म जीवन में सनातन की खोज. वाग्देवी प्रकाशन, नोएडा।
- कुमार, आर. (2016). हिंदू प्रतिभा के दर्शन. सुरुचि प्रकाशन, नई दिल्ली।
- अग्रवाल, ओ. पी. (2016). प्राचीन भारत अध्यात्म और विज्ञान. सुरुचि प्रकाशन, नई दिल्ली।
- सावरकर, वी. डी. (2021). हिंदुत्व. हिंदी साहित्य सदन, नई दिल्ली।
- हरदास, एम. बी. एस. (2015) वेदों में शिक्षा पद्धति. सुरुचि प्रकाशन, नई दिल्ली।
- Radhakrishnan, S. (1953). The Principal Upanishads. HarperCollins.
- Dharampal. 1953). The Beautiful Tree: Indigenous Indian Education in the Eighteenth Century. Biblia Impe& Private Limited.
- Dasgupta, S. (1922). A History of Indian Philosophy, Vol. I. Cambridge University Press.
- Dalal, R. (2010). The Vedas: An introduction to Hinduism's sacred te&ts. Penguin Books.
- Bhattacharya, N.N. (2000). Indian Philosophy and Cultural Identity. Indian Council of Philosophical Research.
- Mookerji, R. K. (1998). Ancient Indian Education: Brahmanical and Buddhist. Motilal Banarsidass Publishers.
- Singh, H. (2001). Takshashila: The Story of an Ancient University. Aryan Books International.
- Easwaran, E. (2007). The Upanishads (wnd ed.). Nilgiri Press.
- Sharma, Arvind. (1990). The Hindu Worldview: An Introduction. Orbis Books
- Vivekananda, Swami. (1907). The Complete Works of Swami Vivekananda. Advaita Ashrama.

ISSN 2321-4945
PEER REVIEWED & REFEREED JOURNAL
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

सीरव

# व्याधगीता : कैसे एक 'शूद्र' ने 'ब्राह्मण' को धर्म का पाठ पढ़ाया

**डॉ. प्रेरणा मल्होत्रा**

एसोसिएट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग
संयुक्त निदेशक, हिंदू अध्ययन केंद्र
दिल्ली विश्वविद्यालय
9868981489
prernamalhotra@english.du.ac.in

**सारांश :**

महाभारत की श्रीमद्भागवद्गीता विश्व विख्यात है, जिसका विश्व की कई भाषाओं में अनुवाद हो चुका है और यह हजारों वर्षों से कर्म के मार्ग को अपनाते हुए धर्म के बारे में शिक्षा देती आई है। किंतु हिंदू ग्रंथों में श्रीमद्भागवद्गीता जैसी चिर-परिचित गीता के अतिरिक्त भी बहुत सारी गीताएँ हैं, जिनके बारे में कम लोग जानते हैं। गीता का अभिप्राय गुरु द्वारा शिष्य को दिए गए धर्म-ज्ञान के उपदेश से है। इस लेख के माध्यम से हम एक विशिष्ट गीता की बात करेंगे, जिसे व्याधगीता कहा जाता है। यह महाभारत के वन पर्व के अंतर्गत एक प्रसंग के माध्यम से जानने को मिलती है, जिसमें धर्मव्याध नाम का एक व्याध अर्थात एक कसाई एक संन्यासी को धर्म की शिक्षा देता है। संन्यासी व्याध का शिष्य होकर वह ज्ञान प्राप्त करता है, जो उसे वेद-उपनिषद पढ़कर भी प्राप्त नहीं हुआ था। यह कथा आधुनिक समय में वर्ण और जाति को लेकर चल रहे विमर्शों का भी खंडन करती है और संदेश देती है कि धर्म का पालन कोई व्यक्ति किसी भी वर्ण और जाति में रहते हुए कर सकता है। इसके अतिरिक्त इससे यह भी संदेश मिलता है कि व्यक्ति का कर्म ही सर्वोत्तम धर्म है। यदि व्यक्ति कसाई के तुच्छ कार्य को भी ईश्वर में समर्पित होकर और अपने परिवारजनों की सेवा करते हुए करता है तो उसी में ही उसका धर्म पालन निहित है। यदि कोई स्त्री गृहिणी होते हुए भी अपने कर्तव्य का उचित निर्वहन करती है तो वह एक संन्यासी ब्राह्मण से उच्चतर हो जाती है और उसे भी अंतर्दृष्टि प्राप्त हो जाती है।

**बीज शब्द :**

व्याधगीता, महाभारत, वर्णाश्रम व्यवस्था, धर्म, धर्मव्याध, वन पर्व, कर्म, श्रीमद्भागवद्गीता।

**प्रस्तावना :**

धर्मव्याध की कथा महाभारत के वन पर्व के अंतर्गत युधिष्ठिर को मार्कंडेय मुनि द्वारा बताई गई। इस कथा में एक व्याध निम्न कुल में जन्म लेकर न केवल धर्म की गहन समझ विकसित कर पाता है, बल्कि अंतर्दृष्टि के माध्यम से एक संन्यासी के जीवन के अनुभवों और विचारों को जान पाता है। अपितु ज्ञान की गंभीर बातें उसके समक्ष करता है, जो उस संन्यासी के चक्षु खोलकर उसके जीवन का मार्ग बदल देती

हैं। इसके अतिरिक्त एक गृहिणी जो एक पतिव्रता स्त्री है और घर के जनों की सेवा-सुश्रुषा करती रहती है, वह भी कैसे ब्रह्मज्ञानी हो जाती है, इसका वर्णन इसी कथा में किया गया है। यदि कोई व्यक्ति निष्पाप होकर अपने मन को वश में करके कर्म करता जाता है तो उससे बढ़कर कोई धर्मात्मा नहीं होता। व्यक्ति ब्राह्मण कुल में जन्म लेकर ही धार्मिक हो सकता है या फिर निम्न कुल में जन्म लेकर भी धर्म का पालन श्रेष्ठ रूप में कर सकता है, इसके बारे में विस्तृत विवरण है।

**धर्मव्याध की कथा :**

कौशिक नाम का एक महान तपस्वी संन्यासी एक वृक्ष के नीचे तपस्या में लीन था कि तभी एक बगुले ने उसके ऊपर बीट कर दी। कौशिक ब्राह्मण ने जब ऊपर वृक्ष की ओर क्रोध से बगुले के प्रति अनिष्टभाव से देखा तो तप के प्रभाव से वह पक्षी रक्तरंजित होकर नीचे गिर गया। उसे इस अवस्था में देखकर कौशिक व्यथित हुए और उन्हें पश्चाताप होने लगा, किंतु उसके उपरांत वे भिक्षा लेने के लिए गाँव की ओर निकल पड़े। एक घर के आगे जाकर जब उन्होंने भिक्षा माँगी तो घर के अंदर से एक स्त्री की आवाज आई, जिसने उन्हें रुकने के लिए कहा। इसी बीच उस स्त्री के पति बाहर से घर लौटे और वह अपने पति को भोजन देने और उनकी सेवा करने में जुट गई। ब्राह्मण घर के बाहर प्रतीक्षा करता रहा। वह पति-परायण स्त्री अपने कार्य में इतनी व्यस्त हो गई कि वह बाहर खड़े ब्राह्मण को विस्मृत कर बैठी। जब उसे स्मृति हुई तो वह ग्लानि करते हुए भिक्षा देने के लिए घर के बाहर आई। उसे देखकर ब्राह्मण उसके व्यवहार पर क्रोधित हो उठ और कहने लगे कि यदि उन्हें भिक्षा नहीं देनी थी तो रुकने के लिए क्यों कहा। इस पर स्त्री ने कहा कि थक-हार कर जब उसके पति लौटे तो उन्हें भोजन देना उसका परम कर्तव्य था और वह उसका ही निर्वहन कर रही थी। ब्राह्मण ने कहा कि क्या वह जानती नहीं कि गृहस्थी का धर्म है कि वह ब्राह्मण को भिक्षा अवश्य दे। अहंकार के वश में होकर जब ब्राह्मण ने स्त्री को क्रोधित होकर यह वचन कहे तो वह संन्यासी से बोली कि वह कोई बगुला नहीं है, जो क्रोध-दृष्टि से भस्म हो जाएगी। क्षमायाचना करते हुए वह बोली कि मनस्वी ब्राह्मण पूजनीय होते हैं, किंतु ब्राह्मण होकर इतना क्रोध करना भी उचित नहीं है। उसने कहा कि उसके लिए पति की सेवा सर्वोत्तम है, उसी में ही उसे आनंद है और वही उसका धर्म है।

वास्तव में, उस स्त्री की धर्मपरायणता के कारण ही उसके भीतर अंतर्दृष्टि विकसित हो पाती है, जिसके माध्यम से वह ब्राह्मण के जीवन से संबंधित पेड़ के नीचे की घटना को जान पाती है। वह ब्राह्मण को क्रोध न करने का संदेश देते हुए बताती है कि ब्राह्मण होने की पात्रता क्या है। वह कहती है कि जो धर्मज्ञ है, आत्म भाव से भरा है, क्रोध और काम जिसके वश में हैं, वही ब्राह्मण हो सकता है। ब्राह्मण का धर्म स्वाध्याय करना और इंद्रियों का निग्रह करना है। वह संन्यासी से कहती है कि यद्यपि उन्होंने स्वाध्याय किया है और धर्मज्ञ भी हैं, परंतु उन्हें धर्म का यथार्थ ज्ञान अभी तक नहीं हो पाया है और यदि वे यह ज्ञान प्राप्त करना चाहते हैं तो मिथिला नगरी में धर्मव्याध नाम के व्यक्ति के पास जाकर परमधर्म के विषय में जान सकते हैं, जो व्यक्ति व्यवसाय से कसाई, परंतु जितेंद्रीय है और अपना कर्म करते हुए धर्म का सर्वोत्तम पालन कर रहा है।

जब वह ब्राह्मण रास्ता पूछता हुए धर्मव्याध के घर पहुँचे तो उन्होंने देखा कि वह कसाईखाने में बैठा हुआ पशुओं का मांस बेच रहा था और लोग उसे खरीद रहे थे। जैसे ही धर्मव्याध ने ब्राह्मण को देखा तो उनके चरणों में प्रणाम किया और बताया कि वह ही व्याध है, जिसकी खोज में वे पतिव्रता स्त्री के कहने पर आए हैं।

ब्राह्मण फिर से आश्चर्यचकित हो गया कि कैसे व्याध को अंतर्दृष्टि से पता चला कि उसे यहाँ स्त्री के द्वारा भेजा गया है। इस पर उसने व्याध से श्रद्धापूर्वक पूछा कि वे तो इतने धर्मात्मा हैं तो फिर यह व्यवसाय क्यों कर रहे हैं। व्याध ने बताया कि पैतृक कर्म होने के कारण वह धर्म की तरह उस कर्म का पालन कर रहा है । इसके अतिरिक्त, वह अपने वृद्ध जनों की सेवा करता है, सत्य वचन करता है, यथाशक्ति दान देता है, अतिथि को देवता समान समझता है और अपने कुटुंबजनों का भरण-पोषण करता

है। इसके उपरांत व्याध ने ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र सबके गुण बताए। उसने कहा कि शूद्र का कर्तव्य सेवा कार्य है, वैश्य का कृषि है, क्षत्रिय का संग्राम है और ब्राह्मण का कर्म ब्रह्मचर्य, तप, मंत्र, जप और सत्य वादन है। इसके उपरांत व्याध ने राजा के कर्तव्यों की चर्चा की कि राजा का धर्म सभी वर्णों के लोगों की रक्षा करना है। उस समय मिथिला में राजा जनक राज्य करते थे और उसने राजा जनक के विषय में बताया कि वे धर्मात्मा हैं, अपनी इंद्रियों पर संयम करते हैं और प्रजा पर पिता की तरह अनुग्रह करते हैं। स्वयं के विषय में उसने बताया कि वह बिना किसी जानवर को मारे, मरे हुए जानवरों का मांस बेचता है, स्वयं मांस नहीं खाता है और जीवन में संयम का पालन करता है ।

इसके उपरांत धर्मव्याध ने शिष्टाचार, हिंसा और अहिंसा, कर्म और धर्म के संबंध को लेकर भी विस्तृत उपदेश किया। निष्काम भाव से कर्म करने और जीवन में संयम रखकर अधर्म से बचने की प्रेरणा दी। शिष्टाचार के संबंध में बताया कि यज्ञ, दान, तप, वेद और सत्य भाषण- ये पंच पवित्र गुण शिष्टाचार के अंतर्गत आते हैं। इसके अतिरिक्त, काम-क्रोध को वश में करके मोह और लोभ से दूर रहकर धर्म का पालन करना ही शिष्टता कहलाती है। शिष्टाचारी व्यक्ति जीवन में नियम से रहते हैं और धर्म पर स्थित होकर अपना कर्म करते रहते हैं। अहिंसा को जीवन में महत्वपूर्ण बताते हुए उसने न्याययुक्त बातों को धर्म कहा और अनाचारयुक्त बातों को अधर्म। धर्म और अधर्म के बीच का अंतर स्पष्ट करते हुए उसने धर्म के लक्षण बताए, जिसमें वेदवर्णित को धर्म का पहला लक्षण और धर्म शास्त्रों में प्रतिपादन को दूसरा लक्षण माना है और इसी क्रम में शिष्टाचार धर्म का तीसरा लक्षण है।

स्वयं के कर्म के बारे में बताते हुए धर्मव्याध ने कहा कि उसकी वर्तमान स्थिति उसके पूर्व कर्मों का फल है। हिंसा के विषय में उसने बताया कि अन्य कर्मों में भी हिंसा उपस्थिति रहती है। यूँ देखा जाए तो कृषि में भी हिंसा होती है, जब हल चलाया जाता है, वृक्षों और औषधियों को काटने से भी हिंसा होती है, और कई लोग असावधानी से चलते हुए ही भी जीव-जंतुओं के साथ हिंसा कर बैठते हैं। इस दृष्टि से सोचा जाए तो जाने-अनजाने हिंसा हो जाती है। इसके उपरांत व्याध ने सत्य धर्म और असत्य धर्म के बारे में और ब्रह्म की प्राप्ति के उपायों पर संभाषण किया। शुभ कर्मों से देवत्व की प्राप्ति होती है और इसी प्रकार अशुभ कर्मों से व्यक्ति पाप का भागी बनता है। इसके उपरांत ब्राह्मण ने इंद्रिय और उनके निग्रह के विषय में प्रश्न पूछे और व्याध ने पाँच महाभूतों, सत्संग, ब्रह्मज्ञान और तीन गुणों के स्वरूप के बारे में भी विस्तृत रूप से उपदेश दिया। प्राण वायु से लेकर परमात्मा से साक्षात्कार के तरीके वर्णित किए। स्वयं के माता-पिता के विषय में बताया और साथ ही अपने पूर्व जन्म की कथा भी कह सुनाई, जिसमें अनजाने में उससे एक ऋषि को बाण लग गया था और उस श्राप के कारण अगले जन्म में व्याध के रूप में जन्म मिला था।

धर्म और मोक्ष से संबंधित सभी विषयों के बारे में विस्तृत विवरण करने के उपरांत प्रत्यक्ष धर्म का दर्शन कराने के लिए व्याध ने अपने घर के भीतर ब्राह्मण को ले जाकर अपने माता-पिता के दर्शन कराए और बताया कि उसका प्रत्यक्ष धर्म माता-पिता की सेवा है। उसके माता-पिता उसके इंद्रिय संयम और मन, कर्म और वचन से सेवा के कारण सदैव आशीर्वाद देते थे। व्याध ने कहा कि उसके माता-पिता ही उसके भगवान हैं, परम देवता हैं, आराध्य हैं। वे उसके सर्वोच्च हैं, उसके लिए अग्नि, वेद, यज्ञ सब वही हैं। वह परिवार के साथ उनकी सेवा में लगा रहता है और गृहस्थ धर्म का पालन करता है, यही सनातन धर्म है।

अंत में व्याध ने ब्राह्मण से कहा कि वे धर्मज्ञ और बुद्धिमान हैं, किंतु उन्होंने अपने माता-पिता की आज्ञा के बिना ज्ञान अध्ययन किया और अपने माता-पिता को प्रसन्न नहीं किया है। अत: अब उन्हें उनकी सेवा करनी चाहिए।

इस प्रकार कौशिक ब्राह्मण अपने घर को चले गए और जाकर अपने माता-पिता की सेवा करके अपने कर्म और धर्म का पालन किया। जाने से पूर्व जब व्याध ने अपने पूर्व जन्म का व्याख्यान कर स्वयं को शूद्र कहा तो कौशिक ब्राह्मण को तब तक ज्ञान हो चुका था और

उन्होंने व्याध से तुरंत कहा कि वे तो उन्हें इस रूप में भी ब्राह्मण ही मानता है, इसमें उसे कोई संशय नहीं है। जो ब्राह्मण होकर दुष्कर्म कर रहे हैं और पतन के मार्ग पर पर चल रहे हैं, वे शूद्र के समान हैं और जो शूद्र होकर भी सत्य धर्म में स्थित हैं, वही सच्चे ब्राह्मण हैं।

धर्मव्याध के बारे में इतना सुंदर व्याख्यान मार्कंडेय जी ने युधिष्ठिर को कह सुनाया, यही व्याध-गीता कहलाती है।

**व्याधगीता की समकालीन समाज में प्रासंगिकता :** व्याधगीता का प्राथमिक उद्देश्य धर्म की गहन समझ प्रदान करना है। इसमें धर्म का अर्थ केवल धार्मिक अनुष्ठानों या तप में संलग्न होना नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन है। महाभारत में व्याधगीता के माध्यम से यह संदेश मिलता है कि

'धर्मो हि परमो लोके, धर्मेण विधृतं जगत्।'

(महा.भा. , वनपर्व, अध्याय 207, श्लोक 31 )

अर्थात संसार में धर्म ही परम सत्य है और संपूर्ण जगत धर्म के द्वारा ही संचालित है।

कर्म के विषय में प्रचलित है :-

'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन'

(श्रीमद्भागवद्गीता 2/47)

अर्थात व्यक्ति का अधिकार केवल कर्म करने में है, फल पर नहीं। यह कर्मयोग का एक अनिवार्य सिद्धांत है, जो गीता में व्याख्यायित है। व्याध का जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्चा संतोष तभी प्राप्त हो सकता है, जब हम अपने कार्य को समाज और परिवार की भलाई के लिए करें।

वर्ण के विषय में व्याधगीता गंभीर चिंतन प्रदान करती है कि वर्ण कर्तव्य पर आधारित सामाजिक संरचना है, इसका जन्म व कुल से संबंध नहीं है। वर्ण व्यवस्था भारतीय समाज की एक विशेषता रही है जो समाज में विभिन्न भूमिकाओं के वितरण को दर्शाती है। व्याधगीता में व्याध अपने उपदेश और जीवन जीने के तरीके से यही समझाता है कि कोई व्यक्ति केवल अपने कर्म और गुणों से श्रेष्ठ या सामान्य बनता है।

व्याधगीता में वर्ण की संकीर्णता से परे ज्ञान प्राप्ति का संदेश मिलता है। व्याध, जो समाज में एक निम्नवर्गीय समझे जाने वाले कसाई हैं, वे ज्ञान और धर्म का मार्गदर्शन करते हैं। यह कथा यह संकेत करती है कि ज्ञान और धर्म किसी वर्ण विशेष का अधिकार नहीं, बल्कि कर्म और निष्ठा का परिणाम है।

'न जात्या ब्राह्मणो धर्मं, न जात्या शूद्रता भवेत्।
कर्मणा जायते शूद्रः, कर्मणा जायते द्विजः॥'

(महाभारत, वनपर्व, अध्याय 208, श्लोक 15)

अर्थात ब्राह्मण और शूद्र की पहचान उनकी जाति से नहीं, बल्कि उनके कर्म से होती है। व्यक्ति का कर्तव्य उसकी जाति की सीमाओं से परे है। यह व्याधगीता का सबसे महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी संदेश है, जो समाज में जाति के आधार पर बने विभाजनों को चुनौती देता है और कर्म के आधार पर व्यक्ति का मूल्यांकन करने का संदेश देता है।

मनुस्मृति में भी वर्ण व्यवस्था को कर्तव्य और गुणों के आधार पर परिभाषित किया गया है। इसमें कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति ज्ञान प्राप्त कर ब्राह्मण बन सकता है, शौर्य के गुणों से क्षत्रिय और व्यापारिक ज्ञान से वैश्य बन सकता है। वर्ण का असली मर्म कर्मों में छिपा है, न कि जन्म में।

व्याधगीता आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है। इस कथा के केंद्र में मानवता, कर्तव्यनिष्ठा, और नैतिकता का महत्व है, जो किसी भी काल खंड में समाज को सही दिशा में संचालित करने के लिए अनिवार्य हैं।

समकालीन समाज के लिए व्याधगीता एक आदर्श प्रेरणा स्रोत है, जो हमें एक संकीर्ण दृष्टिकोण से उबार कर कर्म, धर्म और वर्ण की वास्तविकता को समझने का मार्गदर्शन देता है। इस प्रकार, व्याधगीता का अध्ययन न केवल हमारे आध्यात्मिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज में समरसता और न्याय के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। ❑

**संदर्भ सूची :**

1. व्यासदेव, महाभारत, गीताप्रेस गोरखपुर
2. https://www.vedic-management.com/vyadha-gita-what-is-it-and-why-do-most-get-it-wrong/
3. https://archive.org/details/VyadhaGita/page/nz/mode/wup

ISSN 2321-4945
PEER REVIEWED & REFEREED JOURNAL
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

अतीत मंथन

# नदी संस्कृति की कथा-व्यथा : तितास एक नदी का नाम

**प्रो. यशवंत सिंह**

हिंदी विभाग
मणिपुर विश्वविद्यालय, कांचीपुर,
इम्फाल-795003 (मणिपुर)
9612169840
dryashwantsingh66@gmail.com

बांग्ला साहित्य के ख्याति-प्राप्त उपन्यासों में 'तितास एकटि नदीर नाम' प्रमुख है, जो पहली बार सन 1956 ई. में प्रकाशित हुआ। इसके लेखक अद्वैत मल्लबर्मन का जन्म 1 जनवरी, 1914 ई. को पूर्वी बंगाल (अब बांग्लादेश) के एक महुआरे मालो परिवार में हुआ। इनका परिवार बाह्य मणवाड़िया जिले के गोकर्णघाट गाँव में निवास करता था, जिससे सटकर तितास नदी बहा करती थी, जो कभी मालो मछुआरों के जीवन की धुरी थी। इन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा अभावों व कठिनाइयों के बावजूद वजीफे की राशि से पूरी की तथा अपने हित-चिंतक शिक्षकों की मदद से उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु कुमिल्ला कॉलेज (वर्तमान में बांग्लादेश) में भर्ती हुए। लेकिन अनेक प्रतिकूल प्रभावों के चलते वे अपनी आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख सके तथा 1934 ई. में कलकत्ते में आकर पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से लेखन-कार्य करके अपना जीवन-यापन करने लगे।

अद्वैत मल्लबर्मन का मूल बांग्ला उपन्यास 'तितास एकटि नदीर नाम' सबसे पहले 'मुहम्मदी' मासिक पत्रिका में धारावाहिक रूप में छपकर चर्चा में आया। इस उपन्यास की पांडुलिपि कहीं रास्ते में खो जाने के कारण लेखक ने तितास-कथा को पुनर्सृजित किया। लेकिन 1956 ई. में इसके प्रकाशन के समय तक लेखक जीवित नहीं रह सके। इस बांग्ला उपन्यास का हिंदी अनुवाद सन 2016 ई. में प्रकाशित हुआ; जो कलकत्ता विशविद्यालय के हिंदी विभाग में प्रोफेसर एवं अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त विदुषी चंद्रकला पांडेय एवं उस समय प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय, कोलकाता के हिंदी विभाग में सहायक प्राध्यापक ऊर्जावान जयकौशल की जुगलबंदी का पाथेय है। सुप्रसिद्ध फिल्म निर्माता एवं पटकथा लेखक श्री ऋत्विक घटक ने सन 1973 ई. में अद्वैत मल्लबर्मन के इसी मूल बांग्ला उपन्यास पर एक फिल्म का निर्माण किया; जिसे 2010 ई. में आयोजित '63वें काँस फिल्मोत्सव' में काँस क्लासिक्स वर्ग के अंतर्गत प्रदर्शित किया गया था।

भारतीयता की अवधारणा में नदियाँ प्राकृतिक संरचनाएँ मात्र नहीं रहीं तथा न ही इन्हें कभी भू-भौतिक पदार्थ की तरह अभिव्यक्त किया गया। भारतीय दृष्टि सदैव प्रकृति को एक जीवित सत्ता के रूप में स्वीकार करती रही है तथा उसका दैवीय सत्ता के रूप में अनुभव करती रही है। अत: नदियों को देवी-स्वरूप मानने

वाले हमारे देश ने नदी-संस्कृति को महत्ता प्रदान की है, इनकी धाराओं के साथ ही भारतीय संस्कृति का प्रवाह निरंतर गतिशील रहा है। घने-जंगलों से निकलकर मनुष्य ने इन्हीं नदियों के तट पर अनेक सभ्यताएँ विकसित कीं, जिनमें प्राचीनतम समय से फूलती-फलती आ रही मछुआरा संस्कृति का प्रमुख स्थान है। तितास एक ऐसी ही नदी का नाम है, जिसके दोनों किनारों के मध्य जल-ही-जल प्रवाहमान है, जो स्वप्न की गति से निरंतर बहती जाती है। इसकी प्रकृति न तो विशाल मेघना एवं पद्म नदियों की तरह सर्वग्रासी है और न ही कृश-काय ग्राम्य-नदियों जैसी विपन्न-क्षीण। गाँव के किसी अल्हड़ बालक के लिए भले-ही इसे तैरकर पार करना मुश्किल हो, लेकिन किसी मछुआरे को डिंगी अर्थात छोटी नाव में अपनी बालिका-वधू को बैठाकर नदी के उस पार ले जाने में रंचमात्र भी डर नहीं लगता है। कृष्णपक्ष का भाटा उसके अंतराल से थोड़ा-सा जल भले-ही सोख लेता हो, पर शुक्लपक्ष में उमड़ा ज्वार उसे पुन: उज्जीवित कर देता है, लेकिन उसे कभी-भी उन्मत्त नहीं बनाता है। अत: तितास कुछ मील दूर बहने वालीं मेघना व पद्मा नदियों की तरह प्रलयंकारी न होकर शांत नदी है।

नदियाँ निरंतर धरती का वात्सल्य अपनी धाराओं से छलकाती रहती हैं। उनके कूल-कगार, कछार निरंतर अपने आस-पास को संपन्न एवं जीवंत बनाए रखते हैं। तितास नदी के किनारों पर बसे मालो-मछुआरों की महिलाएँ अपने पति और बेटों को आँधी-तूफानी रात में मछली पकड़ने के लिए भेजने से नहीं डरतीं। पत्नियों को लगता है कि उनके पति तितास नदी की धारा में जहाँ भी हों उनके पास ही हैं। जबकि मछुआरों की माएँ सोचती हैं तितास भी तो उनकी माँ है, वह कैसे उनका बुरा कर सकती है? तितास के किनारे बसे छोटे-छोटे गाँव, एक के बाद दूसरे घाट, उन घाटों पर अपने गोल-मटोल बच्चों को नहलाती-धुलाती नई-माएँ, कलसी लेकर डुबकी लगाती ननद-भौजाइयाँ, दूर कहीं एक के बाद दूसरी गतिमान पालदार व खुली नावें, नदी की बीच धारा में अठखेलियाँ करती किसी नाव में पाल के भीतर बैठी नई-नवेली दुल्हन, नदी-जीवन की जीवंत छटा बिखेरते प्रतीत होते हैं। साथ ही, तितास नदी का जल मछलियों से भरपूर है, जो इसके किनारों पर बसे मालो-मछुआरों की जीविका का एकमात्र आधार है। हठात एक युवा मालो मछुआरा नदी में डाले अपने जाल पर नजरें टिकाए रसभरी तान छेड़ देता है -

*'पहले थी ब्राह्मण की बेटी, करती थी शिवपूजा*
*पड़ी प्रेम में मछुआरे के, कैसे कटे पाट की डोरी*
*हाय रे! क्या था मेरे नसीब में।'*[1]

भारतवर्ष की नदियों-सरस्वती-सिंधु, गंगा-यमुना, कृष्णा-कावेरी, नर्मदा-ब्रह्मपुत्र की तरह तितास नदी का पोथियों में सुरक्षित कोई इतिहास तो नहीं मिलता, जिस पर गर्व किया जा सके। लेकिन इस नदी के तीरवासी मछुआरे ही इसकी सबसे बड़ी सच्चाई हैं, जो इसके जल में अपनी काठ की नावें तैराते हैं। भोर होते ही उनकी माँएँ, बहनें अथवा भाभियाँ उन्हें कथरी समेट उठ बैठने के लिए चेतातीं हैं और वे दौड़कर तितास के किनारे पहुँच जाते हैं, अपनी नावें नदी के जल में प्रवाहित कर देते हैं, मछली पकड़ने के लिए जाल फेंकते हैं, जिससे उनकी जीविका चलती है। इसी तितास नदी के किनारे पर 'गोकनघाट' गाँव बसा हुआ है। इतना विशाल गाँव कि दिनभर का कोलाहल रात की नीरवता में भी गुँजायमान रहता है। मालो मछुआरे इसी गाँव के दक्षिण टोले में बसे हैं, जिसे मालोपाड़ा कहा जाता है, जहाँ पर किशोर व सुबल नामक दो युवक दीनानाथ मछुआरे की बेटी बासंती के लिए 'माघ मंडल व्रत' समापन अनुष्ठान हेतु एक घरनुमा आकृति की चौयारी बनाते हैं। सजी-सजाई चौयारी लेकर बासंती जब अन्य कुँवारी लड़कियों के साथ तितास नदी में सिराने जाती है तो सुबल आगे बढ़कर उसे लूट लेता है। बासंती को सुबल का यह बर्ताव अच्छा नहीं लगता, क्योंकि वह अपनी माँ की तरह किशोर को पसंद करती है तथा उसी के साथ शादी करने का उसका मन है। इस अवसर पर मालो स्त्रियाँ गीत गा रहीं हैं -

*'सखी हे, बिछ गई है झुलों की सेज!*
*काला चाँद तो अब तक नहीं लौटा,*
*कैसे कटेगी काली-अंधियारी रात।'*[2]

नदियाँ धरती की प्राण शिराएँ हैं। यदि धरती पर नदियाँ न होतीं तो धरती इतनी उर्वर कदापि न होती। उनमें बहता जल आसपास के खेतों को उपजाऊ बनाने के

साथ ही मछुआरों को पर्याप्त मात्रा में मछलियाँ उपलब्ध कराता है। लेकिन जाड़े के समय तितास नदी में मछलियों का भंडार कम हो जाने के कारण मालो मछुवारे उत्तर की ओर प्रवास पर जाते हैं। इन्हीं में से एक नाव पर किशोर अपने साथी सुबल व अनुभवी मछेरे तिलक चाँद को लेकर अधिक मछलियों की तलाश में परदेश को निकल पड़ा। तितास जहाँ पर विशाल मेघना नदी से मिलती है, वहाँ कई मालो परिवार रहते हैं, नदी किनारे घाट पर कई छोटी-बड़ी नावें बंधी खड़ी हैं, किनारे पर गड़ी बाँस की खपच्चियों पर जाल फैले हुए हैं, जमीन पर इधर-उधर छोटे-बड़े गड्ढों में नावों की तलहरी में लगाने हेतु गाव भरा हुआ है। सामने मेघना नदी का विराट पाट फैला हुआ है, जिस पर इन्हें आगे की यात्रा करनी है। तभी मेघना नदी में दूर से आती एक नाव को देखकर किशोर गा उठा -

*'नदी किनारे जा बाँसुरी बजाई,*
*प्रेम के मधुसे मन मीठा हो गया*
*यह किस कुजगह पाँव पड़ गया,*
*यह तो खेया घाट नहीं है!'*[3]

नदियों का प्रवाह मानवीय चेतना को संबल प्रदान करता है। जिन प्राकृतिक शक्तियों से मनुष्य ने कर्मठता का पाठ सीखा, उनमें नदियों की भूमिका प्रमुख है। विशाल मेघना नदी पर निरंतर जलयात्रा करते हुए मछुआरे 'नया काँदा' पर पड़ाव डालते हैं, जहाँ पर तीस-चालीस मालो-परिवार नए-नए आकर बसे हैं। यहाँ से मेघना नदी का विस्तृत किनारा धनुषाकार मुड़ गया है। इस जगह की अथाह जलराशि में बहुत-सारी मछलियाँ मिलती हैं। यहाँ पर आते-आते मेघना की विराटता में कमी आई है, दूर छायादार वृक्षों वाला एक गाँव दिख रहा है, जहाँ से उजानी नगर की खाड़ी स्पष्ट दिखलाई पड़ती है। यात्रा के अंतिम पड़ाव पर मछुआरे अपने गंतत्य शुकदेवपुर पहुँचकर मुखिया बाँसीराम मोड़ल के घाट पर अपनी नाव में लंगर डालते हैं तथा रात्रि में नदी तट के मुखिया का आतिथ्य ग्रहण करते हैं। अगले दिन सुबह नदी में जाकर मछुआरे मछलियाँ पकड़ने का उपक्रम करते हैं, पहले ही प्रयास में उन्हें बहुत-सारी मछलियाँ प्राप्त होती हैं, जिन्हें देखकर मुखिया खुशी से कहता है- *'छोटे जल्ला, तुमने तो अच्छी साइत की।'*[4]

किशोर, सुबल व तिलक चाँद के दल को मछलियाँ पकड़ते-पकड़ते होली-पूर्णिमा आ पहुँची, बसंत पूरे यौवन पर आकर सबके मनों में सुगबुगाहट पैदा कर रहा था। शुकदेवपुर के इलाके में भी रंगों की धमाचौकड़ी शुरू हो गई। होली-उत्सव के अवसर पर किशोर की नजर एक मालो किशोरी पर पड़ी, जिसे देखकर वह मुग्ध हो गया। इस दौरान उन दोनों का मिलन होता है तथा उनके मध्य परस्पर एक गोपन प्रेम जन्मता है। शुकदेवपुर के मालो मछुआरों का समीपवर्ती बासुदेवपुर गाँव के लोगों से पुराना झगड़ा चला आ रहा था, आपसी समझौते के लिए गाँव के मुखिया मोड़ल उस दिन बासुदेवपुर गए थे। लेकिन इसके पहले ही बासुदेवपुर वासियों ने होली-उत्सव में मदमस्त शुकदेवपुर वासियों पर हमला कर दिया। दोनों ही पक्षों में भयंकर मारपीट हुई, जिसे देखकर वह मालो किशोरी बेहोश होकर गिर पड़ी। मारपीट के दौरान किशोरी के कुचल जाने का भय था, लेकिन प्रवासी किशोर अपनी जान पर खेलकर किशोरी की प्राण रक्षा करता है। अत: अगले ही दिन शुकदेवपुर के मुखिया मोड़ल की पत्नी की सहायता से प्रवासी किशोर के साथ उस मालो किशोरी की 'माला-बदल रस्म' संपन्न हो जाती हैं, इस शर्त के साथ कि किशोर अपने देश लौटकर इस माला-बदल किशोरी के साथ विधिवत विवाह कर लेगा।

किशोर इस माला-बदल किशोरी को पाकर बहुत खुश हुआ तथा उससे प्रणय करने के लिए इंतजार करती बासंती उसके साथी सुबल के लिए शेष रह गई। प्रवास से अपने गोकनगाँव वापस लौटते समय उनकी नाव पर जल-दस्यु हमला करके सोते हुए मछुआरों को बाँधकर नाव को लूटते हैं। वे किशोरी का अपहरण करने का प्रयास भी करते हैं, लेकिन नववधू किशोरी उनके चंगुल से छूटकर नदी की धारा में कूद पड़ती है और तैरते-तैरते बेहोश होकर किनारे पर जा लगती है। इधर नाव में जब सब जागे तो किशोरी गायब मिली। इस आकस्मिक आघात से किशोर विक्षिप्त हो जाता है। इसी समय नदी की बीच धारा में एक अकड़े हुए स्त्री-शरीर को बहता देखकर तिलक व सुबल को यह विश्वास हो जाता है कि वही किशोर की माला-बदल बऊ है। तभी दहशत में

आकर तिलक चिल्ला उठा- *'अरे सुबला, इधर आ जल्दी - देख -लगता है, किशोर पागल हो गया।'*[5]

नदियों का जीवन मानवीय कल्पना के अनेक दृश्य-बिंबों को जागृत करता रहा है। मनुष्य ने नदियों के व्यक्तित्व में जिस नारी स्वभाव की खोज की, वह नारी स्वभाव अनेक पुरुषवाची विशेषणों में अभिव्यक्त होता है। उपन्यास के कथाक्रम में आगे किशोर की माला- बदल बऊ अब चार वर्षीय अनंत की माँ बन गई है। दरअसल, जब वह जल-दस्युओं के चंगुल से छूटकर नदी में कूदी थी, तब अनंत उसके गर्भ में था। गौरांग व नित्यानंद नाम के दो मालो वृद्धजनों ने उसे नदी के किनारे बेहोशी की हालत में पाया। उन्होंने उस अबला किशोरी को पिता की तरह सहारा दिया, उसे अपनी बेटी की तरह सम्मान व सुरक्षा दी। इन्हीं के यहाँ बालक अनंत का जन्म हुआ। अब वह अबला किशोरी अपने माँ-बाप के पास वापस नहीं जाना चाहती तथा उसे बस इतना ही याद है कि किशोर व सुबल तितास नदी के किनारे बसे गोकनगाँव से शुकदेवपुर आए थे। अत: वह अनंत की माँ के रूप में अपनी ससुराल जाने का निश्चय करती है। इस बीच गाँव वापस लौटने पर सुबल की शादी बासंती से होती है तथा सुबल एक अन्य नाव-दुर्घटना में मृत्यु को प्राप्त होता है। जब अनंत की माँ के रूप में अबला किशोरी गोकनगाँव के घाट पर नाव से उतरी तो उसका सामना अपने पागल पति किशोर से होता है, लेकिन वह अपने पति को पहचान नहीं पाती। मालोपाड़ा के मछुआरों के सहयोग से उसके लिए एक झोपड़ी निर्मित होती है तथा सुबल की विधवा पत्नी बासंती उसके दुखी व अभावों से युक्त जीवन का सहारा बनती है।

अद्वैत मल्लबर्मन ने अपने इस उपन्यास लेखन में मालो मछुआरों के लोक जीवन का जीवंत चित्रण किया है। एक दिन मालोपाड़ा में जाति-पंचायत बैठती है। उस दिन शाम होने के कुछ पहले ही दो मालो लड़के घर-घर घूमकर निमंत्रण देने लगे-

*'घर में रहने वालों, सुन लो हमारी बात*
*भारत के घर में होगी आज, दस जनों की मुलाकात*
*तुम सबको भी न्योता, पान-तमाकूखाना*
*और दसों लोगों की दसियों बातें सुनना।'*[6]

पंचायत में बहुत सारी जातिगत समस्यओं पर विचार-विमर्श होने के उपरांत अनंत की माँ की बात उठती है कि वह किस जाति की है? किस गाँव से उसका संबंध रहा है? पंचायत के आदेशानुसार जब सुबला बहू बासंती ने उससे यह सब पूछा तो वह रो पड़ी और कहा-बहिन लोग मैं अपनी जाति ठिकाने के बारे में कुछ भी नहीं जानती! अंततः पंचायत ने मंगला, सुबला और पागल किशोर की जमात में अनंत की माँ को शामिल कर लिया।

मालो मछुआरों का जीवन जन्म, विवाह और मरण संस्कारों से रचा-बसा है। हर किसी के जीवन में इन तीनों घटनाओं की अनिवार्यता के बावजूद कुछ ही मालो परिवार ऐसे भाग्यशाली होते हैं, जिनके घरों में इन तीनों को क्रम से घटते देखा जाता है। जिनमें मालोपाड़ा के कालोबरन के परिवार में एक के बाद एक, तीन-तीन लड़कों के विवाहों की उलुक-ध्वनि अर्थात स्त्रियों द्वारा होंठों से की जाने वाली मंगल-ध्वनि गूँजी। इस परिवार में झम-झम करतीं तीन-तीन बहुएँ आईं, तीनों फली-फूली लताएँ हैं, होड़ लगाकर बारी-बारी से बच्चे जनती जा रही हैं, बच्चों का जन्मोत्सव धूम-धमाके से मनाया जाता है, अन्नप्राशन का तो कहना ही क्या है? लेकिन मालो टोले के अभागे रामकेशव के घर में विवाह की घटना शायद ही घटे? क्योंकि विवाह के पहले ही उसका एकमात्र बेटा किशोर पागल होकर लौटा है। कहाँ तो पिता को आशा थी कि उसका बेटा प्रवास से बहुत सारा धन लेकर वापस आएगा, उसकी धूमधाम से शादी होगी, लेकिन उसकी तो सारी आशा-आकांक्षाओं पर मानो तुषारापात ही हो गया।

बंगाल में प्रचलित काली-पूजा उत्सव मालो टोले में बड़ी भव्यता से संपन्न होता है, जिसमें अनंत की माँ सहायक पुजारिन के रूप में शामिल होती है। बालक अनंत यह सब देखकर विस्मित होता है। इस उत्सव के दौरान रामकेशव ने अपने पागल बेटे किशोर को घर में बाँधकर रखा, उसने खुद भी न काली-पूजा देखी, न प्रसाद लिया और न ही रात्रि में पाला जात्रा और कबि गान देखने-सुनने गया। लेकिन उत्तरायण संक्रांति का पर्व आने पर उसने अपने पागल बेटे की मंगल-कामना के लिए घर में बुलाकर कुछ लोगों को भोजन कराने की इच्छा व्यक्त की। दरअसल, मालो लोग काली-पूजा के समय साज-सज्जा, गाने-बजाने एवं आमोद-प्रमोद पर खर्चा करते हैं, जबकि पौष संक्रांति में वे खाने-पीने में खर्च करते हैं। इसकी तैयारी पाँच-छह दिन पहले से ही शुरू हो जाती, गुड़ीकोटा अर्थात पतंग-उत्सव की धूम रहती, स्त्रियों में चावल से मूड़ी भूनने और सत्तू कूटने/पीसने की जोड़-तोड़ होती, टूटे चावलों को धोकर सुखाया जाता और उसका पीठा बनाया जाता। इसी उपक्रम के लिए अनंत की माँ, सुबला बऊ व मंगला बऊ रात्रि के समय रामकेशव के घर एकत्र हुईं। पागल किशोर को नींद नहीं आती, वह इन स्त्रियों को घूरकर देखता रहता है। अचानक मंगला बऊ को आधी रात के समय किस्सा सुनने की इच्छा हुई, वह अनंत की माँ को पकड़कर बोली - *'एक परस्ताव सुनाओ ना बहिन! नए देश से आई हो, इस गाँव में नई हो। तुम्हारे पास तो सुनाने लिए दुनिया भर के किस्से होंगे।'*[7] तीनों स्त्रियों के मध्य दुख-सुख से भरे इस वार्तालाप के प्रसंगों से ही अनंत की माँ समझ जाती है कि पागल किशोर ही उसका माला-बदल पति है। वहीं दूसरी ओर सुबला बहू बासंती को भी इस बात का कुछ-कुछ अहसास हो जाता है कि यही वह स्त्री है, जिसके बिछोह में किशोर आज पागल अवस्था में है।

अब अनंत की माँ किसी भी तरह पागल किशोर के साहचर्य में आने का प्रयास करती है, वह उसके लिए एक दिन खाना बनाकर ले जाती है, उसको एक दिन पकड़ कर नदी-स्नान के लिए ले जाती है। एक तरह से वह अपनी पुरानी स्मृतियों को सामने लाकर किशोर को पुनः होशमंद बना लेना चाहती है। इसी प्रयास में होली-उत्सव के दिन वह पागल किशोर के मुख पर अबीर मल देती है, जिससे किशोर का उन्माद बढ़ जाता है, उत्तेजना में वह उसे गोद में उठाकर चिल्लाने लगता है - डाकुओं ने सती को हाथ लगा दिया, बचाओ, मारो आदि। होली

के हुल्लड़ में मदमस्त गाँव वाले पागल किशोर के इस आचरण को स्त्री-अपमान समझकर उसकी जमकर पिटाई कर देते हैं, जिससे मरणासन्न किशोर सारी रात कराहता है तथा दूसरे दिन सुबह होते-होते उसके प्राण-पखेरू उड़ गए। इस आघात के कुछ ही दिनों बाद अनंत की माँ ने भी अपने बेटे को बेसहारा छोड़ प्राण त्याग दिए। अनंत ने अपने माँ की चिता को अग्नि दी तथा अपने गले में 'छड़ा' अर्थात लोहे का छोटा-सा टुकड़ा धारण किया। इस समय किसी के मुख से अनायास निकल पड़ा- *'लगता है पागल ने इसको पहचान लिया था। चार दिन पहले ही मर गई होती तो दोनों को एक ही चिता पर सुला देते। परलोक में दोनों का मिलन हो गया होता।'*[8]

माँ की मृत्यु के बाद अनंत अनाथ हो गया। अपने घर में व्याप्त आर्थिक अभाव एवं माता-पिता की अनिच्छा के बावजूद सुबला बहू बासंती ने अनंत को आश्रय दिया। लेकिन निरंतर उपेक्षा एवं मारपीट से तंग आकर अनंत अपनी मौसी बासंती का घर छोड़ देता है। तदुपरांत उसे उदयतारा एवं उसके भाई बनमाली के गाँव में आश्रय मिला। इसी गाँव से बनमाली व उदयतारा के साथ अनंत तितास नदी में नौका-दौड़ देखने जाता है। दौड़ वाली इतनी नावों को एक साथ देखकर अनंत फूला नहीं समाता, नजदीक से गुजरती एक नाव से 'सारी-गीत' का स्वर साफ सुनाई पड़ता है-

*'साधारण काठ से बनी नाव झुनर-झुनर करती नाव जीत आय, पर नाव की पूँछ कहाँ गई?'*[9]

संयोगवश दूसरी नाव में बैठी बासंती की नजर जब अनंत पर पड़ती है तो वह अपनी नाव से कूदकर अनंत से लिपट जाती है। अब अनंत को लेकर यहाँ दो नि:संतान औरतों-बासंती एवं उदयतारा में हिंसक झड़प होती है, जिसमें बासंती पराभूत होती है। वह अपनी पराजय से शर्मिंदा एवं आहत होकर घर से बाहर निकलना बंद कर देती है। इसी समय मालोपाड़ा के मछुआरा-संस्कृति पर बाजारू 'जात्रा-गान' और 'सखी-गान' कब्जा करने लगते हैं। बासंती स्व-संस्कृति प्रेमी मछुआरों को प्रोत्साहित करके इस बाजारू अपसंस्कृति को रोकने का प्रयास करती है। लेकिन मालो मछुआरों की आपसी फूट एवं उनकी एकजुटता में दरार पड़ जाने के कारण बासंती का यह प्रयास असफल हो जाता है। मालो टोले के कुछ युवक अगली होने वाली नौटंकी में 'सखी' बनकर नाचे, उन्होंने बाएँ हाथ को कमर में रखकर दाहिने हाथ की उँगली ठुड्डी पर टिकाए हुए बाजारू गीत गाए-

*'चुप-चुप शर्म से चले जाएँगे, धीरे-धीरे चलो, हे सखियो! हमारी आँखों में धूल झोंक, सखी ने अपना प्रेम छिपा लिया। अब तो भँवरे गुंजार करने लगे, रात न हो जाए, चुप-चुप चलो।'*[10]

नदियाँ जो बरसात के समय सदानीरा रहती हैं, वे पौष-माघ का जाड़ा आते-आते सूखने लगी हैं, उनमें पानी का बहाव क्रमश: कम होने लगा है। पहले गर्मियों में भी जिन नदी-घाटों पर नावें चलती थीं, वे अब नाव-घाट की जगह पाँव-घाट बनने लगे हैं, उनमें फसले लहलहाने लगी हैं। समय बीतते जाने के साथ ही तितास नदी का पानी भी क्रमश: कम होने लगा है। अथाह जल से आप्लावित रहने वाली इस नदी के बीच के टीले उभरने लगे हैं, उसके तटबंध सीमित होकर सूखने लगे हैं। इस सूखी जमीन पर दूर-दराज से आने वाले दबंग किसान और जमींदार कब्जा करके फसलें उगाना शुरू कर देते हैं, जिससे मालो मछुआरों की जीविका बाधित होती है। मालो मछुआरों का संबंध तो तितास नदी की जमीन से न होकर सिर्फ उसके जल से ही था। अत: वे आजीविका के अभाव में एक-एक करके भुखमरी के शिकार होकर मरते जाते हैं, उनके खाली पड़े जालों को चूहे कुतर जाते हैं। अब मालोपाड़ा में सिर्फ दो लोग-किशोर का पिता रामकेशव व सुबला बऊ बासंती ही शेष बचते हैं। उधर उदयतारा के आश्रय में दूसरे गाँव में रह रहे अनंत का एक वैष्णव साधु की मदद से स्कूल में दाखिला हो जाता है। अनंत उसी गाँव की नाई जाति की एक स्त्री से प्रेरणा पाकर अपनी स्कूली शिक्षा पूरी कर आगे की पढ़ाई हेतु कुमिल्ला (वर्तमान बांग्लादेश) जाकर पूर्णत: शहरी बाबू हो जाता है।

उपन्यास में कथानक का अंत अत्यंत कारुणिक है। सूखती तितास नदी के तट पर लोटा भर जल की लालसा लिए बासंती दिखलाई पड़ती है। नीम बेहोशी की हालत में उसे अपना पूरा जीवन चलचित्र की तरह घूमता नजर आता है। उसकी आँखों के सामने से अनंत भूखे-नंगे लोगों को भात बाँटता गुजरता है। पर यह तो उसका

सपना मात्र था, जो यथार्थ से टकराकर धराशाई हो जाता है। वास्तविकता तो यह थी कि कभी जहाँ पर तितास नदी का जलप्रवाह होता था, वहाँ पर अब धू-धूकर तपती रेतराशि ही शेष है। अत: मरणासन्न बासंती की पूर्वदीप्ति कथा हिंदी की अमर कहानी 'उसने कहा था' की पूर्व दीप्ति पद्धति का स्मरण करा देती है, जिसमें अनंत की माँ की व्यथा भी समाहित है, जिसे जीवन-पर्यंत सुहागिन होने का दर्जा नसीब नहीं हुआ। वर्तमान समय के तथाकथित विकासवाद की होड़ में नदियाँ सूख रही हैं धरती पर से और उनकी स्मृतियाँ विलुप्त हो रही हैं, हमारी चेतना से। लेकिन नदियाँ जैसे धरती पर भौतिक रूप से बहती हैं, वैसे ही उनको हमारी चेतना में भी बहना चाहिए। लेखक ने एक छोटी-सी नदी तितास के विलुप्त होने के वृत्तांत को सरस्वती नदी की तरह हमारी स्मृति में सँजोकर रखने, हम सब के अंतर्मन में बैठाए रखने का सराहनीय कार्य किया है। साथ ही, उस तितास नदी के किनारों पर फली-फूली मछुआरा-संस्कृति को कालजयता प्रदान की है, जिसमें अब केवल मालो-लोगों की नि:श्वासें ही शेष थीं, जिन्होंने कभी यहाँ पर तड़प-तड़प कर दम तोड़ा था। ❑


**संदर्भ सूची :**

1. तितास एक नदी का नाम, मूल लेखक-अद्वैत मल्लबर्मन, हिंदी अनुवाद - चंद्रकला पांडेय एवं जयकौशल, मानव प्रकाशन, कोलकाता, संस्करण-2016 ई., पृष्ठ संख्या-39
2. तितास एक नदी का नाम, पृष्ठ संख्या-50
3. तितास एक नदी का नाम, पृष्ठ संख्या-57
4. तितास एक नदी का नाम, पृष्ठ संख्या-71
5. तितास एक नदी का नाम, पृष्ठ संख्या-93
6. तितास एक नदी का नाम, पृष्ठ संख्या-114 व 115
7. तितास एक नदी का नाम, पृष्ठ संख्या-150
8. तितास एक नदी का नाम, पृष्ठ संख्या-171
9. तितास एक नदी का नाम, पृष्ठ संख्या-262
10. तितास एक नदी का नाम, पृष्ठ संख्या-283

**सहायक ग्रंथ सूची :**

1. भारत की नदियाँ, श्यामसुंदर दुबे, ग्रंथलोक, दिल्ली, संस्करण-2013 ई.।
2. लोक में जल, श्यामसुंदर दुबे, प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, द्वितीय संस्करण-2018 ई.।
3. बोल्गा से गंगा, राहुल सांकृत्यायन, किताब महल, इलाहाबाद, पुनर्मुद्रण-2021 ई.।
4. मानव-समाज, राहुल सांकृत्यायन, लोकभारती पेपरबैक्स, इलाहाबाद, संस्करण-2012 ई.।
5. बाङ्ला साहित्य का इतिहास, सुकुमार सेन, हिंदी अनुवाद-निर्मला जैन, साहित्य अपादेमी, नई दिल्ली, संस्करण-2004 ई.।
6. भारतमाता धरतीमाता, राममनोहर लोहिया, लोकभारती पेपर-बैक्स, इलाहाबाद, पहला संस्करण-2010 ई.।
7. भारतीय साहित्य, संपा.-डॉ. मूलचंद गौतम, राधाकृष्ण, नई दिल्ली, पहला संस्करण-2009 ई.।
8. हिंदी उपन्यास : समय से संवाद, रोहिणी अग्रवाल, आधार प्रकाशन, पंचकूला (हरियाणा), संस्करण-2016 ई.।

ISSN 2321-4945
PEER REVIEWED & REFEREED JOURNAL
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

राष्ट्रबोध

# असमीया कविता में राष्ट्रीय चेतना

## स्वाधीनता आंदोलन के विशेष संदर्भ में

**डॉ. मालबिका शर्मा**

सहयोगी प्राध्यापक, हिंदी विभाग
राधा गोविंद बरुवा महाविद्यालय
गुवाहाटी-781025
9435551073
malabika.sarma123@gmail.com

**शोध-सार :**

भारत की अन्य भाषाओं की तरह असमीया भाषा की कविताओं की भी एक विशिष्ट पहचान है। असमीया कविता प्राचीन काल से ही समृद्ध है व इसकी अपनी एक अच्छी विरासत है। ग्रामीण गीत-कविता के सहज, सरल आनुभूतिक कमनीयता प्रारंभिक स्तर की कविताओं में उपलब्ध है। शंकर-पूर्व युग के कवि माधव कंदली और पीतांबर, मनकर, दुर्गावर इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। माधव कंदली की कविताओं में जहाँ छंदोवद्ध वर्णन का सौंदर्य पाया जाता है, वहीं पीतांबर, दुर्गावर, मनकर की कविताओं में सरल गीत की प्रचुरता देखने को मिलती है। शंकर युग के प्रमुख कवि श्रीमंत शंकरदेव की कविताओं में सात्विक गांभीर्य तथा माधवदेव की कविताओं में प्राचीन विरासत की मौलिकता और काव्य सौष्ठव दिखाई देते हैं।

उन्नीसवीं शताब्दी में असमीया कविता नई अनुभूतियों से सजीव होकर अभिव्यक्त हुई है। वास्तव में असमीया कविता का विकास एक विचित्र प्रकार की दिशा और दशा तथा परिवर्तन का इतिहास है।

जैसा की साहित्य को समाज का दर्पण माना जाता है, अत: तत्कालीन समाज को उस समय के साहित्य में देखा जा सकता है। कवि न समाज की उपेक्षा कर सकता है और न ही अपने युग की। वस्तुत: कवि समसामयिकता से संबद्ध रहता है। 19वीं शती के उत्तरार्द्ध से प्रारंभ हुए स्वाधीनता आंदोलन का प्रभाव असमीया साहित्य पर भी पड़ने लगा।

स्वाधीनता आंदोलन भारतीय इतिहास की एक ऐतिहासिक घटना है। इस आंदोलन में भारत के अन्य राज्यों के साथ-साथ असम ने भी भरपूर योगदान दिया था। परिणामस्वरूप तत्कालीन समय की कविताओं में स्वाधीनता आंदोलन का प्रत्यक्ष और परोक्ष प्रभाव देखा जाता है।

असमीया साहित्य-जगत में राष्ट्रीय चेतना एक उल्लेखनीय पक्ष है, जो प्राचीन काल से पारंपरिक रूप से चली आ रही है और इसका चरम निदर्शन हम आधुनिक असमीया कविता में देख सकते हैं।

जोनाकी-युग की कवियों ने देश के प्रति असीम प्रेम अभिव्यक्त करने के साथ-साथ देश और समाज की दुर्दशा का चित्र भी उकेरा है। इसके साथ ही देश के

गौरवशाली अतीत का भी गुणगान किया है। इतना ही नहीं, इन कवियों ने कविताओं के माध्यम से एक शक्तिशाली, सुंदर और स्वस्थ मातृभूमि की प्रतिष्ठा का स्वप्न भी देखा है।

वास्तव में पराधीनता के समय में मानव के हृदय में सुप्त देशप्रेम जागृत करने वाले असमीया कवियों में उल्लेखनीय हैं- लक्ष्मीनाथ बेजबरुवा, अंबिकागिरी रायचौधुरी, ज्योतिप्रसाद आगरवाला, विष्णुप्रसाद राभा, नलिनीबाला देवी आदि। इन कवियों के ओजस्वी राष्ट्रीय गीत और कविता ने सभी जाति, धर्म, वर्ण के लोगों को जागृत किया। उक्त प्रमुख कवियों का अनुसरण करते हुए राज्य के कई देशप्रेमी लोगों ने भी स्वाधीनता से संबंधित गीत, कविताओं की रचना की, जो आम जनता के बीच बहुत लोकप्रिय बने।

वस्तुत: साहित्य में गीत, कविता एक ऐसी विधा है, जो लोगों के हृदय को स्पर्श करती है। अत: कहा जा सकता है कि स्वाधीनता आंदोलन को प्रभावशाली बनाने में इन गीत, कविताओं ने मुख्य भूमिका अदा की थी।

**बीज शब्द :**

राष्ट्रीय चेतना, असमीया साहित्य, कविता, स्वाधीनता आंदोलन, देशप्रेम।

**प्रस्तावना :**

भारत की अन्य भाषाओं की तरह असमीया भाषा की कविताओं की भी एक विशिष्ट पहचान है। असमीया कविता प्राचीन काल से ही समृद्ध है व इसकी अपनी एक अच्छी विरासत है। ग्रामीण गीत-कविता के सहज, सरल आनुभूतिक कमनीयता प्रारंभिक स्तर की कविताओं में उपलब्ध है। शंकर-पूर्व युग के कवि माधव कंदली और पीतांबर, मनकर, दुर्गावर इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। माधव कंदली की कविताओं में जहाँ छंदोवद्ध वर्णन का सौंदर्य पाया जाता है, वहीं पीतांबर, दुर्गावर, मनकर की कविताओं में सरल गीत की प्रचुरता देखने को मिलती है। शंकर युग के प्रमुख कवि श्रीमंत शंकरदेव की कविताओं में सात्विक प्राणमय गांभीर्य तथा माधवदेव की कविताओं में हृदयस्पर्शी निर्मल करुणा के दर्शन होते हैं। इस प्रकार ऊपर उल्लेखित कवियों की कविताओं प्राचीन विरासत की मौलिकता और काव्य सौष्ठव दिखाई देते हैं।

उन्नीसवीं शताब्दी में अंग्रेजी साहित्य से प्रभावित असमीया कविता नई अनुभूतियों से सजीव होकर अभिव्यक्त हुई है। फलस्वरूप भावना जगत में परिवर्तन, विस्तार और क्रांति परिलक्षित हुई है। वैयक्तिक अनुभूति के माध्यम से बहिर्जगत का चित्रण और राष्ट्रीय चेतना तथा स्वदेश प्रेम के गीत और कविता रचे जाने लगे। युग चेतना के मार्गदर्शक जोनाकी युग की 'त्रिमूर्ति' चंद्रकुमार आगरवाला, लक्ष्मीनाथ बेजबरुवा, हेमचंद्र गोस्वामी के उदय ने असमीया साहित्य में संजीवनी शक्ति ही प्रदान नहीं किया; अपितु समग्र भाव जगत में एक नवीन स्पंदन ला दिया और एक नवीन चेतना का संचार किया। इससे पहले भी देशप्रेम के उद्घोषक के रूप में आनंदराम ढेकियाल फूकन, हेमचंद्र बरुवा तथा गुनाभिराम बरुवा ने सशक्त रूप में असमीया भाषा को विविध साहित्य रूपों में स्थापित किया। पाश्चात्य साहित्य और बांग्ला साहित्य के प्रभाव से प्रभावित असमीया रोमांटिक युग की काव्य धारा के विविध विषय में पराधीनता का विषाद और राष्ट्रीय चेतना भी पूर्ण रूप से अभिव्यक्त हुई है।

**विषय का उद्देश्य :**

राष्ट्रीय चेतना से तात्पर्य है - राष्ट्र की अस्मिता की रक्षा, राष्ट्र का गौरव-गान तथा राष्ट्र के प्रति उस देश के नागरिकों की समग्र सोच और अनुभूति। स्वाधीनता आंदोलन भारतवर्ष की अस्मिता की खोज है। इस आंदोलन में भारत के अन्य राज्यों के साथ-साथ असम ने भी भरपूर योगदान दिया था। जैसा की साहित्य को समाज का दर्पण कहा जाता है, इसीलिए कवि न समाज की उपेक्षा कर सकता है और न अपने युग की। कवि समसामयिकता से संबद्ध रहता है। अत: 19वीं शदी के उत्तरार्द्ध से प्रारंभ हुए स्वाधीनता आंदोलन का प्रभाव, पराधीनता के प्रति क्षोभ का भाव तथा अंग्रेजी शासन के प्रति विद्रोह एवं क्रांति के स्वर असमीया कविता में प्रस्फुटित होना नितांत स्वाभाविक है। स्वाधीन देश के हर स्वाधीन नागरिक को अपने विचारों को अभिव्यक्त करने का अधिकार होता है। इसीलिए साहित्य में राष्ट्रीय चेतना का अध्ययन सामाजिक

जीवन में प्राण-तत्व की भूमिका निभाता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत विषय का चयन किया गया। परंतु यह विषय इतना व्यापक है कि इसे एक शोध पत्र में समेट लेना संभव नहीं है। अत: इस क्षेत्र में प्रवेश करने की दृष्टि मात्र से प्रस्तुत शोध पत्र का चयन किया गया है।

**विषय का महत्व :**

असमीया साहित्य जगत में राष्ट्रीय चेतना एक उल्लेखनीय पक्ष है, जो प्राचीन काल से पारंपरिक रूप से चली आ रही है और जिसका चरम निदर्शन आधुनिक असमीया कविता में परिलक्षित होता है। राष्ट्रीय चेतना तथा देशप्रेम की कविताओं में विशेषत: दो उल्लेखनीय तत्व पाए जाते हैं- विद्रोह और आत्मा। चूँकि कवियों के मर्मस्पर्शी हृदय में जिस प्रकार देश के प्रति असीम प्रेम है, उसी प्रकार देश की दुर्दशा के लिए क्षोभ भी है। डॉ. सत्येन शर्मा ने अपने 'असमीया साहित्यर समीक्षात्मक इतिवृत्त' नामक ग्रंथ में इस संबंध में इस प्रकार कहा है - 'अतीतर जय गान, पराधीनतार ग्लानि-अवसाद, जातीय ऐक्यर कारणे उदात्त आह्वान, आन कथात कबितात स्वदेश प्रीतिर प्रवाह बेजबरुवाते आरंभ हय आरु स्वाधीनता आंदोलनत सेइ भाव-परिपुष्ट हय। विंश शताब्दीर तृतीय-चतुर्थ (1920-40) दशकत तेने भाबर जोवार आहे।' (शर्मा 287, 2004) अर्थात डॉ. सत्येन शर्मा के अनुसार देशप्रेम का चरम उत्कर्ष भारत के स्वाधीनता आंदोलन के प्रारंभिक रूप में हुआ है और उसका चरम निदर्शन बीसवीं शताब्दी की कविताओं में देखा जाता है। वस्तुत: 19वीं शती के उत्तरार्द्ध से ही स्वाधीनता आंदोलन का प्रभाव असमीया कविता पर प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से देखा जा सकता है। वास्तव में पराधीनता के समय से ही असमीया कवि तथा गीतिकारों ने कविता और गीतों के माध्यम से जनता के हृदय में सुप्त देशप्रेम जागृत करने का प्रयास किया था। इन कवियों के ओज भरे राष्ट्रीय गीत और कविता ने सभी जाति, धर्म, वर्ण के लोगों को जागृत किया। वस्तुत: साहित्य में गीत, कविता एक ऐसी विधा है, जो लोगों के हृदय को स्पर्श करती है। इसीलिए स्वाधीनता आंदोलन को प्रभावशाली बनाने में इन गीत-कविताओं ने मुख्य भूमिका अदा की थी।

**विषय की सीमावद्धता :**

प्रस्तुत शोध-पत्र के विषय के अंतर्गत स्वाधीनता-आंदोलन से प्रभावित असम के कुछ प्रमुख कवियों के

राष्ट्रीय चेतना से परिपूर्ण गीत और कविताओं को सामान्य रूप से प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया।

**अध्ययन की पद्धति एवं व्यवहृत सामग्रियाँ :**

प्रस्तुत शोध-पत्र के अध्ययन की पद्धति विश्लेषणात्मक है। इसी पद्धति से राष्ट्रीय चेतना से परिपूर्ण असमीया कविता (स्वाधीनता आंदोलन के विशेष संदर्भ) का विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है। विश्लेषण करते समय अध्ययन की सुविधा के लिए असमीया कविता संबंधी विभिन्न विद्वानों द्वारा रचित ग्रंथ और भारत तथा असम के इतिहास संबंधी ग्रंथों की सहायता ली गई है।

**विषय की आलोचना :**

उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध तथा बीसवीं शताब्दी में साहित्य में राष्ट्रीय चेतना तेजी से उभरी। देशवासियों ने ब्रिटिश शासन की दुर्भावना को समझा और देश की एकता को गहराई से महसूस किया। चूँकि साहित्यकार अपने युगीन परिवेश से अछूता नहीं रह सकता, यही कारण है की उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध और बीसवीं शताब्दी के असमीया कवि समाज की कविताओं में जो राष्ट्रीय स्वाधीनता संग्राम की लहर दौड़ रही थी, यही राष्ट्रीय चेतना का स्वर इस काल के साहित्य में परिलक्षित होता है। वस्तुत: स्वाधीनता आंदोलन की धूम, देश में मची हलचल ने कवियों को राष्ट्रवादी काव्य की गंगा बहाने के लिए प्रेरित किया। स्वाधीनता आंदोलन को प्रभावशाली बनाने के लिए और जनता के हृदय में सुप्त देश-प्रेम तथा स्वाधीन भारत का स्वप्न जगाने के लिए नवीन चंद्र बरदलै अंबिकागिरी रायचौधुरी, ज्योतिप्रसाद आगरवाला, विष्णुप्रसाद राभा, नलिनीबाला देवी आदि कवि तथा गीतकारों ने गीत और कविताओं की रचना की। उक्त प्रमुख कवि और गीतिकारों का अनुसरण करते हुए राज्य के विभिन्न स्थानों के लोगों ने स्वाधीनता से संबंधित गीत-कविताओं की रचना की थी, जो साधारण जनता के बीच बहुत लोकप्रिय बने।

असम के इतिहास में अंग्रेजों के विरुद्ध स्वाधीनता का सूत्रपात 'यंडाबू संधि' से माना जाता है। पराधीनता की ग्लानि से पीड़ित असमीया लोगों ने गोमधर कुँवर और पियली फूकन के नेतृत्व में अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह की घोषणा की। इसका प्रमाण इस लोकगीत में देखा जा सकता है :-

खामति, नगाटि, गारो, खाचीयाटी
लगते दफला, मिरि
रंगचिला हाबिते बर मेल पातिछे
फिरिंगिक धरोगोइ बुलि

(बरदलै1.2010)

सन 1857 में भारतवर्ष में अंग्रेजों के विरुद्ध जिस विद्रोह की घोषणा हुई थी, उस विद्रोह में असम से मणिराम देवान शहीद हुए थे। निम्न उल्लेखित लोकगीत इसका प्रमाण है :-

सोनर धोवाखोवात खालि तइ मणिराम
रूपर धोवाखोवात खालि
किनो रजाघरत द्रोह आचरिलि
डिङत चिपजरी ललि

(बरदलै, 2:2010)

इसके अतिरिक्त फुलगुरिर धाबा, पथरूघाटर रण आदि में भी असम की जनता ने अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह किया था और विदेशी शासन और शोषण के विरुद्ध जन आंदोलन प्रारंभ किया था।

महात्मा गांधी के नेतृत्व में पूरे भारतवर्ष में अंग्रेजों के विरुद्ध आंदोलन प्रारंभ हुआ। असम में भी नवीन चंद्र बरदलै, चंद्रनाथ शर्मा, तरुणराम फूकन, गोपीनाथ बरदलै आदि के नेतृत्व में असम की जनता ने असहयोग आंदोलन में पूरी तरह योगदान किया। 'कामरूप जातीय उन्नति विधायिनी सभा' के माध्यम से अंबिकागिरी रायचौधुरी ने असहयोग आंदोलन में भाग लेने के लिए उदात्त भाषण देकर जनता का आह्वान किया। असम के अधिकांश लोगों ने आंदोलन के प्रचार-प्रसार कार्य में भाग लिया था। भारतवर्ष के स्वाधीनता आंदोलन का प्रतिफलन जिन कवियों की कविता और गीतों में हुआ है, उनमें सबसे प्रथम लक्ष्मीनाथ बेजबरुवा का नाम उल्लेख किया जा सकता है। उन्होंने अपनी कविता और गीतों के माध्यम से जनता में देश-प्रेम जगाने के प्रयास किया था। निम्नलिखित गीत इस तथ्य को प्रमाणित करता है, यथा : -

आमि असमीया नहउ दुखीया
किहर दुखीया हम ?

सकलो आछिल सकलो आछे
नुबुजू नलओ गम।
(डेका हाजरिका,137.2006)

अर्थात हम असमीया दीन-हीन नहीं हैं। दीन-हीन क्यों होंगे। हमारे पास सब कुछ है। इसीलिए हम इसकी थाह लेना चाहते।

स्वाधीनता आंदोलन के अग्रणी कर्मवीर नबीन चंद्र बरदलै आंदोलन के साथ-साथ कविता और गीत लिखा करते थे। भारत वर्ष को पराधीनता से मुक्त करना ही उनके गीतों का मूल लक्ष था, यथा :-

आमार विषम पण
पूर्ण स्वाधीनता लभिम लभिम
आगत थई मरण
(तालुकदार .41.1995)

अर्थात हमारा मूल लक्ष स्वाधीनता है । स्वाधीनता के लिए हम मरने के लिए भी तैयार हैं।

स्वाधीन भारत स्वतंत्र भारत
बताहत बाजे सुर
भारत संतान जीयाई थाकोते
इ सुर नपरे उर
(बरदलै.25.2010)

अर्थात हवा में भी स्वाधीन भारत का सुर बज रहा है। जब तक भारतवासी जीवित रहेंगे, तब तक स्वाधीन भारत के लिए यह सुर बजता रहेगा ।

असमीया साहित्य के रोमांटिक युग प्रसिद्ध कवि अंबिकागिरी रायचौधुरी की कविता में स्वाधीनता आंदोलन का प्रत्यक्ष प्रभाव देखा जाता है। उनके द्वारा रचित ओजपूर्ण गीत और कविताओं ने स्वाधीनता आंदोलन में योगदान देने के लिए जनता को प्रेरित किया। सन 1926 के पांडू कांग्रेस अधिवेशन में उनके द्वारा रचित गीत गाया था। उक्त अधिवेशन का शुभारंभ उनके द्वारा रचित निम्नलिखित गीत से किया गया था :-

आजि बंदों की छन्देरे समागत विराट
नर नारायण रूप, नर नारायण रूप
लांछित पराधीन कुंचित चित-मन नाइक
फूल-चंदन-धूप नाइ फूल-चंदन-धूप
(बरदलै. 32.2010)

(अर्थात आज हमारे सामने नर नारायण का विशाल रूप है। किस छंद से उनकी वंदना की जाए, क्योंकि आज हम पराधीन हैं, लांछित हैं। इसीलिए हमारा मन संकोचित हो गया है। आज वंदना करने के लिए हमारे पास फूल-चंदन, धूप नहीं हैं।)

कवि रायचौधुरी ने देश के युवावर्ग को देश की स्वाधीनता के लिए जागृत करने के लिए निम्नलिखित कविता के माध्यम से आह्वान किया :-

जाग डेका तेज, वज्र कठिन
भाङि पुनु गढ़ा हातूरी लोइ
स्वदेश सेवात भंदामी बोर
भाङि उरी जक चूर्ण हय
(बरदलै.32.2010)

(अर्थात हे युवा शक्ति ! आलस्य त्याग कर पुन: हथौड़ा लेकर निर्माण करो, क्योंकि देश सेवा में भंडामी नहीं होना चाहिए।)

महात्मा गांधी जब गुवाहाटी आए थे, तब नवीनचंद्र बरदलै ने अंबिकागिरी रायचौधुरी का परिचय गांधीजी के साथ इस प्रकार कराया था कि ये आज से पाँच/छह साल पहले से ही गीतों के माध्यम से जनता के बीच स्वाधीनता आंदोलन के अहिंसा-तत्व के प्रचार-प्रसार में लगे हुए हैं।

सन 1921 में कवि को बंदी बनाकर जेल में रखा गया। जेल में शौचालय साफ करते समय उन्होंने कविता के माध्यम से देश का जनता का आह्वान करने का प्रयास किया कि अगर जनता अभी स्वाधीनता के प्रति सचेत नहीं होगी, तब विश्व दरबार में भारतवर्ष का कोई स्थान नहीं रहेगा, यथा :-

वीर बेशेरे धर झारू धर
जातिर जीवन कर मनोहर
सारि पुचि चुके कोने
जत जि आछे जाहि जाबर
नहले जे विश्व सभात नहब तोर भार ठाइ
(बरदलै.35.2010)

(अर्थात वीर वेश धारण करके जाति को साफ करो। जिस प्रकार झाड़ू से एक स्थान का कूड़ा-कटका साफ किया जाता है, उसी प्रकार देश के कोने-कोने में

करो, नहीं तो विश्व दरबार में बैठने के लिए स्थान नहीं मिलेगा।)

स्वाधीनता आंदोलन के समय का एक उल्लेखनीय कवि हैं- ज्योतिप्रसाद आगरवाला, जिनके द्वारा रचित गीत और कविता ने असहयोग आंदोलन को नवीन चेतना प्रदान की थी। उदाहरण के रूप में उनके द्वारा रचित निम्नलिखित गीत ले सकते हैं :-

गाँधीर कथा शुनिबले सदाय हुचियार
मइ भलन्टियार
उजनित बोले साइट गहरी (सत्याग्रह)
नमनीत भेलेनडार
कोनोए बोले चेछासेवक
तथापिऊ मूर गरम बुकुत स्वराजर जुई
ज्वलिछे भमक भमक
स्वाधीनता आनिबले
देशत लगाऊ खलक

(बरदलै.45.2010)

(अर्थात गांधीजी का आदेश सुनने के लिए स्वयं सेवक सदा सावधान रहते हैं। कोई इन्हें सत्याग्रही वालंटियर और कोई स्वयंसेवक कहता है। जो भी हो, उनके हृदय में स्वराज्य की आग धधक रही है और स्वाधीनता लाने के लिए देश में हलचल मचाने को तैयार हैं।

असमीया जाति को प्रेरणा देने के लिए वे लिखते हैं:-

लूइटर पारे आमि डेकालरा
मरिबले भय नाइ।
मुकुटि मेघर महान मेजि
तेजाल फिरींगती छाइ
---
आमि आगे बाढ़ि
डिङि पाति पाति
तेजरे बलिशाल जामे बुलाइ

(बरदलै.34.2010)

ज्योति प्रसाद आगरवाला के साथ- साथ असम के स्वाधीनता आंदोलन के अग्रणी कवि के रूप में विष्णु प्रसाद राभा का नाम ले सकते हैं। उनके द्वारा रचित ओजमयी गीतों ने जनता को स्वाधीनता के लिए प्रेरणा दिया था, यथा :-

'अ असमीया डेका दल
---
असमीया समनीया आगबाढ़ि जाऊँ बल
आगबाढ़ि जाऊँ बल

(दास .137.2008)

(अर्थात हे असमीया तरुण दल! हम एकसाथ आगे बढ़ेंगे।)

स्वाधीनता आंदोलन में नलिनी बाला देवी की भूमिका भी उल्लेखनीय है। असहयोग आंदोलन में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई थी। जिस दिन भारतवर्ष की स्वाधीनता घोषणा की गई थी, उसी दिन ही कवि ने निम्नलिखित गीत की रचना की थी, यथा :-

पोनद्धर अगस्तर मुक्तिर प्रथम प्रभात
हिमाद्रिर शिखरत त्रिरंगा पताका उरे दुंदुभि ध्वनित

(देवी. 213.2012)

(अर्थात पंद्रह अगस्त स्वाधीन भारत का प्रभात। हिमालय शिखर पर तिरंगा लहर रहा है।)

इसके अतिरिक्त कनक चंद्र शर्मा, पद्मधर चलिहा के ओजमयी गीतों ने स्वाधीनता आंदोलन को शक्तिशाली बनाया था। उदाहरण के रूप में पद्मधर चलिहा का निम्नलिखित गीत उल्लेखनीय है :-

सौ जे स्वराज निचान
उन्नत शिरे होवा आगुवान

( बरदलै.64,2010)

(अर्थात स्वराज्य का झंडा लहरा रहा है। इसीलिए सिर उठाकर आगे बढ़ो।)

इन प्रमुख कवियों के अतिरिक्त अनेक कवि तथा गीतिकार हैं, जिहोंने भी स्वाधीनता के प्रति जनता को जागृत करने के लिए गीत और कविता की रचना की।

अत: उनके गीत और कविताओं में भी स्वाधीनता आंदोलन का प्रभाव देखा जाता है, यथा :-

42 चनते अ कनकलता
गाँधीजीर वाणीरे अ' कनकलता
लैछिला आशीर्वाद, अ' कनकलता

करिला एम. भि पाछ, अ' कनकलता
झंडा उराऊते प्राणटि एरिला
(बरदलै.83.2010)

( अर्थात सन 1942 में गांधीजी की वाणी से आशीर्वाद पुष्ट कनकलता ने एम.भि पास किया था। किंतु तिरंगा झंडा लहराते समय प्राण त्याग किया।

पानवारीत बागरिल गाड़ी।
बाबाजीए खुडाले डाढ़ी।।
हुचरी बाबु उ दलौ चराई।
गाँधीर नाम लोई आह उलाइ।।

**निष्कर्ष :**

स्वाधीनता आंदोलन का समय राष्ट्रीय चेतना के उत्कर्ष का समय था। उस समय हर भारतीय जनमानस में राष्ट्रप्रेम का भाव समुद्र की लहरों की तरह हिलोरे मार रहा था। अत: असमीया कविता और गीतों में स्वाधीनता आंदोलन का पूर्ण प्रतिफलन पाया जाता है और असमीया कवियों की कविताएँ देश के प्रति अनुराग की भावना जगाने के साथ-साथ जननी जन्म भूमि के पावन चरणों पर श्रद्धानत होकर आत्मबलिदान कर देने की प्रेरणा प्रदान करती हैं। इस प्रकार तत्कालीन असमीया कविता में जहाँ एक ओर पराधीनता के प्रति क्षोभ का भाव अभिव्यक्त किया गया है, वहीं दूसरी ओर देश के गौरवपूर्ण अतीत का गुणगान करते हुए देश के प्रति प्रेम का भाव प्रकट हुआ है। कविता तथा गीत एक ऐसी विधा है, जो लोगों के हृदय को स्पर्श करती है। इसीलिए पराधीनता के समय में देशवासियों के हृदय में सुप्त देशप्रेम को जगाने के लिए कवियों ने ओजमय गीत-कविताओं की रचना की थी। इन गीत-कविताओं से अनुप्रेरित अनेक अनाम कवियों ने बिहूगीत, विवाह गीत आदि में भी स्वाधीनता आंदोलन की भावना को व्यक्त किया था। अत: तत्कालीन समय के अधिकांश गीत-कविताओं में स्वाधीनता आंदोलन की पूर्ण छवि देखी जाता है। ❑

**संदर्भ ग्रंथों की सूची :**


1. गोगोई, लीला (संपा)- आधुनिक असमीया साहित्य परिचय, बनलता, 2002
2. डेका हजारिका, करबी : असमीया कविता, बनलता, 2006
3. देवी, नलिनी बाला - एरिअहा दिनबोर, लॉयर्स बुक स्टॉल, 2012
4. दास, योगेश तथा अन्य (संपा ) - अंबिकागिरी रायचौधुरी, असम प्रकाशन परिषद, 1968
5. पुजारी, डॉ. अर्चना (संपा) - असमीया कवितार विचार विश्लेषण, ज्योति प्रकाशन, 2000
6. दास, योगेश तथा अन्य (संपा) - विष्णु प्रसाद राभा, राभा रचनावली, प्रकाशन संघ, 2008
7. पुजारी, डॉ. अर्चना (संपा) - असमीया कवितार विचार विश्लेषण, ज्योति प्रकाशन, 2000
8. फुकन, नीलमणि (सम्पा) - कुरि शतिकार असमीया कविता, असम प्रकाशन परिषद, 2005
9. बरदलै, निर्मलप्रभा (संपा) - स्वाधीनता संग्रामर असमीया गीत और कविता, साहित्य अकादमी, 2010
10. शर्मा, डॉ. सत्येन -असमीया साहित्यर इतिवृत
11. शइकिया, नगेन - असमीया कविता आरु अन्यान्य विषय, चंद्र प्रकाश, 1966
12. हाजरिका, बिमल कुमार - रूपकोंवर, कलागुरु, सुधाकंठ आरु अन्यान्य, वाणी प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, 2011

ISSN 2321-4945
PEER REVIEWED & REFEREED JOURNAL
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

विश्लेषण

# समकालीन हिंदी कविताओं में युवा महिला सशक्तिकरण

## प्रातिनिधिक कविताओं के संदर्भ में

**नमिता.के.**

शोधार्थी, हिंदी अध्ययन एवं अनुसंधान विभाग,
कर्नाटक राज्य मुक्त विश्वविद्यालय,
मैसुरु - 570006
9945734942
namithak4942@gmail.com

**डां. प्रभुसेन डी**

शोध निर्देशक एवं विभागाध्यक्ष,
हिंदी अध्ययन एवं अनुसंधान विभाग
कर्नाटक राज्य मुक्त विश्वविद्यालय,
मैसुरु - 570006
9945653167
drprabhusankasouhindi@gmail.com

**लेख का सार :**

यह लेख समकालीन हिंदी कविताओं में युवा महिला सशक्तिकरण के उभरते विषय का विश्लेषण करता है। ये कविताएँ महिलाओं की स्थिति का वर्णन करते हुए सामाजिक परिवर्तन के लिए एक प्रभावी माध्यम बन गई हैं। वे रुढ़ियों को तोड़ने, आत्मनिर्भरता और समानता के लिए संघर्ष करने वाली युवा महिलाओं की आवाज़ों को उजागर करती हैं। लेख में यह बताया गया है कि हर क्षेत्र—शैक्षिक, सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक—में सशक्त होना आवश्यक है। युवा महिलाएँ शिक्षा प्राप्त करके अपने अधिकारों को पहचान रही हैं और सदियों से चले आ रहे उत्पीड़न एवं भेदभाव को समाप्त कर एक समान समाज की स्थापना कर रही हैं। वर्तमान में, महिलाओं में जागरूकता और आत्मनिर्भरता का नया उत्साह देखने को मिल रहा है, जिससे न केवल उनके जीवन में सुधार हो रहा है, बल्कि समाज और देश का भी विकास हो रहा है। इस प्रकार, युवा महिलाओं का सशक्तिकरण समाज के समग्र लाभ के लिए महत्वपूर्ण है।

**मुख्य शब्द :**

सुरक्षित भविष्य, लैंगिक भेद-भाव, जागरूकता, सशक्त, आत्मनिर्भरता, शिक्षा, कौशल, स्वतंत्रता, समानता, आत्मविश्वास।

**प्रस्तावना :**

वर्तमानकालीन समाज में युवा पीड़ी का महत्व बढ़ रहा है आधुनिक युग में युवाओं को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। एक राष्ट्र के विकास में युवावर्ग का योगदान अधिक होती है। युवापीड़ी आज के आत्मनिर्भर समाज की शक्ति है और उस शक्ति से ही राष्ट्र की रक्षा और विकास संभव है। हर एक स्तर पर युवावर्ग को प्रबुद्ध बनाने की प्रक्रिया को युवा सशक्तिकरण कहते हैं। युवा सशक्तिकरण की जब बात आती है तब युवामहिला बहुत मायने रखती है। समाज की उन्नति में युवामहिला का योगदान अग्रगण्य है। युवा सशक्तिकरण का उद्देश्य समाज में एक ऐसी शक्ति का संचालन करना है जिससे हर एक की सोच में सकारात्मकता आए और उनकी यह शक्ति से राष्ट्र में विकास हो। युवामहिला को अपने व्यक्तित्व, शैक्षिक और आर्थिक आदि विषयों में विकास का अवसर मिले एवं वे देश के एक आदर्श नागरीक बन सके यही 'युवामहिला सशक्तिकरण' है।

**समकालीन कविताओं में युवा महिला सशक्तिकरण :**

सशक्तिकरण की भावना को लोगों में समर्थ रूप से जागृत करने का दायित्व साहित्य का भी है । समाज की तरह साहित्य भी गतिशील है, साहित्य समाज में हो रहे परिवर्तन का साक्षी है। हम देख सकते हैं कि साहित्य के हर एक विधा ने मनुष्य को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ा है। हर एक साहित्यकार ने अपने इस दायित्व को बखूबी निभाया है और आज भी निभा रहा है। साहित्य की एक प्रमुख विधा कविता है। कविता साहित्य का वह विधा या रूप है जो व्यक्ति को हृदय से प्रभावित करती है। समकालीन कविता जो अधिक से अधिक जीवन के निकट गयी है, इसमें न तो भावावेग है न तो कल्पना का अतार्किक विस्तार। वह जीवन के व्यापार, अनुभवों के सच्चाई को अपनाती है। अत: समकालीन कविता अपने परिवेशगत यथार्थ की अभिव्यक्ति है। अपनी दिशा एवं दृष्टि में यह नई पीड़ी की संघर्ष से सशक्तिकरण तक की गाथाओं से भरी जीवन की कविता है।

**समाज में प्रभावी परिवर्तन :**

भारतीय संप्रदाय में वैदिक काल में नारी को बहुत सम्मान दिया जाता था। कालांतर में यह बदलता गया, मध्यकाल में आते-आते यह बहुत विकार रूप ले चुका था। आजादी के बाद कानूनी स्तर पर नारी को सक्षम और सशक्त बनाने के लिए प्रयास किया गया, किंतु सामाजिक स्तर पर जो बदलाव आना चाहिए था। वह परिलक्षित नहीं हुआ, जिसका मुख्य कारण हमारी पुरूष प्रधान मानसिकता जिसे हम बदल नहीं सके। इस वजह से नारी के प्रति सबका रवैया दोयम दर्जे का रहा। यही कारण है कि जिस नारी को वैदिक काल में सम्मान देकर शक्ति माना जाता था। वही आज उसके लिए सशक्तिकरण की आवश्यकता का महसूस की गयी । फिलीपिन की सूजन मैगनों की कविता में हम देख सकते हैं कि-

'विश्व की औरतों
अपनी शक्ति पहचानो
जंजीर को तोड़ो
मुक्त होकर
अपने लिए नए विश्व की घोषणा करो
जहाँ वर्ग और जाति न हो
सब स्वतंत्र और समान हो
जहाँ न्याय हो
ताकि हम मनुष्य की तरह जी सके ।'[1]

इस कविता में सशक्त हो रही युवा नारी की आवाज हम सुन सकते हैं । समाज में लिंग के आधार पर भेदभाव, पुरूष वर्चस्व तथा पितृ सत्तात्मकता का विरोध करकर युवा नारी को आत्मनिर्भर बनाना ही युवा महिला सशक्तिकरण है। इसका तात्पर्य यह नहीं की सभी नारियाँ पुरूष विरोधी है। उसके बदले नारी को सशक्त करना, उसमें आत्मविश्वास जगाना यही स्त्री सशक्तिकरण है। नारी के विषय में एक कथन हमेशा कहा जाता है- यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवता:। इसका तात्पर्य है जहाँ नारी की पूजा होती है अर्थात् सम्मान होता है वहाँ देवता निवास करते हैं मतलब जहाँ नारी का सम्मान होता है वहाँ सुख, समृद्धि व शांति का वास होता है। नारी को आदर सम्मान देना भी भारतीय संप्रदाय माना जाता है। हमारे धर्म ग्रंथों में नारी को देवी के रूप में देखा गया है वही उसे अबला बताकर परम्परा और संप्रदाय के नाम पर बांधा भी जाता है। ऐसा नहीं है कि पहले की महिलाओं ने अपने इस बंधनों को तोड़ने के लिए लड़े नहीं। पहले की स्त्रियाँ लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए लड़ रही थी । शिक्षा, रोजगार, मतदान आदि विषयों के लिए लड़ रहे थे। परंतु आज नारी इन अधिकारों के साथ-साथ घर, परिवार, समाज में भी अपनी अस्मिता को बचाने के लिए अपने आपको सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, शैक्षिक, राजनीतिक आदि सभी क्षेत्रों में अपने आपको सबल कर रही है । सही मायने में इसी को युवा महिला सशत्किकरण कह सकते हैं।

**सुरक्षित भविष्य :**

महिलओं को सशक्त बनाने से न केवल वे आत्मनिर्भर बनेगी साथ ही साथ उनकी भविष्य भी सुरक्षित बन सकती है। युवा महिला की बात करें तो सबसे पहले वीरांगनी रानी लक्ष्मीबाई का नाम सबसे पहले याद आती है। अंग्रेजों के खिलाफ उस समय में झाँसी की रानी ने

लड़ा था। उनके आगे अच्छे-अच्छे अंग्रेज भी हार मानते थे और डरते थे ।

'लक्ष्मी थी या दुर्गा थी वह स्वयं वीरता की अवतार,
देख मराठे पुलकित होते उसके तलवारों के वार,
नकली युद्ध, व्यूह की रचना और खेलना खूब शिकार,
सैन्य घेरना, दुर्ग तोड़ना ये थे उसके प्रिय खिलवार,
महाराष्ट्र-कुल-देवी उसकी भी आराध्य भवानी थी।
बुंदेले हरबोलों के मुख हमने सुनी कहानी थी।
खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसीवाली रानी थी।'[2]

प्रस्तुत कविता स्त्री में छिपी शक्ति और क्षमता को दर्शती है। अपने आप में आत्मविश्वास रखने और अपनी क्षमताओं पर विश्वास करने के लिए प्रोत्साहित करती है उसके साथ ही अपने सपनों को पूरा करने और एक बेहतर भविष्य के लिए प्रोत्सहित करती है।

**लैंगिक भेद-भाव की पहचान :**

भारतीय संस्कृति में लड़कियों को लक्ष्मी, दुर्गा, शक्ति कहा जाता है। वही दूसरी तरफ उसे अबला माना जाता है और उसकी कोई जगह ही नहीं कहकर बताया जाता है। अनामिका द्वारा लिखित 'बेजगह' कविता में कवयित्री कहती है कि-

जगह, जगह क्या होती है?
यह, वैसे, जान लिया था हमने
अपनी पहली कक्षा में ही !
याद था हमें एक-एक अक्षर
आरम्भिक पाठों का-
'राम, पाठशाला जा!
राधा खाना पका!
राम आ बताया खा!
राधा, आ झाड़ई लगा!
भैया अब सोएगा,
जाकर बिस्तर बिछा!
आहा, नया घर है !
राम, देख, यह तेरा कमरा है !
और मेरा?'
'ओ पगली,
लड़कियाँ हवा, धूप, मिट्टी होती है
उनका कोई घर नहीं होता!' [3]

प्रस्तुत कविता में अनामिका जी ने लड़का और लड़की के बीच जो भेद-भाव होता है उसे बताते हुए कहती है कि यह भेदभाव घर परिवार से ही प्रारंभ होती है। घर में लड़की से हर काम करवाया जाता है और जब जगह की बात आती है तो उसकी कोई जगह ही नहीं है यह बताया जाता है। लड़कियों को हवा, मिट्टी, धूप कहा जाता है इनका कोई घर नहीं होता, ठीक उसी प्रकार लड़कियों का कोई घर नहीं होता। इस कविता के माध्यम से महिलाओं को समाज में अपनी जगह बना ने के लिए प्रोत्साहित करती है।

**जागरूकता अभियान :**

समकालीन कविताओं को अगर हम ध्यान से देखेंगे तो सिर्फ स्थितियों का वर्णन ही नहीं हालात को बदलने की एक आवाज भी सुनाई देती है। इसलिए कई बार हम कविताओं में इसे देख सकते हैं।

'कोमल है, कमजोर नहीं तू।
शक्ति का नाम ही नारी है॥
जग को जीवन देनेवाली।
मौत भी तुझसे हारी है॥' [4]

उपर्युक्त कविता अपनी क्षमता तक पहुंचने के लिए युवा महिलओं की प्रेरणा को दर्शतीहै। और इस बात पर भी जोर दिया गया है कि स्त्री को सबल और शक्तिशाली बनना है। साररूप में कहा जा सकता है कि सशक्तिकरण एक मानसिक आस्था है, उसे शक्ति के विचार से ली गई है। स्त्री साक्षात शक्ति है, सबला है। भारतीय समाज में नारी का स्थान पूजनीय है। वह कभी 'बेटी' के रूप में कभी 'बहन' के रूप में कभी 'पत्नी' एवं 'प्रेमिका' के रूप में इस प्रकार महिलाएँ कई रूपों में जीवन व्यतीत करते हुए एक सभ्य एवं सुसंस्कृत समाज की निर्माण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। युवकों व पुरूषों में व्याप्त सभी गुणों के अतिरिक्त, युवतियों में और महिलाओं में बहुत से विशेष गुण विधा मान है। इन्हीं गुणों के कारण वह सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक, धार्मिक आदि क्षेत्रों में सबला बन रही है।

**शिक्षा और कौशल विकास :**

युवा महिला सशक्तिकरण में शिक्षण का महत्वपूर्ण योगदान है। महिलओं को शिक्षा और कौशल विकास के

अवसर प्रदान करना महत्वपूर्ण है। एक लड़की जब शिक्षित होती है तो केवल दो परिवार ही नहीं बल्कि दो पीढ़ियाँ शिक्षित बन जाती है।

'अक्षर के जादू ने
उस पर असर बड़ा बेजोड़ किया
चुप रहना छोड़ दिया
लड़की ने डरना छोड़ दिया
हँसकर पाना सीख लिया
रोना पछताना छोड़ दिया
घुटघुटकर अब नहीं मरेगी,
मंच पे चढ़कर बोलेगी
समय और शिक्षा ने
उसके चिंतन का रूख मोड़ दिया है॥' [5]

प्रस्तुत कविता में कवि ने नारी की शैक्षणिक सशक्तिकरण के बारे में बताया है। उनका मानना है कि शिक्षण के कारण स्त्री के मन में एक नया आत्मविश्वास जगा है। शिक्षण के कारण वह दुनिया के हर एक कोने में जाकर काम कर पा रही है। नारी आज सही मायने में हर जगह पर अपना नाम कमा रही है तो वह शिक्षण के कारण ही है। शिक्षा की वजह से आज नारी सशक्त होकर हर मुश्किलों का सामना कर कर अपना राह खुद तय कर रही है। युवा महिला सशक्तिकरण के कारण ही आज देश भी आगे बढ़ रहा है।

**स्वतंत्रता और समानता :**

शिक्षा के साथ-साथ आत्मविश्वास भी होना आवश्यक है जब युवा महिला में आत्मविश्वास जागृत होता है तो वह अपनी क्षमता से बढ़कर काम करती है । हर एक काम में अपना नेतृत्व लेकर सशक्त रूप से कार्य करती है । प्रतिभा अहिरे की कविता 'हे दोस्त' में वे कहते हैं-

'नहीं मानती खुद को अर्द्धांगिनी
मैं सिर्फ एक शरीर नहीं हूँ
तुम मुझे अर्द्धांगिनी कहकर मेरा अपमान मत करो
मैं हूँ एक संपूर्ण शरीर स्वतंत्र मस्तिष्क
मेरे कंधों, पैर और मस्तिष्क का
सदुपयोग जाननेवाली एक व्यक्ति हूँ
एक इंडिविजुअल।' [6]

यह कविता एक युवा महिला की आत्मजागरूकता और सामाजिक बन्धनों से मुक्ति की इच्छा को दर्शाती है और यह कविता सामाजिक सशक्तिकरण का उद्घोष करते हुए सामाजिक समानता की माँग करती है। युवा नारी अपनी शक्ति पहचानकर अपनी वजूद के लिए लड़ने में सशक्त व आत्मनिर्भर बनना चाहती है।

**निष्कर्ष :**

एक अच्छा नागरिक बनने के लिए हर एक क्षेत्र में अर्थात् शैक्षिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक आदि क्षेत्रों में सशक्त होना आवश्यक है। महिलाओं के नेतृत्व गुणों का विकास करना भी आवश्यक है। युवा महिला आज शिक्षा हासिल करके समाज में अपना पहचान बनाके अपने आपको सशक्त और आत्मनिर्भर बनाकर सदियों से चले आ रहे उत्पीड़न व भेद भाव समाप्त कर एक ऐसी समाज की स्थापना कर दिया है जिसमें सबको बराबर का अधिकार मिले। आजकल समाज में हो रहे बदलाओं के कारण नारी के भीतर एक नया उमंग जागी है वह जागरूक और आत्मनिर्भर होती दिखायी पड़ रही है। इससे समाज और देश का विकास हो रहा है। महिला समाज से लड़कर अपने आपको सशक्त बना चुकी है। समाज ने हर एक मोड़ पर उसे अपनी जगह दिखाने की कोशिश की। इन सभी कठिनाइयों से संघर्ष करते हुए वह आगे आकर आत्मविश्वास से आज हर क्षेत्र पर अपना नाम बना रही है। युवा महिला सशक्तिकरण के बिना मानवता का विकास अधूरा है। इस बात को ध्यान में रखते हुए हमारे सरकार ने भी 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'उज्ज्वला', 'निर्भया' आदि योजनाओं को शामिल कर चुके हैं । आजकल की लड़कियाँ और महिलाएँ सिर्फ घर गृहस्थी को सम्भालने तक ही सीमित नहीं रही है बल्कि गृहणी से लेकर एक सफल व्यवसायी की भूमिका को सहज ढंग से निभा रही है। व्यावसायिक क्षेत्र हो या पारिवारिक महिलाओं ने यह साबित कर दिया है कि वे हर काम कर सकती है जो कभी पुरूषों के योग्य समझा जाता था। आज नारी स्वयं को बेहतर साबित करने का एक भी मौका गवाना नहीं चाहती। वह खुद में छिपी ताकत को पहचानकर अपना स्वतंत्र अस्तित्व निर्माण करने का प्रयास करती है। शिक्षित,

आत्मनिर्भर बन जाने के कारण वह अपने ऊपर विश्वास करके अपने जीवन संबंधी निर्णयों को ज्यादा बेहतर तरीके से लेने की काबिलियत रखती है। आज की युवा नारी राम के वेश में छिपा हुआ रावण को पहचानकर उसे बेनकाब करने की काबिलियत भी रखती है। समाज में हर एक क्षेत्र में अपनी मेहनत और काबिलियत के बल पर युवानारी व महिलाओं ने अपनी एक अलग पहचान बना चुकी है। ❑

**संदर्भ :**


1. प्रतापमल, महिला सशक्तिकरण में शिक्षा का महत्व,कुरूक्षेत्र मार्च 2008, पृ.सं. 06.
2. डॉ.सुषमा,काव्य सुषमा( बी.ए/बी.एससी पाठ्यक्रम हेतु), बोर्ड चेयरपर्सन, डॉ.गिरिजा कुमारी.आर, संपादिका , राजपाल एण्ड सन्स, दिल्ली- 110006, 2018, पृ.सं. 73, 74.
3. डॉ.एस.ए. मंजुनाथ, काव्य मंगल, संपादक डॉ.एस.ए. मंजुनाथ, लोकभारती प्रकाशन, पृ.सं. 71, 72.
4. महिला विकास एवं सशक्तिकरण, मॉड्यूल-11, प्रथम संस्करण- 2016, समाजकार्य स्नातक पाठ्यक्रम (द्वितीय वर्ष), महात्मा गाँधी, चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट जिला- सतना (मध्यप्रदेश)- 485334. पृ.सं. 05.
5. श्यौराज सिंह 'बेचैन', क्रौंच हूँ मैं ,पृ.सं. 48.
6. यथार्थवाद और हिंदी दलित साहित्य,पृ.सं. 108
7. सुनिता बिष्ट, अनामिका की कविताओं में स्त्री विमर्श, Journal of Acharya Narendra Dev, Research Institute, ISSN: 0976-3287, Vol-28 (Jun-2019-Aug-2019)
8. अनामिका, अनामिका शिल्प, नारी विमर्श अनामिका की कविताएँ,विशेषांक-समकालीन हिंदी साहित्य और विमर्श, BY- GINA JOURNAL 43, ISSN: 2321-8037
9. Dr.Hemalatha Sharma, Asst.Prof., JCMM-Assandh Dist., Karnal, Haryana, India,"हिंदी साहित्य में नारी चेतना ISSN: 2230-7540, January-2012.
10. सं.रजनी तिलक, रजनी अनुरागीसं.रजनी तिलक, रजनी अनुरागी समकालीन भारतीय दलित महिला लेखन, स्वराज प्रकाशन, दिल्ली- 2011.
11. महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग के योगदान का मूल्यात्मक अध्ययन (छ.ग.के राजनाद गाँव जिला के विशेष संदर्भ में)।
12. स्नेह सृजन एवं स्त्री सशक्तिकरण (हिंदी साहित्य के परिपेक्ष्य में), संपादक : अरविंद वाजपयी,सह संपादक- प्रो.राम मोहन पाठक एवं प्रो. टी. आर.भट्ट,अमन प्रकाशन, प्रथम संस्करण: 2022.
13. बृजेन्द्र पांडेय, सहायक प्राध्यापक, मानव संसाधन विकास केंद्र, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर,महिला सशक्तिकरण की अवधारणा और हिंदी।
14. कस्त्वार रेखा स्त्री चिंतन की चुनौतियाँ,राजकमल प्रकाशन, प्रथम संस्करण, 2006.
15. राकेश कुमार,नारीवादी चिंतन और उत्तर-आधुनिकतावाद: नारीवादी विमर्श,आधार प्रकाशन, पंचकूला, हरियाणा, 2004.
16. डॉ. प्रतिभा मुदलियार स्त्री विमर्श और समकालीन साहित्यिक संदर्भ।

ISSN 2321-4945
PEER REVIEWED & REFEREED JOURNAL
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

विमर्श

# स्त्री-विमर्श का बृहद् आख्यान : आवां

डॉ. मजीद शेख

सहयोगी प्राध्यापक एवं
शोध निर्देशक, हिंदी विभाग
प्रतिष्ठान महाविद्यालय, पैठण,
जिला - छत्रपति संभाजीनगर
पिन कोड - 431107 (महाराष्ट्र)
09765944586
majidmshaikh@gmail.com

**शोध सार :**

आवां में श्रमिक जीवन, श्रमिक आंदोलन और उनके अंतर्विरोध का विस्तार से विवेचन हुआ हैं। उपन्यास में घाटकोपर से लेकर कांजूर मार्ग, भांडुप, मुलुंड तक फैली-बस्तियों में रहनेवाले मजदूरों की जिंदगी का खुला और यथार्थ चित्रण मिलता है, जो अति दुर्गंधयुक्त हैं। वहां मनुष्य और सूअर में कोई अंतर नहीं है। उनके महिलाओं और बाल-बच्चों की स्थिति भी भयानक है। श्रमिक अस्थाई नौकरी के कारण त्रस्त हैं। लेखिका का मुख्य लक्ष्य केवल शोषित, उपेक्षितों के प्रति केवल सहानुभूति न होकर त्रस्त लोगों को शोषण के विरुद्ध मुखर आवाज उठाने के लिए प्रेरित करना रहा हैं।

**मुख्य शब्द :**

आवां, श्रमिक आंदोलन, नमिता, अनीसा, स्मिता, गौतमी, शिप्रा, नीलम्मा आदि।

उपभोक्ता संस्कृति के चंगुल में फंसी स्त्रियों की समस्याएं, स्त्रियों के बहुविध उत्पीड़न, श्रमिक संघर्ष, श्रमिक राजनीति के अंतर्विरोध, पूंजीपति वर्ग के शोषण, राजनेताओं के छल-छद्म, जातिवाद, दलित समस्याएं आदि मुख्य विषय इस उपन्यास में चित्रित हैं। आवां उपन्यास में व्यवस्था के खोखलेपन पर करारा व्यंग्य हैं। इस उपन्यास में कई कथाएं एवं उप-कथाएं हैं, जिसके माध्यम से युगीन समय में व्याप्त समग्र विसंगतियों पर जमकर प्रहार किया गया हैं। लेखिका का मुख्य लक्ष्य केवल शोषित, उपेक्षितों के प्रति सहानुभूति न होकर त्रस्त लोगों को शोषण के विरुद्ध मुखर आवाज उठाने के लिए प्रेरित करना भी रहा हैं। इस उपन्यास में शोषण के पूरे माध्यमों एवं मूल्यों का पर्दाफाश किया गया हैं। आम मनुष्य को सक्रिय बनाने हेतु आवां को एक हथियार के रूप में प्रयोग किया हैं। वर्तमान समय में उपभोक्ता संस्कृति का बोलबाला बढ रहा हैं, और इसके गिरफ्त में निम्न-मध्य वर्ग आ रहा हैं।

**व्यक्तित्व :**

सुपरिचित कथा-लेखिका चित्रा मुद्गल का बृहद उपन्यास आवां स्त्री-विमर्श का बृहद आख्यान है। आवां का बीज चाहे मुंबई ने रोपा, लेकिन खाद-पानी उसे

हैदराबाद से मिला और श्रमिकों के शहर कोलकाता में बैठकर वह लिखा गया। तो दिल्ली ने आधार कैंप का काम किया। इस रूप में यह लगभग पूरे भारतवर्ष का प्रतिनिधित्व करनेवाला हिंदी उपन्यास है। आवां का अर्थ है-मिट्टी के बर्तन पकाने का भट्ठा। चित्रा मुद्गल के शब्दों में, मैं अपनी अम्मा के मुंह से यदा-कदा सुनती रही हूं - मां की कोख, कुम्हार का आवां। यानी कि, जिस अतिरिक्त सार संभाल की आवश्यकता स्त्री की नाजुक कोख और कुम्हार के आवां के लिए होती है, उसकी उपेक्षा अनपेक्षित परिणाम का कारण बन सकती है। यह भी कि दोनों के भविष्य के विषय में पहले से कुछ नहीं कहा जा सकता।'[1] चित्रा जी का व्यक्तित्व निरंतर परिवर्तनशील रहा हैं, 'चित्रा आज में जीती है। और आज जो आज में जीते हैं, उन्हें समझना बहुत कठिन हो जाता है, क्योंकि वे आज वह नहीं रहे जो कल थे, और जो आज हैं वह संभवत: कल नहीं होंगे।' [2] आवां पर उन्हें वर्ष 2003 में व्यास सम्मान मिला था।

**आवां उपन्यास की रचना-प्रक्रिया :**

चित्रा जी ने व्यास सम्मान का स्वीकार करते समय जो भाषण दिया, उसमें आवां लिखने का कारण स्पष्ट किया है। 28 सितंबर, 1991 की सुबह जब वे अखबार पढ रही थी, तब उन्होंने यह देखा कि छत्तीसगढ के श्रमिकों के मसीहा शंकर गुहा नियोगी की हत्या हो गई। अचानक उन्हें महसूस हुआ कि अपनी उंगलियां ठंडी और सुन्न हो रही हैं। अखबार उनकी पकड से छूटकर गिर गया है। उन्होंने सोचा कि यह हत्या नियोगी की हत्या नहीं, संघर्ष को निष्क्रिय बनाने की है। वंचितों, दलितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया जाता है। असल में उसका जाति और धर्म नहीं होता। इस संघर्ष की हत्या ने वर्षों पहले के लेखिका के ट्रेड यूनियन संबंधी अनुभवों को जगाया। उस वक्त तक उन्हें उन अनुभवों को रचना में परिणत करने का विचार नहीं था, लेकिन उपयुक्त वातावरण पाकर वे अनुभव आवां जैसे बृहद उपन्यास में परिणत हो गए। आवां लिखने से पहले उस समय जीवित देश के शीर्षस्थ श्रमिक नेता दत्ता सामंत से जो उनके गुरू थे, विषयवस्तु और दृष्टि को लेकर गहरी चर्चा हुई। उपन्यास लिखने के लिए साढे छह वर्ष लग गए। उनके मन की इच्छा थी कि सबसे पहले दत्ता सामंत को उपन्यास को सौंप देना है, पर दुर्भाग्य की बात यह हैं कि उपन्यास पूरा होने के पूर्व ही दत्ता सामंत की हत्या हुई यानी और एक संघर्ष की हत्या। लेकिन इसके पूर्व ही उपन्यास में अन्ना साहब की हत्या हुई थी। उसका तात्पर्य यह हैं कि उपन्यास के मजदूर नेता अन्ना साहब छत्तीसगढ के श्रमिकों के मसीहा शंकर गुहा नियोगी ही हैं।

**श्रमिक आंदोलन और मुंबई :**

मुंबई औद्योगिक महानगरी है। ट्रेड यूनियन की शुरूआत यहां से हुई, एक दौर में वह ट्रेड यूनियन का मुख्यालय था। पूंजीवाद के खिलाफ लडने के लिए निरंतर मजदूर वर्ग संगठित रहा है। औद्योगीकरण के कारण पूंजी का केंद्रीकरण हुआ है। और जहां पूंजी एकत्रित होती है, वहां अन्याय, अत्याचार भी बढता है। परिणाम मजदूर अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर संघर्ष एवं विद्रोह करते हैं। आवां उपन्यास में मजदूरों के संघर्ष की यथार्थ गाथा है। चित्रा जी को ट्रेड यूनियन में कार्य करके जो अनुभव प्राप्त हुआ, वह श्रमिक मजदूर वर्ग की नस-नस को समझने और उसे संजीदगी के साथ अभिव्यक्ति देने में कारगर साबित हुआ है। उन्हें सोमैया कॉलेज में पढाई के दौरान श्रमिक नेता दत्ता सामंत के संपर्क में आकर श्रमिक आंदोलन से जुड+ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्रमिक महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागृत करनेवाली संस्था जागरण से जुडकर वह बीस वर्ष की आयु में सचिव बनीं। जहां उन्होंने महानगर में रहनेवाले झोपडपट्टी के लोगों को बिल्कुल करीब से देखा।

अन्ना साहब जैसे ट्रेड यूनियन के नेता को यहां मनुष्य से ऊपर उठाने का प्रयास हुआ हैं। गांधीजी ने समाज के उत्थान हेतु अपना समग्र जीवन समर्पित किया, परंतु उनके जीवन में भी कहीं-कहीं विचलन हुआ था। वही विचलन अन्ना साहब की जिंदगी में भी द्रष्टव्य है, लेकिन आजीवन गांधीजी जिस प्रकार देश और समाज के लिए प्रयत्नरत रहे, वैसे ही अन्ना साहब भी। यानी अन्ना साहब जैसे नेता को एक प्रकार से गांधीजी के समकक्ष मानकर ट्रेड यूनियन का महत्त्व उद्घोषित किया गया है। भारतवर्ष के इतिहास में ट्रेड यूनियन के स्थान को अंकित करते हुए इसकी आंतरिक वास्तविकता का पर्दाफाश भी

इस उपन्यास में हुआ है। 'तर्क-वितर्क को तो अदृश्य हाथों ने सिंघाडे की बेल-सा नोच किनारे फेंक दिया। कभी किसी ने उसके स्त्रीत्व को सराहा ही नहीं।' [3] चित्रा जी के अंतस् में यह भाव-बोध जागा कि स्त्री की क्षमता को उसकी देह से ऊपर उठकर स्वीकार न करनवाले रूग्ण समाज को झकझोर कर जगाना है। आवां के सर्जन के पीछे लेखिका का यही दृष्टिकोण रहा है। अपितु ट्रेड यूनियन पर केंद्रित राजनीतिक उपन्यास से भी अधिक यह स्त्री-विमर्श का बृहद आख्यान लगता है।




नारी-विमर्श आवां के मूल कथ्य का हिस्सा है। स्त्री पात्रों की काफी भरमार है और प्रत्येक पात्र की अपनी कहानी है जो आज की औरत की स्थिति और सोच का लगभग पूरा दृश्य सामने ले आती है।

**1. नमिता :**

आवां उपन्यास का कथा-विस्तार इक्कीस वर्षीय नमिता पर केंद्रित हैं, जो एक निम्न-मध्य वर्गीय युवती हैं। वह मजदूर यूनियन कामगार आघाडी के महासचिव देवीशंकर पांडे की सुपुत्री हैं। उसे अपने पिता का मजदूर आंदोलन एवं ट्रेड यूनियन की वास्तविकता को करीब से देखने का अवसर मिला हैं। विरोधी देवीशंकर पांडे पर छुरे से हमला करते हैं। किंतु कुछ समय पश्चात वे लकवे के शिकार हो जाते हैं।

नमिता पर पूरे परिवार का बोझ पड़ता है। बाबूजी, मां, छोटे भाई और बहन की देखभाल उसके कंधों पर आ जाती हैं। उसकी पढ़ाई छूट जाती है। घर का काम संभालने के लिए वह श्रमजीवी संस्था में पापड बेलती है, साडियों को फॉल टांकती है और ट्यूशन भी पढ़ाती हैं। कामगार आघाडी के प्रमुख अन्ना साहब उसे यूनियन कार्यालय में नौकरी दिलवाते हैं। परंतु उनके विकृत बर्ताव के कारण वह नौकरी छोड़ देती हैं। वह इन हालात में भी अपना स्वाभिमान खोना नहीं चाहती।

एक ट्रेन यात्रा के दौरान अकस्मात उसकी मुलाकात अंजना वासवानी से होती है। वह आभूषण व्यापार से जुड़ी हुई महिला है। नमिता की समस्याएं देखकर अंजना वासवानी उसको बाबा ज्वैलर्स में साढ़े तीन हजार की नौकरी देती है और साथ-साथ आभूषण के मॉडलिंग भी कराती है। क्रिस्टल में उनका जन्मदिन मनाती है। नमिता इन सब बातों से अचंभित हो जाती है। उसकी कई प्रश्नों के समाधान अंजना वासवानी इन शब्दों में करती हैं, 'सोने का खरापन मैं बिना अग्निपरीक्षा के अनुभव कर सकती हूं, नमिता।' [4] चिल्ड बियर पीने के मैडम वासवानी का आग्रह नमिता बड़ी शालीनता से नकारती हैं, 'संस्कारों की बात है, मैडम ! संस्कारों के प्रतिपक्ष में खडे होना मेरे लिए सहज नहीं।' [5]

नमिता जब से अंजना वासवानी के संपर्क में आती हैं वह अभावों की दुनिया से एक जादुई दुनिया में आगाज करती है। उपभोक्ता संस्कृति के दबाव में नमिता का मन बहुत जल्द परिवर्तित होता है। मैडम वासवानी के यहां काम करते हुए वह धनाढ्य आभूषण व्यापारी संजय कनोई

के संपर्क में आती है। नि:संतान संजय कनोई के प्रेमजाल में वह फंस जाती है। उसके संपर्क में नमिता ऐशो आराम की जिंदगी में डूब जाती है। संजय कनोई का जाल बहुत बड़ा है। परंतु कुछ समय पश्चात नमिता हकीकत समझ पाती है। सच्चाई वह तब समझती है जब संजय कनोई की औलाद की बिन ब्याही मां बनने जा रही है। पवार द्वारा फोन पर मिली अन्ना साहब की हत्या की अचानक सूचना से चक्कर खाकर वह गिर पड़ती है और गर्भस्राव हो जाता है। के.वनजा के शब्दों में, 'लेकिन उसके गर्भ में जो संतान है, वह पूंजीवाद का प्रतीक है। इसलिए उस संतान को जन्म देना नमिता जैसी मजदूरिन के लिए शोभा नहीं देता। अन्ना साहब की हत्या की खबर सुनते ही उसका गर्भ गिर जाता है। उसके गर्भ के गिरने का मतलब है पूंजीवाद से उसका मोचन।' [6] किंतु नमिता के विश्वास दिलाने पर भी संजय उसे मानने को तैयार नहीं। संजय का कहना है कि नमिता ने अपने कैरियर के लिए जान-बूझकर गर्भ गिराया है। आवेश में संजय कनोई अंजना वासवानी की वास्तविक भूमिका भी उजागर कर देता हैं, 'मुझे नहीं गवारा थी ऐसी किराये की कोख! मुझे सिर्फ उस लडकी से औलाद चाहिए थी जो पेशेवर न होज्.पवित्र हो, जो मुझ से प्रेम कर सके। सिर्फ मेरे लिए मां बने!' [7]

वास्तविकता का विकराल रूप उसके सामने प्रकट होता है। संजय के लिए वह केवल उपभोग की वस्तु रही, संतान निर्माण करनेवाली किराए की कोख मात्र थी। अपितु वह संजय कनोई और खोखले ऐशो आराम की जिंदगी छोडकर श्रमिक आंदोलन में पूरी तरह सक्रिय हो जाने का निश्चय करती है। मध्यवर्गीय आशा-आकांक्षाओं ने थोडी देर के लिए अपने लक्ष्य से उसे भ्रमित कर दिया था, परंतु उपभोक्ता संस्कृति का फरेब तुरंत उसकी समझ में आ जाता है। डॉ.कल्याणमल लोढा लिखते हैं, 'आवां की सुलगती आग नमिता ने इसी प्रकार शांत की। यह उसके चरित्र का अनोखापन नहीं, यथार्थ में समझौता से अधिक जीवन प्रकृत समाधान है।' [8]

आवां में यौन-शोषण, बलात्कार, स्त्रियों की भ्रूण हत्या आदि स्त्री-शोषण के प्रकारों को बडे परिप्रेक्ष्य में देखा जा सकता हैं। कुंती मौसी का पति किशोरी नमिता का कौमार्य भंग करता है। श्रमिक संगठन के अन्ना साहब जैसे बडे नेता भी नमिता को अपनी अतृप्त कामवासना का शिकार बनाते हैं। स्मिता के पिता मटका किंग अपनी बेटी को भी नहीं छोडता। स्मिता की बडी बहन कई बार गर्भपात करा चुकी है। सौतेले भाई विनोद ने गौतमी का बलात्कार किया। अपनी पत्नी में भारतीय सतीत्व को ढूंढनेवाला छायाकार सिध्दार्थ मेहता का भी कइयों के साथ दैहिक संबंध है। विवाहित संजय कनोई ने भी संतान प्राप्ति के लिए नमिता का इस्तेमाल किया। विवाह के विज्ञापनों में नौकरीपेशा लडकियों को प्राथमिकता देने की बात होती है।

भारतीय समाज-व्यवस्था में विवाह, मृत्यु और इससे संबंधित कर्मकांडों तथा रीति-रिवाजों द्वारा स्त्री की कामुकता (Sexuality) लैंगिकता पर नियंत्रण (Control) करने की पूरी कोशिश है। नमिता को पिता के मृत्यु पर क्रियाकर्म और मुखाग्नि देने का अधिकार नहीं, चूंकि नमिता औरत है। स्त्रियों के लिए यह सब शास्त्र सम्मत नहीं है। इसी प्रकार औरत के लिए शवयात्रा में कंधा देना शास्त्र सम्मत नहीं है। परंतु विमला बेन इस रूढि को तोड देती है। सुनंदा की मैयत विमला बेन अपने कंधे पर टेक लेती है। सोनोग्राफिस्ट मिसेज बतरा सोनोग्राफी करने के बाद हमेशा झूठ बोलती है कि तुम बेटे की मां बनने जा रही हो या बच्चा कमजोर है, इसलिए बताना कठिन हैं कि लडका या लडकी। गर्भ में लडकी है तो फौरन गर्भ गिराने की बात करती है।

**2. अनीसा :**

स्त्री कोई भी हो स्वयं वेश्या बनना नहीं चाहती। हालात उसे इस अनैतिक कार्य में धकेल देते हैं। इस चंगुल में फंसने पर फिर वापसी मुश्किल होती है। लगभग सभी स्त्री वेश्याएं इस दुष्कर्म से मुक्त होना चाहती हैं। बडी दिक्कतों के बावजूद यदि कोई बाहर आना चाहती हैं तो समाज उसे स्वीकार करता नहीं। आवां इस उपन्यास में अनीसा ऐसा ही चरित्र है। घाटकोपर रेल्वे स्टेशन वाली वेश्याओं में से एक थी अनीसा।

अनीसा ने इस अंधकार जीवन से बाहर निकलने का बडा प्रयास किया। उसने वेश्या व्यवसाय छोडकर जयहिंद आयल मिल में नौकरी आरंभ की है। परंतु उसके पूरे प्रयासों के पश्चात् भी मजदूर उसे देखते ही इशारेबाजी

करते हैं। अकेला पाकर कोने में खींच लेते हैं, किरपु दुसाध अनीसा की इच्छा के बगैर जबर्दस्ती करता है। उसके पेट में सात माह का गर्भ था। नशे में धुत दुसाध ने अनीसा के राजी न होने पर उसके पेट में लातें लगाई और उसका गर्भपात हो जाता है। परिणाम अनीसा और बच्चा दोनों की मौत हुई। 'दुसाध की मेहरारू फूला तो अनीसा की क्रूर हत्या के लिए दोषी अपने पति को नहीं, अनीसा को ही साबित कर रही।' [9] बावजूद अधिकांश लोगों की नजरों में अनीसा ही दोषी थी।

अर्थात् नैतिक मूल्यों से भोगवादी मूल्यों की ओर बढते समाज में नारी शोषण की स्थिति में बढोत्तरी हुई है। सदियों से दबी स्त्री, पुरूष विरोध में, नारी मुक्ति की मांग को यौन स्वेच्छाचार मानकर चलती है। इस कारण वैवाहिक जीवन और परिवार टूटने लगे हैं, अनेक स्त्री-पुरूष विवाह के बगैर साथ-साथ रहने लगे हैं। स्त्री-पुरूष समलैंगिकता, मुक्त यौनाचार, विवाह विच्छेद, आत्महत्याएं आदि का प्रतिशत बडा हैं।

**3. स्मिता :**

आवां उपन्यास में ऐसे कई पात्र हैं जो पुरूष-विरोध को ही नारी-मुक्ति का आधार मानते हैं। पिता मटका किंग मदन खत्री ने बडी बेटी को ही अपनी काम वासना का जरिया बनाया। इससे क्षुब्ध छोटी बेटी स्मिता ने उसे एक रात सीढियों से गिराकर मार डाला। 'मटका किंग हमेशा की भांति धुत्त होकर बिल्डिंग में घुसा था। हरामखोर के पांव फिसलते ही खोपडी लुढ़के नारियल-सी फट गई। घंटों सीढ़ियों पर अचेत पड़ा खून उगलता रहा।'[10] स्मिता सभी पुरूषों को उनकी मर्दानगी का सबक सिखाना चाहती है और इसकी शुरूआत वह अपने पिता से ही करती है। स्मिता के जीवन में पहले शरत था, अब विक्रम है। कंडोम के पैकेट से लेकर और भी आवश्यक शिक्षा वह अपने प्रेमी को दे देती है, 'मैं तेरे बच्चे की कुंआरी मां नहीं बनना चाहती और जो लडका कंडोम इस्तेमाल करना नहीं जानता, वह मेरा प्रेमी होने के काबिल नहीं।'[11] स्मिता साहसी लडकी है। वह आवश्यकता के अनुरूप जीवन-मूल्यों को तोडती भी है। पिता के दुष्कर्म का बदला लेनेवाली स्मिता अपने व्यवहारिक जीवन में भी संबंधों को उसी दृष्टि से देखती है। डॉ.विजय बहादुर सिंह ने लिखा हैं, 'चित्रा ने जैसे अपना सारा आक्रामक क्षोभ स्मिता में भर दिया है और वह उसका मूर्तिमान प्रचंड रूप बनी बैठी हो।'[12] स्मिता चुलबुली जरूर है, दिल की साफ है। नशे के ऐब से वह कोसों दूर है। वह स्वतंत्र प्रवृत्ति की है। लडके-लडकियों में भेद उसे मंजूर नहीं। वह बडे घर की होने पर भी उसकी जिंदगी तनावग्रस्त है। इसका एकमात्र कारण उसका पिता है। एक परिवार को पूर्ण रूप से स्वतंत्र और शांत बनाने में प्रत्येक सदस्य की भूमिका होती है। यहां पिता ने अपने अमानुषिक व्यवहार से पूरे परिवार को बर्बाद कर दिया। स्मिता का पिता मुंबई का मटका किंग है। चर्चगेट से लेकर बोरीवली तक और छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से लेकर कल्याण तक इनका अखंड साम्राज्य है। अभावग्रस्त मनुष्यों को पैबंद-टंके सपने उनके मटका दांव की चौपड है। रोज शाम आंकडों के साथ करोडों के वारे-न्यारे खुलते-बंद होते उन दावों को झुठला देते कि किस्मतें ऊपर लिखी जाती है और उन्हें कोई और लिखता है। उसकी मां को वह शारीरिक और मानसिक रूप से निरंतर पीडा देता रहता है। शराब पीकर घर आकर वह सबसे नीच कर्म भी करने में हिचकता नहीं। वह शराबी राक्षस है। उसकी मां ने दो बार अपने देह पर मिट्टी का तेल उंडेल आंग लगाने का प्रयास किया है। बेटियां अकेली घर में रहने से डरती हैं। उस पिता के लिए पुत्री की देह कामेच्छा की पूर्ति का साधन बनती है। पिता के कारण उसकी दीदी मनोरोगी बन गई थी। पिता को उसका शरीर चाहिए था। असल में वह पिता से पीडित थी। स्मिता ने पिता की मृत्यु के बाद मनोचिकित्सक के द्वारा दीदी की चिकित्सा करवाई और वह सामान्य-सी बन गई। असल में वह पिता का स्नेह और वात्सल्य चाहती थी। उसने हमेशा उसकी आतंकित करती छवि में पिता को खोजा। स्मिता को नमिता के पिता का प्यार देखकर ईर्ष्या होती थी।

**4. गौतमी :**

अल्प आयु में ही निकट संबंधियों द्वारा त्रस्त कई स्त्रियां पुरूष विरोध में स्वच्छंद यौनाचार का स्वीकार करती हैं। उनकी सारी स्त्री-चेतना देह के तिलिस्म से

बाहर नहीं निकल पाती। गौतमी से उसके अपने सौतेले भाई विनोद ने बलात्कार किया । वह गर्भवती हो जाती है। आत्महत्या करने के लिए ट्रेन से कुदने की कोशिश करती है। लैकिन मैडम वासवानी उसे बचाती है। वहीं से उसकी काया पलट जाती है। गौतमी आभूषण निर्यात कंपनी की प्रबंध निदेशक बनती है। उसके पास धन-दौलत और फ्लैट है। परंतु ये सब उसकी कार्यकुशलता की बनिस्बत न होकर जिस्म के बल पर मिला है। नि:संतान पूंजीपति छेडा साहब के लिए बेटा पैदा किया। आज उनके पास धन-दौलत सबकुछ है, लेकिन उनका परिवार पूरी तरह से विच्छिन्न है। पति की जगह उसे एक अदद कठपुतली नौकर की आवश्यकता महसूस होती है।

**5. शिप्रा :**

वर्तमान समय में स्त्री-पुरूष संबंधों में प्रति-हिंसा बढी हैं, स्त्रियां एकजुट होकर रहना अधिक पसंद करने लगी हैं। 'स्त्री-पुरूष संबंधों में प्रतिहिंसा परस्पर इस सीमा तक खिंच गई हैं कि स्त्रियों ने एकजुट हो स्त्रियों के संग रहने की ठान ली।' [13] फिल्म निर्माता की बेटी कॉलेज में पढनेवाली शिप्रा हिल रोड के गार्सियाना ब्यूटी पार्लर में कामसुख भोगने के लिए जाया करती है। वहां कामसुख प्रदान करने चीनी लडकियां कार्यरत हैं। 'किस पार्लर में किस हुनर में विशेषज्ञ लडकियां कार्यरत हैं। चीनी और देशी लडकियों की कुशलता में क्या अंतर है। कामसुख पहुंचाने में चीनी लडकियों के कौशल का जवाब नहीं।' [14] संजय कनोई की पत्नी निर्मला का कहना है कि, पुरूषों की बनिस्बत कामकला में स्त्रियां अधिक निपुण हैं।

**6. नीलम्मा :**

हमारे संबंध आज पूरी तरह से व्यावसायिक बने हैं। लोगों की संवेदना हृदय से नहीं, मस्तिष्क से है। आवां की महत्वपूर्ण पात्र नीलम्मा पारिवारिक रिश्तों में भावुकता को स्थान देती है। वह पति के मृत्यु के बाद अपने बच्चों और बूढे ससुर के साथ रहती है। वह विपत्ति का मुकाबला साहस के साथ डटकर करती है। प्रेमी राघव और बच्चों के बीच जब चयन का प्रश्न आता हैं तो वह बच्चों को ही चुनती हैं। अमीर स्त्रियों की सेवा-मालिश की अनैतिक कमाई से उसका नैतिक विवेक उसे रोकता है। 'उस दोपहर मंझली मालकिन की मालिश से निपट उसने उनकी सहेली की मालिश की।'[15] वह आत्मसम्मान से जीना चाहती है। मूल्यों के प्रति सदैव सतर्क नीलम्मा ये सब छोडकर हैदराबाद में नमिता की सेविका बनती है। उसका नैतिक विवेक निरंतर भोग-उपभोग की वस्तु बनने से उसे बचाता है। नीलम्मा पूरी निष्ठा से नमिता की सेवा करती है। गर्भस्राव के कारण अचानक नर्सिंग होम जाने पर नमिता का बिल स्वयं भुगतान करती है। स्वयं के जीवन से अनुभूत और नीलम्मा के स्वाभिमानी व्यक्तित्व से प्रभावित नमिता में भी चेतना संचारित होती है। भोग-उपभोग की वस्तु बनने से नकार की चेतना वस्तुत: देह से ऊपर उठने की चेतना है। अपितु स्वयं स्त्री को सचेत रहना होगा, यही चेतना उसे श्रृंखला से स्वतंत्रता दिलाएगी। डॉ.विजय बहादुर सिंह के शब्दों में, 'एक तरफ सुनंदा का कुंआरा मातृत्व, दूसरी तरफ हिम्मत से भरा वैधव्य (नीलम्मा) यह संकेत करते हैं कि स्त्री को अपनी ही दुनिया रचनी होगी। पुरूष-वर्चस्वशाली समाज में स्त्री की आजादी स्वाधीनता और स्वाभिमान की कल्पना भी नहीं की जा सकती।'[16]

**निष्कर्ष :**

आवां में श्रमिक जीवन, श्रमिक आंदोलन और उनके अंतर्विरोध का विस्तार से विवेचन हैं। उपन्यास में घाटकोपर से लेकर कांजूर मार्ग, भांडुप, मुलुंड तक फैली-बस्तियों में रहनेवाले मजदूरों की जिंदगी का खुला और यथार्थ चित्रण मिलता है, जो अति दुर्गंधयुक्त हैं। वहां मनुष्य और सूअर में कोई अंतर नहीं है। उनके महिलाओं और बाल-बच्चों की स्थिति भी भयानक है। श्रमिक अस्थाई नौकरी के कारण त्रस्त हैं। अठारह महीने लंबी खिंची कपडा मिलोंवाली कामगार आघाडी की हडताल के बारे में मैडम वासवानी जैसी उच्च मध्यवर्गीय को घृणा है। मजदूरों ने दस किलोमीटर लंबा मोर्चा निकाला था। उस मोर्चे की लंदन के अखबारों ने खूब तस्वीरें छापी थी। शीर्षक दिया था विश्व का आठवां आश्चर्य मैडम ने ये टिप्पणी प्रशंसा भाव से नहीं वितृष्णा से की थी। बी.बी.सी. ने खूब मजे लिए। हडताली मजदूरों की भूख से बिलबिलाती औरतें और नंग-धडंग बच्चों को सडकों पर गाडियां

रोक-रोक कर भीख मांगते हुए देखा। कुछ घरों में जीवन से ऊबी हताश औरतों ने आत्महत्याएं की। यदि समाज के अन्य वर्ग मजदूरों के संघर्ष को अपने बुनियादी अधिकार की लडाई मानते तो अठारह महीने लंबी वह हडताल कभी विफल न होती। यानी हम निष्क्रिय असंवेदनशील, भावनाहीन समाज का पुर्जा बनकर जीवन व्यतीत कर रहें हैं। अर्थात् बीसवीं शताब्दी के अंतिम दशक में लिखा गया आवां उपन्यास उद्देश्य की दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण रहा है। नारी विमर्श इस उपन्यास का मुख्य लक्ष्य रहा है। साथ ही कई उद्देश्यों की स्थापना कथा-लेखिका ने की है। अत: नारी के अहम प्रश्नों को उठानेवाला आवां उपन्यास अपने उद्देश्य में पूरी तरह सफल रहा हैं। ❑

**संदर्भ ग्रंथ सूची :**


1. सं. करुणाशंकर उपाध्याय, आवां विमर्श, सामयिक बुक्स, नई दिल्ली (सं. 2018), पृ. 272
2. उपर्युक्त, पृ. 275
3. चित्रा मुद्गल, आवां, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली (सं. 2015), पृ. 283
4. उपर्युक्त, पृ. 195
5. उपर्युक्त, पृ. 64
6. के.वनजा, चित्रा मुद्गल : एक मूल्यांकन, सामयिक बुक्स, नई दिल्ली (सं. 2016), पृ. 73
7. चित्रा मुद्गल, आवां, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली (सं. 2015), पृ. 539
8. सं. करुणाशंकर उपाध्याय, आवां विमर्श, सामयिक बुक्स, नई दिल्ली (सं. 2018), पृ. 20
9. चित्रा मुद्गल, आवां, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली (सं. 2015), पृ. 363
10. उपर्युक्त, पृ. 370
11. उपर्युक्त, पृ. 205
12. सं. करुणाशंकर उपाध्याय, आवां विमर्श, सामयिक बुक्स, नई दिल्ली (सं. 2018), पृ. 68
13. चित्रा मुद्गल, आवां, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली (सं. 2015), पृ. 261
14. उपर्युक्त, पृ. 216
15. उपर्युक्त, पृ. 514
16. सं.करुणाशंकर उपाध्याय, आवां विमर्श, सामयिक बुक्स, नई दिल्ली (सं. 2018), पृ. 69

ISSN 2321-4945
PEER REVIEWED & REFEREED JOURNAL
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

लोकरंग

# लोकनाट्य कुशान पाला : एक अवलोकन

**डॉ. चन्दना शर्मा**

सहयोगी अध्यापक, हिंदी विभाग
प्रागज्योतिष महाविद्यालय
गुवाहाटी, असम
पिन-781011
7002544837
Chandanasarmav1979@gmail.com

**भूमिका :**

नौवीं-दसवीं शताब्दी में संस्कृत नाटक की परंपरा क्षीण हो जाने पर जो असंबद्ध अविहित और असंगठित नाट्य धारा विकसित हुई, उसके दो प्रमुख रूप हैं। एक तो पूजा-कीर्तन के साथ मंदिरों में लीला शैली के नाटकों का प्रचलन और दूसरा भ्रमण करते हुए नटों के प्रहसन शैली के सामाजिक लोक पर नाटकों का प्रचलन।

लोक नाट्य परंपरा प्रधानतया मौखिक है और इसीलिए बहुत नाटक साहित्य सुरक्षित नहीं रह सका, किंतु फिर भी साहित्यिक अभिव्यक्ति की विविधता, संपन्नता और परिमाण की दृष्टि से लोक नाटक साहित्यिक नाटक से किसी प्रकार भी कमतर नहीं है। सामान्य रूप से यह समझा जा सकता है कि लोक नाटक नितांत रूपहीन कृति होता है और उसकी रचना के कोई नियम और व्यवहार नहीं होते हैं। इसी प्रकार उसकी प्रदर्शन पद्धति को भी नितांत शैलीविहीन समझा जाता है, किंतु वास्तव में यह बहुत ही भ्रांत धारणा है। लिखित और वाचिक दोनों प्रकार के लोक नाटकों के वास्तु निर्माण में एक निश्चित योजना रहती, जिसके द्वारा नाटकीय कथा के अनेक दृश्य और व्यापार खंड एवं ऐसे अनुपात और क्रम में समायोजित किए जाते हैं, जो नाटक को एकता और कथा प्रगति का वह भाव प्रदान करते हैं, जो किसी भी कलाकृति का अनिवार्य तत्व होता है। लोक नाटकों की वास्तु निर्माण में सबसे बड़ी बात यह है कि वह साहित्यिक नाटकों के समान सुयोजित और सुसंबंध नहीं होते। उनका रूप बंध, शिथिल और व्यापार बहुत ही व्यापक होता है।

**कुंजी शब्द :**

लोक नाटक, कुशान गान, प्रदर्शन कला, राजवंशी, गिदाल, जुरीवादन।

**शोध पद्धति :**

प्रस्तुत अध्ययन को संपूर्ण करने हेतु वर्णनात्मक और विश्लेषणात्मक पद्धति को अपनाया गया है। इस लेख को पूरा करने के लिए कुशान पाला या कुशान गान और उनके बारे में लिखे गए समीक्षात्मक लेख को संसाधन के रूप में लिया गया है।

**अध्ययन की सीमा :**

इस शोध आलेख में कुशान पाला या कुशान गान पर केवल एक सम्यक प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है। इस पर बहुत अधिक विस्तृत रूप से चर्चा करना इस छोटे से लेख में संभव नहीं है।

**कुशान पाला :** कुशान पाला या कुशान गान असम के ग्वालपाड़ा अंचल में प्रचलित है, परंतु अनुसंधान में पता चला है कि इसका परिसर केवल असम में ही सीमित नहीं है। भारत के जलपाईगुड़ी, कोच बिहार, मेघालय अंचल में भी इसका प्रचलन है। यहाँ तक कि भारत की सीमावर्ती देशों में भी कुशान गान का चलन है। भूटान के दुर्वाच, नेपाल के झापा, बांग्लादेश के रंगपुर, मैमनसिंह आदि जगहों में भी कुशान गान का प्रचलन देखा जाता है। इस प्रकार से देखें तो कुशान गान केवल राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि एक अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन कला है।

**कुशान गान का शाब्दिक अर्थ :** डॉ. नवीन शर्मा के अनुसार, *'कुशान गान का जन्म रामायण कथा के आधार पर हुआ है।'*[1] इस दृष्टि से कुशान गान की एक सुदीर्घ परंपरा है। कुशान शब्द की उत्पत्ति के संदर्भ में कई मत हैं। किसी-किसी पंडित के मतानुसार कुशान का उद्‌भव लव कुशी पद से हुआ है। लव कुशी पद का प्रचलन भी एकाधिक अर्थों में हुआ है। जैसे -

1. गायक कवि, गायक
2. अभिनेता, नट, नर्तक, नर्तकी
3. संवाद विक्रेता, संवाद देने वाला
4. आदि कवि वाल्मीकि के नाम
5. रामचंद्र के दो पुत्र (कुश और लव)

इस प्रकार देखा जाए तो यह सहज ही बोधगम्य है कि कुशान शब्द रामचंद्र के पुत्र कुश-लव के अतिरिक्त कुछ अन्य अर्थ को भी धारण करता है, क्योंकि कुशान गान एक प्रदर्शन कला है। अत: यह अपने आप ही गायक, अभिनेता, नर्तक, वादक आदि को अपने आप में समाहित करता है। अर्थात कुशान गान एक नृत्य-गीत-नाट्य संयोजन से समृद्ध प्रदर्शन कला है।

दूसरी तरफ कुछ आलोचकों का मानना है कि कुशान गान का संपर्क राम के पुत्र लव-कुश से है। उनके अनुसार सर्वप्रथम आदि कवि के शिष्य लव-कुश ने राम के राजदरबार में गीत रूप में रामायण के पदों की प्रस्तुति दी थी। अत: यह कथकता की परंपरा उसी समय से चली आ रही है और कुशान गान प्रदर्शन कला ने इसी परंपरा को आगे बढ़ाया है।

कुशान गान को कुशान पाला भी कहा जाता है। पाला शब्द का प्रयोग संस्कृत में उपलब्ध नहीं है। उड़िया, बांग्ला, असमिया आदि आधुनिक भारतीय भाषाओं में इसका प्रचलन मिलता है। कहानी, नाटक, गीत, नृत्य, नाट आदि को सूचित करने के लिए पाला शब्द का प्रयोग होता है।

**कुशान गान के विषय एवं उद्देश्य :** कुशान गान की विषय-वस्तु रामायण आश्रित है। इस दृष्टि से इसे रामायण केंद्रित प्रदर्शन कला भी कह सकते हैं। इसमें पाला या नाट रामायण के एक-एक चरित्र की कहानियों का पल्लवन है। जैसे - दानी राजा हरिश्चंद्र, लक्ष्मण का शक्तिशाली, महीरावण वध, रावण वध आदि। आनंद प्रदान के साथ-साथ लोगों को आध्यात्मिक और लौकिक शिक्षा प्रदान करना ही इनका उद्देश्य है।

**भाषा :** भाषा की दृष्टि से देखें तो कुशान पाला में असम के कामता अंचल में प्रचलित भाषा का प्रयोग होता है। विशेषत: राजवंशी लोग इस भाषा का प्रयोग कथित और लिखित दोनों रूपों में करते हैं। अत: इसे राजवंशी भाषा भी कहा जाता है। द्विजेंद्र नाथ भकत के अनुसार, 'कुशान गान के नाटक की कहानी कवि (बांग्ला) कृतिवास रचित रामायण से लिया गया है। द्वितीय, दोहारी या दोहरी के अलावा अन्य चरित्र की बातचीत में बांग्ला भाषा का प्रयोग करते हैं। दोहरी द्वारा व्यवहृत भाषा कामता आंचल में प्रचलित असमिया भाषा है। कुशान गानाभिनय के बीच-बीच दोचार गीत पद गाए जाते हैं और इन गीतों की भाषा भी कथित असमिया है, जिसे आजकल राजवंशी भाषा भी कहा जाता है।'[2]

**प्रदर्शन स्थान :** कुशान गान मुख्यत: विभिन्न पूजा के उपलक्ष्य में आयोजित उत्सव में प्रदर्शित होता है, विशेषत: वासंती पूजा और अशोक अष्टमी के अवसर

पर। धुबड़ी जिले के विभिन्न अंचलों में तीन-चार दिनों तक मेला लगता है और वहाँ कुशान गान का प्रदर्शन होता है। संस्कारमूलक अनुष्ठान, जैसे - विवाह आदि के अवसरों पर भी कुशान गान का प्रदर्शन होता है। इसके अलावा व्यक्तिगत रूप से आयोजित होने वाले यात्रा, श्यामा-पूजा, मनसा-पूजा, वासंती-पूजा, दुर्गा-पूजा आदि में भी कुशान गान के प्रदर्शन के लिए लोगों को आमंत्रित करते हैं।

कुशान गान प्रारंभ होता है वाद्य वादन से। इसके साथ सभी मंच पर प्रवेश करते हुए वृत्ताकार बैठ जाते हैं और खोल वादन प्रारंभ होता है। उसके बाद श्लोक वंदना होती है, जिसमें सरस्वती और रघुनाथ वंदना प्रमुख है। इसके पश्चात मूल पाला प्रारंभ होता है। अंत में कुशान पाला का समापन रामायण के महत्व वर्णन से होता है। इसके पयार, संलाप आदि कृतिवास रामायण पर आधारित हैं। उदाहरणस्वरूप, राम नाम के महत्व को दर्शाने के लिए इस प्रकार गाया जाता है-

*'राम नाम लैया जेबा पंथ रैया जाय।*
*धनुर्वाण निया राम पीछे पीछे जाए।।'*[3]

**वाद्य यंत्र :** कुशान पाला में मृदंग, ताल, वीणा, दोतारा, वंशी का का प्रयोग होता है। यहाँ पर वीणा का प्रयोग अपरिहार्य है। अत: कुशान गान को दोतारा गान, वीणा कुशान, रावण कुशान और वेणा गान से भी पुकारा जाता है। घोड़े की पूँछ के बाल से वीणा वाद्य बनाया जाता है और गिदाल दोनों हाथों से उसे झंकारित करते हुए मधुर स्वरों की गुँजन करते हैं।

**साज-सज्जा :** कुशान गान में जो मुख्य गिदाल होता है, वह सफेद धोती चादर और कुर्ता पहनता है। पाली या प्याला भी धोती-कुर्ता ही पहनते हैं। दोहरी या दोहारी भी घुटनों तक लंबी धोती और बनियान पहनते हैं। बायन या बाइना भी धोती-कुर्ता पहनते हैं। साधारणत: ये लोग कंधे पर एक गामोछा धारण करते हैं। छोकरा या छोकरी नर्तकी साधारणत: साड़ी, घाघरा के साथ ब्लाउज और गहने भी पहनते हैं। यह पैरों में नूपुर या घुँघरू पहनते हैं। मूल नाट में हिस्सा लेने वाले अभिनेता भी साधारण पोशाक पहनकर ही अभिनय करते हैं। यहाँ किसी भी प्रकार का मुखौटा या मुखा नहीं पहना जाता।

**अभिनेता :** कुशान गान में मूलत: एक गिदाल, चार-पाँच पायल, एक-दो दोहारी, दो बाइन, एक या दो मंजीरा बजाने वाले, चार-पाँच छोकरे होते हैं। एक मूल या गिदाल होता है, जो प्रधान गायक और वीणा वादक होता है। वह निपुण नर्तक भी होता है। वह कुशान गान को परिचालित करता है। मंच का निर्देशक होता है और साधारणतया वही संचालक भी होता है। वह दोहरी या पाली की सहायता से दर्शक की रुचि के अनुसार गीत पदों की व्याख्या करते हुए आम भाषा में समझाता है।

**पालि :** कुशान गान में जो मूल सहायक गायक होता है, उसे पाली या पायल कहा जाता है। एक कुशान पाला में कम-से-कम चार-पाँच पालि होते हैं। ये लोग गायन, नृत्य और अभिनय में पारंगत होते हैं। इन्हीं में से जो सर्वश्रेष्ठ होता है, वह गिदाल के साथ सहायक रूप में कार्य करता है। उसे मुख्य पालि या डायनापालि कहा जाता है। अगर गिदाल बीच में कुछ भूल जाए तो मुख्य पाली इसे याद दिला देता है। पाली आवश्यकतानुसार चरित्र रूपायण में सहायता करता है। इसकी वेशभूषा साधारण होती है। वह धोती-कुर्ता पहनता है।

**दोहारी :** कुशान पाला में दोहारी एक विशिष्ट भूमिका निभाता है। दोहारी शब्द हिंदी के दोहरा शब्द से आया है, जिसका अर्थ है - पुन: पुन: बोलना। गिदाल के गाने के पश्चात दोहारी इसे पुन: गाता है। अर्थात दोहारी या दोयारी एक ही पद को बार-बार दोहराता है या बार-बार गाता है। यह पाला में हास्य रस का भी संचार करता है। अत: यह विदुषक का कार्य भी करता है। यह बीच-बीच में चंग या 'फयासा' द्वारा (व्यंग्य धर्मी अभिनय द्वारा) दर्शकों को हँसाता है।

**जुरीवादक :** ताल या मंजीरा बजाने वालों को जुरिवादक कहते हैं। कुशान पाला में ताल या मंजीरा का प्रयोग आवश्यक है। छोटे आकार के मंजीरा का प्रयोग कुशान पाला में किया जाता है। जो पाइल होते हैं, उनमें

से ही कोई एक या दो पाइल मंजीरावादन का कार्य करते हैं।

**छोकरा :** पहले बारह-तेरह वर्षीय लड़कों को लड़की की पोशाक पहनाकर छोकरी या नर्तकी बनाया जाता था। अभिनय के समय यही स्त्रियों के अभिनय भी किया करते थे। इन्हें छोकरा या छोकरी कहा जाता है। समय के साथ-साथ इसमें भी परिवर्तन आया और आजकल लड़कियाँ भी इस अभिनय को करने लगी हैं। उनकी पोशाक में असम के ग्वालपाड़ा अंचल के स्त्रियों का सादृश्य देखा जाता है। यह पैरों में घुँघरू या नूपुर पहनते हैं।

**बायन :** कुशान पाला में खोलवादन (एक प्रकार का मृदंग)। खोल बजाने वाले को बायन या बाइन कहा जाता है। खोल और तबलावादन के साथ पाला का प्रारंभ और समापन होता है। गाने के साथ, नृत्य के साथ और चंग प्रदर्शन के समय खोलवादन अनिवार्य है।

**निष्कर्ष :**

कुशान पाला असमिया लोक नाट्य की एक उत्कृष्ट परंपरा है। समय के साथ धीरे-धीरे यह विलुप्ति के कगार पर है। नई पीढ़ी को अगर इसके प्रति जागरूक किया जा सके तो इसका प्रचलन समाज में आगे भी बरकरार रहेगा। ❑


**संदर्भ :**

1. डॉ. नवीन शर्मा; असमर लोकनाट; पृष्ठ-134; वाणी प्रकाश, पान बाजार; 2010
2. विजेंद्र नाथ भकत; कुशान गान; पृष्ठ-1; धुबड़ी शाखा साहित्य सभा, धुबड़ी; 2001
3. डॉ. नवीन शर्मा; असमर लोकनाट; पृष्ठ-153; वाणी प्रकाश, पान बाजार; 2010

ISSN 2321-4945
PEER REVIEWED & REFEREED JOURNAL
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

विश्लेषण

# यशपाल के उपन्यास 'झूठा सच' में विभाजन त्रासदी



**डॉ. अन्नु**

सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग,
राजकीय महिला महाविद्यालय,
लाखनमाजरा (रोहतक)
(स्थायी पता : मकान न. 783/
12,देव कॉलोनी, रोहतक
हरियाणा, पिन-124001)
857208280
annudangi007@gmail.com

**डॉ. बलजीत कौर**

सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग,
राजकीय स्नातकोत्तर महिला
महाविद्यालय, रोहतक (हरियाणा)
(स्थायी पता : मकान नंबर- 283,
सेक्टर-2, रोहतक
हरियाणा, पिन कोड-124001)
8930772165
bk7611941@gmail.com

भारत के इतिहास में विभाजन की त्रासदी एक अभूतपूर्व घटना है। परंतु आश्चर्य की बात है कि इस विभाजन की पृष्ठभूमि में न कोई प्राकृतिक प्रकोप था, न कोई भू-गर्भीय हलचल, जो स्थल को विभाजित करती, न कोई बाहरी आक्रमण और न ही कोई गृहयुद्ध या पूँजी बाजार की अस्थिरता। प्रत्यक्ष रूप से यह करोड़ों मनुष्यों का संवैधानिक रूप से अपना प्रतिनिधित्व करने वाले नेताओं के माध्यम से स्वेच्छा से लिया गया निर्णय था। यह निर्णय देश के इतिहास और सभ्यता के संदर्भ में लगभग उतना ही महत्वपूर्ण था और उसी प्रकृति के काल को खंडित करने वाला निर्णय था, जहाँ से सभ्यता और समाज या तो आत्महत्या की ओर मुड़ जाते या फिर धीरे-धीरे आत्मविनाश की ओर। लेखक यशपाल ने 'झूठा सच' विभाजन को आधार बनाकर ही लिखा है।

'झूठा सच' लिखने के पीछे का पहला कारण था यशपाल का अपने बालपन की भूमि लाहौर से प्रेम और विभाजन व समाज के विघटन की पीड़ा। यशपाल ने इसे बहुत गहराई से अनुभव किया था। 'झूठा-सच' के बीज इसी दौर में यशपाल के क्षुब्ध मन में पड़े। दूसरा कारण था- आम जनसमुदाय, जो सदा ही झूठ से ठगा गया है और दूसरी ओर झूठ का व्यवसाय करने वाले नेता हैं, जो अपने झूठ में सच का लबादा ओढ़कर जनता को छलते रहते हैं। वस्तुतः यशपाल ने उपन्यास का नामकरण भी इसी औचित्य को ध्यान में रखते हुए किया है।

विभाजन की त्रासदी यशपाल जी के बाहरी वातावरण का ही विध्वंस नहीं करती, अपितु उनके आंतरिक मनोभावों को भी गहराई से उद्वेलित करती है। बाहरी विध्वंस का पुन:निर्माण एक सीमा तक किया जा सकता है, परंतु आंतरिक विध्वंस हृदय में इस गहराई से छप जाता है कि उसे अंत तक मिटाया नहीं जा सकता। ऐसी ही छाप यशपाल जी के हृदय पर पड़ी। *'लाहौर पहुँच कर वे हैरान थे। क्या यह वही लाहौर है, जिसे अंतिम बार 1945 में दो दिन देखा था और जिसकी रंगीनी कल्पना में कायम थी। लगा मेले की जगह मरघट, उजाड़ रेलवे स्टेशन, शाहलमी दरवाजे का गुंजान तंग बाजार, परीमहल, मच्छी, हट्ठा, रंग-महल के बाजार-मोहल्ले जो विभाजन के दंगों में जला दिए गए थे, सड़क के दोनों ओर मलबे के ढेरों का मैदान दिखाई दिया।'*1

स्वाधीनता आंदोलन की पुरजोर कोशिशें जब भी हुईं, ब्रिटिश सरकार ने उसे विफल करने के लिए फूट डालने और विभाजन की प्रक्रिया को कायम रखा। 1857 का प्रथम स्वाधीनता संग्राम, बंग-भंग और 1906 में हुई मुस्लिम लीग की स्थापना- स्वाधीनता की तेजी को कम करने के लिए की गई। जयदेव पुरी, साहित्यिक अभिरुचि से परिपूर्ण, चेतनशील व्यक्ति इसलिए कम्यूनिस्टों के विरोध में हैं, क्योंकि वे दो कौमों के सिद्धांत को स्वीकार करते हैं, जिसका मतलब है देश का विभाजन। ब्रिटिश सरकार किस प्रकार मुस्लिम लीग की पीठ थपथपा रही है। यह पं. गिरधारी लाल के इस कथन से स्पष्ट है, *'भई लीग तो एबसडी डिमांड करेगी ही, एटली ने उन्हें बढ़ावा दिया है कि जिस तजबीज में लीग शामिल नहीं होगी, उसे ब्रिटिश सरकार मंजूर नहीं करेगी। जब आप डेमोक्रेसी की बात करते हैं तो लीग और कांग्रेस का क्या ख्याल? जो मैजोरिटी में हो उसकी बात मानिए।'*[2]

हिंदू-मुस्लिम के विभाजन और संप्रदाय विशेष के प्रति अलगाव की आँधी का प्रथम दर्शन यशपाल जी ने उस समय किया, जब हिंदू रक्षा समिति की दो औरतें सहायता के लिए चंदा इकट्ठा करने भालो पंथी गली में पहुँचती हैं और मुसलमान फेरी वालों को देखकर हिंदुओं को उनके खिलाफ उकसाती हैं। *'आखिर हिंदुओं के मोहल्ले में मुसलमान फेरी वालों का क्या काम है? और इस प्रकार सांप्रदायिकता की भावना भालो पंथी की गली को कुछ अधिक ही हिंदू बना देती है।'*[3]

डॉ. प्राणनाथ इस विभाजन की त्रासदी का मूल कारण सरकारी नौकरियों को हिंदू-मुसलमानों में सांप्रदायिक अनुपात में बाँटना, उनके चुनाव प्रचार का क्षेत्र अलग-अलग बना देना है। हिंदू समाज मुसलमानों के प्रति परस्पर भाईचारा, स्नेह, मिलाप जैसी भावनाओं को अपने अंतर्मन में नहीं सहेजता। हिंदू समाज की असहिष्णुता और मुसलमानों के प्रति उनकी घृणा इन सांप्रदायिक दंगों का मूल कारण है। *'मुसलमानों को मलेच्छ और अछूत समझने के दिन से ही यह बीज बो दिया गया था। हिंदू को आप अछूत बनाकर भी दबा सकते हैं, क्योंकि वह आपसे धर्म से बंधा है। मुसलमान तो उस धर्म से बंधा नहीं तो वह अछूत समझे जाने का अपमान क्यों बर्दाश्त करे? जिस नियम को हमने अपनी सत्ता की रक्षा के लिए अपनाया था, उसी नियम ने हमें खा लिया।'*[4]

'झूठा सच' में यशपाल जी ने विभाजन की त्रासदी के लिए राजनीति व राजनेताओं की स्वार्थ लिप्सा को उत्तरदायी माना, जो कि जनता को महज एक सीढ़ी समझते हैं, अपनी मंजिल, अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए। 'तुम्हारे कत्ल के लिए उत्तेजना दिलाने की जिम्मेदारी उन नेताओं की है, जो तुम्हारे जैसे इंसानों को सिंहासन बनाने के लिए जनता को ईंट-गारे की भाँति प्रयोग करना चाहते हैं।' परंतु यहाँ पर यशपाल जी आम जनसमुदाय को चेतनशील और विवेक संपन्न बनने का आह्वान करते हैं और आम जनसमुदाय से प्रश्न करते हैं कि *'क्या हम सर्वसाधारण स्वार्थों में अंध और क्रूर लोगों को सपनों के महल में पहुँचाने के लिए जीने बनते रहेंगे? क्या सर्व साधारण अपने नेताओं को मानवता की कसौटी पर जाँचकर नहीं परखेंगे। क्या अपने स्वार्थों के लिए सर्वसाधारण को अँधा बना देना ही धर्म की रक्षा, प्रजातंत्र और जनवाद है।'*[5]

राजनेता जनता के कल्याण की अतिशयोक्तिपूर्ण उक्तियों का बखान करते हैं, पर उनका असली चेहरा कुछ और ही होता है। जयदेव पुरी राजनेताओं की इसी मूल्यहीनता का प्रतिनिधित्व करता हुआ सामान्य व्यक्ति के लिए अलॉट हुई जमीन पैसे लेकर बेच देता है तो एक व्यक्ति प्रतिकार करता है। परंतु जयदेव पुरी उसके इस प्रतिकार पर उसे जेल भेज देता है। इसी प्रकार जयदेव पुरी उर्मिला के लिए कनक को धोखा देकर अपने राजनीतिक ढोंग और छद्म चरित्र को पुष्ट करता है।

देश विभाजन की इस विभीषिका और त्रासदी ने सर्वाधिक प्रभावित किया स्त्री को। प्राचीनकाल से ही कोई राजा मरता तो स्त्री को या तो जौहर करना पड़ता या विरोधी राजा के सामने समर्पण करना पड़ता। विभाजन के समय जो स्त्रियाँ बिछड़ गईं, उनके परिवार वालों ने उन्हें स्वीकार नहीं किया। सामाजिक अपवाद व लोकाचार के कारण वापस लौटीं अनेक स्त्रियों को अपनाया नहीं गया। उपन्यास झूठा सच की बंती और चिंती ऐसी ही युवतियाँ हैं। बंती अपने घर के ही चौखट पर सिर फोड़कर

अपनी जान दे देती है। उसके ससुराल वाले उसे स्वीकारने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि इस बीच वह जाने कहाँ-कहाँ रही है और क्या-क्या किया है। समाज की इस संकीर्ण मानसिकता में न जाने कितनी स्त्रियाँ अपनी जीवन लीला समाप्त कर डालती हैं। समाज के दोनों पक्ष स्त्री और पुरुष जब समान समझे जाते हैं तो यह वैविध्य सिर्फ नारी ही क्यों सहे। इस प्रकार यशपाल जी ने एक वैचारिक दृष्टिकोण का पाठक के मन में समावेशन किया है।

वस्तुत: विभाजन, उसकी पीड़ा, सांप्रदायिकता की त्रासदी प्रमुख रूप से मध्यम वर्गीय समाज को ही प्रभावित करती है। उच्च वर्ग तो अपने धन-दौलत से अपने चारों ओर सुरक्षा का अभेद आवरण बना लेता है। मरने में वालों में हमेशा छोटे-मोटे फेरी वाले भिश्ती, मोची, दिहाड़ी पर काम करने वाले मजदूर या फिर दौलूमामा जैसे लोग ही होते हैं।

झूठा सच में यशपाल जी ने मध्यम वर्गीय समाज को प्रमुखता से वाणी प्रदान की। जयदेव पुरी उच्च शिक्षा प्राप्त करके भी बेरोजगार घूमता है। तारा के माध्यम से यशपाल जी ने मध्यम वर्गीय समाज के उस पात्र को प्रकाशित किया, जो शिक्षा प्राप्ति को लेकर जुझारू रहता है। उपन्यास के आरंभ में तारा एक साधारण लड़की के रूप में पाठकों के सामने आती है। अपने परिवेश की विद्रूपताओं से लड़ने के लिए अपनी सारी सीमाओं के बीच हर मुमकिन कोशिश करती है। उसकी त्रासदी किन्हीं अर्थों में समूचे मध्यम वर्गीय समाज की त्रासदी है। राम ज्वाया, रामलुभाया, जयदेव पुरी, पंडित गिरधारी लाल, डॉक्टर प्राणनाथ व पंजाब के असंख्य परिवार मध्यवर्ग के विभिन्न स्तरों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

भारत-पाकिस्तान विभाजन की पुष्टि हो चुकी थी, फिर भी अपनी-अपनी मिट्टी से जुड़े व्यक्ति उससे अलगाव महसूस नहीं करते और विभाजन की इस प्रक्रिया को स्वीकारते नहीं हैं। विभाजन को वे मिथ्या या पागलपन करार देते हैं। काली पड़ोसी कहता है *'ताया यह सब पागलपन दो दिन का है, जो भागकर आए हैं, वे भी चार दिन में लौट जाएँगे। पाकिस्तान हुआ तो क्या और हिन्दुस्तान हुआ तो क्या, हम लोग तो लाहौरी हैं। डूंगी गली के पड़ोसी हैं। चल बैठ तू घर में तेरी दुकान जल गई है तो और बन जाएगी। रब्ब का भरोसा कर।'*[6]

धर्म के नाम पर हुए विभाजन से आम जनसमुदाय जो अपने परिवेश, अपनी संस्कृति और स्थान से गहराई से जुड़ा हुआ है, उसका अंत:करण इस त्रासदी से आहत है। धर्म के आधार पर विभाजन पर काफिले की मोटर का ड्राइवर कहता है, 'रब्ब ने जिन्हें एक बनाया था, रब्ब के बंदों ने बहस ओर जुल्म से उसे दो कर दिया।' यशपाल जी ने उपन्यास के अंत में सकारात्मक दृष्टिकोण रखा है और जनता जनार्दन की शक्ति को सर्वोपरि माना है। सूद जी की सत्रह हजार वोटों से हुई हार को दिखाकर बुद्धिजीवियों की सकारात्मकता को पुष्ट किया। जनता निर्जीव नहीं है। जनता सदा ही मूक नहीं रहती। देश का भविष्य नेताओं और मंत्रियों की मुट्ठी में नहीं है। देश जनता के हाथों में है। इस प्रकार यशपाल जी ने आशावाद और सकारात्मक का वैचारिक दृष्टिकोण पाठक के हृदय में समावेशित किया है। ❑

**संदर्भ ग्रंथ सूची :**


1. यशपाल, झुठा सच, पृ. 193, आधार प्रकाशन, पंचकुला
2. वहीं, पृ. न. 197
3. वही, पृ. न. 456
4. वही, पृ. न. 539
5. वही, पृ. न. 272
6. वही, पृ. न. 539
7. वही, पृ. न. 709

ISSN 2321-4945
PEER REVIEWED & REFEREED JOURNAL
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

विवेचन

# अविरल काव्यधारा की सरसता में बहता उपन्यास 'जिंदगीनामा'

**पूनम लाकरा**

शोधार्थी, हिंदी विभाग
बाबा साहेब भीमराओ अंबेडकर विश्वविद्यालय, विद्या विहार, राय बरेली रोड, लखनऊ, उ.प्र.: 226025
9013005172
poonamlakra154@gmail.com

**प्रो. आर.पी. गंगवार**

शोध निर्देशक, हिंदी विभाग
बाबा साहेब भीमराओ अंबेडकर विश्वविद्यालय, विद्या विहार, राय बरेली रोड, लखनऊ, उ.प्र. : 226025

**शोध सार :**

कृष्णा सोबती द्वारा रचित जिंदगीनामा एक कालजयी रचना है, जिसमें एक आंचलिक उपन्यास की सभी विशेषताएँ विद्यमान हैं। इसके अंतर्गत अविभाजित पंजाब की साँझी संस्कृति और ग्रामीण जन जीवन का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत किया गया है। इसकी कथा वस्तु किसी एक मूल कथा पर आधारित न होकर लोक कथाओं एवं घटनाओं का समुच्य पेश करती है। इसके प्रारम्भिक पन्नों में अंकित हृदय ग्राह्य कविता पंजाब के सौंदर्य को विश्लेषित करती है। कविताओं का यह क्रम पूरी रचना में लगातार चलता रहता है, जो कभी भक्ति भावना, कभी पर्व-त्योहारों का उल्लास तथा कभी प्रेम का मधुर अहसास जगाकर इसमें वर्णित कहानी व किस्सों की रोचकता को बरकरार रखता है। इसमें प्रवाहित होने वाली निर्मल काव्य धाराएँ जहाँ एक तरफ जनसंस्कृति को सिंचित करती हुई चलती हैं तो दूसरी तरफ देश की समृद्ध ऐतिहासिक गौरव गाथाओं का बखान भी करती हैं। 'जिंदगीनामा' के विस्तृत फलक के जरिए हमें तत्कालीन पंजाब की सामाजिक परम्पराओं, सांस्कृतिक धरोहरों तथा राजनीतिक परिदृश्यों आदि के दर्शन कराए जाते हैं, जिनसे हम सहज ही जुड़ाव महसूस करने लगते हैं।

**प्रस्तावना :**

मानवीय जीवन की मूलभूत प्रक्रियाओं में सृजनशीलता का उल्लेखनीय स्थान होता है। इससे व्यक्ति में तर्क शक्ति एवं रचनात्मक गुण विकसित होते हैं। बेहतरीन सृजन क्षमताओं के आधार पर ही समाज में एक लेखक या कलाकार की छवि निर्मित होती है। इसके लिये उसे अपनी जीवन यात्रा के दौरान सृजन प्रक्रियाओं के विभिन्न दौर से गुजरना पड़ता है। यह प्रक्रिया विविध जीवनानुभवों, स्मृतियों, मान्यताओं एवं परिवेश का परिणाम होती है। यदि आधुनिक युग की सुविख्यात कथाकार कृष्णा सोबती के संदर्भ में सृजनात्मकता का विश्लेषण करें तो ज्ञात होगा कि उनकी हर रचना एक नये रूप एवं विशेष अंदाजे बयां के साथ पाठकों के समक्ष प्रस्तुत होती है। क्योंकि न तो उन्हें परम्परागत लेखन में विश्वास था और न ही वह किसी खास विमर्श के दायरे में सिमटकर लिखने की पक्षपाती थीं।

यूँ तो अनेक गद्य विधाओं में उन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का व्यापक परिचय दिया है, मगर उनके द्वारा गद्य रचनाओं में कविता की मधुर स्वर लहरियों की जो धारा बहाई गयी है, वह अपने आप में एक अनूठी मिसाल है। खासकर जब हम 'समय सरगम', 'चन्ना', 'सूरजमुखी अँधेरे के' तथा 'जिंदगीनामा' आदि उत्कृष्ट रचनाओं को पढ़ते हैं तो उनकी काव्यात्मक प्रतिध्वनियाँ सहसा ही हमारे मन को तिरोहित कर लेती हैं और हम संगीत की लयात्मकता से भाव विभोर हो उठते हैं। इस दृष्टि से 'जिंदगीनामा' का विशेष महत्त्व है, जिसके पात्रों की गीतात्मक प्रवृत्ति ने इसे सर्वश्रेष्ठ उपन्यासों की श्रेणी में स्थान दिलाया है। इसमें लेखिका ने विभिन्न कवित्त, भक्तिमय पदों, सूफी संगीत तथा रागात्मक पंक्तियों के जरिये पंजाब की लोक संस्कृतियों की रसधारा प्रवाहित की है, जिससे यह साबित होता है कि मूल रूप से एक कथाकार होते हुए भी उन्हें कविताओं में अत्यधिक रुचि थी। अपनी काव्यात्मक विशिष्टता के कारण यह उपन्यास पाठकों के बीच काफी प्रसिद्ध हुआ और अन्य रचनाओं में इसकी अलग पहचान बनी। परिणामस्वरूप इसे 1980 में साहित्य अकादमी पुरस्कार और 1981 में साहित्य शिरोमणी पुरस्कार प्राप्त हुआ। जिंदगीनामा उपन्यास के काव्य पक्ष पर गहन चिंतन प्रस्तुत करना तथा इसके परिप्रेक्ष्य में कृष्णा सोबती की सृजनात्मकता का मूल्यांकन एवं व्याख्या ही इस शोध पत्र का प्रमुख उद्देश्य है।

**मूल आलेख :**

यूँ तो 'जिंदगीनामा' में 20वीं सदी के शुरुआती दो दशकों का काल खंड वर्णित है, परन्तु इसके माध्यम से लेखिका ने भारत का इतिहास, भौगोलिक परिवर्तन, भारत-पाक विभाजन, गाँवों की सामाजिक स्थिति एवं तत्कालीन समाज में व्याप्त जमींदारी व्यवस्था की विडम्बनाओं आदि का वास्तविक चित्र उकेरा है। अपनी किस्सागोई शैली के कारण यह उपन्यास पाठकों के बीच खासा लोकप्रिय हुआ। इसके विस्तृत अहाते के एक तरफ शाहनी की विशाल महिला मंडली है, जो पारम्परिक रूप से चरखा कातती है और पर्व-त्योहार, विवाह समारोह एवं बच्चों के जन्मोत्सव आदि विशेष अवसरों पर भव्य लोक संगीत आयोजित कर गाँव की विभिन्न परम्परागत मान्यताओं को जीवित रखती है तो दूसरी ओर शाहजी के नेतृत्व में सजाई गयी अनुभवी लोगों की मजलिस है, जो कभी देशी-विदेशी राजनीतिक गलियारे का चक्कर काटती है, कभी कानूनी पेचीदगियों में उलझी रहती है। कभी पंजाब की बहादुरी व सम्पन्नता का वर्णन करती है तो कभी जमींदारी प्रथा के समर्थन में पुरजोर आवाज बुलंद करती है।इस कृति में कोई नायक-खलनायक नहीं है। इसके विशाल प्रांगण में हर आयु वर्ग और पेशे से जुड़ा ग्रामीण जन अपनी-अपनी भूमिका निभाते नजर आते हैं।

इसका कथानक मूल रूप से डेरा जट्टा गाँव के इर्द-गिर्द घूमता है, जहाँ लेखिका का सुनहरा बचपन व्यतीत हुआ था। वहाँ की सांस्कृतिक विविधता एवं सादगीपूर्ण परिवेश ने उनके व्यक्तित्व पर गहरी छाप छोड़ी थी। यही वजह है कि दिल्ली के आधुनिक नगरीय वातावरण में एक लम्बा अरसा गुजार लेने के बावजूद भी उनकी बहुत-सी रचनाएँ ग्राम्य जीवन के इंद्रधनुषीय रंगों का दर्शन कराती हैं। उपन्यास के विस्तृत कथा विन्यास की शुरुआत ही मधुर कविता के साथ होती है, जिसमें पंजाब की प्राकृतिक शोभा की अनुपम छटा, उसकी शौर्य गाथा तथा समृद्धि की कहानी कही गयी है-

'गलबहियों-सी उमड़ती, मचलती दूध भरी छातियों-सी चनाब और जेहलम की धरती माँ बनी कुरते के बंद खोलती दूध की बूँदें धड़काने को कनक के सुनहली ढेरों पर चम-चम चमकती मीठी सजरी धूप चाँदी के चौकफूल पहने बर्फीली चोटियों को छू-छू आती ठंडी सुहानी हवाएँ। सरसों के पीले खेतों को हिलाती-डुलाती कुलाँचे भरती भागीभरे चनाब के अल्हड़ अनोखे पानियों पर जिसकी अमृत की बूँदों ने लहू के पेड़ खड़े कर दिये। हरे-भरे खेतों की मुंडेरों पर तने माथे पर अक्खड़ तेवर गेहुआँ रंग पर नखरीली मूँछों वाले भारी गौहरे चेहरों पर गन्दम की इलाही लाली बाँहों के चूड़े छनकाती मक्का-सी खिली-खिली शरबती आँखों वाली।' [1]

भारत सांस्कृतिक विविधताओं वाला देश है, जहाँ समय-समय पर अलग-अलग त्योहारों की धूम रहती है। यहाँ फसलों की बुआई-कटाई तथा ऋतुओं के आगमन को भी भव्यता के साथ मनाया जाता है। जहाँ देश के अन्य भागों में होली, दशहरा, दीपावली, ईद, मकर संक्राँती

तथा पोंगल इत्यादि मुख्य आकर्षण हैं, वैसे ही पंजाब का प्रमुख पर्व लोहड़ी और बैसाखी है, जो बड़े हर्ष-उल्लास से मनाया जाता है। इस अवसर पर गाँव के लोग एकत्र होकर हँसी-मजाक के बीच पारम्परिक रिवाजों को पूर्ण करते हैं। लेखिका ने गाँव के सौहार्दपूर्ण वातावरण में लोहड़ी के अनेक पक्षों की बारीकियों को चित्रित किया है-

जुग-जुग आता रहे यह कर्मों वाला दिहाड़ा, झोलियाँ भरती रहें, दुल्हनें देहरी चढ़ती रहें, सत्पुत्रियाँ होती रहें। 'बच्चों के होंठों में घुलती गुड़ की टुकड़ियाँ, मक्का के दानें हाँफती हुलारो-भरी मस्त कँवारियाँ। हवा में आग की सुर्ख-सुनहरी लपटें ऐसे हिलोरे लें ज्यों मनमौजन जिंदगी उन्हें हवा के हिंडोलों में झुलाती-डुलाती हो।' [2]

इस रचना में कृष्णाजी ने तुकबंदियों का अधिकाधिक प्रयोग किया है, जिसके कारण बच्चे बड़े, स्त्री-पुरुष सभी अपनी धुन में गुनगुनाते हैं और उपन्यास की रोचकता को बरकरार रखते हैं। यहाँ तक कि मदरसे की पढ़ाई के दौरान बच्चे भी अपने पाठ को याद करने, परस्पर मनोरंजन तथा हँसी-मजाक के लिये तुकबंदियों का सहारा लेते हैं। इससे सौहार्दपूर्ण वातावरण तो निर्मित होता ही है, लोक मानस में व्याप्त सामाजिक मान्यताओं की सहज अभिव्यक्ति भी होती है।

'शमाल में कोह हिमाला, जनूब में तेरा लाला, मशरिक में मुल्क ब्रह्मा, मड़रिब में तेरी अम्मा। ओले पड़ गये टपा-टप, फौजें चढ़ आईं दबा-दब! दौड़ो यारों दौड़ो, चलो मदरसा छोड़ो।' [3]

तीज-त्योहारों व अन्य अवसरों पर ग्रामीण महिलाओं-युवतियों एवं मिरासियों द्वारा सामुहिक रूप से इकट्ठा होकर जो गीत गाए जाते हैं, उनमें कहीं हीर-राँझा के रागात्मक संबंधों की गूँज सुनाई देती है तो कहीं उत्सवों का उल्लासपूर्ण परिवेश दृष्टव्य होता है। कहीं प्रकृति के मनोरम चित्र उभरते हैं और कहीं ईश्वरीय भक्ति की निष्छल धारा प्रवाहित होती है।

'कहें तो नौबत की तरह बजती रहें नौरंग चूड़े वालियाँ, मेरी जच्चा रानियाँ सुहे जोड़े पहन सुहागना मोतियाँ मांग सजावनी बैठ अंगना गोद भरावनी मेरे लाल जियो लख साल।' [4]

'मनसा करत सुख चरण तिहारे, मेरी मुरादें परसउ प्यारे, जो सुख आवे सो फल पावे, नौस नबी को लागे प्यारे।' [5]

इस उपन्यास के विस्तृत परिदृश्य में लेखिका ने विभाजन पूर्व पंजाब की समृद्धि, लोक संस्कृति की सौंधी महक तथा इसकी प्राकृतिक सुंदरता का वर्णन तो किया ही है, प्रमुख देशी-विदेशी राजनीतिक घटनाक्रमों एवं ऐतिहासिक गौरव गाथाओं को भी विशेष महत्त्व दिया गया है। साथ ही भारत में ब्रिटिश सरकार की स्थापना, उसकी कार्य प्रणालियों और देश में उसकी बढ़ती ख्याति के संदर्भ में लोगों की प्रतिक्रियाओं से भी हमें अवगत कराया है-

'सलामत रहे अंग्रेज का राज, कोहेनूर वाला शहंशाही ताज नहरों से किया पंजाब आबाद यंग साहेब बहादुर जिंदाबाद।' [6]

लेखिका द्वारा प्रयुक्त इन कवित्तों में अनेक विशेषताएँ विद्यमान हैं। इनके माध्यम से कहीं सुफियाना प्रभाव आलोकित होता है तो कहीं पंजाबी की सरसता की झलक मिलती है। कहीं खड़ीबोली के विशुद्ध रूप के साथ-साथ सरल-सहज हिंदी की मधुरता परिलक्षित होती है और कहीं भाषाओं का मिश्रित रूप दृष्टिगोचर होता है। इनमें जहाँ एक तरफ खुशी के पलों का समावेश होता है वहीं दूसरी ओर मिलन की उत्तेजना और बिछड़ने का दर्द भी समाहित रहता है। साथ ही बच्चों की हँसी-ठिठोली की झलक भी मिलती है।

दामन बीबी फातिमा का छत्तर तान दिल्ली का हुकम मान जाबे का ताबा तान मक्के का। [7]

1947 में बढ़ते धार्मिक मतभेदों के परिणामस्वरूप विशाल भारत के भूखंड को दो टुकड़ों में विभाजित कर दिया गया। इस निर्णय की वजह से पंच दरियाओं की भूमि पंजाब के बीच विभाजन रेखाएँ खींच दी गयी, जिससे भारत और पाकिस्तान दो अलग देशों का निर्माण हुआ। इस ऐतिहासिक एवं दर्दनाक घटना को जिंदगीनामा उपन्यास में संजीदगी से उठाया गया है। एक मार्मिक कविता के जरिए विभाजन कालीन परिस्थितियों, परिणामों तथा विस्थापन की पीड़ा को भी बखूबी चित्रित किया गया है-

'इस धरती पर अब हमारे पुण्य शेष हो गये हैं। अब हमें बिछुड़ जाना है अपनी धरती से, अपनी माँ से, माँ की माँ

से और हम सब की माँ से। इसकी दूध भरी छातियों से अब दूध नहीं खून टपकता है। मत देखो पलटकर दौड़ चलो छोड़ चलो इस पानी को इस धरती को जिसने हर मौसम हर बहार में सूरमाओं की पनीरी उगाई थी। जिसने हाड़-माँस के इन्सानों में मेहनत करने और जिंदगी को जी भर-भर प्यार करने की ललक जगाई थी। लौ लगाई थी। अलविदा आबो के आब को। पंच दरियाओं के पंजाब को। झेलम और चनाब को अलविदा अपने पुरखों की याद को।' [8]

गौरतलब है कि डेराजट्टा गाँव का साधारण व खास तबका स्थानीय परम्परा का संरक्षक है और खुद को किसी न किसी रूप में गीत, संगीत तथा कवित्त से जोड़े रखता है। परंतु इस संदर्भ में राबयाँ का जिक्र करना आवश्यक हो जाता है, जो लालीशाह की देखभाल के लिये शाह परिवार में रहती है। उसका जीवन गीत-संगीत का पर्याय बन चुका है। उसका युवा मन हमेशा अपनी संस्कृति की थिरकन को गहराई से महसूस करता है। वह अपने हृदय के उद्गारों को गीत के विविध रूपों के जरिए व्यक्त करती है। उसकी मधुर स्वर लहरियाँ कभी सावन की फुहारों की वर्षा करती हैं, कभी भक्ति रस बरसाती हैं और कभी प्यार के रंग बिखेरती हैं। वह स्वयं कवित्त रचती है, उसे सुरों में पिरोती है। उसकी मधुर आवाज शाहजी को तो मंत्रमुग्ध करती ही है, शाहनी, चाची महरी तथा गाँव के अन्य लोग भी उसकी मीठी तान के मुरीद होकर बार-बार उससे गीतों की फरमाइश करते हैं।

'रंग रस जीने वालों के रे साजन प्रीत प्यारों के जिनके हृदय सूरज उनकी मुट्ठी धूप मस्तक उनके चंद्रमा जिनके घर में पूत।' [9]

'मैं सूरज अगन जलाऊँगी मैं प्यारा यार मनाऊँगी। सात समुन्दर दिल के अन्दर मैं दिल से लहर उठाऊँगी। मैं प्यारा यार मनाऊँगी। मैं बादल हो-हो जाऊँगी। मैं भर-भर मेंह बरसाऊँगी। न मैं ब्याही न मैं क्वाँरी पर बेटा गोद खिलाऊँगी इक दूणा अचरज गाऊँगी।' [10]

**निष्कर्ष :**

उपर्युक्त विवरणों के आधार पर हम कह सकते हैं कि यदि आंचलिकता की दृष्टि से 'जिंदगीनामा' का अवलोकन किया जाए तो इसे सर्वश्रेष्ठ आंचलिक उपन्यासों की श्रेणी में रखा जा सकता है। इसकी भाषा, परिवेश, घटनाओं की शृंखलाएँ तथा पात्र पूर्णत: स्थानीयता की रंगत से पाठक वर्ग को सराबोर करते हैं। बेहतरीन काव्य समायोजन की विशेषता इसकी प्रभावोत्पादकता में वृद्धि करती है, जो इसे अन्य उपन्यासों की तुलना में विशिष्ट स्थान दिलाती है। अत: हम कह सकते हैं कि कृष्णाजी की अद्भुत प्रतिभा का ही कमाल है कि हमें एक ही रचना में गद्य और पद्य दोनों का रसास्वादन मिल जाता है, जिसके कारण पाठकों में इसके प्रति रुचि एवं पठनीयता बरकरार रहती है। अपनी काव्यात्मक शैली के विषय में प्रकाश डालते हुए कृष्णाजी लिखती हैं-

मैं रात में लिखती हूँ। रात का अंधकार जब मेरे अकेले टेबल लैंप के रहस्य में आ सिमटता है तो शब्द मुझे नए राग, नई लय और नई धुन में आ मिलते हैं। [11] ❑


**संदर्भ सूची :**

1. 'जिंदगीनामा', कृष्णा सोबती, राजकमल प्रकाशन, 1979, नयी दिल्ली पृ. सं. 8
2. 'जिंदगीनामा', कृष्णा सोबती, राजकमल प्रकाशन, 1979, नयी दिल्ली, पृ. सं. 41 - 42
3. 'जिंदगीनामा', कृष्णा सोबती, राजकमल प्रकाशन, 1979, नयी दिल्ली, पृ. सं. 146
4. 'जिंदगीनामा', कृष्णा सोबती, राजकमल प्रकाशन, 1979, नयी दिल्ली पृ. सं. 112 - 113
5. 'जिंदगीनामा', कृष्णा सोबती, राजकमल प्रकाशन, 1979, नयी दिल्ली पृ. 183
6. 'जिंदगीनामा', कृष्णा सोबती, राजकमल प्रकाशन, 1979, नयी दिल्ली पृ. सं. 189
7. 'जिंदगीनामा', कृष्णा सोबती, राजकमल प्रकाशन, 1979, नयी दिल्ली पृ. सं. 186
8. 'जिंदगीनामा', कृष्णा सोबती, राजकमल प्रकाशन, 1979, नयी दिल्ली पृ. सं. 13-14
9. 'जिंदगीनामा', कृष्णा सोबती, राजकमल प्रकाशन, 1979, नयी दिल्ली पृ. सं. 78
10. 'जिंदगीनामा', कृष्णा सोबती, राजकमल प्रकाशन, 1979, नयी दिल्ली पृ. सं. 120
11. लेखक का जनतंत्र, कृष्णा सोबती, राजकमल प्रकाशन, 2018, नयी दिल्ली, पृ. सं. 199

ISSN 2321-4945
PEER REVIEWED & REFEREED JOURNAL
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

विश्लेषण

# चंद्रकुँवर बर्त्वाल का काव्य-दर्शन

**डॉ. ममता थपलियाल**

असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी विभाग
अ.प्र.ब. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अगस्त्यमुनि, जनपद-रुद्रप्रयाग,
उत्तराखंड : 246421
9639253200, 8449695788
mamtasemwal19@gmail.com

**शोध-सार :**

हिमवंत कवि चंद्रकुँवर बर्त्वाल का काव्यवृक्ष छायावाद की उर्वरा भूमि में पल्लवित हुआ, जिसमें प्रकृति, प्रेम, विरह, मृत्युबोध, जिजीविषा, रहस्य, राष्ट्रीयता, बिंब, प्रतीक, मानवीकरण के साथ ही आँचलिकता का सुंदर परिपाक मिलता है। इस काव्यवृक्ष की शाखाएँ निराला और पंत की भाँति शोषक वर्ग की तीक्ष्ण भर्त्सना और विकल मानव के प्रति संवेदना तक फैली हुई हैं। चंद्रकुँवर का प्रकृति-चित्रण कलात्मक सौंदर्य तक सीमित नहीं है, उसमें हिमवंत का कोमल और कठोर जनजीवन अभिव्यक्त है। उसमें अमृत है तो विष भी है, सुकोमल फूल हैं तो खून से तर कर देने वाले काँटे भी हैं। इनकी कविता में धरती, आकाश, पर्वत, नदियाँ, निर्झर, बूँद, समुद्र, वृक्ष, फल, फूल, वर्षा, मेघ न जाने कितने दृश्य मूर्त हुए हैं। गोधली बेला में धेनुओं की घंटियों का मधुर नाद, चरवाहे जीतू की बाँसुरी की मधुर तान, हल चलाते किसान, कृषक कन्याएँ, बाँज की जड़ों का ठंडा पानी, बुरांश के रसामृत लाल पुष्प, देवदार और चीड़ के घने जंगल, काफल की मिठास, काफलपाकू पक्षी का मादक कलरव, रैमासी का दिव्य फूल इत्यादि अंचल-विशेष की जीवंतता के कारण छायावाद के स्तंभ कवियों की अपेक्षा कवि चंद्रकुँवर लोकजीवन के अधिक निकट दीखते हैं। कवि बर्त्वाल में आरंभ से ही प्रगतिशीलता थी। प्रगतिवादी दौर में शोषकों के खिलाफ इनका आक्रोश बढ़ जाता है। कंकड़-पत्थर, काँटा, छुर्री, बाँस का लट्ठ, आँधी, मैकाले के खिलौने, हिरोशिमा का शाप इत्यादि अनेक कविताओं में कवि की प्रगतिशीलता अधिक मुखर हुई है। चिंतनीय विषय है कि एक शताब्दी बीतने के पश्चात भी हिंदी के अधिकांश विद्वान साहित्य इतिहासकारों, आलोचकों की दृष्टि में प्रकृति और प्रगति का यह अमर कवि अदृश्य है।

**बीज शब्द :**

व्यक्तित्व-कृतित्त्व, प्रकृति-चिंतन, आत्मपरकता, आँचलिकता, प्रगतिशीलता, जन-जीवन।

छायावाद और प्रगतिवाद की सघन अनुभूतियों में साँस लेने वाले कवि चंद्रकुँवर बर्त्वाल का जन्म हिमालय की उपत्यका में बसे मालकोटी गाँव, वर्तमान

रुद्रप्रयाग जनपद (उत्तराखंड) में 20 अगस्त 1919 को हुआ था। पुरातन स्थली नागनाथ पोखरी में आरंभिक अक्षर बोध के समय प्रकृति का विराट स्वरूप देखकर कवि का बालमन चकित है, प्रकृति से इस गहन आत्मीयता को कवि-हृदय शब्द-वाणी देकर सदानीरा बना देता है –

ये बाँज बुराँस पुराने पर्वत से, यह हिम से ठंडा पानी!
ये फूल लाल संध्या से भी, इनकी यह डाल पुरानी!
इस खग का स्नेह काफलों से, इस की कूक पुरानी!
पीले फूलों में काँप रही, पर्वत की जीर्ण जवानी!
इस महा पुरातन नगरी में, महा चकित यह पर देशी,
अनमोल कूक, झँपती झुरमुट, गुंजार अमोल पुरानी![1]

प्रकृति का यह चितेरा कवि मिडिल पास करने के बाद हाईस्कूल की शिक्षा प्राप्ति के लिए पौड़ी के मैसम्योर कॉलेज गए। यहीं उनकी भेंट उनके परम मित्र शंभुप्रसाद बहुगुणा से हुई, जिन्होंने बाद में इनकी समग्र रचनाओं के संकलन प्रकाशित किए। इन्हें इंटरमीडिएट करने के लिए डी.ए.वी. कॉलेज देहरादून जाना पड़ा। 'देहरादून', 'मंसूरी', 'काफलपाकू', 'मेघलोचन' जैसी अनेक कविताएँ कवि ने देहरादून में ही रची थी। अपनी बौद्धिकता के बल पर कवि ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक पूर्ण किया। 1941 में इतिहास विषय में एम.ए. के लिए चंद्रकुँवर लखनऊ विश्वविद्यालय गए। यहाँ रहकर उन्होंने अनेक कविताएँ लिखीं। यहीं उनका परिचय निराला जी से हुआ। तपेदिक से ग्रस्त होने के कारण चंद्रकुँवर पुन: हिमालय की गोद में आ गए। उन्होंने अगस्त्यमुनि में जूनियर-हाईस्कूल की स्थापना में योगदान दिया। यहाँ कुछ समय अध्यापन के पश्चात स्वास्थ्य बिगड़ने पर अपने पैतृक गाँव पंवालिया की शांत घाटियों में लगभग सात वर्ष अपने काव्यसुमन अर्पित करते रहे। पंवालिया वह स्थान है, जहाँ की प्राकृतिक शोभा से कवि की शुष्क आत्मा हरित हो जाती है–

मेरे गृह से सुन पड़ती गिरिवन से आती
हँसी स्वच्छ नदियों की सुन पड़ती विपिनों की,
मर्मर ध्वनियाँ, सदा दीख पड़ते द्वारों से
खुली खिड़कियों से हिमगिरि के शिखर मनोहर,[2]

जिस प्रकार हारिणी कथा के नायक 'जीतू' की मनोरम छवि एवं उसकी मधुर बांसुरी के नाद पर मोहित होकर अप्सराओं ने उसे हर लिया था, उसी प्रकार प्रकृति के इस अमर कवि को भी मात्र 28 वर्ष 24 दिन की अल्पावस्था में 14 सितंबर 1947 को प्रकृति-सुंदरी ने हर लिया था। अंतिम विदा पर वे सांसारिक संबंधियों की अपेक्षा प्रकृति से विदाई माँगते हैं –

विदा-विदा हे हरित तृणों की सुंदर धरणी,
विदा-विदा हे मानव पशु पूजित जननी,
अब न तुम्हें पूजूँगा मैं इस नभ के नीचे,
तुम भी मुझे विदा दो हे प्रभु, हे परमेश्वर, [3]

चंद्रकुँवर बर्त्वाल के साहित्य का अधिकांश संपादन-प्रकाशन उनके परम मित्र शंभुप्रसाद बहुगुणा जी द्वारा किया गया, जिनमें प्रमुख संग्रह हैं – मेघनंदनी (1946), सुंदर-असुंदर (1949), कंकड़ पत्थर (1950), विराट हृदय (1950), विराट ज्योति (1950), पयस्विनी (1951), गीत माधवी (1951), मानस मंदाकिनी (1951), जीतू (1952), काफल पाक्कू (1952), प्रणयिनी (1952), नागिनी (एकांकी, कहानी, यात्रा-वृतांत) (1952), साकेत परीक्षण (1952), नाट्य नंदिनी (1953) आदि। डॉ. उमाशंकर सतीश ने 'चंद्रकुँवर बर्त्वाल का कविता संसार' (2004), श्री बुद्धिबल्लभ थपलियाल ने 'चंद्रकुँवर' (1999) तथा डॉ. योगम्बर बर्त्वाल ने 'चंद्रकुँवर बर्त्वाल : संपूर्ण काव्य साहित्य' (2022) नाम से इनकी रचनाओं का पुन: संकलन किया।

साहित्य-सृजन चंद्रकुँवर का परम ध्येय रहा और प्रकृति उनका ईष्ट है। सामान्य जन परमात्मा के सम्मुख वैभव माँगते हैं, और यह कवि स्वर्ग-सरि 'मंदाकिनी' से काव्य-सृजन की शक्ति माँगते हैं –

स्वर्ग-सरि मंदाकिनी! हे स्वर्ग-सरि मंदाकिनी!
मुझको डुबा निज काव्य में हे स्वर्ग-सरि मंदाकिनी! [4]

चंद्रकुँवर ने असंख्य विषयों पर काव्य रचा। 'यशस्वियों की पृथ्वी से लेकर सड़क पर मरे हुए एक कुत्ते तक पर उनकी कवि दृष्टि गई है।' [5] उनका कवित्त्व छायावाद की उर्वरा भूमि का वरण करते हुए भी अपनी नव्यता लिए हुए है। डॉ. योगम्बर बर्त्वाल के अनुसार – 'कवि की रचनाओं में प्राय: छायावाद की झाँकी भी मिलती है। रचनाकाल की दृष्टि से प्रगतिवाद के लक्षण भी मिलते हैं, हिमालय और गंगा कवि के मुख्य विषय

थे। राष्ट्रीय जागरण हो या स्वतंत्रता आंदोलन सामाजिक दृष्टि से सभी विषयों में कवि बर्त्वाल की स्पष्ट दृष्टि एवं भविष्य की कल्पना थी।' [6]

पर्वत प्रदेश का वासी होने के नाते उनकी कविताओं में धरती, आकाश, पर्वत, नदियाँ, निर्झर, वृक्ष, फल, फूल, पत्ते, बादल, वर्षा, पशु, पक्षी जाने कितने दृश्य मूर्त हो उठे हैं। प्रकृति-प्रेम कवि का प्रकृति-सानिध्य से उपजा है। उन्होंने स्वयं कहा है कि जाने कितनी रातें कितने दिन प्रकृति के साथ बीती –

तुम्हारे साथ अनेकों प्रात, मनोरम दो पहरें निर्वात,
अनेकों बीती सन्ध्याएँ, अनेकों रातें पुलकित गात! [7]

प्रकृति के माध्यम से भावों का प्रसार छायावाद का उत्स है। कवि हँसते हैं तो प्रकृति बच्चों की भाँति खिलखिला उठती है –

हँसी दिशाएँ, चमके तारे
बहीं सुशीत हवाएँ,
मेघों से घिर बनी मनोहर
रागारुण सन्ध्याएँ। [8]

कवि के रुदन में प्रकृति का रुदन मिलता है। मृत्युबोध से उठी गहन संवेदना प्राकृतिक प्रतीकों से अधिक मर्मस्पर्शी हो जाती है –

हाय आज के फूल न कल तक रह पाएँगे,
नयनों में ही कोमल स्वप्न बिखर जाएँगे,
आज हो रहा है मेरी कुंजों में गुंजन,
और उठेगा कल द्रुम-द्रुम में निष्फल रोदन! [9]

निजी भावों को प्रकट करने हेतु कवि के पास प्रकृति से बेहतर उपादान नहीं है। प्रिय-मिलन की आकांक्षा कवि समुद्र से मिलने जाती आतुर नदियों से बिम्बित करते हैं –

मेरी बाँहें सरिताओं सी आकुल होकर,
दिशा-दिशा में खोज रही हैं वह प्रिय सागर,
जिसे हृदय पर धर कर मिलती शांति चिरंतन,
जिसे देख कर कुछ न दीखता फिर पृथ्वी पर,
मेरी बाहें खोज रही हैं वह प्रिय सागर! [10]

कवि को मेघ और वर्षा का चित्रण करना अतिप्रिय रहा है। उनके मेघ और वर्षा, जहाँ अपनी शीतल बूँदों से धरती को हरित कर देते हैं –

जिन पर मेघों के नयन गिरे
वे सब के सब हुए हरे, [11]

वहीं प्रलयकारी वृष्टि से तहस-नहस होते पहाड़ी जनजीवन का कटु सत्य भी उजागर करते हैं –

मेघ गरजा
घोर नभ से मेघ गरजा
गिरी बरसा
प्रलय रव से गिरी बरसा
तोड़ शैलों के शिखर,
बहा कर धारें प्रखर
ले हजारों घने धुँधले निर्झरों को,
कह रही है वह नदी से
उठ अरी उठ
कई जन्मों के लिए तू आज भरजा,
मेघ गरजा, [12]

कहने का तात्पर्य है कि चंद्रकुँवर का प्रकृति-दर्शन पंत की भाँति कला-सौंदर्य तक सीमित नहीं है। कवि ने इस प्रदेश के अच्छे-बुरे, कोमल-कठोर सब अनुभव प्रकृति के माध्यम से प्रकट किए हैं। उसमें अमृत है तो विष भी, सुकुमार फूल हैं तो खून से तर कर देने वाले काँटे भी, घनघोर अंधकार है तो स्वर्णिम प्रभात भी।

मैंने जीवन भर पर्वत देखे,
दुर्गम, बर्फानी, उजाड़, हिम-धाम सरीखे
उठते गिरते पथ, का ही क्रम मैंने जाना,
हिम-शिखरों को नयनों ने सीखा अपनाना
गंगा गिरती है मेरे गिरी शिखरों से,
मैंने जीवन भर पर्वत देखे, [13]

इन पंक्तियों में स्वयं कवि का ही नहीं अपितु संपूर्ण हिमवंत-वासियों का पर्वत सा कठोरतम जीवन प्रतिबिंबित होता है। डॉ. असवाल कहते हैं कि 'प्रकृति चित्रण में बर्त्वाल प्रकृति का केवल रंग-रूप ही नहीं लेते बल्कि उसमें वहां की मिट्टी की सोंधी गंध है। वहां का जन-जीवन है, वहां का रहन-सहन है, वहां की विचारधारा और रूढ़ियाँ भी हैं। उनका परिचय इस प्रकृति से बहुत पुराना है बल्कि कवि के ही शब्दों में कहें तो जन्म-जन्मांतर का है, कवि की अंतिम इच्छा यही है कि यदि

यहीं उनका पुन:जन्म हो तो इन्हीं फूलों से लदी घाटियों, हिम से ढकी चोटियों के बीच हो।' [14]

छायावादी 'आत्मपरकता' चंद्रकुँवर के काव्य का प्राण है। यौवनावस्था में प्रेम, प्रेम से वंचना, तपैदिक के कारण मृत्युबोध, जिजीविषा, रोगग्रस्त अवस्था में प्रियजनों की अवहेलना आदि सबकुछ उनके काव्य में प्रस्फुटित हुआ है। उस वक्त क्षय रोग लाइलाज था। पंवालिया में वे अपने जीवन के चंद पल जी रहे थे। युवावस्था में मृत्युबोध उनके समस्त सपनों पर कहर बन गया था। नदी की गति के माध्यम से असमय मृत्यु का क्षोभ और इस काया की नश्वरता इन पंक्तियों में द्रष्टव्य है –

नदी चली जाएगी यह न कहीं ठहरेगी!
उड़ जाएगी शोभा रोके यह न रुकेगी!
झर जाएँगे फूल हरे पल्लव जीवन के,
पड़ जाएँगे पीत एक दिन शीत मरण से! [15]

कवि की मृत्युबोध से उपजी जिजीविषा अधिक समाजोपयोगी है। वर्तमान समाज जिस प्रकार नैतिक मूल्यों के ह्रास से त्रस्त है। जीवन की आपाधापी, आकांक्षा, एकाकीपन, संघर्ष और असफलता के निमित्त कई युवाओं में जीवन के प्रति भय, त्रास, नैराश्य, कुंठा, क्षोभ इत्यादि अनेक दुर्भावनाएँ भर जाती हैं। जिस कारण कई बार युवा पीढ़ी स्वयं या दूसरों के जीवन को नष्ट कर देने का दुष्कृत्य तक कर बैठते हैं। ऐसे में कवि की तमाम पीड़ाओं में जीने की स्वानुभूतियाँ और इस संसार को अपना सब कुछ अर्पित करने का भाव निश्चित तौर पर प्रेरणाप्रद है। कवि की जिजीविषा और सर्वस्व अर्पण के भाव का एक उदाहरण द्रष्टव्य है –

मुझे प्रेम की अमर पुरी में अब रहने दो!
अपना सब कुछ दे कर कुछ आँसू लेने दो,
प्रेम की पुरी जहाँ रुदन में, अमृत झरता,
जहाँ सुधा का स्रोत उपेक्षित सिसकी भरता,
जहाँ देवता रहते लालायित मरने को,
मुझे प्रेम की अमर पुरी में अब रहने दो! [16]

इन पंक्तियों में कवि का जन्मभूमि के प्रति अगाध प्रेम और इस धरती को अमर पुरी कहकर 'देवभूमि' संज्ञा की सार्थकता भी द्रष्टव्य है।

जीवन और प्रकृति का मूल्य वही प्राणी समझ सकता है, जिसे मृत्यु के गरल दंत ने दबाया हो। कवि की मार्मिक भावनाओं में उनकी आत्मपीड़ा मिलती है। जिस जीवन को नैराश्य की अवस्था में हम निरर्थक समझते हैं और जिस प्रकृति का हम हितसाधन के लिए निरंतर क्षरण करते हैं, वह कितना अर्थपूर्ण और हितसाधक हैं, इन पंक्तियों से समझ सकते हैं–

कहाँ मिलेगी मर कर इतनी सुंदर काया,
जिस पर विधि ने है जग का सौंदर्य लुटाया,
हरे खेत ये विजन वनों की बहती नदियाँ,
पुष्पों में फिरती भिखारिणी ये मधुकरियाँ,
कहाँ मिलेगी मर कर इतनी शीतल छाया,
कहाँ मिलेगी मर कर इतनी सुंदर काया! [17]

इनके काव्य में यौवनावस्था की प्रेमानुभूतियाँ भी मिलती हैं। फर्क इतना है कि चंद्रकुँवर की प्रेयसी 'आँसू' की नायिका की भाँति छलना प्रतीत नहीं होती है बल्कि वह गीली आँखों से हर–पल कवि का चिंतन करती है। कवि कहते हैं –

प्यार मुझे कोई गीली आँखों से करती!
मेरे ही चिंतन में कोई डूबी रहती, [18]

चंद्रकुँवर प्रिय वियोग की आशंका में घनीभूत पीड़ा से द्रवित भी नहीं दीखते। जीवन की क्षणभंगुरता से परिचित होने के कारण कवि कहते हैं कि मुझे प्रिय का नाम जपने दो, यमुना जैसे नेत्रों में डूबने दो और उसके गंगा जैसे प्रिय वचनों में बहने दो –

मधुर स्वरों में मुझे नाम प्रिय का जपने दो!
मधु ऋतु की ज्वाला में जी भर कर तपने दो,
मुझे डूबने दो यमुना में प्रिय नयनों की,
मुझ को बहने दो गंगा में प्रिय वचनों की,
मुझे रूप की कुंजों में जी भर फिरने दो,
मधुर स्वरों में मुझे नाम प्रिय का जपने दो! [19]

यद्यपि कहीं–कहीं उनका प्रिय अज्ञात सत्ता का भान भी कराता है, प्रतीत होता है कि कवि–हृदय उसे जन्म–जन्म से खोज रहा है और उसके मिलन से कवि चिरंतन शांति में लीन हो जाएँगे। उसकी कल्पना मात्र से कवि को पृथ्वी पर कुछ नहीं दीखता।

चन्द्रकुँवर के काव्य में 'आंचलिकता' इन्हें छायावाद के चारों स्तंभों से विशिष्ट बनाती है। उत्तराखण्ड में 'स्वीली–घाम' जैसे लोक प्रचलित शब्द पर उन्होंने पूरी

कविता ही लिख डाली। पहाड़ों में गुलाबी-पीली धूप 'स्वीली-घाम' कहलाती है। 'हिमवंत में जन विश्वास है कि जो आसन्न-प्रसवा प्रसव के समय मर जाती है, वह अंधकार के लोक से अपने शिशु सहित इस समय धूप सेकने पृथ्वी पर आ जाती है और धूप उड़ने पर वह भी कहीं लीन हो जाती है।' [20] यह कविता असुविधाओं के कारण पहाड़ों में प्रसूताओं की असमय मृत्यु की ओर भी संकेत करती है।

इनकी कविताओं में हमें रैमासी का वह दिव्य फूल भी मिलेगा जो हिमवंत का प्रिय फूल है। जो बर्फ पिघलने पर ऊँचे बुग्यालों में खिलता है। माँ गिरिजा, जिनको दिनभर चुनकर अपने पावन दुकूल में भरकर लाती थी और अपने नाथ शंकर के चरणों में अर्पित करती थी। राईमासी की दिव्यता स्मरण कर कवि पृथ्वी से विस्मृत हो जाते हैं -

मेरी आँखों में आए वे राई मासी के दिव्य फूल!
मैं भूल गया इस पृथ्वी को मैं अपने को भी भूल गया! [21]

वह काफल-वृक्ष पर उगने वाला जंगली मीठा फल जिसको चखने के लिए ग्वाल-बाल हर पल लालायित रहते हैं और वह लोककथा की काफलपाकू पक्षी जो उत्तराखंड का पर्याय है, इनकी कविता के प्रिय विषय रहे हैं। डॉ. असवाल कहते हैं कि 'चंद्रकुंवर ठेठ हिमवंत का कवि है। उसी प्रकार से जिस प्रकार से 'राईमासी' ठेठ हिमवंत का फूल है या 'काफलपाकू' ठेठ हिमवंत का पक्षी है। जो निश्चित समय में ही हिमवंत में पाए जाते हैं।'[22]

काफल उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में उस वक्त पकता है, जब शायद ही कोई अन्य फल मिलता हो। इस फल का पकना और इसके साथ काफलपाकू पक्षी का मार्मिक ध्वनि करना - 'काफल पाकू, मैं ना चाखो' यहाँ के जनजीवन में सहज घुला-मिला है। 'काफलपाकू' कविता में कवि ने पूरे प्रदेश का सुंदर वर्णन किया है। इस कविता में मानव ही नहीं मानवेतर जीवों, पेड़-पौधों, नदी-निर्झरों की वेदना भी मिलती है। बसंतागमन की मादकता के पश्चात, चारों दिशाओं में फैली जेठ की तपन भरी दुपहरी की उदासी का चित्रण विश्व वेदना जान पड़ती है-

'हे मेरे प्रदेश के वासी!
छा जाती वसंत जाने से जब सर्वत्र उदासी,
झरते झर-झर कुसुम तभी, धरती बनती विधवा-सी,
गंध-अंध अलि होकर म्लान
गाते प्रिय समाधि पर गान' [23]

कवि आगे कहते हैं कि इस नंदन वनवासी पक्षी के आगमन से वनदेवी पुन: खिल उठती है 'क्षण-भर में कर देते तुम खग, इस पृथ्वी को नंदन।' [24]

यह कविता पहाड़ की वर्तमान मूलभूत समस्या पलायन का दर्द भी अभिव्यक्त करती है -

हे मेरे हिम-प्रदेश के वासी!
जन्म भूमि तज देश में रहने लगा प्रवासी!
सावन आया दु:ख से मेरे उमड़ी अतुल उदासी!
बरसी झर-झर-झर अश्रु धार!
शैलों पर छाया अंधकार! [25]

चंद्रकुँवर इलाहाबाद रहे, लखनऊ रहे किंतु मातृभूमि की प्राकृतिक शोभा कभी विस्मृत नहीं कर पाए। सावन की अंधेरी घनी रात में कवि अचानक उठकर, निज मातृभूमि का चिंतन कर भावुक हो उठते हैं। तभी उन्हें उस परिचित मधुर स्वर (काफल-पाक्कू, काफल-पाक्कू) का आभास होने लगा और वह ध्वनि शब्द-वाणी से चिरजीवी बन गई -

एक अंधेरी रात बरसते थे जब मेघ गरजते,
जाग उठा था मैं शय्या पर दु:ख से रोते-रोते,
करता निज जननी का चिंतन,
निज मातृ-भूमि का प्रेम स्मरण,
उसी समय तम के भीतर से मेरे घर के भीतर,
उसी समय लगा गूँजने धीरे एक मधुर परिचित स्वर -
'काफल-पाक्कू' 'काफल-पाक्कू' [26]

इसी प्रकार लोककथात्मक कविता 'जीतू' उत्तराखण्ड की प्राकृतिक पृष्ठभूमि पर रची गई है। इसमें पहाड़ के सरल जनजीवन को जीवंत किया गया है। यह कविता पहाड़-प्रेम, पलायन, पूँजीपति वर्ग के प्रति आक्रोश, वंचितों के प्रति सहानुभूति इत्यादि अनेक गहन संवेदनाओं को भी व्यक्त करती है। नायक 'जीतू' उस घाटी का चरवाहा है,

जहाँ असीम शांति है, सरि-पुलिनों में वसंत खिलता है, शीतल हवा, निर्मल जल और निष्पाप जन बसते हैं। उस पुण्य भूमि में सीमित संशाधन होने पर भी लोग सुखी हैं, क्योंकि वहाँ के लोग युद्धों, भूकम्पों और असम वित्त के वितरण की राजनीति से दूर हैं। कवि कहते हैं –

सुखी लोग थे वे नदियों के रम्य तटों पर
और पर्वतों के शिखरों पर अपनी भेड़ें
चुगा, बाँसुरी बजा शांति से जिन का जीवन
था व्यतीत हो जाता, युद्धों के भूकंपों –
के दुष्ट विचारों से, असम वित्त वितरण से,
दूर खिल रहा था सरोज उन के जीवन का,
थे न उन्होंने अपने सुख के लिए बनाए
वे प्रासाद, गरीबों के लोहू से जिनकी नींव सुदृढ़ हुई, [27]

भारत स्वाधीनता के पश्चात अज्ञेय 'साँप' कविता में जिस नगरीय जीवन की बढ़ती कुटिलता पर व्यंग्य करते हैं – 'साँप तुम सभ्य तो हुए नहीं, नगर में बसना तुम्हें कैसे आया।' [28] 'जीतू' कविता में यह समस्या चंद्रकुँवर भारत स्वाधीनता से पूर्व ही कर चुके थे। नगरीय जीवन की अपेक्षा ग्रामीण जीवन के भोलेपन का चित्रण करते हुए कवि कहते हैं –

'सभ्य समाजों की वह विविध कलाएँ, मन को
जो सिखलातीं कुटिल कर्म विधिपूर्वक करना,
झूठ बोलना, धन हारना, व्यभिचारी बनना,
सभ्य समाजों में फिरते ये कुटिल सर्प,
थे अभी न हिमगिरि के उस पुष्प-विपिन में पहुँचे,
वहाँ अभी था सत्य कंठ में, प्रेम हृदय में,
वाणी में शीतलता थी, गति में थी रिजुता; [29]

इसी कविता में कवि धार्मिक मतभेदों पर प्रहार करते हुए मानवता के धर्म को श्रेष्ठ बताते हैं। कवि का मानना है कि पहाड़ का जीवन धर्म के आधार पर समाज को कई हिस्सों में विभक्त करने से मुक्त है।

प्रगतिवाद के दौर में चन्द्रकुँवर की प्रगतिशील चेतना अधिक मुखर हुई। कौन कह सकता है कि जिस कवि की सृजनात्मकता हिमालय के सौष्ठव, वसंत के गीत, बाँज की जड़ों का ठंडा पानी, बुराँश के लाल फूल, चीड़ और देवदारु के घने जंगलों की शोभा, रैमासी के दिव्य फूल की सुगंधी, काफल के मीठे फल और काफलपाकू पक्षी का मादक कलरव से आरंभ होती है, वह बाद में कंकड़ पत्थर, काँटा, छुर्री, आँधी, बाँस का लट्ठ, मक्खियाँ, खटमल-विलाप, भूखे किसान इत्यादि अनेक शुष्क किंतु संवेदनशील प्रतिमानों से युक्त कविताओं का सृजन करेगा। कोयल की मधुर कूक से जिनके तार-तार झंकृत होकर हर्षोन्मत्त हो झूम उठते थे, वह कूक अब उन्हें रोना लगता है, उसके स्थान पर कवि को भूखे कौओं का रूखा कटु स्वर पसंद आने लगता है। वस्तुत: कवि की सामाजिक संवेदनशीलता रुग्णावस्था में भी पलायन नहीं कर पाई थी। 'कंकड़-पत्थर' कविता उनकी प्रगति चेतना का चरम है। यहाँ कंकड़-पत्थर शोषित वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है, उसमें राजाओं, उमरावों के पाँव खून से तर करने की शक्ति है –

ये मोती हैं नहीं सुघर, ये न फूल पल्लव सुंदर,
ये राहों में पड़े हुए धूल भरे कंकड़-पत्थर!
राजाओं उमरावों के पाँवों से घृणा इन्हें,
मजदूरों के पाँवों को धरते ये अपने सिर पर!
भूल से इन्हें छू लें यदि कभी किसी राजा के पाँव
तो ये उस के तलुए काट कर दें उसे खून से तर, [30]

किंतु यही कंकड़-पत्थर जिनपर भिखारिणी नंगे पाँव चलती हैं, उनके लिए वह मख़मल बन जाते हैं –

किंतु माँग खाने वाली भिखारिणी के पाँव में,
बन जाते ये जैसे हों मखमल की कोई चादर! [31]

'काँटा' कविता में भी कवि शोषक वर्ग की अपेक्षा शोषित वर्ग को अधिक ताकतवर बताते हैं –

मैं काँटा हूँ फूल नहीं!
अरे फूल मैं तुझ से भी बहुत बड़ा हूँ भूल नहीं!
शक्तिमान मैं, तू नादान, तू छोटा, मैं बहुत महान!
मेरे प्राणों के भीतर है ताकत कोरी धूल नहीं!
मैं काँटा हूँ फूल नहीं! [32]

'भूखे किसान' कविता में कवि ने दो जून की रोटी के लिए लालायित भूखे किसानों की दुर्दशा का मार्मिक चित्रण किया –

मेरी आँखों से कहीं नहीं जाते हैं ये भूखे किसान,
सिर पर शोकों के भार लिए रोगों से कृश सूखे किसान। [33]

इसी प्रकार स्त्रियों की दुर्दशा भी कवि की दृष्टि से ओझल नहीं रही। 'स्वीली-घाम' कविता जहाँ पहाड़ की दुरूहताओं के कारण आसन्न प्रसवा स्त्री के असमय मृत्यु

का क्रूर सत्य प्रस्तुत करती है, वहीं 'नारी' कविता में एक ऐसे पुरुष का चित्रण है, जो कुछ दिन पहले ही अपनी पत्नी को गंगा किनारे जला आया है, एक-दो दिन शोक का ढोंग करने के बाद रंग-बिरंगे वस्त्र पहनकर, वह शीशे पर तरह-तरह की पोज बनाता है और अंत में बालक बनकर दूसरा विवाह कर लेता है, अपनी पूर्व पत्नी को सदा के लिए विस्मृत कर देता है। कवि उस मृत स्त्री के स्वर में कहते हैं -

तुम मरते यदि नाथ और मैं जीवित रहती
तुमने जैसा किया, वही क्या मैं भी करती ?[34]

'बाँस का लट्ठ' कविता में कवि हिंदू-मुस्लिम दंगों का सजीव चित्रण करते हैं। दंगों में बाँस का लट्ठ एटम बम से भी ताकतवर हो गया था, जिसने कई निर्दोष हिंदुओं और मुसलमानों की जान ले ली थी। यह कविता उन राजनेताओं पर व्यंग्य है, जिनके कारण अखंड भारत दो खंडों में विभाजित हो गया था।

'मैकाले के खिलौने' कविता में कवि ने मैकाले की शिक्षा नीति का जमकर विरोध किया। देश को गुलाम बनाने वाले कृतदासों की अवहेलना करके कवि अपनी राष्ट्रीय-चेतना प्रकट करते हैं।

काव्य-कला की दृष्टि से कवि बर्त्वाल विशुद्ध छायावादी अधिक दीखते हैं। अविधा में लक्षणा और व्यंजना का सुंदर परिपाक उनके काव्य में सर्वत्र मिलता है। छायावाद का प्रिय अलंकार मानवीकरण के बिना तो उनकी कविताएँ पूर्ण नहीं होती। उदाहरण के लिए 'हेमंत प्रात' की इन पंक्तियों को देखिए -

द्वार खोल गृह के, किरणों से आँगन भर,
बैठा यह हेमंत प्रात, नीरव पृथ्वी पर!
नयन मूँद रवि की कोमल किरणों से तपता,
आने वाले प्रिय बसंत के स्वप्न देखता![35]

यहाँ हेमंत ऋतु को मानवीय भावों से संयुक्त बताकर मानवीकरण अलंकार मिलता है। इसके साथ ही आने वाले प्रिय वसंत का स्वप्न मात्र हेमंत का स्वप्न नहीं जान पड़ता, कवि का रोग से शिथिल शरीर भी सुखमय जीवन की प्रतीक्षा करता जान पड़ता है। कविता की अंतिम पंक्ति 'निठुर मृत्यु के प्रबल वेग की मर्मर ध्वनि' में यह व्यंजना स्पष्ट हो जाती है। मानवीकरण के अतिरिक्त उपमा भी इनका प्रिय अलंकार रहा है।

भाषिक स्तर पर इनके काव्य में शुद्ध, परिनिष्ठित, लालित्य एवम् गेयता युक्त खड़ीबोली हिंदी का प्रयोग मिलता है। इन्होंने स्वीली घाम, बाँज, बुराँश, राईमासी, काफल, जीतू, भोटिया कुत्ता जैसे अनेक आँचलिक शब्दों का प्रयोग किया है। छायावाद के अन्तर्जगत की कलात्मकता - अलंकार, प्रतीक, बिंब, गेयता, तुकबंदी, लयबद्धता इनके काव्य का प्राणतत्त्व है। मधुरता, लयबद्धता एवं गीतिधर्मिता का एक हृदयस्पर्शी उदाहरण प्रस्तुत है -

अब छाया में गुंजन होगा
वन में फूल खिलेंगे
दिशा-दिशा में सौरभ के
धूमिल मेघ उठेंगे।[36]

बाद में पंत और निराला की भाँति प्रगतिशील कविताओं में मुखरता एवं व्यंग्यपरकता के कारण कवि बर्त्वाल प्रगतिवाद के निकट पहुँच जाते हैं।

**निष्कर्ष :**

हम कह सकते हैं कि चंद्रकुँवर बर्त्वाल का काव्य हिंदी साहित्य में चन्द्र के समान दैदीव्यमान है। उनका काव्य प्रकृति के सानिध्य में समृद्ध होता है, प्रकृति उनकी ईष्ट है, उससे उनका जन्म-जन्मातर का संबंध है। उनका प्रकृति-चित्रण मात्र स्वरूप-चित्रण तक सीमित नहीं है। उसमें उनकी आत्मा ध्वनित होती है तथा पर्वतीय जन-जीवन की सौंधी मिट्टी की खुशबू महकती है। वैक्यतिक अनुभूतियाँ - मृत्युबोध, जिजीविषा, यौवनावस्था का प्रेम, विरह इनके काव्य को अधिक मार्मिक बनाती हैं। गरीबों, मजदूरों, श्रमिकों, दलितों, शोषित स्त्रियों ही नहीं निराश्रित जानवरों के प्रति भी उनकी सहानुभूति प्रकट होती है, यह प्रगतिशील चेतना का आधार है। भावपक्षीय एवं कलापक्षीय विशिष्टताओं के आधार पर चन्द्रकुँवर, प्रसाद, पंत, निराला और महादेवी के समकक्ष हैं। इस आधार पर उन्हें छायावाद का पंचम स्तंभ या फिर छायावाद और प्रगतिवाद के संधिकाल का कवि कहा जा सकता है। यद्यपि चिंतनीय विषय है कि अल्पसमय में वृहद साहित्य-सृजन करने पर भी हिंदी साहित्य के महत्त्वपूर्ण इतिहास ग्रंथों एवं आलोचनाओं में एक शताब्दी बीतने पर भी चन्द्रकुँवर उपेक्षित हैं। साहित्य-इतिहास के पृष्ठ अब भी इस अदृश्य कवि के लिए प्रतीक्षारत हैं। ❑

**संदर्भ सूची :**


1. बर्त्वाल योगंबर सिंह, चन्द्रकुँवर बर्त्वाल का संपूर्ण काव्य साहित्य, प्रकाशक–चन्द्रकुँवर बर्त्वाल शोध संस्थान उत्तराखण्ड बी. ज्योति विहार, देहरादून, उत्तराखण्ड, मुद्रक–समय साक्ष्य 15 फालतू लाइन, देहरादून, संस्करण–प्रथम, 2022, पृष्ठ संख्या – 466–467
2. वही, पृष्ठ – 454
3. असवाल हरेंद्र सिंह, चन्द्रकुँवर बर्त्वाल की कविताएँ, स्वराज प्रकाशन, अंसारी रोड़, दरियागंज नई दिल्ली, प्रथम संस्करण–2019, पृष्ठ – 22
4. बर्त्वाल योगंबर सिंह, चन्द्रकुँवर बर्त्वाल का संपूर्ण काव्य साहित्य, पृष्ठ – 526
5. असवाल हरेंद्र सिंह, चन्द्रकुँवर बर्त्वाल की कविताएँ, पृष्ठ – 31
6. बर्त्वाल योगम्बर सिंह, चन्द्रकुँवर बर्त्वाल का जीवन दर्शन, प्रकाशक –चन्द्रकुँवर बर्त्वाल शोध संस्थान उत्तराखण्ड बी. ज्योति विहार, देहरादून, उत्तराखण्ड, मुद्रक – समय साक्ष्य 15 फालतू लाइन, देहरादून, संस्करण – प्रथम, 2011, पृष्ठ – 16
7. वही, पृष्ठ – 38
8. बर्त्वाल योगंबर सिंह, चन्द्रकुँवर बर्त्वाल का संपूर्ण काव्य साहित्य, पृष्ठ – 161
9. वही, पृष्ठ – 108
10. वही , पृष्ठ – 106
11. वही, पृष्ठ – 293
12. वही, पृष्ठ – 105
13. वही, पृष्ठ – 311
14. असवाल हरेंद्र सिंह, चन्द्रकुँवर बर्त्वाल की कविताएँ, पृष्ठ –38
15. बर्त्वाल योगंबर सिंह, चन्द्रकुँवर बर्त्वाल का संपूर्ण काव्य साहित्य, पृष्ठ – 108
16. वही, पृष्ठ – 105
17. वही, पृष्ठ – 107
18. वही, पृष्ठ – 109
19. वही, पृष्ठ – 105
20. वही, पृष्ठ – 427
21. वही, पृष्ठ – 411
22. असवाल हरेंद्र सिंह, चन्द्रकुँवर बर्त्वाल की कविताएँ, पृष्ठ – 40
23. बर्त्वाल योगंबर सिंह, चन्द्रकुँवर बर्त्वाल का संपूर्ण काव्य साहित्य, पृष्ठ – 473
24. वही, पृष्ठ – 474
25. वही
26. वही
27. वही, पृष्ठ – 251
28. अज्ञेय, साभार – काव्यकोश
29. बर्त्वाल योगंबर सिंह, चन्द्रकुँवर बर्त्वाल का संपूर्ण काव्य साहित्य, पृष्ठ – 252
30. वही, पृष्ठ – 267
31. वही
32. वही, पृष्ठ – 269
33. वही, पृष्ठ – 283
34. असवाल हरेंद्र सिंह, चन्द्रकुँवर बर्त्वाल की कविताएँ, पृष्ठ – 34
35. बर्त्वाल योगंबर सिंह, चन्द्रकुँवर बर्त्वाल का संपूर्ण काव्य साहित्य, पृष्ठ – 418
36. असवाल हरेंद्र सिंह, चन्द्रकुँवर बर्त्वाल की कविताएँ, पृष्ठ – 44

ISSN 2321-4945
PEER REVIEWED & REFEREED JOURNAL
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

विमर्श

# नारी की परिस्थितियाँ, चुनौतियाँ और प्रगति पर एक परिप्रेक्ष्य

**नीलाक्षी पावे**

शोधार्थी, हिंदी विभाग
कॉटन विश्वविद्यालय
पान बाजार गुवाहाटी- 781001, असम
8724092152,7002391185
nilakshi.pawe007@gmail.com

**शोध सार :**

भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति और दिशा को समझना अति आवश्यक विषय है। नारी समाज का वह वर्ग है, जिसके बिना समाज अधूरा है। नारी न हो तो घर नहीं, घर न हो तो समाज नहीं और समाज न हो तो राष्ट्र नहीं बनता। पर अपसोस यह पुरुष प्रधान समाज महिलाओं का सम्मान न कर उन पर अनगिनत हिंसा, शोषण और अत्याचार करते हैं। महिलाओं के विरुद्ध हिंसा, उनकी प्रकृति, परिवेश और प्रगति की दिशा, इन सभी बातों पर चिंता चर्चा जरुरी है। यहाँ हिंसा के विभिन्न रूप देख सकते हैं, जैसे - बलात्कार, शोषण, योन-उत्पीड़न, दायनी-हत्या, बाल-विवाह, पुरुषों को तलाक अधिकार, तेजाब-फेकना, मार-पीट, गाली-गलौज आदि हैं। महिलाएं पहले डबी रहती थी, अशिक्षित थी, वास्तविकता से अंजान और अज्ञान थी। इसी चीढ़ का समाज ने बहुत ?ायदा उठाया। पुरुष प्रधान सोच और अशिक्षा इसके जिम्मेदार रहे हैं।

आज समय बदल गया है। पुराने समय की तुलना में वर्त्तमान समय में नारी काफी विकसित है। नारी आज शिक्षित हैं, वें जागरूक हैं, आत्मनिर्भर हैं। वें अपने हक के लिए आवाज उठाती हैं। नारी साहसी और आत्मविश्वासी बन गयी हैं। वें सामाजिक, पारिवारिक, राजनीतिक, आर्थिक एवं मानसिक रूप से विकसित हुई हैं तथा वें प्रगति की दिशा में अग्रसर हैं। उनकी स्थिति में सकारात्मक सुधार आये है। इस बदलाव का कारण शिक्षा है। इस ज्ञान के माध्यम से नारी समाज को प्रगति की दिशा मिली है। नारी के विकास से ही समाज का विकास होता है।

**बीज शब्द :**

नारी-प्रकृति, नारी-शिक्षा, नारी-समाज, परिस्थितियाँ, चुनौतियाँ, विरोधी स्वर, प्रगति व परिवर्तन।

**प्रस्तावना :**

नारी हमारे संपूर्ण समाज की नीवं होती है। नारी के संयोग से ही समाज बनता है। एक घर तभी पूरा होता है, जब वहाँ नारी का वास होता है। उनको लक्ष्मी, दुर्गा, सरस्वती आदि के पर्याय रूप में स्वीकारा गया हैं। लेखिका सुषमा जैमन इस संदर्भ में लिखती हैं कि 'भारतीय नारी ने गार्गी और अपाला के रूप में अपनी विद्त्ता,

कैकयी और लक्ष्मीबाई के रूप में अपने शौर्य तथा सीता और सावित्री के रूप में अपने चारित्र्य के जो अमर हस्ताक्षर भारतीय इतिहास में किये हैं, उन्हें दिक्काल का कोई अन्तराल मिटा नहीं पाया है।' [1] पर कहीं-कहीं इसके विपरीत परिस्थितियाँ हैं। नारी को दायनी का रूप भी दिया गया है। प्रारंभिक समय में महिलाओं का सम्मान किया जाता था, फिर परिवेश बदल गये। पुरुष प्रधान समाज ने महिलाओं का हक छीनने का प्रयास किया। उन पर अत्याचार किया, उनका शोषण किया। पुरुष वर्ग ने नारी को अपने वासना का शिकार बनाया। उनकी शिक्षा, अधिकार, सम्मान सब कुछ उनसे छीन लिया गया था। मध्य वक्त में महिलाओं की हालत सबसे बुरी थी। वर्त्तमान समय में महिलाएं राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक सभी क्षेत्रो में उभरकर सामने आयी हैं। नारी के संदर्भ में दार्शनिक एवं लेखक जॉन स्टुअर्ट मिल कहते हैं- 'लेकिन पूरे परिदृश्य का सकारात्मक पक्ष यह है कि आज श्रमजीवी वर्ग और निम्न मध्यवर्ग की स्त्री पूँजी के जुवे तले निकृष्टतम कोटि के उजरती गुलाम के रूप में जुती हुई, भूमंडलीकरण के दौर में, स्त्री-मुक्ति-प्रश्न और श्रमिक-मुक्ति-प्रश्न के अन्तर्सम्बन्धों की नए यथार्थ के आलोक में देखती हुई अपनी भूमिका निर्धारित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।' [2] महिलाओं में वह गुण और शक्ति है, जिससे वह अपना घर तथा बाहरी काम दोनों को बहुत ही अच्छे से संभाल सकती हैं। यह संतुलित प्रतिभा महिलाओं की तुलना में पुरुषों में कम हैं।

**विश्लेषण :**

वैदिक समय में महिलाओं को समाज में काफी अधिकार प्राप्त थे। महिलाएं कुछ हद तक स्वच्छंद थी। प्रारंभिक वैदिक काल में महिलाओं को समाज में अपेक्षाकृत उच्च दर्जा प्राप्त था। उन्हें पुरुषों के बराबर माना जाता था और वें पारिवारिक, सामाजिक और धार्मिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती थी। उपनिषदों में उल्लिखित गार्गी और मैत्रेयी जैसी महिलाएं अपनी बौद्धिक और आध्यात्मिक गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध थी। महिलाओं ने भी वैदिक अनुष्ठानों और बलिदानों में भाग लिया और कुछ ने वैदिक भजनों की रचना भी की। हालाँकि, जैसे-जैसे वैदिक युग आगे बढ़ा, महिलाओं की स्थिति में गिरावट आने लगी। पितृसत्तात्मक व्यवस्था के उद्भव, पारिवारिक और सामाजिक पदानुक्रम पर जोर और ब्राह्मणवादी रीति-रिवाजों और प्रथाओं के बढ़ते प्रभाव ने महिलाओं को हाशिए पर धकेलने में योगदान दिया। महिलाओं की भूमिकाएँ तेजी से घरेलू कर्तव्यों तक ही सीमित हो गयी और सार्वजनिक जीवन एवं बौद्धिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी प्रतिबंधित हो गयी। इस युग के दौरान महिलाओं के सामने आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों में से एक बहुविवाह की प्रथा थी। वैदिक शास्त्रों ने बहुविवाह को मंजूरी दे दी और पुरुषों को कई पत्नियाँ रखने की अनुमति दी गयी। इस प्रथा के कारण महिलाओं का शोषण हुआ, क्योंकि उन्हें अक्सर वस्तुओं के रूप में माना जाता था और उनके साथ असमान व्यवहार किया जाता था। यहाँ पर लड़का जन्म हो इस बात की कामना रही है, पर लड़की के साथ बुरा बर्ताव हो यह भी नहीं कहा है। उत्तर-वैदिक समय में महिलाओं के अधिकारों में कमी आयी। यहाँ बाल-विवाह का प्रचलन आरम्भ हुआ। ज्ञान की कमी में वें पीछे रही और उनको पुरुषों पर निर्भर रहना पड़ा। इसी का फायदा पुरुषों ने उठाया। धर्मशास्त्र समय में महिलाओं को सीख दी गयी कि पति ही भगवान होता है, पति परमेश्वर है, पति चाहे जैसा भी हो उसकी सेवा करना नारी का एकमात्र कर्तव्य होता है। महिलाओं को बताया गया कि वें कभी स्वाधीन नहीं हैं। 'मनुस्मृति' में लिखा है कि, 'नारी कभी स्वतंत्र रहने योग्य नहीं हैं, बचपन में पिता के अधिकार में, युवावस्था में पति के वश में तथा वृद्धावस्था में पुत्र के नियंत्रण में रहे।' [3]

मध्य वक्त सल्तनत काल (1206-1526) और मुगल काल (1526-1857) के दौरान भारत में महिलाओं की स्थिति और चुनौतियों का सामना सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कारकों की एक जटिल परस्पर क्रिया द्वारा किया गया था। सल्तनत काल के दौरान, महिलाओं की स्थिति काफी हद तक इस्लामी कानूनों और रीति-रिवाजों से प्रभावित थी। महिलाओं को पुरुषों से कमतर माना जाता था और उनसे समाज में अधीनस्थ भूमिका निभाने की अपेक्षा की जाती थी। वें बड़े पैमाने पर घरेलू क्षेत्र तक ही सीमित थी। उन्हें शिक्षा, संपत्ति और सार्वजनिक जीवन तक के पहुंच से वंचित रखा गया था। पर्दा या एकान्तवास

की प्रथा भी प्रचलित थी, जहाँ महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर खुद को ढककर अलग-अलग कक्ष में रहना पड़ता था। इन प्रतिबंधों के बावजूद, इस अवधि के दौरान कुछ महिलाएँ राजनीति, साहित्य और कला में अपने लिए स्थान बनाने में सफल रहीं। उदाहरण के लिए, इल्तुतमिश की बेटी रजिया सुल्तान 1236 में दिल्ली पर शासन करने वाली पहली महिला बनीं। हालाँकि, उनका शासनकाल अल्पकालिक था और अंत: में उन्हें मार दिया गया।

मुगल काल में महिलाओं की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखा गया, विशेषकर अकबर के शासनकाल (1556-1605) के दौरान। अकबर की नीतियों ने महिलाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित किया और उन्होंने लड़कियों के लिए एक स्कूल भी स्थापित किया। शाही और कुलीन परिवारों की महिलाएँ भी राजनीति और प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती थी। उदाहरण के लिए, अकबर की पत्नी जोधाबाई एक कुशल राजनीतिज्ञ और सलाहकार थी। हालाँकि, इन प्रगतियों के बावजूद, महिलाओं का जीवन अभी भी सामाजिक और सांस्कृतिक मानदंडों द्वारा काफी हद तक प्रतिबंधित था। पर्दा प्रथा जारी रही और महिलाओं से अपेक्षा की गयी कि वें अपने पतियों और परिवारों के अधीन रहें। मुगल हरम या जनाना भी महिलाओं की कैद और अधीनता का प्रतीक था। मध्य वक्त में मुगल साम्राज्य के आने से मुसलमानों के नियम लागू होने लगे। पर्दा-प्रथा जैसे कठोर नियम बनाये गये। लड़कियों को शिक्षा से दूर रखा गया। पति के जीते जी पूरा जीवन उनकी सेवा करना नारी का धर्म माना गया तथा पति के मृत्यु के बाद भी उनके साथ सती हो जाना, नारी का कर्तव्य माना गया। नारी का सम्पूर्ण जीवन दूसरो की सेवा में ही चला जाता है। महिलाओं के बारे में लेखक जॉन स्टुअर्ट मिल लिखते हैं, 'महिलाओं के सामान्य जीवन का काम साधारण चीजों से ही संबंधित होता है और वह काम जब तक दुनिया चल रही है, तब तक खत्म नहीं हो सकता।' [4]

स्वाधीनता से पहले नारी की स्थिति कुछ अच्छी नहीं थी। ब्रिटिश औपनिवेशिक प्रशासन ने पितृसत्तात्मक मानदंडों को सुदृढ़ किया और महिलाओं की स्वायत्तता को प्रतिबंधित कर दिया। 1860 में पेश की गयी भारतीय दंड संहिता ने सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी को अपराध घोषित कर दिया और उनकी आवाजाही की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित कर दिया। औपनिवेशिक अधिकारियों ने पर्दा या एकांतवास की प्रथा को भी कायम रखा, जिसने महिलाओं को घरेलू क्षेत्र तक ही सीमित कर दिया। हालाँकि अंग्रेजों ने पश्चिमी शिक्षा भी शुरू की, जिसका महिलाओं के जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा। लड़कियों के लिए स्कूलों और कॉलेजों की स्थापना ने महिलाओं को शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम बनाया। यह शिक्षा भले ही सीमित थी, पर पारंपरिक मानदंडों को चुनौती दी थी। पंडिता रमाबाई सरस्वती और बेगम रोकेया सखावत हुसैन जैसी महिलाएँ महिला शिक्षा और सामाजिक सुधार में अग्रणी बनीं। भारतीय बुद्धिजीवियों और सुधारकों के नेतृत्व में सामाजिक सुधार आंदोलन का उद्देश्य महिलाओं की स्थिति में सुधार करना और पितृसत्तात्मक मानदंडों को चुनौती देना था। पितृसत्ता के संदर्भ में लेखिका सुरंजिता रे लिखती हैं, 'पितृसत्ता का सीधा अर्थ होता है - एक पुरुष-प्रधान परिवार में पिता की प्रभुता। पारंपरिक सोच पितृसत्ता को जीव विज्ञान द्वारा निर्धारित तथ्य के तौर पर स्वीकार करती है। बच्चे पैदा कर पाना जो एक जीव वैज्ञानिक घटक है, महिलाओं की मातृत्व की जिम्मेदारियों की सामाजिक स्थिति को निर्धारित करती है। इन जिम्मेदारियों में स्वयं को परिवार को समर्पित कर बच्चों का पालन-पोषण करना, उन्हें पढ़ाना और बड़ा करना सम्मिलित है। एक सामाजिक कल्पना के तौर पर, पितृसत्ता जेंडर के रूढ़िवादी विचारों को बार-बार स्थापित कर पुरुषों को महिलाओं की लैंगिकता, उनके श्रम, उनकी उत्पादकता, उनकी प्रजनन क्षमता और उनकी आवाजाही पर नियंत्रण प्रदान करती है। यह नियंत्रण ऐतिहासिक तौर पर विक्षित हुआ है। इसे इसका संस्थानीकरण और वैधता कई विचारधाराओं, सामाजिक प्रथाओं, ढाँचों और संस्थानों जैसे कि विवाह, धर्म, वर्ग, जाति, प्रजाति, नस्ल, शिक्षा, मीडिया, कानून, राज्य और समाज से प्राप्त हुई है।' [5] ब्रह्म समाज, आर्य समाज और अन्य संगठनों ने महिलाओं की शिक्षा, संपत्ति के अधिकार और सामाजिक सुधार की वकालत की। 1891 में पारित सम्मति आयु अधिनियम ने लड़कियों के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 10 से बढ़ाकर 12 वर्ष कर दी थी।

इन सुधारों के बावजूद, महिलाओं को महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ा। बाल विवाह, दहेज और सती प्रथा कायम रही और सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी सीमित थी। उच्च मातृ-मृत्यु दर और स्वास्थ्य देखभाल तक सीमित पहुंच के साथ महिलाओं का स्वास्थ्य भी एक प्रमुख चिंता का विषय था। महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और सुभाष चंद्र बोस जैसी हस्तियों के नेतृत्व में राष्ट्रवादी आंदोलन का भी महिलाओं के जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा। सरोजिनी नायडू, कमलादेवी चट्टोपाध्याय और हंसा मेहता जैसी महिलाओं ने महिलाओं के अधिकारों और सार्वजनिक जीवन में भागीदारी की वकालत करते हुए राष्ट्रवादी संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभायी। देश का अधिकांश क्षेत्र ग्राम्य जीवन से प्रभावित था। महिलाओं का शोषण होता रहा। उनको घर तक ही सीमित रखा गया। महिलाओं को बच्चे पैदा करने और घर वालों की सेवा करने के लिए रखा जाता था। उनको दूसरों के इच्छानुकूल कार्य करना पड़ता, पर उनके बारे में कोई नहीं सोचता। नारी यहीं समझती थी कि यह उनके पहले जन्म के कर्मो का फल है। महिलाओं को किसी भी संपत्ति पर अधिकार नहीं था। वें खुद दूसरों की सम्पत्ति थी। नारी सामाजिक, राजनीतिक तथा आर्थिक सभी तरफ से पुरुषों पर आश्रित थी।

देश स्वाधीन होने के बाद महिलाओं की स्थिति में परिवर्तन देखने को मिला। उन्होंने गलत परंपरागत रीति-रिवाजों का विरोध कर अपनाने से मना किया। महिलाओं के शिक्षित होने के कारण ही यह बदलाव संभव हो पाया है। महिलाएं शिक्षित होकर समाज को चुनौती देने लगी। वें समाज के रूढ़िवादी बंधनों से आजाद हो रही थी। सामाजिक स्तर में उनका विकास हुआ। वें आत्मनिर्भर बनी। उनका व्यक्तिगत विकास हुआ। महिलाओं में शिक्षा का प्रचलन होने लगा। वे स्कूल के बाद कॉलेज, फिर विश्वविद्यालय तक की शिक्षा ग्रहण करने लगी। शिक्षा के आने से ज्ञान बढ़ता गया, उनकी सोच विचार बदलते गये। बाल-विवाह, पर्दा-प्रथा, सती-प्रथा जैसे कांड समाज में होने बंद हो गये थे। लड़कियाँ हर क्षेत्र, हर विभाग में सामने खड़ी उतरी। उदाहरण के लिए हम भारत की पूर्व महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी और राष्ट्रपति स्वर्गीय श्रीमती प्रतिभा पाटिल जी को ही देख सकते हैं। ऐसे सशक्त महिलाओं को देख कर यह स्पष्ट हो जाता है कि नारी सम्पूर्ण देश को चलाने में सक्षम है। लड़कियों ने तो अंतरिक्ष में भी अपना हाथ रख दिया है। उदाहरण के लिए स्वर्गीय कल्पना चावला, सुनीता विलियम्स को ही देख सकते है। खेल के क्षेत्र में भी महिलाओं ने अपना बड़ा नाम बनाया है। मैरी कॉम, मीराबाई चानू, सानिया मिर्जा आदि जैसे नाम विख्यात हैं। अब महिलाओं में परिवर्तन आ गया है। उन्होंने घर के साथ-साथ बाहर के जीवन को भी अपनाया और उसमे सफल भी रही। आज महिलाएं अपने ऊपर हिंसा होने पर उसका विरोध करती हैं। साहित्यकार जयशंकर प्रसाद की प्रख्यात नाटक 'ध्रुवस्वामिनी' में एक वाक्य है, 'ध्रुवस्वामिनी' कुछ नहीं, मैं केवल यही कहना चाहती हूं कि पुरुषों ने स्त्रियों को अपने पशु-संपत्ति समझकर उन पर अत्याचार करने का जो अभ्यास बना लिया है, वह मेरे साथ नहीं चल सकता। यदि तुम मेरी रक्षा नहीं कर सकते, अपने कुल की मर्यादा-नारी का गौरव-नहीं बचा सकते तो मुझे बेज भी नहीं सकते। हां, तुम लोगों को आपत्ति से बचाने के लिए मैं स्वयं यहां से चली जाऊंगी।'[6] अत: यहाँ हिंदी साहित्य में भी नारी की दशा का यथार्थ वर्णन देखने को मिलता है।

शिक्षा के आने से महिलाओं के स्थितियों में एक सकारात्मक सोच का आविष्कार हुआ है। नारी समस्त विश्व को संभालने के योग्य है। स्वाधीनता के बाद के समय में महिलाओं में जागरूकता आयी। पहले के वक्त में जब महिलाओं को पर्दे में रहना अनिवार्य था, अब उसकी आवश्यकता कम हो गयी थी। उनमें साहस और आत्मविश्वास आ गया था। महिलाओं के शिक्षित होने के कारण ही यह बदलाव संभव हो पाया है। वे समाज के रूढ़िवादी बंधनों से आजाद हो रही थी। उदाहरण के रूप में - कादंबिनी गांगुली ने 1883 में कलकत्ता विश्वविद्यालय से कला स्नातक की डिग्री हासिल करके भारत की पहली महिला स्नातक के रूप में इतिहास रचा। सामाजिक विरोध होने के बावजूद, उन्होंने विश्वविद्यालय में चिकित्सा की पढ़ाई करके हर बाधाओं को तोड़ना जारी रखा। कादंबिनी गांगुली दक्षिण एशिया की पहली महिला चिकित्सकों में

से एक बनीं, जिन्होंने भारतीय महिलाओं की आगे की पीढ़ियों को उच्च शिक्षा और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। मुस्लिम महिलाओं की स्थिति में भी काफी परिवर्तन दिखायी देते हैं। पहले के समय में मुस्लिम औरतों को कोई आजादी नहीं थी। उनको हमेशा पर्दे में ही रहना पड़ता था। यह स्वतंत्रता के बाद कुछ हद तक कम हो गया, पर पूरी तरह से नहीं है, यह कहना मुश्किल है। यहाँ तलाक व्यवस्था महिलाओं के प्रति अन्याय है। इसी के साथ ही हम देखते है कि मुस्लिम समाज में पुरुषों को अनेक पत्नियाँ रखने का अधिकार प्राप्त था। महिलाओं का न अपने परिवार में अधिकार रहता, न ही पति के परिवार में कोई हक रहता। मुस्लिम महिलाओं के संदर्भ में लिखा गया है कि 'भारत में महिला अधिकारों के इतिहास में सबसे लोकप्रिय लेखनों में यह बात साझी जान पड़ती है कि 1890 और 1900 के दशक में स्त्रियों की शिक्षा और समाज सुधारों के मामलों में पुरुषों का अनुभव और परिप्रेक्ष्य हावी रहा था। सर्वसमावेशी (totalising) लगनेवाले इस विवरण के खिलाफ दो सामान्य बातें कही जा सकती हैं। एक, इस मसले पर पुरुषों के बीच भी मतभेद थे और दूसरा, महिलाएँ भी अपनी स्वायत्तता, अपनी एजेंसी और सुधार के प्रति अपनी राजनीतिक सूझबूझ को प्रदर्शित करते हुए सहभागी हुईं। सब मिलाकर हम कह सकते हैं कि मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों के आंदोलन को लेकर यह शुरुआती प्रेरणा थी।' [7]

मुस्लिम महिलाओं ने अपने अधिकारों और सामाजिक मुद्दों की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी हैं। कुछ उल्लेखनीय उदाहरण हैं - कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में इस्मत चुगताई, एक प्रसिद्ध उर्दू लेखिका हैं, जो महिलाओं के अधिकारों और सामाजिक मुद्दों पर अपने साहसिक और विचारोत्तेजक लेखन के लिए प्रसिद्ध हैं। कुर्रतुलैन हैदर, एक प्रमुख उर्दू उपन्यासकार और लघु कथाकार हैं, जो मजबूत और सक्षम महिला पात्रों के चित्रण के लिए प्रशंसित हैं। वाजिदा तबस्सुम, एक निडर उर्दू भाषा की लेखिका है, जो अपने निर्भीक और कामुक लेखन के लिए जानी जाती हैं। शिक्षा और सामाजिक सुधार में संबंधित कुछ उदाहरण हैं- एक अग्रणी शिक्षक और समाज सुधारक रशीद जहां। वह महिलाओं की शिक्षा और अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं। एक दुरदर्शी बंगाली लेखिका और समाज सुधारक हैं रोकेया सखावत हुसैन। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा और अधिकारों की अथक वकालत की हैं। एक साहसी मुस्लिम महिला हैं शाह बानो। उन्होंने अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी हैं और महिलाओं के भविष्य के लिए न्याय और समानता का मार्ग दिखाया हैं।

महिलाओं में पहले जो हालात थे, उसके अनेक कारण देख सकते हैं। अशिक्षा एक मूल वजह रही है। शिक्षा के अभाव में महिलाएं धर्म के वास्तविक सच को जान ही नहीं पायी थी। धर्म और ज्ञान के नाम पर उनको लोग यहीं ज्ञान देते थे कि पति और परिवार वालों की सेवा करना उनका एकमात्र धर्म है। वें महिलाओं को उपदेश देते थे कि उनका जन्म ही सेवा करने के लिए हुआ है। अशिक्षित महिलाएं इस बात को मान भी लेती थी। महिलाओं का अपना कुछ अस्तित्व ही नहीं था। वे दूसरों के हिसाब से चलने वाली वस्तु बनकर रहती थी। महिलाएँ पूरी तरीके से दूसरों पर निर्भर रहती थी। औरतों को डबाके रखना पुरुषों के लिए गौरव की बात थी। नारी जन्म लेती है दूसरों के लिए और मरती भी दूसरों के लिए। हिंदू समाज में 'कन्यादान' को बहुत महत्व दिया जाता था। इसका अर्थ यह निकाला है कि 'कन्या' एक वस्तु है, जिसको दान में दे दिया जाता है। प्रसिद्ध साहित्यकार जयशंकर प्रसाद द्वारा लिखी गयी हिंदी नाटक 'ध्रुवस्वामिनी' में एक वाक्य है, 'ध्रुवस्वामिनी : अकेले यहाँ भय लगता है क्या? बैठिए, सुनिए, मेरे पिता ने उपहारस्वरूप कन्या-दान किया था, किंतु गुप्त-सम्राट क्या अपनी पत्नी शत्रु को उपहार में देंगे? (घुटने के बल बैठकर) देखिए, मेरी ओर देखिए। मेरा स्त्रीत्व क्या इतने का भी अधिकारी नहीं कि अपने को स्वामी समझने वाला पुरुष उसके प्राणों का पण लगा सके।' [8] समाज नारी का अपने इच्छानुसार प्रयोग और उपयोग करता था। महिलाओं की हालत के जिम्मेदार संयुक्त परिवार की परंपरा भी रहा है। इस व्यवस्था ने महिलाओं को धार्मिक उपदेश दिये कि पति चाहे कैसा भी हो, कितना भी बुरा हो, उसे प्रभु का दर्जा देकर उसकी पूजा करनी चाहिए।

इस व्यवस्था ने महिलाओं पर शोषण किये, उन पर अत्याचार किये। बाल-विवाह महिलाओं के प्रति हिंसा होने के मूल कारणों में से एक है। कम आयु में ही लड़की की शादी करा दी जाती थी, जिसके कारण उनको शिक्षा नहीं मिल पाती थी। वे अपने हक, सम्मान और अधिकार से अंजान रही। जब बचपन में उनको किताबों का ज्ञान देना चाहिए था, उस वक्त उनको गृहस्थी संभालने के ज्ञान दिये जाने लगे। इसके कारण उनका व्यक्तिगत विकास नहीं हो पाया था। दहेज-प्रथा जैसी कुरीतियों ने नारी के सामाजिक स्तर को गिराने में योगदान दिया। उस समय लड़की को एक 'भार' के रूप में समझा गया। लड़की माता-पिता के लिए एक बोझ बनकर रह गयी। लड़की जन्मी तो दहेज देना पड़ेगा, इसी चिंता में सभी लड़का जन्म होने की कामना करते थे। पुत्री को जल्द-से-जल्द विदा करके ही उनको मुक्ति मिलती थी। न कोई उनकी शिक्षा के बारे में चिंतित होता और न ही कोई उनके विकास के बारे में सोचता था।

मुसलमानों के आक्रमण ने भी महिलाओं के स्तर को नीचे किया। उस वक्त शासकारियों ने अपने धर्म की लड़कियों की संख्या में कमी होने के कारण वे हर धर्म की लड़कियों से शादी करने लगे। उन्होंने विधवाओं तक को नहीं छोड़ा। हर तरफ से महिलाओं का शोषण किया। उस समय महिलाओं पर अनेक हिंसा होने लगे थे। कोई भी, कहीं भी और कभी भी उनको अपमानित करता था। सती-प्रथा का पालन भी लम्बे समय तक होता रहा। भारतीय समाज में एक और प्रमुख प्रथा रही जो दायनी-हत्या नाम से जानी गयी। यहाँ पर औरत को दायनी कराह देकर उसको मार दिया जाता है। उन पर अनगिनत अत्याचार किये जाते हैं। धार्मिक पाखंड, अंधविश्वास आदि के वश में लोग, औरत पर अत्याचार करते हैं। यह कुरीतियाँ अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रो में देखी गयी। लोग इतने अन्धविश्वासी होते हैं कि एक औरत का दर्द, उस पर हो रहे अत्याचार, हिंसा से पीड़ित चीख, उनको सुनाई तक नहीं देती हैं। यह प्रथा आज भी ग्रामीण क्षेत्रो में प्रचलन में है। महिलाओं को अपने परिवार वालें ही पारिवारिक अधिकारो से दूर रखते थे। ऐसी स्थिति में पति के परिवार से कुछ आशा न करना सामान्य सी बात थी। शिक्षा का अभाव ही मूल रूप से समस्थ महिलाओं के प्रति हिंसात्मक स्थिति का कारण हैं। नारी आज शिक्षित है, उनकी स्थितियों में बदलाव हैं। महिलाओं के खिलाफ हो रहे हिंसा का विरोध कर कई लोगों ने सुधार आंदोलन चलाये। 1828 में राजा राममोहन राय ने ब्रह्म समाज की स्थापना की थी। इसके दौरान उन्होंने सती-प्रथा का खंडन किया और महिलाओं में शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया था। इसके बाद 1875 में दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना की थी। इसमे उन्होंने बाल-विवाह तथा पर्दा-प्रथा को समाप्त करने का उपदेश दिया था। साथ ही महिलाओं में शिक्षा के महत्व को भी सामने रखा था। ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने विधवा-पुनर्विवाह पर जोर दिया और अनेक-पत्नी प्रथा जैसे कर्मकांडो के विरुद्ध आवाज उठाई थी। उन्होंने एक आदर्श उदाहरण देने के लिए अपने बेटे की शादी एक विधवा से कराई थी। ईश्वर चंद्र विद्यासागर के सक्रिय प्रयासों से बंगाल में महिला स्कूलों की स्थापना हुई थी। महात्मा गाँधी ने भी महिलाओं को आगे लाने का प्रयास किया। उन्होंने अपने राष्ट्र में चल रहे आन्दोलनों में महिलाओं को शामिल होने के लिए बुलाया। अनेक महिलाओं ने इस कार्य में भाग लिया। इसी के चलते उनको अपने अस्तित्व और अधिकार का ऐहसास हुआ। महिलाओं में एक नयापन आया। नवीन चिंता, नवीन सोच-शक्ति तथा समाज के नवीन रूप से परिचित हुई। घर की चार दीवारीं के अंदर उनको इन सब बातों का आभास होना असंभव था। यहाँ महिलाओं को एक प्रगति की दिशा मिल गयी थी।

भारत प्रदेश में महिलाओं पर हिंसा कोई नई बात नहीं है। इस सन्दर्भ में लेखक जॉन स्टुअर्ट मिल लिखते हैं कि 'स्त्रियों के उत्पीड़न और दासता का इतिहास उतना ही पुराना है जितना असमानता और उत्पीड़न पर आधारित सामाजिक संरचनाओं के उद्भव और विकास का इतिहास।' [9] ऐसी स्थिति युगो से समाज में रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) से पता चलता है कि 2018 और 2022 के बीच महिलाओं के खिलाफ अपराधों के दर में 12.9 प्रतिशथ की वृद्धि हुई है और 2022 में प्रति 100,000 महिलाओं की आबादी पर 66.4 अपराध दर्ज किये गये हैं। महिलाओं के बलात्कार के खबर तो लगभग रोज ही

सुनने को मिलता है। हर वक्त कहीं न कहीं, कोई न कोई लड़की किसी के शोषण का शिकार होती हैं। महिलाएं किसी भी क्षेत्र में सुरक्षित नहीं होती हैं। घर से लेकर दफ्तर तक उनका शोषण किया जाता है। उदाहरण के लिए हम दिल्ली में हुए 16 दिसंबर 2012 की घटना- 'निर्भया कांड' को ही देख सकते है। इस घटना ने सम्पूर्ण देश को हिलाकर रख दिया था। 23 वर्ष की एक लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार कर उस पर अनेक शारीरिक अत्याचार किया गया था। अंत में उसने तड़प-तड़पकर अपना दम तोड़ दिया। उन बलात्कारियों के व्यवहार को देखके आवश्य ही ऐसा लगता है कि देश का भविष्य खतरे में है। उनकी सोच, उनके नारी के प्रति व्यवहार ऐसा क्यों हैं? - यह एक अत्यंत गंभीर विषय है। इसमें गंभीर चिंतन और अध्ययन की आवश्यकता है। पुरुषों की ऐसी क्रूरता को देखकर हम यह सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि क्या जानवरों और इन्सानों में कुछ फर्क भी होता है? कई पुरुषों की एक और मानसिक प्रवृति रही है कि कोई अगर उनको अपनाने से इंकार करे तो वे उस लड़की पर तेजाब फेंक देते हैं। इससे पुरुष यह व्यक्त करता हैं कि अगर वह उसकी नहीं हुई तो वह उसे किसी और की भी होने नहीं देगा। इस क्रिया में लड़की का संपूर्ण जीवन बरबाद हो जाता है। ऐसे पुरुष नारी पर हाथ उठाना अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानते है। पुरुष वर्ग बस नारी वर्ग को अपमानित करने के मौके की तलाश में रहते हैं। हालांकि सभी पुरुष एक जैसे हैं या नकारात्मक मानसिकता वाले होते हैं, यह कहना गलत होगा। कई अच्छे भद्र पुरुष भी होते हैं।

महिलाओं के विरुद्ध हिंसा पर अनेक बिंदु सामने आते हैं। सबसे पहले यह पुरुष प्रधान समाज और उनकी सोच इसके दोषी हैं। यह सोच महिलाओं को दबाके रखने में ही अपना गौरव महसूस करता है। महिलाओं पर बढ़ते हिंसा के कारणों में एक मुख्य वजह है - हमारे देश की धीमी कानून व्यवस्था। इसमें हम उदाहरण के लिए 'निर्भया बर्बर कांड को ही ले सकते है। निर्भया को न्याय मिलने में ही 7 साल से ज्यादा समय लगा था। उन आरोपियों में एक नाबालिक था, इसी वजह से उसे कम सजा हुई थी। देश की कानून प्रक्रिया में लंबा वक्त लगने के कारण ऐसे भयानक कांड करने से लोग डरते नहीं हैं। ऐसी घटनाये बार-बार होती है। कभी-कभी पीड़ित को न्याय तक नहीं मिलता और जो न्याय की माँग करते हैं, उनको न्याय मिलते सालों बीत जाते है। आरोपी बेखोफ समाज में घूमता फिरता रहता है। ऐसी कानून-व्यवस्था में बदलाव और तुरंत विचार के विकल्प लाये जाने चाहिए।

महिलाएं सबसे पहले हिंसा का शिकार अपने घर में होती हैं। मोहन राकेश की प्रख्यात नाटक 'आधे-अधूरे' में एक वाक्य है, 'बड़ी लड़की : इतने साधारण ढंग से उड़ा देने की बात नहीं है, अंकल! मैं यहाँ थी तो मुझे कई बार लगता था कि मैं एक घर में नहीं, चिड़ियाघर की पिंजरे में रहती हूँ। आप शायद सोच भी नहीं सकते कि क्या-क्या होता रहा है यहाँ। डैडी का चीखते हुए ममा के कपड़े तार-तार कर देना, उनके मुहँ पर पट्टी बाँधकर उन्हें बंद कमरे में पीटना, खीचंते हुए गुसलखाने में कमोड पर ले जाकर (सिहरकर), मैं तो बयान भी नहीं कर सकती कि कितने-कितने भयानक दृश्य देखे हैं इस घर में मैंने।' [10] अत: नारी पर हुए शोषण का वर्णन साहित्य में स्पष्ट चित्रित हुआ है। नारी के साथ शोषण और अत्याचार घर पर ही होता रहा है। परिवार वाले, पति, रिश्तेदार आदि नारी पर जुल्म करते हैं। भारत देश के विभिन्न क्षेत्रो में महिलाओं की स्थिति अलग-अलग हैं। उत्तर-पूर्व और दक्षिण भारत में बाकी क्षेत्रो की तुलना में नारी की स्थिति काफी अच्छी है। कई-कई क्षेत्रो में भ्रूण-हत्या प्रचलित है। लड़की के जन्म होते ही उसे मार दिया जाता है। महिलाओं पर हिंसा होने का एक प्रमुख कारण है दहेज-प्रथा। दहेज के लेन-देन में कितने ही महिलाओं को मार दिया गया है। पति तथा परिवार वाले उनकी माँगें पूरी न होने पर लड़की को मारते-पिटते हैं, उन्हें जिन्दा जला देते हैं। उनको सारे अत्याचार सहकर रहना पड़ता है। ऐसी स्थिति में घर-समाज से सम्मान की आशा करना बहुत दूर की बात है।

भारतीय महिलाएँ सभी तरफ से हिंसा का शिकार रही है। चाहे वह सामाजिक हो, धार्मिक हो, पारिवारिक हो या फिर मानसिक, उनके साथ हिंसा हर जगह होता रहा है। अन्य समय की तुलना में वैदिक काल में नारी की स्थिति बेहतर थी। जैसे-जैसे समय बीतता गया, परिवर्तन

आता गया। आज की महिलाएँ शिक्षित हैं। अपनी चिंता स्वयं कर सकती है। अब वे पुरुषों को पहचानने लगी हैं। पति परमेश्वर की भावना से उसी पुरुष की पूजा करती है, जो सही मायने में पूजने लायक होता है। मुस्लिम और हिंदू धर्म के विवाद के कारण महिलाओं के ऊपर हिंसात्मक गति तेज हो गयी थी। बाल-विवाह होने लगे। हिंसा में बढ़ावा तब आया, जब मंदिरों में छोटी लड़कियों को धर्म के नाम पर पतिता बनाया जा रहा था। महिलाओं को यह सीख दी गयी कि पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखे, पर महिलाओं के लिए पुरुष समाज कुछ करे, इस पर कोई विषय ही नहीं बनता था। समय के साथ-साथ आज समाज में कई परिवर्तन आये हैं। महिलाओं में शिक्षा का प्रचलन हुआ है। महिलाओं को लिए शिक्षा ही एकमात्र जरिया है, जिससे इस पुरुष प्रधान समाज का सामना किया जा सकता है। नारी शिक्षित होकर अपने अधिकार हासिल कर सकती है। शिक्षा की सहायता से ही वे अपने नैतिक और सामाजिक स्तर को ऊंचा उठा सकती हैं।

**निष्कर्ष :**

यहाँ स्पष्ट है कि शिक्षा महिलाओं के विरुद्ध हिंसा को रोकने में एक अहम् भूमिका निभाता है। नारी हमारी घर और समाज की बुनियाद है। उन्हीं से जगत बनता है। यह अत्यंत महत्त्वपूर्ण है कि नारी को अपनी शक्ति और सामर्थ्य की पहचान हो। महिलाओं पर अत्याचार तभी खत्म होंगे, जब वे खुद उसका विरोध करेंगी।

अत: निष्कर्ष रूप से कहा जा सकता है कि महिलाओं के प्रति इस कुदृष्टि में बदलाव लाना है तो जरूरी है कि नारी स्वयं सक्षम बने। लोग नारी के प्रति सकारात्मक सोच रखे तथा महिलाओं का सम्मान कर उनको शिक्षा प्राप्त करने दें और प्रगति की दिशा में जाने का मौका दें, क्योंकि उन्हीं से ही घर, समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है। नारी वर्ग के विकास हेतु उन्हें समाज में अपने सम्मान, अधिकार और विकास के लिए आवाज उठाना आवश्यक है। ❑

**संदर्भ ग्रन्थ सूची :**


1. जैमन, डॉ. सुषमा. प्रेमचन्द की उपन्यासों में शोषित नारी. जयपुर : साहित्यसागर, 2009, पृष्ठ. प्रस्तावना- 1 .
2. मिल, जॉन स्टुअर्ट. स्त्रियों की पराधीनता. नई दिल्ली= राजकमल प्रकाशन प्रा. लि., 2024, पृष्ठ. 9 .
3. मनुस्मृति, पृष्ठ. 148 .
4. मिल, जॉन स्टुअर्ट. स्त्रियों की पराधीनता. नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन प्रा. लि., 2024, पृष्ठ. 95 .
5. आर्य, साधना और सिंह, लता. भारत में महिला आन्दोलन : विमर्श और चुनौतियाँ. राधाकृष्ण प्रकाशन प्रा. लि., 2023, पृष्ठ. 27, 28 .
6. प्रसाद, जयशंकर. ध्रुवस्वामिनी. नोएडा : मयूर पपेरबेक्स, 2010, पृष्ठ. 17, 18 .
7. आर्य, साधना और सिंह, लता. भारत में महिला आन्दोलन : विमर्श और चुनौतियाँ. राधाकृष्ण प्रकाशन प्रा. लि., 2023, पृष्ठ. 231
8. प्रसाद, जयशंकर. ध्रुवस्वामिनी. नोएडा : मयूर पेपरबेक्स, 2010, पृष्ठ. 19 .
9. मिल, जॉन स्टुअर्ट. स्त्रियों की पराधीनता. नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन प्रा. लि., 2024, पृष्ठ. 5 .
10. राकेश, मोहन. आधे-अधूरे. नई दिल्ली : राधाकृष्ण प्रकाशन प्रा. लि., 2011, पृष्ठ. 83, 84 .

ISSN 2321-4945
PEER REVIEWED & REFEREED JOURNAL
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

विश्लेषण

# डॉ. अनामिका के काव्य में आधुनिकता

नीतू यादव

शोधार्थी (जे.आर.एफ.), हिंदी विभाग
बिड़ला परिसर
हे.न.ब.गढ़वाल
केंद्रीय विश्वविद्यालय
श्रीनगर (गढ़वाल), पिन-246174
6396735289
neetuyadavpbt@gmail.com

**शोध सार :**

समकालीन हिंदी साहित्य की प्रतिष्ठित कवयित्री डॉ. अनामिका का काव्य आधुनिकता से सराबोर है। उनके काव्य में युगों-युगों से चूल्हे-चौके की चौहद्दी में फँसी स्त्री वर्तमान में बाहर निकलकर अपने स्वामित्व की माँग कर रही है। वह अपने विवेक व बुद्धि से प्रश्नातुर शैली में तर्क-वितर्क करती है, जिसका विश्लेषण उनकी कविताओं 'खण्डिता', 'बीसवीं शती', 'दरवाजा', 'स्त्रियां', 'मौसियां', 'तुलसी का झोला' आदि में दृष्टिगोचर होता है। उनका काव्य केवल स्त्रियों तक ही सीमित नहीं है, अपितु भूमंडलीकरण के प्रभाव से समाज में जो परिवर्तन आया है, उसका भी विवेचन बड़ी शालीनता से प्रस्तुत करता है। कवयित्री अपनी रचनाओं में छोटे-छोटे बिंबों व प्रतीकों में दृश्य बुनती चलती हैं, जिससे पाठक के मन पर एक शब्द चित्र अंकित होते जाते हैं।

**बीज शब्द :**

आधुनिकता, प्रतिस्पर्द्धा, नवीनीकरण, जीवन मूल्य, स्वतंत्रता, समानता, वैश्विकरण, तार्किकता आदि।

**मूल आलेख :**

युग की समकालीन समस्याओं का विवेचन समसामयिकता है एवं उसमें परंपरागत मूल्यों पर प्रश्न चिह्न लगाना आधुनिकता है। आधुनिकता युग विशेष का वह भाव है, जिसके इर्द-गिर्द तत्कालीन समस्याएँ और समाधानों के वृत्त की परिधि घूमती रहती है तथा उसमें निरंतर नए मार्गों की खोज होती रहती है और जो जड़ हो गया वह पीछे छूटता जाता है, जिसे डॉ. नगेंद्र ने इस प्रकार परिभाषित किया है- *''आधुनिकता मध्ययुगीन जीवन-दर्शन से भिन्न एक नया जीवन-दर्शन और दृष्टिकोण है। यही कारण है कि प्रत्येक युग और प्रत्येक धारणा अपने आप से आधुनिक ही होती है।''*[1] जब तक उसमें समय-समय पर परिवर्तन होता रहता है, वह आधुनिक है, वहीं दूसरी ओर वह स्थिर हो जाती है तो परंपरा बन जाती है। आधुनिकता शब्द 'अधुना' से बना है, जिसका अर्थ आज या वर्तमान से है। इसकी व्युत्पत्ति अधुना शब्द में 'इक' प्रत्यय को जोड़ने से हुई है। अत: आधुनिकता का अभिप्राय स्थापित नियमों, परंपराओं एवं मान्यताओं से अलग हटकर मनुष्य की स्थिति एवं उसके प्रति नवीन दृष्टिकोण स्थापित करना है।

आधुनिकता बोध को समझने के लिए आधुनिक और बोध का अर्थ जानना अति आवश्यक है। मानक हिंदी शब्दकोश के अनुसार आधुनिकता शब्द का अर्थ है- *''थोड़े समय से प्रचलन में अथवा अस्तित्व में आया हुआ, जिस पर वर्तमान काल की धारणाओं की छाप पड़ी हुई है।''*[2] वहीं बोध शब्द का अर्थ है- ''ज्ञान, जानकारी, भ्रम या अज्ञान का अभाव।'' इस प्रकार आधुनिकता बोध का अभिप्राय है- वर्तमान का बोध, वर्तमान से अस्तित्व में आए ज्ञान और नवीन विचारों का तर्क के साथ पुष्टि करके अपने अंदर का भ्रम दूर करना।

आधुनिकता शब्द कालवाचक है। इसमें समय सापेक्षता का गुण निहित होता है। प्रत्येक काल की आधुनिकता अपनी पूर्ववर्ती रूढ़ियों को दूर करते हुए नवीनता का विकास करती है। यही कारण है कि आधुनिकता को एक निरंतर गतिशील प्रक्रिया के रूप में देखा जाता है, जिसे रामधारी सिंह दिनकर ने इस प्रकार कहा है कि- *''आधुनिकता एक प्रक्रिया का नाम है, यह प्रक्रिया अंधविश्वास से बाहर निकालने की प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया नैतिकता से उदारता बरतने की प्रक्रिया है, यह प्रक्रिया बुद्धिवादी बनने की प्रक्रिया है, यह प्रक्रिया धर्म के सही रूप पर पहुँचने की प्रक्रिया है।''*[3]

आधुनिकता एक जीवन दृष्टि का नाम है, जो अपने समय के समाज का युगानुरूप दर्पण प्रस्तुत करती है और पुराने एवं स्थिर जीवन मूल्यों का परिशोधन करके नवीन मूल्यों की स्थापना करती है। आधुनिकता विवेकयुक्त एवं वैज्ञानिक दृष्टि से संबद्ध एक प्रश्नमूलक मानसिकता है, जिसमें प्रत्येक तथ्यों एवं मूल्यों को तर्क की कसौटी पर कसकर उसका परीक्षण करके अपने विवेक के आधार पर स्वीकृति देती है। आधुनिकता ने विज्ञान एवं तर्क से उसके पीछे छिपे रहस्यों का उद्घाटन किया और मानव का उसके प्रति भ्रम को दूर किया है। वहीं, आज आधुनिक युग में औद्योगिकीकरण का विकास हुआ, जिससे ग्रामों से असंख्य जनसंख्या नगरों की ओर उन्मुख हुई। परिणामस्वरूप आज संयुक्त परिवारों का विघटन होने लगा, जिससे मानव-मानव के प्रति प्रेम भाव निकृष्ट हो रहा है। अब मनुष्य भागदौड़ के जीवन में फँसकर एक यंत्र की भाँति अपने तक ही सीमित रह गया। अत: समाज में अब परंपरागत मूल्यों और नैतिक अवधारणाओं का ह्रास होने लगा। मनुष्य एक मशीन की भाँति आपा-धापी का जीवन व्यतीत कर रहा है, संभवत: उसके मन में आधुनिकता ने इसी प्रकार का बीजवपन किया है।

हिंदी साहित्य में अनेक कवियों ने मूल्यों, परंपराओं और आधुनिकता को अपनी काव्य यात्रा का उपजीव्य बनाया है। यह प्रश्न कालातीत और कालजयी भी है कि जब कवियों ने इसे अपने पथ का पाथेय बना डाला, कभी प्रकृति के साथ, कभी मानवीकरण का आश्रय लेकर तो कभी बिंबों और प्रतीकों के माध्यम से कविताओं में यह तत्व बोधगम्य रहा। इसी क्रम में अनामिका की कविताओं के संदर्भ मूल्यों के खूँटे से बंधकर नित नवीन उपमानों का आश्रय लेकर आधुनिकता के गलियारे में विचरण करते हैं। उनका प्रत्येक बिंब और प्रतीक इस बात की ओर संकेत करता है कि कवि की लेखनी इन्हीं तत्वों से समृद्ध होकर आधुनिकता बोध को सार्थक करती है। प्रसिद्ध आलोचक प्रियदर्शन के अनुसार- *''अनामिका के काव्य में परंपरा का बोध जितना तीक्ष्ण है, आधुनिकता-बोध भी उतना ही प्रखर। उनकी पूरी भाषिक चेतना जैसे स्मृति के रसायन में घुल कर बनती है और पीढ़ियों से नहीं सदियों से चली आ रही परंपरा का वहन करती है। उनकी पूरी कहन मे यह वहन इतना सहज संभाव्य है कि उसे अलग से पकड़ने-पहचानने की जरूरत नहीं पड़ती, वह उनकी निर्मिति में नाभिनालबद्ध दिखाई पड़ता है।''*[4] अत: इससे प्रतीत होता है कि उनका स्त्रीत्व भाव इतना आकृष्ट है कि उनके काव्य में परंपरा की पुनर्व्याख्या और पुनर्रचना स्वयं आभासित होती है। उनके काव्य में जो बिंब हमें अछूते और नए प्रतीत होते हैं, वे वर्तमान जीवन की एक परंपरागत विरासत का हिस्सा बने हुए हैं। उसी में रचे-बसे, उसी से निकले हैं और अनामिका को एक विलक्षण कवयित्री के रूप में प्रतिष्ठित करते हैं।

आधुनिक समाज में स्त्रियों ने घर की देहरी लाँघकर देश-दुनिया में भी अपनी अलग पहचान बनाई है, लेकिन

फिर भी वे घरेलू जिम्मेदारियों से मुक्त नहीं हो पाई हैं। समाज में घर-परिवार की जिम्मेदारियाँ स्त्री की पहली जिम्मेदारी मानी जाती है। इसी मानसिकता से स्त्रियों ने पारिवारिक दायित्व को अपना कर्तव्य समझकर निभाया और दूसरे मोर्चे पर भी जिम्मेदारियाँ भी संभाली। वर्तमान समय में स्त्रियों की इस दोहरी भूमिका को बयाँ करते हुए कवयित्री डॉ. अनामिका कहती हैं कि -

*''समय : सुबह साढ़े सात, एफ.एम. टाइम*
*स्थान : सीढ़ी के नीचे आलने घेरकर बनाया गया पूजा-घर।*
*दृश्य : कुर्सी पर दफ्तर की साड़ी। देह पर एक भीगा कुरता, हाथ में दुर्गासप्तशती।*
*'या देवी सर्वभूतेषु'.....सविता, देखो बेटी, जल तो नहीं रही सब्जी?*
*'निद्रारूपेण संस्थिता'.....जागा पिंटू, उसे जगाओ, स्कूल-बस छूटेगी।*
*'नमस्तस्यै नमस्तस्यै'....फोन बज रहा है, उठाओ तो!*
*मेरा होगा तो कह देना-सी. एल. पर हूँ आज!*
*सिर दुख रहा है।*
*'ऊँ जयन्ती काली-महाकाली'-अखबारवाले भैया, रुक लो!*
*आती हूँ कर लूँ हिसाब, कल मिल गयी मुझे तनख्वाह।''*[5]

आधुनिक जीवन और आर्थिक परिस्थितियों की रस्साकशी की होड़ में औरतों की ही जिम्मेदारियाँ बढ़ी हैं। परिवार और उसके अपने सपनों ने उसकी इच्छाओं को विस्तार क्या दिया कि उनके लिए काम पर जाना अनिवार्य हो गया है, जिससे घर में उनकी हैसियत पहले से थोड़ी बढ़ गई है, लेकिन फिर भी परस्पर सहयोगी की भूमिका उसे नहीं मिली है। अगर हम तथ्यों के आधार पर देखें तो कुछ प्रतिशत महिलाओं को छोड़कर बाकी सभी महिलाओं से यही अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी कमाई का पैसा अपने सास-ससुर और पति को दें, उनकी इच्छा के विरुद्ध कोई भी खर्च न करें। यानी स्त्रियों से आज भी एक सहनशील बहू और कमाऊ औरत की भूमिका निभाने की अपेक्षा की जाती है। स्त्रियाँ घर में अकेले ही सब काम यंत्रवत होकर व नि:स्वार्थ भाव से करती रहती हैं, जिसका कोई मूल्य नहीं, जिसे कवयित्री डॉ. अनामिका जी ने इन शब्दों में व्यक्त किया है :-

*''सारा शहर चुप है,*
*धुल चुके हैं सारे चौकों के बर्तन।*
*बुझ चुकी है आखिरी चूल्हे की राख भी,*
*और वह*
*अपने ही वजूद की आंच के आगे*
*औचक हड़बड़ी में*
*खुद को ही सानती,*
*खुद को ही गुथती हुई बार-बार*
*खुश है कि रोटी बेलती है जैसे पृथ्वी।''*[6]

आधुनिक युग में स्वतंत्रता और समानता मनुष्य की चेतना के अभिन्न अंग हैं, स्त्रियों को इससे क्यों वंचित किया जाता है? इस प्रश्न को डॉ. अनामिका की कई कविताओं में दिखाया गया है, हालाँकि उनमें भी चेतना जाग्रत होना स्वाभाविक है। इसीलिए वह आज समाज से प्रश्न पूछ रही हैं, जो युगों-युगों से उनकी माताओं-दादियों-नानियों के जेहन में दबे हुए थे। वर्तमान में स्त्रियाँ अपने अधिकारों की माँग स्वयं कर रही हैं एवं अपने कर्तव्यों को निभाने के प्रति भी तत्पर हैं, जो उनके स्वामित्व को स्थापित करने में सहायक है, जिसे कवयित्री ने इन शब्दों में व्यक्त किया है :-

*''एक दिन हमने कहा*
*हम भी इंसान हैं-*
*हमें कायदे से पढ़ो एक-एक अक्षर*
*जैसे पढ़ा होगा बीए के बाद*
*नौकरी का पहला विज्ञापन।''*[7]

वर्तमान में बौद्धिकता और वैचारिकता के प्रभाव से मनुष्य ने अपनी परंपराओं, नैतिक आदर्शों और सामाजिक मूल्यों को खो दिया है, जिससे मानव को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आधुनिकता की इस प्रतिस्पर्द्धा में हर व्यक्ति अपने तक ही सीमित होकर रह गया है। सह-संबंध सब नाममात्र के बनकर रह गए हैं। माँ, मौसी, बुआ, चाची जिनमें पहले अपनापन था, परंतु वर्तमान में अब ये औपचारिक संबंध बनकर रह गए हैं।

कवयित्री विघटित मानव मूल्यों के प्रति अपनी संवेदना स्थापित करते हुए कहती हैं :-

*''बीसवीं शती की कूड़ागाड़ी*
*लेती गई खेत से कोड़कर अपने*
*जीवन की कुछ जरूरी चीजें*
*जैसै मौसीपन, बुआपन,*
*चाचीपंथी और अम्मागिरी मग्न*
*सारे भुवन की।''*[8]

आधुनिकता का संबंध मनुष्य की चेतना के विकास से है। यह मानसिक परिघटना तर्क और विवेक पर आधारित है। अपनी इस तार्किक मानसिकता के कारण आधुनिक युग में स्त्रियां पति द्वारा परित्यक्त होने पर अपने आप को हीन न मानकर उन परिस्थितियों को चुनौती स्वरूप स्वीकार करती हैं। कवयित्री डॉ. अनामिका जी ने उन परित्यक्तता स्त्रियों के दुख को उजागर करते हुए अंत में उसे 'स्व' निर्णय की आभा से दीप्त किया है, जिसे इन पंक्तियों में व्यक्त करती हैं :-

*''मैं भी समेट रही हूँ खुद को*
*अपने झोले में ही !*
*अब निकलूँगी मैं भी*
*अपने सन्धान में अकेली !*
*आपका झोला हो आपको मुबारक।''*[9]

हमारे समाज में युगों-युगों से विवाह को पवित्र एवं अटूट बंधन माना जाता है, लेकिन वर्तमान में विवाह दो व्यक्तियों के बीच एक वैचारिक समझौता मात्र बनकर रह गया है, जिसे कवयित्री डॉ. अनामिका इन परिवर्तित विचारों को अपनी कविताओं में स्थान देती हैं-

*''पर इतना तो है बिल्कुल निश्चित-*
*अब किसी जन्म में मैं उसका*
*साथ नहीं चाहती।''*[10]

आधुनिकता की चकाचौंध से समाज में जो परिवर्तन हुए हैं, उसे कवयित्री ने बड़े सलीके से अपनी कविताओं में वर्णित किया है। इस संबंध में प्रियदर्शन ने लिखा है- *''अनामिका के कविता संसार में सांप्रदायिकता के उभार से लेकर बाजारवाद के प्रभाव तक की, उत्तर आधुनिकता और भूमंडलीकरण के विस्तार से लेकर रोजमर्रा की उन कहानियों तक की, जो अखबारों की मार्फत बनने वाले सूचनाओं के समंदर में बुलबुले की तरह उठती और फिर बिला जाती हैं- एक गहन चीरफाड़ अनवरत देखी जा सकती है।''*[11]

वर्तमान में युगों-युगों से संजोयी हुई संस्कृति का विघटन आधुनिकीकरण में हो रहा है। संयुक्त परिवार टूटकर एकल परिवार का रूप ले रहे हैं, जिनमें परंपराओं का ह्रास करके नवीन मूल्यों को अपनाया जा रहा है- यांत्रिक युग में परंपराओं का वहन मात्र सामाजिक दिखावा भर ही रह गया है। कवयित्री अनामिका जी की कविता 'संयुक्त परिवार' इसी का उल्लेख करती है :-

*''पितृपक्ष के तर्पण!*
*नाश्ते से अण्डे हटाती है बड़ी बुआ-*
*दस दिन नहीं यह सब,*
*दस दिन तो पूर्वजों की स्मृति में*
*संयम बरतो।''*[12]

आधुनिक युग तकनीक का युग है, जिसमें मानव का पूरा जीवन कल-पुर्जों में ही सिमट कर रह गया है। यह साधन मनुष्य की पहली आवश्यकता हो गए हैं। तकनीक ने मनुष्य की दिनचर्या को किस रूप में प्रभावित किया है, इस बदलती मनोवृत्ति का सुंदर चित्रण अनामिका जी ने किया है : -

*''घूम रहे हैं डायल,*
*मिल रहे हैं नम्बर,*
*बज रही हैं घंटियाँ,*
*पंक्तिबद्ध खड़े हैं लोग*
*जैसे कि प्रार्थना मे बच्चे।''*[13]

हर युग अपने आप में आधुनिक है। मानवीय सभ्यता के प्रारंभिक चरण से लेकर वर्तमान चरण तक का कालखंड स्वयं आाधुनिक ही है। हर युग का अपना विश्वास, आस्था एवं तार्किकता और विचारधारा होती है। वर्तमान में हम देखें तो आदिम युग में जो रीति-रिवाज थे, वे अब परिवर्तित हो रहे हैं, उस समय की तुलना करें तो आज विज्ञान इतना आगे बढ़ गया है कि वर्ष प्रति वर्ष को पीछे छोड़ता जा रहा है। कवयित्री परिवर्तित युग का अवलोकन करते हुए कहती हैं कि -

*''याद है वसन्ता*
*बासठ के आस-पास जन्में हम*
*क्या कभी ये सोच सकते थे*
*एक रोज आएगा ऐसा भी*

*दीवाली पर चीन भेजेगा*
*रात भर टिमटिमाने वाले*
*सुन्दर गणेश-लक्ष्मी।''*[14]

आधुनिकता केवल बाहरी मुखौटा नहीं है, वरन उसकी जड़ें व्यक्ति के अन्त:स्थल में बसती हैं। आधुनिकता व्यक्ति की विचारधारा, तार्किकता, वैज्ञानिकता, साहित्यिक एवं सामाजिक धारणाएँ सभी युग बोध का यथार्थ बिंब प्रस्तुत करती है।

कवयित्री की रचनाओं में देखें तो उनमें परंपरा और आधुनिकता का संगम है तथा उनके भीतर औरतों की समूची दुनिया रंगस्नान करती हैं। वे स्वयं कहती हैं कि- *''मेरे भीतर जो औरतों की दुनिया बसती है, जहाँ से मुझे अनेक किरदार मिले।''*[15] यहीं से उनकी रचनाओं को प्राण भी मिले हैं, जो उनके समय में चल रहा वह समसामयिकता है और उसी में विचारों को आज कुछ परिवर्तन के साथ जीना आधुनिकता है। कवयित्री की प्रमुख विशेषता यह है कि वे सबसे अपनत्व से मिलती हैं, जो उनकी कविताओं में भी परिलक्षित होता है। लेखिका रामरती मलिक ने भी कहा है- *''अनामिका की कविता जीवन से बोलती-बतियाती, पता पूछती, हालचाल ज्ञात करती समझती-समझाती चलती है। उनकी कविता एक मौन क्रांति की सामाजिक प्रक्रिया है, जिसमें वह जीवन की विडंबनाओं और विसंगतियों को समझने समझाने के बहाने मानव-मुक्ति की नई भावभूमि तलाशती हैं।''*[16]

अत: कहा जा सकता है कि आधुनिकता व्यक्ति की मानसिक प्रवृत्ति को अपने परिवेश के अनुसार परिवर्तित कहते हुए उन्मुखता की ओर ले जाती है, जिससे व्यक्ति की सोच संकीर्ण न होकर विचारों, संकल्पनाओं में गतिशील व सक्रिय रहती है। इससे व्यक्ति समाज में स्वतंत्र रूप से खुला दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है और बौद्धिकता से तार्किकता के द्वारा उसका विश्लेषण करता है।

साहित्यकार युग सापेक्ष होता है। वह जिसमें जीता है तथा जो अनुभव करता है, उसी के स्वर अपनी रचनाओं में बुनता चला जाता है। कवयित्री डॉ. अनामिका भी अपनी कविताओं में युगों से सतायी हुई स्त्रियों को बुलंद आवाज देती हैं, हालाँकि वर्तमान में शिक्षा का प्रसार होने से स्त्रियाँ अपनी बौद्धिकता व तार्किकता से उभर रही हैं, किंतु यह प्रतिशत अभी बहुत कम है। यही दबा हुआ दुख और पीड़ा कवयित्री की कविताओं में प्रस्तुत होती है। साथ ही वैज्ञानिकता व भूमंडलीकरण से समाज में जो नया बदलाव आया है, उसे भी शब्दों में चित्रित किया है। निष्कर्षत: आधुनिक होते मानव की यात्रा का पूरा आरोह-अवरोह पूरी पारदर्शिता के साथ अनामिका की काव्य साधना के महत्वपूर्ण सरोकार हैं। ❑

**संदर्भ ग्रंथ सूची :**


1. नई समीक्षा नये संदर्भ- डॉ. नगेन्द्र, पृ. सं. 61
2. मानक हिंदी शब्द सागर- रामचंद्र वर्मा, पृ. सं. 174
3. Hindi bhasha ka ithas, CEC, youtube, New Delhi
4. सभ्यताओं की अनसुनी आवाजें: प्रियदर्शन, संवेद पत्रिका, अंक फरवरी 2022, पृ. सं. 50
5. दूबधान-डॉ. अनामिका, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2019, पृ. सं. 48
6. बीजाक्षर-डॉ. अनामिक, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2019, पृ. सं. 27
7. खुरदुरी हथेलियाँ-डॉ. अनामिका, राधाकृष्ण प्रकाषन, नई दिल्ली, तीसरा संस्करण, 2019, पृ. सं. 13
8. कवि ने कहा-डॉ. अनामिक, किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, 2019, पृ. सं. 14
9. दूबधान-डॉ. अनामिका, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2019, पृ. सं. 23
10. कविता में औरत-डॉ. अनामिका, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2019, पृ. सं. 71
11. सभ्यताओं की अनसुनी आवाजें: प्रियदर्शन, संवेद पत्रिका, अंक फरवरी 2022, पृ. सं. 50
12. अनुष्टुप-डॉ. अनामिका, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2019, पृ. सं. 25
13. अनुष्टुप-डॉ. अनामिका, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2019, पृ0 सं. 103
14. टोकरी में दिगन्त: थेरी गाथा-डॉ. अनामिका, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, दूसरा संस्करण, 2021, पृ. सं. 79
15. अपना स्पेस रचती-गढ़ती स्त्रियों की दुनिया: जया जादवानी, संवेद पत्रिका, अंक फरवरी 2022, पृ. सं. 127
16. स्मृति और स्वप्नों की लहलहाती फसल: रामरती मलिक, संवेद पत्रिका, अंक फरवरी 2022 पृ. सं. 29

ISSN 2321-4945
PEER REVIEWED & REFEREED JOURNAL
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

चिंतन

# वर्तमान संदर्भ में हिंदी भाषा की व्यापकता

सुश्री अन्नू इंदौरा

सहायक प्रोफेसर, (हिंदी) विभाग
राजकीय कन्या महाविद्यालय,
सेक्टर-14 गुरुग्राम-122001
हरियाणा
9971324947
nua892@gmail.com

**सारांश :**

हिंदी भाषा भारत देश की पहचान है। यह भाषा आज न केवल जन-जन की भाषा बन चुकी है, बल्कि वैश्विक स्तर पर इसने भारत की राष्ट्रीय पहचान को भी नई बुलंदियों तक पहुँचाया है। हिंदी आज न सिर्फ आम बोलचाल की भाषा है, बल्कि यह राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर भी सीखने-सिखाने का माध्यम बन चुकी है। दुनिया के विभिन्न विश्वविद्यालयों में हिंदी भाषा का शिक्षण इस बात का प्रमाण है कि हिंदी भाषा वैश्विक स्तर पर निरंतर विस्तृत होती जा रही है। हिंदी भाषा के विषय में यह कहा जा सकता है कि आज हिंदी एक रोजगारोन्मुख भाषा बन चुकी है। आज भारतीय संस्कृति और विविधतापूर्ण भारतीय अस्मिता को जानने-समझने का सबसे सटीक माध्यम हिंदी भाषा ही है। प्रस्तुत शोध आलेख में हिंदी भाषा की ऐतिहासिक कड़ियों पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान संदर्भ में हिंदी भाषा की व्यापकता पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है।

**बीज शब्द :**

भाषा, अभिव्यक्ति, संवेदना, अनुवाद, समृद्धि, समावेशिता।

**मूल आलेख :**

अनुभव जब अपनी अभिव्यक्ति चाहते हैं, तब आवश्यकता होती है भाषा की। भाषा ज्ञान के किसी भी अनुशासन तक पहुँचने की कुँजी है इसलिए भाषा में पकड़ जितनी गहरी होगी, ज्ञान तक पहुँच उतनी आसन बनेगी। मानव शिशु भाषा प्रयोग की अंतर्जात क्षमता के साथ जन्म लेता है। भाषा बच्चे की कुछ लोगों के साथ पहचान स्थापित कराती है और अन्य से अलग भी करती है। इस प्रकार भाषा तादात्म्य निर्माण और मानवीय समाज की रचना का आधार है। मनुष्य बाह्य व आंतरिक यथार्थ से भाषा के माध्यम से ही जुड़ता है। जीवन में जो कुछ घटित होता है, उससे तादात्म्य स्थापित करने का माध्यम भाषा है। भाषा केवल सम्प्रेषण का माध्यम नहीं है, बल्कि समझने का माध्यम भी है। बच्चे का भाषाई विकास किसी भी समाज की सबसे बड़ी प्राथमिकता होती है। भाषा खुद की पहचान का एक मजबूत साधन है। ऐसे भी हिंदी भाषा के संदर्भ में भी कहा जा सकता है कि यह भारतीय जन की पहचान है।

किसी भी राष्ट्र की अस्मिता का प्रश्न मूल रूप से उस राष्ट्र की जनता की संपूर्ण जीवन-शैली का प्रतिबिंब माना जाता है और यह भी सत्य है कि यह संपूर्ण जीवन-शैली उस राष्ट्र की गौरवशाली 'साहित्य-परंपरा' की गाथाओं में ही निबद्ध रहती है। यह गौरवशाली साहित्य परम्परा अपने को अभिव्यक्त करने के लिए भाषा को ही अपना माध्यम बनाती है। (पृष्ठ-14)[1]

भारत की विविधता सदा से ही विश्व के लिए आश्चर्य और जिज्ञासा का विषय रही है। भारत की समृद्धि उसकी सांस्कृतिक, सजातीय और भाषायी विविधता से चिन्हित होती है। भारत जैसे बहुभाषी देश में जहाँ एक से अधिक भाषायी अस्मिताएँ हैं, वहाँ पहचान के विभिन्न कारकों में से भाषा को सबसे सशक्त माध्यम माना जाता है। भाषायी विविधता के भारतीय परिवेश में हिंदी भाषा का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हिंदी हमारी अस्मिता की पहचान, सांस्कृतिक चेतना की अभिव्यक्ति और हमारी सांस्कृतिक विरासत की धरोहर है (पृष्ठ-120)[2]। अखिल भारतीय स्तर पर संपर्क सूत्र के रूप में स्वीकृत हिंदी भाषा मात्र हिंदी प्रदेश की ही भाषा नहीं है, बल्कि संपूर्ण भारत की भाषा रही है। भौगोलिक दृष्टि से देश के 10 राज्यों में बोली जाने वाली भाषा हिंदी ही है। वास्तव में हिंदी की आंतरिक प्रकृति ही ऐसी है कि अनेक बोलियों से मिलकर बना हिंदी का फलक अपनी प्रकृति में समावेशी है। भोजपुरी, अवधी, ब्रज जैसी अनेकों बोलियाँ हिंदी से अलग नहीं हैं, बल्कि ये सब हिंदी जैसे विशाल वृक्ष की मजबूत डालें हैं, इनमें एक आपसी तारतम्य देखा जा सकता है। उन्नसवी शताब्दी में ग्रियर्सन ने लिखा था कि 'बंगाल से पंजाब तक एक ही भाषा प्रचलित है-हिंदी, अपनी तमाम बोलियों के साथ' (पृष्ठ-19)[3]।

प्राचीन समय में अनेक ऐसे शासक, यात्री और व्यापारी रहे, जिन्होंने अपने तत्कालीन उद्देश्यों और रुचि के कारण हिंदी भाषा को जाना, समझा, सीखा और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से हिंदी का विस्तार किया। विमलेश कान्ति वर्मा के अनुसार, 'जब भी व्यक्ति या देश की छवि बनती है तो उस देश को तथा वहाँ के निवासियों को समझने के लिए देश की भाषा व संस्कृति में भी सभी की रुचि बढ़ती है? भारत यों तो चिरकाल से कला, विज्ञान तथा अनेक क्षेत्रों में संपन्न होने के कारण विदेशियों के लिए आकर्षण का विषय रहा है, किंतु इधर पिछले पाँच दशकों में भारत के प्रति विदेशियों की रुचि में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है' (पृष्ठ-9)[4]।

आजादी से पहले भारत से बाहर काम के लिए ले जाए गए लोगों (गिरमिटियों) को हिंदी के प्रसार में एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में देखा जा सकता है। आज भी मॉरीशस में 70 प्रतिशत लोग हिंदी मूल के हैं (पृष्ठ-237)[5]। वास्तव में विश्व में हिंदी भाषी जहाँ भी गए जैसे ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, नीदरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, टोबैको, ट्रिनीदाद, सूरीनाम, नेपाल, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, फिजी, गुयाना मलेशिया, भूटान, जावा, सुमात्रा, श्रीलंका, बर्मा आदि वे देश हैं, जहाँ से वैश्विक स्तर पर हिंदी के प्रसार में सहायता मिली है (पृष्ठ-20)[6]।

1981 की जनगणना के अनुसार भारत में हिंदी को मातृभाषा के रूप में प्रयोग करने वाले भारतीयों का प्रतिशत 42.88 है (पृष्ठ-9)[7]। हिंदी भाषा भारतीय राष्ट्र का आधार है। प्राचीन काल से विभिन्न भाषा भाषियों को एक सूत्र में बांधने का काम हिंदी भाषा द्वारा ही हुआ है और हिंदी ही वह एक मात्र भाषा है, जिसे माध्यम बनाकर हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने भारतवासियों को सुषुप्तावस्था से जगाकर और अपने संकीर्ण स्वार्थों से ऊपर उठाकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ एकजुट किया था। गाँधी जी ने कहा था कि 'हिंदी के सहारे ही देश की आजादी की लड़ाई लड़ी जा सकती है और हिंदी ही स्वराज की राजभाषा हो सकती है'(पृष्ठ-102)[8]। आज भी विभिन्न समाचार पत्रों, पत्र-पत्रिकाओं, राजनेताओं के भाषणों की भाषा, व्यापर जगत की भाषा के विश्लेषण से यह कहा जा सकता है कि भारत देश में हिंदी भाषा का विस्तार सबसे अधिक है। हिंदी भाषा को विश्व में तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा माना जाता है। इसका मुख्य कारण है कि आज न केवल हिंदी भाषा में ज्ञान प्राप्ति के माध्यम बढ़ रहे हैं, बल्कि उस ज्ञान का प्रयोग कर सकने के लिए मंच भी मिल रहे हैं।

विश्व के विभिन्न देशों में हिंदी भाषा के शिक्षण और अध्ययन का कार्य आज पूरे उत्साह के साथ किया जा रहा है। डॉ. शोमर के अनुसार, 'अमेरिका में ही 113 विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में हिंदी अध्ययन की सुविधाएँ उपलब्ध हैं' (पृष्ठ-14)[9]। इस प्रकार यह स्पष्ट

है कि विश्वभर में हिंदी का पठन-पाठन, लेखन और शोधकार्य व्यापक स्तर पर हो रहे हैं। भारत के बाहर अन्य देशों में 176 से अधिक विश्वविद्यालयों तथा शिक्षण संस्थानों में हिंदी भाषा का अध्ययन एवं अध्यापन हो रहा है (पृष्ठ- 68)[10]। वर्तमान में विदेशों में प्रकाशित होने वाली आर्य संदेश, ज्योति जैसी पत्रिकाओं के प्रकाशन ने भी हिंदी का व्यापक प्रसार करने में भूमिका निभाई है। इसी के साथ प्रवासी भारतीयों के कारण भी विदेशों में हिंदी को व्यापक आधार मिला है, इसलिए हिंदी की अंतर्राष्ट्रीय भूमिका से अब इनकार नहीं किया जा सकता है। इस प्रकार हम देखते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी भाषा निरंतर पुष्पित और पल्लवित हो रही है।

आज भारत सहित विश्व के कई देशों में हिंदी भाषा की जड़ें गहरी हो चुकी हैं। हिंदी भाषा के सोशल मीडिया पर विभिन्न चैनल, वेब चैनल, यू ट्यूब चैनल, अखबार, लेखन के लिए विभिन्न प्रकार की टंकण फॉन्ट, ब्लॉग, ऑनलाइन हिंदी की हजारों पत्रिकाएँ इत्यादि अर्थात तकनीक में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहाँ हिंदी भाषा का मजबूत हस्तक्षेप ना हो। वितरण और प्रसार की दृष्टि से तकनीक हिंदी की किताबों के फैलाव को बढ़ाया है। इस तरह हम देखते हैं कि हिंदी ने खुद को अपडेट किया है और तकनीक के साथ हिंदी ने स्वयं को समायोजित किया है। आज हम कंप्यूटर, लैपटॉप, आई-पैड, मोबाइल पर हिंदी भाषा का आसानी से प्रयोग कर सकते हैं। अब हिंदी में बहुत सारे ब्लोग्स, वेबसाइट्सइस, ई-मेल इत्यादि की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इंटरनेट पर अब हिंदी से जुड़ी हुई सामग्री की भरमार है। विश्व के किसी भी कोने में देवनागरी लिपि और हिंदी साहित्य को पहुँचाने में इंटरनेट का योगदान अकथनीय है (पृष्ठ-168)[11]। इस प्रकार आज हम देखते हैं कि तकनीक ने भी विश्व में हिंदी भाषा के प्रसार में योगदान दिया है। हिंदी धीरे-धीरे इंटरनेट की एक महत्वपूर्ण भाषा के रूप में प्रयोग में आने लगी है और इसके ऑनलाइन संस्करण भारत में ही नहीं विदेशों में रहने वाले भारतीयों में भी लोकप्रिय हो गए हैं (पृष्ठ-80)[12]। आज हिंदी भाषा को सीखने-सिखाने के हजारों यूट्यूब चैनल( गैर-हिंदी भाषियों द्वारा बनाए हुए) आ चुके हैं, जिनकी सबस्क्राइबर संख्या लाखों में है। इसके अतिरिक्त भारतीय सिनेमा और फिल्मों तथा दूरदर्शन के कारण हिंदी की लोकप्रियता में सर्वाधिक बढ़ोतरी हुई है। हिंदी फिल्मों के गीत जन-जन की जिह्वा पर मौजूद हैं। इन्हीं गीतों के कारण हिंदी न जानने वाले भी हिंदी फिल्मों को देखने में रुचि ले रहे हैं, जिससे हिंदी की लोकप्रियता बढ़ी है (पृष्ठ-6)[13]। वर्तमान सरकार ने भी सभी सार्वजनिक और सरकारी कार्यालयों में हिंदी के प्रचार-प्रसार में बहुत योगदान दिया है। यही नहीं, बल्कि वैश्विक मंचों पर भारतीय राजनेताओं द्वारा हिंदी के प्रयोग को भी विश्व स्तर पर हिंदी के विस्तार के एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में देखा जाना चाहिए। आज अनेक कारणों से विभिन्न भाषा-भाषी हिंदी भाषा को सीखने की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जिसके मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं :-

- हिंदी भाषा के साहित्य के अध्ययन द्वारा विवेक शक्ति तथा अभिरुचि का विकास करना।
- हिंदी भाषा पर कार्यात्मक अधिकार प्राप्त कर अपनी व्यावसायिक क्षमता को बढ़ाना, जिसमें वह प्रतियोगी बनना चाहता है।
- व्यक्ति को अपने समीप और साथ ही दूर के लोगों की जीवन-शैली और संस्कृति को जानने के लिए प्रेरित करने वाली जिज्ञासा प्रवृत्ति।

वहीं दूसरी ओर, अज हिंदी संपर्क भाषा, माध्यम भाषा, मातृभाषा, हिंदी तकनीकी भाषा, राजभाषा, जनभाषा, कामकाजी हिंदी भाषा, प्रयोजनमूलक हिंदी भाषा , साहित्यिक हिंदी इत्यादि रूपों में अपनी सशक्त भूमिका निभा रही है, जो विभिन्न क्षेत्रों में हिंदी भाषा की व्यापकता को स्वयं ही स्पष्ट कर देता है। वास्तव में हिंदी का स्वरूप बहुल है।

भारत न केवल विश्वगुरु है, बल्कि यह विश्व का आध्यामिक गुरु भी है। आज भारत के अनेकों धार्मिक स्थलों पर दुनिया के विभिन्न देशों के लाखों विदेशियों को देखा जा सकता है, जो भारत की पुण्य भूमि पर अपनी आध्यामिक उन्नति और शांति प्राप्ति के उद्देश्य से यहाँ शरण लिए हुए हैं। आध्यामिकता की अपनी सुधा को शांत करने के लिए इन विभिन्न विदेशी लोगों ने भी

हिंदी भाषा के वैश्विक विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज धर्म, संगीत, साहित्य, ज्ञान, विज्ञान, तकनीक, अनुवाद, लेखन, प्रकाशन, प्रशासनिक पदों पर, सिनेमा, विज्ञापन, व्यापार, अर्थव्यवस्था, दर्शन, चिंतन, शिक्षण और शोध आदि ऐसा कोई क्षेत्र नहीं, जहाँ हिंदी भाषा का प्रयोग और प्रसार न हो रहा है।

आज हिंदी भाषा ज्ञान की वाहिका ह। नए आविष्कार और नए अनुसंधान के लिए मौलिक चिंतन और विवेचन की क्षमता हिंदी भाषा में बखूबी है। यही नहीं, बल्कि यदि भारतीय कक्षाओं में हिंदी भाषा की स्थिति पर दृष्टि डाली जाए तो यह तथ्य स्पष्ट है कि लाखों बच्चों द्वारा बीच में ही पढ़ाई छोड़ देने का एक बड़ा कारण उन पर उपनिवेशी भाषा का थोपा जाना है, जिससे निजात हिंदी भाषा में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को आरंभ करके पाया जा सकता है, क्योंकि शिक्षा के क्षेत्र में अधिकतर बच्चे स्वयं को परिवेश की भाषा होने के कारण हिंदी भाषा में सहज अनुभव करते हैं। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 में भी इस बात पर जोर दिया गया है कि बच्चे की शिक्षा का माध्यम उसके परिवेश की भाषा होनी चाहिए ताकि बच्चा शिक्षा की प्रक्रिया से सहजता के साथ जुड़ सके।

**निष्कर्ष :**

हिंदी ही हमारी संवेदनाओं की वाहक है, स्वाभिमान है और राष्ट्रीय एकता की प्राण है। अपनी आंतरिक शक्ति, गुणवत्ता, सरलता एवं लोकप्रियता के कारण हिंदी का विस्तार आज विश्व पटल पर हो रहा है, किंतु आज संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी को स्थापित करना हमारे समक्ष एक चुनौती है। अत: यह प्रयास होना चाहिए कि हिंदी भाषा संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषाओं में अपना स्थान ग्रहण कर सके और विश्व पटल पर अपना उचित और गौरवपूर्ण पद प्राप्त कर सके। ❑

**संदर्भ ग्रंथ :**


1. अरोड़ा, पंकज, शर्मा, उषा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 रचनातमक सुधारों की ओर, शिप्रा पब्लिकेशन, 2022
2. डॉ. शर्मा, प्रणव, डॉ. गोस्वामी, प्रणीता, हिंदी का अस्मिता पर्व, मित्तल एंड संस, दिल्ली, 2015, पृष्ठ-120.
3. वैश्विकरण के परिप्रेक्ष्य में हिंदी, नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय, 2002, पृष्ठ-19.
4. शर्मा,आत्माराम, आधुनिक समय में हिंदी की चुनौतियाँ, दृष्टि ऑफसेट, 2015, पृष्ठ-9.
5. शर्मा,आत्माराम, आधुनिक समय में हिंदी की चुनौतियाँ, दृष्टि ऑफसेट, 2015, पृष्ठ-237.
6. डॉ. पांचाल, परमानन्द, हिंदी भाषा : प्रासंगिकता और व्यापकता, हिंदी बुक सेंटर, 2016, पृष्ठ-20.
7. शर्मा,आत्माराम, आधुनिक समय में हिंदी की चुनौतियाँ, दृष्टि ऑफसेट, 2015, पृष्ठ-9.
8. डॉ. शर्मा, प्रणव, डॉ. गोस्वामी, प्रणीता, हिंदी का अस्मिता पर्व, मित्तल एंड संस, दिल्ली, 2015, पृष्ठ-102.
9. भारतीय गणतन्त्र में हिंदी दशा और दिशा, नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय, 2002, पृष्ठ-14.
10. डॉ. शर्मा, प्रणव, डॉ. गोस्वामी, प्रणीता, हिंदी का अस्मिता पर्व, मित्तल एंड संस, दिल्ली, 2015, पृष्ठ-68.
11. डॉ. शर्मा, प्रणव, डॉ. गोस्वामी, प्रणीता, हिंदी का अस्मिता पर्व, मित्तल एंड संस, दिल्ली, 2015, पृष्ठ-168.
12. मिश्र, विद्यानिवास, हिंदी और हम, ग्रन्थ अकादमी, नयी दिल्ली, 2001, पृष्ठ-80.
13. डॉ. पांचाल, परमानन्द, हिंदी भाषा : प्रासंगिकता और व्यापकता, हिंदी बुक सेंटर, 2016, पृष्ठ-6.

ISSN 2321-4945
PEER REVIEWED & REFEREED JOURNAL
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

विमर्श

# उदय प्रकाश की कहानियों में स्त्री संघर्ष

शिल्पा दत्त

शोधार्थी, हिंदी विभाग
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
दोईमुख, इटानगर (अरुणाचल प्रदेश)
6000875404
silpadutta2018@gmail.com

**भूमिका :**

साहित्य मानवीय अनुभूतियों की अभिव्यक्ति है। साहित्य और समाज का नाभि-नाल संबंध है। मनुष्य अपनी विभिन्न गतिविधियों और प्रकृति के साथ अपने संबंधों और अपनी कल्पना को साहित्य के माध्यम से प्रस्तुत करते हैं। साहित्य की सबसे बड़ी प्रासंगिकता समाज से जुड़ने में है। समाज की मानसिकता में परिवर्तन हेतु आवश्यक है कि उसके विचारों में भी परिवर्तन हो और इस कार्य में साहित्य सहायक सिद्ध हो सकता है। समकालीन साहित्यकारों ने जनसामान्य के दर्द को देखा एवं स्वयं भोगा भी है। ऐसे में उदय प्रकाश का कथा-साहित्य समकालीन संदर्भों में प्रामाणिक सिद्ध होता है। उदय प्रकाश की कहानियाँ अपने समय की विभीषिकाओं से निरंतर संघर्ष करते हुए आगे बढ़ती हैं, इसलिए उनमें समाज का वह हर व्यक्ति सम्मिलित हो जाता है, जो किसी न किसी स्तर पर प्रताड़ित है।

**मूल विषय :**

पुरुष और स्त्री दोनों ही समाज के अभिन्न अंग हैं, परंतु सदियों से हम देखते आए हैं कि पुरुषों के समान औरतों को उनका अधिकार नहीं मिला है और न ही महत्व। केवल चारदीवारी के अंदर ही कैद रहकर पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्व को निभाना उनकी नियति बन गई है। खासकर गाँव की तरफ ध्यान दें तो पारिवारिक जकड़नों में फँसकर स्त्री खुद की ओर ध्यान ही नहीं देती है। ऊपर से उन पर शारीरिक अत्याचार होते हैं वो अलग। अत: स्त्री का आत्मसंघर्ष एवं अपने हक की लड़ाई प्रत्येक युग में दृष्टिगोचर रहा है।

उदय प्रकाश एक ऐसे रचनाकार हैं, जिन्होंने स्त्री जीवन को परत-दर-परत अपनी रचनाओं में प्रस्तुत किया है। उनकी रचनाओं में स्त्री का दयनीय रूप भी है और संघर्ष करते हुए मुक्ति की चाह भी है। पढ़ी-लिखी स्वतंत्र विचार रखने वाली औरतें भी हैं और उपेक्षित जीवन जीने वाली स्त्रियाँ भी हैं। उदय प्रकाश की 'मोहनदास' कहानी में स्त्री को प्रेरणादायिनी के रूप में दिखाया गया है। मोहनदास एक पढ़ा-लिखा बेरोजगार इंसान है। ईमानदारी से नौकरी पाने की प्रयास में संघर्ष करता फिर रहा है। मोहनदास की शादी चौदह-पंद्रह साल की उम्र में ही कटकोना गाँव के बिरजू की सुंदर बेटी कस्तूरीबाई के साथ हो गई। ससुराल की जिम्मेदारियों के साथ उसने मोहनदास की पढ़ाई सुचारू रूप से चले, इसके लिए आस-पास

छोटी-मोटी मजूरी करके पैसे कमाना भी शुरू कर दिया, क्योंकि पूरे घर की आस मोहनदास पर थी कि उसे नौकरी मिल जाए। उच्च शैक्षणिक अर्हता होने के बावजूद जब मोहनदास को नौकरी नहीं मिल पा रही थी, तब कस्तूरी मोहनदास का हिम्मत बढ़ाती है - *''कोई बात नहीं, सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी तो प्राइवेट में देख लेंगे। नहीं तो कोई धंधा कर लेंगे। आजकल पढ़े-लिखे बेरोजगारों के लिए सरकार की कई योजनाएँ हैं। कुक्कुट पालन कर लेंगे। अंडे के धंधे में खूब फायदा है। मोमबत्ती, अगरबत्ती या आटा-दलिया बनाने का कारखाना डाल लेंगे। सरकार बैंकों से लोन दिलाती है।''*[1] जब नौकरी नहीं मिल रही थी तो मोहनदास खेती करने लगा और उसमें भी कस्तूरी ने पूरा साथ दिया। वह और कुछ नहीं, मोहनदास की परछाई थी। कस्तूरी मोहनदास के लिए प्रेरणादायिनी थी, परंतु खुद का जीवन उपेक्षितपूर्ण था। उसने सास-ससुर, पति की देखभाल में ही अपना जीवन न्योछावर कर दिया। यहाँ तक कि जिस दिन वह देवदास को जन्म देने वाली थी, उस दिन उसकी हालत मरना-जीना जैसी हो गई थी और उस रात मोहनदास अपनी ही चिंता में मग्न होकर पूरी रात घर नहीं आया। दूसरी तरफ मोहनदास की माँ पुतलीबाई है, जिसकी आँख किसी मुफ्त नेत्र शिविर में मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने के बाद अंधी हो चुकी थी। अंधी होने के बावजूद घर के कामों में हाथ बटाती थी। घर में इतना पैसा नहीं था कि उसकी इलाज करवा सके। इस तरह दोनों ही औरतें हालात से समझौता करके चल रही थीं।

नारी का जीवन उपेक्षापूर्ण ही रहा है। इसका उदाहरण हमें 'तिरिछ' कहानी संग्रह की 'छप्पन तोले की करधन' कहानी की दादी में देखने को मिलती है। एक भरा-पूरा परिवार होने के बावजूद उनकी तरफ ध्यान देने के लिए कोई नहीं है। बस वक्त-वक्त पर वह जिंदा है कि नहीं उसे देखा जाता है। सबको लग रहा था कि दादी के पास छप्पन तोले का कोई करधन है और उसी के लालच में उसे यातना दे देकर जिंदा रखा जा रहा था- *''उस बार जब पिताजी ने कहा था कि करधन की बात गढ़ंत है तो पच्चीस दिनों तक अम्माँ रोती रही, पच्चीस दिनों तक चाची ने दादी के खाने में धूल और मिट्टी डाली, पिताजी उसी रात कलकत्ते लौट गए थे और फिर पच्चीस दिनों तक घर में कोयले से भी ज्यादा काला और गाढ़ा अँधेरा भर गया था।''*[2]

उदय प्रकाश की 'तिरिछ' कहानी संग्रह में संकलित 'हिन्दुस्तानी इवान दानिसोविच की जिन्दगी का एक दिन' कहानी की स्त्री पात्र 'विमला' की जीवन भी उपेक्षापूर्ण ही है। विमला का पति रामनिवास एक निम्न मध्यवर्गीय पात्र है। वह एक प्राइवेट प्रेस में प्रूफरीडर था। अपने परिवार का पेट पाल सके इसलिए विमला भी एक प्राइवेट टाटपट्टी स्कूल में आया का काम करती थी। ऊपर से उनके तीन लड़के, जिनमें से मंजला गूँगा, सबसे छोटा लड़का हमेशा बीमार रहता था, उसको क्रोनिक डिसेंट्री था। एक लड़की थी, जिसे दो साल हो गए, परंतु न उसके दाँत निकले और न वह घुटनों के बल लेट पाती थी। बच्चों की देख-रेख, साथ में घर का सारा काम करके वह काम पर जाती थी। इस चक्कर में वह अपने पर ध्यान देना ही भूल गई - *''औरत के शरीर में अब कुछ नहीं बचा था। चेहरे पर नाक निकल आयी थी और गालों की नुकीली हड्डियों ने चेहरे को त्रिभुज बना डाला था। अगर उसके शरीर को पकड़कर हिलाया जाता तो उसमें से जरुर खड़-खड़ की बूढ़ी आवाज निकलती। इवान ने, जब औरत कभी हँसती, इस लड़खड़ाहट को सुना था। औरत की आँखें पहले कुछ बड़ी थीं, लेकिन अब वे सिर्फ देखने के काम आतीं। औरत हमेशा सूखी लकड़ी की तरह चिटकती रहती और उसके जलने से धुएँ और तिनतियों से कमरा भरा रहता। उसकी छाती में अब कुछ नहीं था। दूध उतरता नहीं था। छोटी लड़की अपना भारी-भरकम सिर मुश्किल से उठाकर वहाँ कुछ खोजती फिर थककर और चिढ़कर जोर-जोर से रोने लगती।''*[3] इसके अलावा 'दत्तात्रेय के दु:ख' संग्रह की कहानी 'दिल्ली की दीवार' की नारी पात्र बबिया ने तो अपने पति की दूसरी औरत के साथ रखे हुए संबंध से समझौता कर लिया। बबिया की पति रामनिवास अपनी पत्नी के होते हुए भी सुषमा नाम की एक नाबालिग लड़की से बाह्य संबंध रखता है। घर में पत्नी को छोड़ किसी नाबालिग पर पैसे उड़ाना, उसके साथ यौन संबंध रखकर एक साथ दो औरतों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करता है।

बबिया यह सब जानकर भी चुप रह जाती है, क्योंकि बच्चे को लेकर वह जाएगी कहाँ और पालेगी कैसे। समाज में कई बार मजबूरी में औरतों को बहुत कुछ सहन करना पड़ता है। कभी बच्चों के लिए, कभी परिवार के लिए, कभी सम्मान की खातिर, क्योंकि भारतीय समाज व्यवस्था में इन सबका बोझ औरत के कंधों पर दे दिया है।

दूसरी तरफ 'मैंगोसिल' जैसी कहानी के माध्यम से उदय प्रकाश स्त्री शोषण के भयानक चित्र प्रस्तुत करते हैं। कहानी की नायिका 'शोभा' का पति रमाकांत कोई काम-धंधा नहीं करता था। वह दिन-भर दलाली के चक्कर में घूमता-फिरता और पुलिस के लिए फर्जी गवाही देने का काम करता था। उन्ही दिनों एक दरोगा की नजर शोभा पर पड़ी और वह रमाकांत के घर में आकर ही खाने-पीने लगा। पति के साथ पत्नी सुरक्षित महसूस करती है, लेकिन यहाँ विडंबना यह थी कि पति खुद अपनी पत्नी को दरोगा के सामने परोस देता है। तीन महीने तक वह स्त्री दरोगा के हवस का शिकार बनती रही। रमाकांत खुद दरोगा की जी-हुजूरी में लगा रहता और अपनी पत्नी शोभा को डाँट-डपटकर दरोगा की सेवा में लगाता। दरोगा शोभा के साथ आए दिन अमानवीय अत्याचार करता रहा - *''जिस दिन पार्टी होती और दरोगा के साथ उनके दोस्त भी आ जाते, वह रात शोभा के लिए अमानवीय यंत्रणा और पीड़ा की रात होती। नशे के बाद उन लोगों के भीतर बैठा जानवर जाग जाता और उस कमरे में उस जानवर के उत्पात और उसकी बनैली-वहशी हिंसा की शिकार बनती शोभा। वे लोग नशे में गाना गाते, शराब पीते, मछली के पकौड़ों की तारीफ करते, हँसते और शोभा को नोचते- खसोटते।''*[4] रमाकांत इन सबमें उनका उत्साह बढ़ाता था। एक बार ऐसी ही एक पार्टी में दरोगा के साथ एक पचपन-साठ साल का विल्डर आया था। वह रात शोभा की जिंदगी में नरक यातना लेकर आया। विल्डर ने उसके रेक्टम में बियर की बोतल घुसेड़ दी। दोनों ने मिलकर शोभा के साथ अप्राकृतिक कार्य किया, जिससे शोभा लहूलुहान होकर बेहोश हो गई। पूरी रात उसका शोषण होता रहा। ये दृश्य मोहल्ले के कुछ लोग देखते रहे। उनके लिए यह एक रोमांचक दृश्य बन गया था, जो रोज रात उन्हें मुफ्त में देखने को मिलता रहा।

इस घटना के कुछ दिनों बाद विल्डर फिर आया और उसने शोभा को 'सारिणी नारी कल्याण समिति' का अध्यक्ष बना दिया और कहा कि अब वह उसे घुमाने-फिराने ले जाया करेगा। विल्डर के साथ उसका नौकर चंद्रकांत भी शोभा के घर आता, परंतु वह गाड़ी में ही रहता। शोभा उसे वहीं पर खाना दे जाती। इस तरह से दोनों की जान-पहचान हुई। एक बार विल्डर शोभा को लेकर जलगाँव गया हुआ था। इस बार शोभा सोचकर गई थी कि या तो वह चंद्रकांत के साथ भाग जाएगी या दरोगा, विल्डर और रमाकांत के खाने में जहर मिला देगी। फिर शोभा कपड़े बदलने का बहाना करके एक झोले में अपना सारा सामान लेकर चंद्रकांत के साथ भाग गई। शोभा कैसे भी हो बस इस दलदल से भागना चाहती थी। इसीलिए मौका मिलते ही एक दिन वह चंद्रकांत से अपनी जांघे, पीठ, छाती, गला दिखाते हुए अपनी हालत बयान कर चुकी थी कि *''बाकि तो मैं अभी इधर नहीं दिखा सकती। कोई आ जाएगा। लेकिन जान लो, मैं मर जाऊँगी किसी रोज। ये लोग किधर को भी मेरी बॉडी फेंक देंगे। तुम मेरे को कैसे भी बचा लो। किधर को भी लेकर चलो। मैं तुम्हारे कपड़े धो दिया करूँगी। झाड़ू-पोछा कर दूँगी। रोज खाना बनाऊँगी और भांडे-बर्तन माँजूँगी। मेरा बनाया मटन तुम्हे पसंद है ना? मैं इससे भी अच्छा बनाऊँगी। ऐसा मसाला डालूँगी कि तुम्हारा पूरा घर महकेगा। तुम अगर अपने रूम के बाहर, ड्योढ़ी के पास भी मुझे सुलाओगे तो सो जाऊँगी। ओढ़ने-बिछाने के लिए भी कुछ मत देना। मैं ऐसे ही रह लूँगी। तुम्हारी कमाई जब नहीं होगी तो मैं तुम्हारे लिए कमाऊँगी।''*[5] शोभा ने यह तक कह डाला कि अगर वह चाहे तो विल्डर और दरोगा उसके साथ जो करता है वह भी करेगा तो वह कुछ नहीं बोलेगी। बस उसे इस नरक से बाहर निकलना था। शोभा का दर्द देखकर ही चंद्रकांत उसे जलगाँव से भगाकर ले गया था। शोभा का हिम्मत कर भाग जाना और एक नए सिरे से जिंदगी बिताना नारी मुक्ति की चाह को प्रकट करती है।

सदियों से शोषित, दमित स्त्री की स्थिति में ठीक ढंग से सुधार नहीं हो पाया है। खेतों में काम करने वाली, मजदूर, निम्न जाति कि असहाय स्त्रियों को जमींदार,

सेठ-साहूकार आदि अपने हवस का शिकार बनाते हैं। उदय प्रकाश की 'हीरालाल का भूत' इसका सुंदर उदाहरण है। यह कहानी पुरुष प्रधान समाज की देन है। इसमें स्त्री को सिर्फ उपभोग की वस्तु माना गया है। कहानी में हीरालाल की पत्नी फुलिया का गरीबी की वजह से शोषण होता है। आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से पति-पत्नी दोनों ठाकुर की हवेली में काम करते थे। इसी का लाभ ठाकुर ने उठाया। उदय प्रकाश लिखते हैं, *''हीरालाल शाम को ही ठाकुर साहब के घर का सौदा सामान लेने बाजार चला गया था। दोपहर के बर्तन झूठे पड़े थे, इसलिए उसे माँजने और बाकी काम निपटाने फुलिया वहाँ आई हुई थी। शाम सात बजे होंगे कि ठाकुर साहब ने फुलिया को बुलाया और उसे कागज बही खाता देकर कहा कि इसे वह पटवारी को दे आए। शायद ठाकुर और पटवारी में पहले ही बातचीत हो चुकी थी। फुलिया कमरे में पहुँची तो पटवारी ने उसे पकड़ लिया, साँकल भीतर से चढ़ा ली, रेडियों की आवाज खूब ऊँची कर दी और इस तरह हीरालाल की संपत्ति का आखिरी कोना, उसकी औरत की आबरू भी जाती रही। आधे घंटे बाद ठाकुर हरपाल सिंह उस कमरे में आ गए और फुलिया पटवारी के पलंग पर सिसकती रही। बाद में फुलिया को दोनों ने पाँच-पाँच रुपए दिए।''*[6] हीरालाल को यह बात मालूम होने पर भी उसने सिर्फ यह कहा कि कोई बात नहीं। दस रुपए की चादर खरीद लेंगे, क्योंकि दोनों को पता था अगले दिन मजूरी करने उन्हें ठाकुर की हवेली में जाना पड़ेगा। ऐसे में समाज के ऐसे लोगों के खिलाफ स्त्री में विरोध करने की हिम्मत नहीं होती, क्योंकि गरीब की मदद कौन करेगा?

उदय प्रकाश ने एक तरफ अपनी कहानियों में स्त्री शोषण, उनकी उपेक्षापूर्ण जीवन, योन शोषण जैसी समस्या को उकेरा है तो दूसरी तरफ स्त्री शिक्षा, स्वतंत्र विचार रखने वाली स्त्री पात्रों को भी दिखाया है। 'राम सजीवन की प्रेमकथा' की अनीता चांदीवाला है, जो हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही है और वह विविध मामलों में अपना स्वतंत्र विचार रखती है। या 'पीली छतरी वाली लड़की' की अंजली आदि पात्रों द्वारा उन्होंने स्त्री शिक्षा के लिए प्रोत्साहन दिया है। उदय प्रकाश ने गाँव के स्त्री पात्रों को पढ़ा-लिखा नहीं दिखाया है। उन्होंने स्त्रियों में शिक्षा के महत्व को दर्शाया है, क्योंकि अगर हीरालाल की पत्नी शिक्षित होती, अगर रामनिवास की पत्नी बबिया शिक्षित होती तो अपने साथ हुए अन्याय और शोषण के खिलाफ लड़ पाती। उन्होंने जीवन में शिक्षा के प्रयोजन को समझाया है।

**उपसंहार :**

उदय प्रकाश की कहानियाँ समसामयिक समाज को व्याख्यायित करने वाली कहानियाँ हैं। उनकी कहानियाँ वर्तमान समाज की विडंबनाओं को ठीक से समझने का अवसर प्रदान करती हैं। उदय प्रकाश एक संवेदनशील मन के अधिकारी व्यक्ति हैं। इसीलिए उन्होंने पाठक वर्ग को बड़ी ही बेबाकी से जहाँ समाज की वास्तविक स्वरूप से रूबरू कराया और वहीं उसका एक साकारात्मक समाधान भी दिखाया। उदय प्रकाश अपनी कहानियों के माध्यम से समाज की हर छोटी-बड़ी समस्या को पाठकों के सामने लाए हैं। समाज का एक बड़ा हिस्सा महिलाओं का है। परंतु, स्त्री चाहे जितनी शिक्षित हो या आगे बढ़े, पर उनके ऊपर हो रहे अत्याचार न पहले कम था और न आज। उदय प्रकाश ने अपनी कई कहानियों में स्त्री- शोषण, स्त्री- उत्पीड़न के चित्र खींचे हैं और साथ ही स्वतंत्र विचार रखने वाली, शिक्षित और कर्मठ स्त्री पात्रों के चित्रण द्वारा कैसे एक स्त्री अपने लिए आवाज उठा सकती है या अपनी अस्तित्व को बचाए रख सकती है उस बात को भी समझाया है। ❑


**संदर्भ ग्रंथ सूची :**

1. उदय प्रकाश, मोहनदास, वाणी प्रकाशन, पृष्ठ संख्या- 17.
2. उदय प्रकाश, तिरिछ, वाणी प्रकाशन, पृष्ठ संख्या- 64
3. उदय प्रकाश, तिरिछ, वाणी प्रकाशन, पृष्ठ संख्या- 76.
4. उदय प्रकाश, मैंगोसिल, वाणी प्रकाशन, पृष्ठ संख्या- 78.
5. उदय प्रकाश, मैंगोसिल, वाणी प्रकाशन, पृष्ठ संख्या- 84.
6. उदय प्रकाश, तिरिछ, वाणी प्रकाशन, पृष्ठ संख्या-138.

ISSN 2321-4945
PEER REVIEWED & REFEREED JOURNAL
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

विवेचन

# भूमंडलीकरण और 21वीं सदी के हिंदी उपन्यास

## (स्त्री लेखन के विशेष संदर्भ में)

नेहा साव

शोधार्थी (पीएच.डी.), हिंदी विभाग
काजी नजरुल विश्वविद्यालय
आसनसोल (पश्चिम बंगाल)
08646843757
nehashaw468@gmail.com

**शोध सार :**

भूमंडलीकरण की पृष्ठभूमि गहन एवं विस्तृत रही है। यह एक वैश्विक व्यवस्था है, जिसके मूल में अर्थ, राजनीति और संस्कृति है। भूमंडलीकरण ने जीवन जगत के हर क्षेत्र, हर पहलू को गहराई से प्रभावित किया है। इस व्यवस्था ने संपूर्ण विश्व की राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परंपरा में उथल-पुथल मचाया है। भूमंडलीकरण के कारण नैतिक मूल्य, मानवीय संवेदना तथा सामाजिक विश्वास के स्थान पर बाजारवादी मूल्य, भोगवादी संस्कृति और वर्चस्ववाद का प्रभाव बढ़ा है। इसके संचालन के पीछे नव उदारवादी शक्तियाँ कारगर हैं एवं इसका प्रत्यक्ष प्रभाव 21वीं सदी के साहित्य और संस्कृति पर भी पड़ा। इन्हीं विचारधाराओं और मूल्यों पर विशेष बल देते हुए भूमंडलीय प्रवृत्ति से युक्त 21वीं सदी की स्त्री लेखिकाओं ने अपने लेखन में दीर्घकालिक उपेक्षित वर्ग के प्रताड़ित होने के कारणों व निराकरण का साक्ष्य प्रस्तुत किया है।

**बीज शब्द :**

भूमंडलीकरण, उदारीकरण, बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ, स्त्री सशक्तिकरण, स्त्री लेखन, उपभोक्तावादी संस्कृति।

**मूल आलेख :**

भारत में वैश्विकरण की प्रक्रिया सन 1980 के दशक में उदारीकरण की प्रक्रिया के साथ शुरू हुई, किंतु इसमें तीव्रता सन 1991 में आर्थिक सुधार की प्रक्रियाओं को अपनाने के साथ आई। भारत द्वारा 'विश्व व्यापार संगठन' की सदस्यता स्वीकार करने के उपरांत भारतीय अर्थव्यवस्था का वैश्विकरण सुनिश्चित हो गया। इसके साथ ही विदेशी पूँजी, विदेशी प्रौद्योगिकी के आयात में पर्याप्त तेजी आई तथा इसके साथ भारतीय अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में बहुराष्ट्रीय कंपनियों का प्रवेश आरंभ हो गया। इन कंपनियों के भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रवेश के साथ ही भोगवादी प्रवृत्ति का चलन प्रारंभ हुआ। खुले बाजार की नीति, मुद्रा के द्रुत प्रवाह, इंटरनेट साधन-उपकरण तथा उपभोग करो और फेंको (यूच एंड थ्रो) की जीवन पद्धति ने मानवीय मूल्य, पारिवारिक समन्वय और भारतीय संस्कृति के क्षरण की चुनौतीपूर्ण स्थिति पैदा की। इस संदर्भ में कमल नयन काबरा की उक्ति है—

*''वास्तव में भूमंडलीकरण से मंशा सारी दुनिया को एक मंडी में तब्दील कर देना है; एक ऐसी दुनिया जो मंडी मात्र ही नहीं है, अपितु उसका संचालन भी मंडी की आतंरिक ताकतों द्वारा सामाजिक, वैश्किक जीवन के हर अन्य पक्ष को गौण और मंडी का पिछलग्गू बनाकर किया जाता है।''*[1] अत: हम कह सकते हैं कि 20वीं सदी के सातवें दशक से लेकर 21वीं सदी के द्वितीय दशक तक भूमंडलीकरण की अनवरत जारी व्यवस्था ने भारतीय संस्कृति, समाज, परिवेश और नैतिक जीवन-शैली में व्यापक परिवर्तन किया है।

सांस्कृतिक दृष्टिकोण से हर देश व राष्ट्र की विचारधारा भिन्न है। जैसा कि पाश्चात्य संस्कृति में भोग अधिक महत्वपूर्ण है, जबकि भारतीय संस्कृति भौतिकता के स्थान पर आध्यात्मिकता को अधिक प्रश्रय देती है। इतना ही नहीं, पूँजी एवं बाजार के जटिल अंतरसंबंधों में मानव इस कदर उलझ गया है कि प्रतिरोध तथा विकल्प की अनवरत तलाश का कोई अंतिम छोर दिखाई नहीं देता है। इन पारिवारिक-सामाजिक विसंगतियों, अंतर्विरोधों, उपभोतावादी प्रवृत्तियों को स्त्री लेखिकाओं ने अपनी लेखनी में खुली अभिव्यक्ति दी है। इस संदर्भ में सुस्मित सौरभ का कथन है—*''इस सदी की महिलाओं ने अपने लेखन में जीवन और समाज के सभी रंगों को अपनी तूलिका रूपी लेखनी से बड़ी भावात्मकता और कलात्मकता से उकेरा है। इनमें कहीं वृद्ध समस्या है तो कहीं नारी मुक्ति की छटपटाहट, कहीं किसी बड़े परिवार की समस्या है तो कहीं आधुनिक जीवन का खोखलापन।''* [2] इस कथन के आलोक में यह कहा जा सकता है कि स्त्री लेखिकाओं ने जीवन से जुड़े जाने-अनजाने मुद्दों एवं पहलुओं को विकेंद्रण से केंद्र में लाने की पुरजोर कोशिश की है।

हिंदी साहित्य-जगत में लगभग पिछले दो दशकों से भूमंडलीकरण पर चर्चा हो रही है, जिसमें स्त्री-लेखन ने नए ढंग से रोशनी डालने का प्रयास किया है। हिंदी कथा-साहित्य में नई स्त्री-चेतना का उदय वैश्विकरण से प्रभावित है। 21वीं सदी में नव जीवनाचारों को आधुनिक समाज में स्थान दिया गया। स्त्री लेखिकाओं ने भूमंडलीकरण और उससे उत्पन्न भोगवादी संस्कृति के सकारात्मक और नकारात्मक पक्षों को बखूबी अपने कलम से जीवंतता प्रदान की है। वैश्विक और भारतीय परिदृश्य में स्त्रीवाद के उत्थान के साथ ही स्त्री के तेजस्वी कलम ने अपने 'स्व' को पूरी निजता के साथ पद्य एवं गद्य साहित्य में ऊर्जस्वी ढंग से अभिव्यक्ति दी है। इस परिप्रेक्ष्य में पुष्पपाल सिंह की उक्ति उल्लेखनीय है—*''स्त्री की पक्षधरता में, महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह स्वागत योग्य प्रवृत्ति है कि स्त्री-प्रश्नों पर इतनी सजगता से सोचा गया।... स्त्री-विमर्श संबंधी ग्रंथों, विशेषत: महिला साहित्यकारों की पुस्तकों को देखकर यह सहज ही स्पष्ट होता है कि 21वीं शती की कथाकार एक पूरी वैचारिक पृष्ठभूमि और तैयारी के साथ उपन्यास-लेखन में प्रवृत्त हुई हैं।''* [3] इस दृष्टि से वर्तमान स्त्री कथाकारों में अलका सरावगी से लेकर ममता कालिया, कमल कुमार, मैत्रेयी पुष्पा, लता शर्मा, रजनी गुप्त, प्रभा खेतान, मृदुला गर्ग, अनामिका, मधु कांकरिया और आशा प्रभात आदि की रचनाएँ विशेष रूप से दृष्टव्य हैं।

अलका सरावगी ने 'एक ब्रेक के बाद' उपन्यास का ताना-बाना समसामयिक कॉरपोरेट जगत की कथावस्तु को आधार बनाकर बुना है। यह महानगरीय जीवन की मानसिकता और धोखाधड़ी को प्रस्तुत करता है। उपन्यास में कॉरपोरेट जगत की चकाचौंध के बीच देश की एक तिहाई जनता को 'कुत्ते' की तरह जिंदगी बिताते हुए दिखाया है, जो देश की सबसे बड़ी विडंबना है। इन कॉरपोरेट नुमाइंदों का मानना है कि अंतत: इस विकास का लाभ उस जनता को ही पहुँचेगा। मार्केटिंग के उच्च पद पर आसीन एग्जीक्यूटिव को लेखिका ने प्रमुख चरित्रों के रूप में प्रस्तुत कर उपन्यास के विषय-वस्तु को उपभोक्तावादी व्यवस्था से जोड़ने का प्रयास किया है। के.वी., गुरुचरण उर्फ गुरु और भट्ट ऐसे ही चरित्र हैं, जो भूमंडलीकरण के इस समय में ग्लोबल सपने बेचते हैं। इस संदर्भ में भट्ट का कथन है—*''बिजनेसमैन के पास बड़े से और बड़े होते जाने का ग्लोबल सपना है, दलाल का दूसरों की मेहनत में हिस्सा पाते रहने का सपना है, नेता का स्विस बैंक में अकाउंट खोलने का सपना है,*

*अफसर का घूस की रकम सपरिवार शॉपिंग मॉल में खर्च करने का सपना है। तुम अखबार पढ़ते हो या नहीं? गाँवों के पास सपना है शहर बनने का। शहरों के पास महानगर बनने का। महानगरों के पास मेगापोलिस बनने का।''*[4] दरअसल, ये सपने मध्यवर्गीय समाज पर हावी हो रहे हैं और देश की निम्न मध्यमवर्गीय जनता का जीवन इन सपनों को प्राप्त करने की ख्वाहिशों में समाप्त हो रहा है। 'एक ब्रेक के बाद' उपन्यास कॉरपोरेट जगत के चरित्रों को अत्यंत सूक्ष्मता के साथ प्रस्तुत करता है। साथ ही दांपत्य-प्रेम और विवाह संस्था के सत्य को भी उजागर करता है, जिसमें मूल जद्दोजहद स्त्री के सपनों और अभिलाषाओं को विराम लगाना है लेकिन इसका विरोध कर लेखिका ने स्वच्छंद प्रेम की पैरवी करते हुए परंपरागत वैवाहिक संस्था के लिजलिजेपन की खिल्ली उड़ाई है। उनके अनुसार परिवार रूपी संस्था औरत को उसके अधिकार से वंचित करने के लिए गढ़े गए हैं। इस प्रकार यह उपन्यास एक तरफ पाठक के सामने 21वीं सदी के स्त्रियों के नवीन कथ्य को सामने लाता है, वहीं दूसरी तरफ बाजारवाद के चपेट में फँसे व्यक्ति के वस्तुकरण को भी स्पष्ट करता है।

हिंदी उपन्यासों में 'दौड़' ममता कालिया की ऐसी कृति है, जो अपने छोटे कलेवर में हमारे समकक्ष कुछ मजबूत सवालों और समस्याओं को उपस्थित करता है। भूमंडलीकरण, उदारीकरण और निजीकरण ने 21वीं सदी में युवाओं के सामने सपनों की एक अलग व नितांत नई दुनिया का द्वार खोल दिया है, जिसके परिणामस्वरूप नवीन रोजगार और नौकरियाँ उपलब्ध हुई हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने रोजगार के नए अवसर प्रदान करने के साथ-साथ बाजार तंत्र और उपभोक्तावादी संस्कृति को जीवन-शैली का हिस्सा बना दिया है। युवाओं ने इस दौर में नए तंत्र पर सवार होकर सफलता तो खूब अर्जित की है पर मानवीय संबंध और आपसी रिश्ते इनसे कही छूटकर बहुत दूर चले गए हैं। पवन, सघन, राकेश, रेखा, स्टेला और अभिषेक वैश्विकरण के दौर में बहुराष्ट्रीय कंपनियों से जुड़े पात्र हैं, जो सफलता की होड़ में पारिवारिक संबंधों और माता-पिता की अनदेखी करते हैं। इस संबंध में पवन का कथन है —*''पापा मेरे लिए शहर महत्वपूर्ण नहीं है, करियर है। अब कलकत्ते को ही लीजिए। कहने को महानगर है, पर मार्केटिंग की दृष्टि से एकदम लद्धड़। कलकते में प्रोड्यूसर्स का मार्केट है, कंज्यूमर्स का नहीं। मैं ऐसे शहर में रहना चाहता हूँ जहाँ कल्चर हो न हो, कंज्यूमर कल्चर जरूर हो। मुझे संस्कृति नहीं उपभोक्ता संस्कृति चाहिए, तभी मैं कामयाब रहूँगा।''*[5] यह भोगवादी मानसिकता ऐसी संस्कृति तैयार कर रही है, जो भारतीय संस्कृति के समक्ष एक चुनौती खड़ी कर रही है। आज की युवा पीढ़ी के लिए सही-गलत, नैतिक-अनैतिक, उचित-अनुचित के मानदंड इस उपभोक्तावादी संस्कृति एवं ग्लैमर की दुनिया में मूल्यहीन नजर आ रहे हैं।

इसी फेहरिस्त में कमल कुमार रचित 'पासवर्ड' भूमंडलीकरण के दौर की एक अलग तस्वीर उजागर करती है। वैश्विकरण के दौर में सूचना-क्रांति का संवाहक कंप्यूटर है। कंप्यूटर ने आज भूमंडल का भूगोल-खगोल बदल कर रख दिया है। माउस द्वारा परिचालित इस दुनिया का चित्रण हिंदी उपन्यास में तरह-तरह से हुआ है। क्षणों में पूँजी का एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरण, मिनटों में करोड़ों-करोड़ों की खरीद-बिक्री के आदेश पूरे पृथ्वी मंडल में कहीं भी लिए-दिए जा सकते हैं। लेखिका ने उपन्यास में ई-मेल संदेशों की कथा युक्ति द्वारा अधिकांश जगहों पर चल रही नारी जनित समस्याओं का सशक्त चित्रण किया है। अमेरिका से लेकर बैंकॉक और सिंगापुर तक धड़ल्ले से चलने वाले देह व्यापार पर लेखिका ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। इस बढ़ती भौतिकतावादी जीवन-शैली में देह-व्यापार एक जटिल तंत्र बनता जा रहा है, जिसमें प्रौद्योगिकी के विकास ने तीव्रता पैदा की है। भूमंडलीय जगत में उन्मुक्त बाजार की नीति ने स्त्री देह और सौंदर्य को अधिक बिकाऊ बनाया है।

वर्तमान स्त्री के कटु यथार्थ की मार्मिक साहित्यिक प्रतिक्रिया के रूप में लता शर्मा के उपन्यास 'सही नाप के जूते' को देखा जा सकता है। भूमंडलीकरण के दौर में हर वस्तु बिकाऊ है, जहाँ स्त्री भी एक कमोडिटी बन गई है। आज का बाजार पूर्णत: मुक्त है, जहाँ किसी वस्तु को बेचने हेतु लोग किसी भी स्तर तक गिरने को तैयार हैं।

उपभोक्तावादी संस्कृति ने एक तरफ मनुष्य की महत्वाकांक्षाओं को बढ़ा दिया है, वहीं सौंदर्य और सफलता के सबसे ऊँचे पायदान पर पहुँचने की होड़ में स्त्री इस मुक्त बाजार में खुद को बेचने के लिए भी मजबूर हो रही है। उपन्यास के फ्लैप पर उद्धृत ये पंक्तियाँ महत्वपूर्ण हैं— *''बाजार देखते-देखते, बाजार हो जाने की यह गाथा सिर्फ मनोरंजन भर नहीं है। लता शर्मा का स्त्री-विमर्शकार यहाँ कथाकार में बखूबी प्रवेश करता है। बताता है कि अस्सी प्रतिशत लाभांश पाने की महत्वाकांक्षा का अर्थ क्या है यदि विवेक को ताक पर रख दिया जाए।...रोशनी की रंगीन चमक में चहकते चेहरे की दास्तान भर नहीं है यह, यहाँ अकेली उदासी में टूटती साँसों की गमजदा आवाज भी सुनी जा सकती है।''*[6] अत: स्त्री सौंदर्य तथा शोषण के बिसात पर रचित यह उपन्यास उर्मी नामक एक लड़की की है, जिसे उसकी माँ अपनी उच्च महत्वाकांक्षा की मोहांधता में उर्वशी बना डालती है। इस उपन्यास में लेखिका ने सौंदर्य व्यापार, ब्यूटी कल्चर एवं स्त्री देह से महत्वाकांक्षा पूर्ति जैसी चिंताओं को सामने रखने का उपक्रम किया है। दरअसल, वैश्विकरण के दौर में स्त्री मुक्ति के सवाल पर 'अर्लि सक्सेस' का प्रलोभन बाजार में फैले वर्चुअल और आभासी जीवन का छद्म उजागर करती है।

21वीं सदी के साहित्यकारों में मैत्रेयी पुष्पा का उपन्यास 'फरिश्ते निकले' उनकी सृजनात्मकता के प्रौढ़तम रूप से साक्षात्कार कराती है। उपन्यास का फलक स्त्री की देह और मन रूपी देहरी को लाँघते हुए समाज के उन तमाम संस्कारों तक विस्तृत है, जहाँ स्त्री-शोषण के साथ-साथ समाज की गलीज व्यवस्था में जीने को बाध्य डाकू, खानाबदोश जनजाति और किसानों के शोषण की बदलती मुहिम तक अपनी आशियाँ फैलाती है। इसके कलेवर में स्त्री संघर्ष के साथ-साथ वर्तमान समय में पूँजीवादी व्यवस्था में बिचौलियों और दलालों का आर्थिक रूप से तंग लोगों को लूटने का नया स्कीम देखने को मिलता है। आज शहर में इन बिचौलियों और दलालों का उफान आया है, जो रामरतन जैसे न जाने कितने ही बेबस लोगों का लाभ उठाने से बाज नहीं आते। उनके लिए इंसान-इंसानियत-ईमानदारी और सहानुभूति से बढ़कर है- मुनाफा। आज शहरी सभ्यता के अंतर्गत मॉल, होटल और रेस्तराँ की लाइन लगी है, जो ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए भारतीय संस्कृति और परंपरा को नुमाइश का बड़ा हथियार बना रहे हैं। शहरी औद्योगीकरण एवं उसकी आबोहवा का प्रभाव शहरी जीवन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि गाँव में भी यह विष के समान तीव्र गति से फैलने लगा है, जिसके कारण खेती के अटूट हथियार हल-फावड़े की जगह ट्रैक्टरों ने ले लिया। मृणाल पांडे ने 'स्त्री और सदी का अवसान' नामक आलेख में अपने विचारों को इस प्रकार प्रस्तुत किया है— *''ज्यों-ज्यों उद्योग जगत में पढ़े-लिखे हुनरमंदों का कब्जा और कंप्यूटरीकृत ज्ञान का संरक्षण बढ़ा है... इस बात के भी ठोस प्रमाण है कि कृषि तकनीकी प्रधान होती गई है, बुनकरी तथा निर्माणकार्यों में भी पारंपरिक किस्म के हस्तलाघव की जरूरतें घटी हैं और मशीनों का महत्व बढ़ा है।''* [7] यह उपन्यास भूमंडलीकरण के दौर में उन समस्याओं को आलोकित करता है, जिससे भारत की अधिकांश आबादी, किसान, मजदूर और स्त्रियाँ ताल्लुक रखती हैं।

21वीं सदी के प्रमुख स्त्री उपन्यासकारों में आशा प्रभात एक महत्वपूर्ण एवं बहुमुखी प्रतिभा संपन्न रचनाकारों में से एक हैं। वर्तमान परिदृश्य में यदि आशा जी के लेखन जगत को खंगाला जाए तो स्पष्ट होता है कि उनके पास सामाजिक विसंगतियों को तोड़ने तथा यथार्थ को गहराई से आकार देने की क्षमता है। अभिव्यक्ति के इस महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में आशा प्रभात द्वारा रचित आत्मकथात्मक उपन्यास 'मैं जनक नंदिनी' को देखा जा सकता है। यह उपन्यास जनक नंदिनी सीता को आधुनिक स्त्रियों के लिए नए आदर्श के साथ प्रस्तुत करता है, जो केवल कर्तव्य, त्याग और समर्पण का संदेश न देकर अपने चरित्र पर लांछन लगाने वाले पति राम के परित्याग का माद्दा रखती है। पौराणिक युग से लेकर 21वीं सदी तक सीता का चरित्र भारतीय स्त्रियों के लिए अनुकरणीय रहा है, किंतु लेखिका ने वर्तमान दौर में अनुकरण के नजरिए में अंतर लाने का प्रयत्न किया है। आशा प्रभात के शब्दों में— *''क्या सीता के पास अपने प्रति किये जा रहे अविचार के प्रति प्रतिरोध के स्वर का अभाव था? अपने*

*जीवन-जनित अभीष्ट अपने कर्मों में निहित कर जीती सीता क्या मात्र पाषाण प्रतिमा थीं?...क्या हर स्थिति-परिस्थिति को उन्होंने सहज स्वीकार लिया था, शिरोधार्य कर लिया था बिना प्रतिवाद किये? ऐसे अनेक प्रश्न सदियों से प्रबुद्ध जन मानस में उद्वेलित हैं।''*[8] सीता के जीवन-चरित्र के स्याह पड़े इस पक्ष पर लेखिका रोशनी बिखेरते हुए स्वावलंबी और आत्मसम्मान पूर्ण जीवन जीने के लिए उनके चरित्र को अनुकरणीय बनाती हैं, जो 21वीं सदी के इस वैश्विक युग में अतिआवश्यक है। बहरहाल, इस उपन्यास की कथावस्तु परंपरागत होते हुए भी वैचारिक धरातल पर आधुनिकता से लैस है। अत: आशा प्रभात की कृति 'पौराणिक स्त्रियों के समाज' को नहीं, अपितु 'आधुनिक समाज में पौराणिक स्त्रियों' की अलौकिक प्रस्तुति है। इस तरह उपन्यासकार ने 21वीं सदी में मिथकीय पात्र सीता के चरित्र को नए दृष्टिकोण से देखने का आग्रह किया है।

**निष्कर्ष :**

उपरोक्त आलोचना के आधार पर कहा जा सकता है कि बाजारवाद ने नई पीढ़ी को नई परवरिश दी है। पूँजीवाद की ओर अग्रसर होते हुए तीसरी दुनिया के देशों में स्त्री की जो पहचान उभरती है, वह पश्चिमी नकल भर नहीं है। निश्चित ही अंतर्राष्ट्रीय बाजार में स्त्रियों की भागीदारिता बढ़ी है। आधुनिक युग में हिस्सेदारी कर रही स्त्री को एक सीमा तक अपना आलोचनात्मक रवैया बनाने में सफलता मिली है। इस ड्रोन-युग और हाई-टेक की संस्कृति में जी रही नई पीढ़ी की आँखें आसमान पर टिकी हैं। हैरी पॉटर और साइंस एनसाइक्लोपीडिया पढ़कर नई पीढ़ी बुद्धिजीवी हो रही है। उपभोक्तावादी समाज और भौतिकवादी प्रवृत्ति ने साहित्य जगत में लेखन की परंपरा, वैचारिकता पर तर्क, विज्ञान, उपभोग और पूँजी की छाप को उजागर किया है। यह भूमंडलीकरण का प्रभाव है कि आधुनिक नस्लें किसी 'टैलेंट सर्च परीक्षा' की तैयारी में तल्लीन, पिकनिक-पार्टी में मशगूल, पिज्जा-बर्गर और कोकोकोला का लुफ्त उठाते हुए एक यंत्र चालित जीवन जी रहे हैं, जहाँ धीरे-धीरे हम एक रोबोटिक पीढ़ी को बढ़ावा दे रहे हैं। इस संक्रमणकालीन युग में 21वीं सदी के स्त्री साहित्यकारों ने आधुनिक जीवन-शैली की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए स्त्री मुक्ति के बहुआयामी पक्षों एवं प्रश्नों को गहराई से अपने लेखन में तरजीह दी है। ❑


**संदर्भ सूची :**

1. काबरा, कमल नयन, भूमंडलीकरण विचार, नीतियाँ और विकल्प, प्रकाशन संस्थान, नई दिल्ली, संस्करण 2005, पृ. 18.
2. https://www.apnimaati.com/2016/11/blog-post_54.html?m=1
3. सिंह, पुष्पपाल, 21वीं शती का हिंदी उपन्यास, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण 2015, पृ. 162-163.
4. सरावगी, अलका, एक ब्रेक के बाद, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण 2010, पृ. 214.
5. कालिया, ममता, दौड़, वाणी प्रकाशन, दिल्ली, संस्करण 2000, पृ. 66.
6. https://pustak.org/index.php/books/bookdetails/7938/Sahi-Nap-Ke-Jute
7. पांडे, मृणाल, 'स्त्री और सदी का अवसान', अतीत होती सदी और स्त्री का भविष्य, राजेंद्र यादव, अर्चना वर्मा (सं.), राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण 2001, पृ. 279.
8. प्रभात, आशा, मैं जनक नंदिनी, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण 2017, पृ. 9.

ISSN 2321-4945
PEER REVIEWED & REFEREED JOURNAL
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

विमर्श

# मैथिलीशरण गुप्त के काव्य में नारी चेतना

## ('साकेत' महाकाव्य के विशेष संदर्भ में)

चारुलता देवी

अंशकालीन प्रवक्ता, हिंदी विभाग,
रहा महाविद्यालय, नगाँव (असम)
7638889509
nehashaw468@gmail.com

**शोध सार :**

साधारणत: व्यक्ति के विचारों की वाहक दशा चेतना कहलाती है। मानव मस्तिष्क उस चेतना का मूल स्थान है। इस चेतना के अन्तर्गत वे सभी बातें आती हैं, जिसके द्वारा मनुष्य सोचता, समझता और कार्य करता है। इसी चेतना की प्रेरणा से ही मनुष्य अपने तथा समाज के लिए कुछ करने की ओर प्रवृत्त होता है। इस प्रकार चेतना का अर्थ हुआ अधिकारों एवं कर्तव्यों की पूर्ण समझ रखना। सदियों से भारतीय नारी इस चेतना रूपी समझदारी को ईमानदारी से निभाती आ रही है। भारतीय संस्कृति में नारी का स्थान सदैव सर्वोच्च माना गया है। प्राचीन भारतीय आचार्यों ने 'मातृ देवो भव:, पितृ देवो भव:, आचार्य देवो भव: कहकर यही समझाया कि माता का स्थान गुरु और पिता से पहले है। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार स्त्री को अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार किया गया है, परंतु पुरुष की जन्मदात्री और शक्ति होने के कारण स्त्री का स्थान पुरुष से श्रेष्ठ माना गया है। सिर्फ पुरुष के जीवन के संदर्भ में ही नहीं बल्कि पूरे समाज के लिए नारी का अवदान अतुलनीय है, क्योंकि नारी सृष्टि का मूलाधार है। घर-परिवार से लेकर समाज एवं राष्ट्रनिर्माण तक नारी का प्रेरणात्मक रूप एवं सक्षम स्थिति (चेतना) निर्विवाद रूप से अहम भूमिका अदा करती है। पौराणिक युग से लेकर आज तक नारी की यही चेतना कभी राजरानी सीता, कभी सती जयमती, कभी राजमाता जीजाबाई और कभी त्यागमयी उर्मिला आदि अनेक रूपों में रंगती हुई पुरुषों को कदम-कदम पर प्रोत्साहित करता आ रही है। उसी के परिणामस्वरूप असम के महान संत श्रीमंत शंकरदेव को यह कहना पड़ा कि -

'जानकीर हेतु, बांधिलाहा सेतु
दहिला लंका नगरी,
रावणर माथा, कातिलाहा नाथ
आनिला सीता उद्धारि।' [1]

आज स्त्री अपनी क्षमता एवं चेतना के कारण कोमलांगी होने के बावजूद भी पुरुषों के क्षेत्रों में भी सामाजिक मानदण्डों के अनुरूप अपनी प्रतिभा की जीवंत परिचय दे रही है।

**बीज शब्द :**

चेतना, नारी, आदर्श, त्याग, वीरांगना।

**अध्ययन का उद्देश्य :**

1. गुप्त जी के साकेत महाकाव्य में निहित नारी चेतना को समाज के समक्ष लाकर नारी की अस्मिता, उसका त्याग, तपस्या, कर्तव्यनिष्ठा आदि अनेकानेक पक्षों को उजागर करते हुए मानवतावाद के विकास हेतु उसका अध्ययन करना मेरे इस शोध-पत्र का विशेष उद्देश्य रहा है।

2. नारी को पुरुष की मूल उद्बोधिका शक्ति के रुप में दिखाना भी मेरा उद्देश्य है।

3. यह दिखाना भी मेरे इस शोध-पत्र का उद्देश्य है कि सामूहिकता के कल्याण तथा व्यापक राष्ट्रीयता की रक्षा हेतु वैयक्तिक स्वार्थ की संकीर्णताओं से बाहर निकलना अति आवश्यक है।

4. स्त्री-पुरुष दोनों में शारीरिक रूप से भले ही अंतर हो, परंतु वैचारिकता के तौर पर स्त्री को पुरुषों से कम सक्षम नहीं समझनी चाहिए, यह दिखाना भी मेरे इस शोध-पत्र का अन्य एक उद्देश्य है।

5. साकेत का मुख्य नारी चरित्र उर्मिला, कैकेयी और सीता के पावन आदर्शमय चरित्रों के नारी चेतना के विविध पहलुओं को दिखाना मेरे इस शोध-पत्र का विशेष उद्देश्य है।

**शोध-पद्धति :**

प्रस्तुत शोध अध्यन में वर्णनात्मक और विश्लेषणात्मक विधि का प्रयोग किया गया है।

**मूल आलेख :**

**साकेत के प्रमुख स्त्री-पात्रों में नारी चेतना :**

गुप्त जी के साकेत महाकाव्य का प्रत्येक नारी पात्र अपने आप में महत्वपूर्ण व्यक्तित्व के अधिकारिनी है। तत्कालीन युगीन चेतना से प्रवाहित होती हुई गुप्त जी की नारी पात्र आधुनिक चेतना तक स्वयं को सशक्त रूप में मुखरित करनेवाली है। उनके साकेत महाकाव्य की नारी पात्रों की चेतना को निम्नांकित प्रमुख पात्रों के माध्यम से दर्शाया जा सकता है।

**उर्मिला :**

साकेत की प्रकृत गरिमा उर्मिला के चरित्र से झलकती है। इसके प्रथम सर्ग में ही गुप्त जी ने उर्मिला को धरती पर स्वर्ग के सुमन के समान माना है। कवि के अनुसार कोई अलौकिक शक्ति पृथ्वी पर शील और आदर्श स्थापित करने के लिए उर्मिला के रूप में अवतरित हुई है। गुप्त जी के शब्दों में -

'स्वर्ग का यह सुमन धरती पर खिला,
नाम है इसका उचित ही 'उर्मिला'।
शील-सौरभ की तरंग आ रही,
दिव्य-भाव भावाब्धि में है ला रही।' [2]

युगानुकूल नारी जागरण का संदेश ही गुप्त जी के काव्य का मूलाधार है। उर्मिला के माध्यम से उन्होंने नारी में साहस, त्याग, सेवा भावना, स्वार्थ-निरपेक्षता, उदारता, परोपकार आदि के साथ पुरुष के प्रति समर्पण भावापन्न मूल्यों की प्रतिष्ठा की है। उर्मिला अपने पति लक्ष्मण को परोपकारी जीवन की प्रेरणा प्रदान करती हुई कहती है -

'करना न सोच मेरा इससे,
व्रत में कुछ विध्न पड़े जिससे।
आने का दिन है दूर सही,
पर है मुझको अवलम्ब राही।' [3]

राम वन गमन के समय उर्मिला अपने पति लक्ष्मण को संकट के समय राम का साथ देने की प्रेरणा प्रदान करती हुई कहती है -

'हे नाथ, साथ दो भ्राता का,
बल रहे मुझे उस त्राता का।' [4]

वर्तमान समय एवं समाज में परिवार के बीच सास-बहू के संबंधों में कड़वाहट दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। परन्तु साकेत की उर्मिला विरहजनित अवस्था में भी वंश-मर्यादा तथा सास-ससुर के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण ख्याल रखती है। अपने वियोगकालीन स्थिति के केंद्रस्वरूपा कैकेयी के प्रति भी उसके मन में द्वेष की भावना लेशमात्र भी नहीं है। राजा दशरथ की मृत्यु पर सबसे ज्यादा दुख प्रकट करती हुई

उर्मिला कैकेयी से ही पूछती है
'माँ, कहाँ गये वे पूज्य पिता?
करके पुकार यो शोक-सिता।' [5]

भारतीय आर्य नारी किसी भी विषम परिस्थितियों से लोहा लेने की क्षमता रखने वाली होती है। उर्मिला भी इसका अपवाद नहीं। गुप्त जी के शब्दों में –

'पथ देख रही तरंगिनी,
त्रिपथा-सी वह संग-रंगिनी।' [6]

सिर्फ यही नहीं बल्कि साकेतवासी जब लंका पर चढ़ाई करने के लिए तैयार होते है तो उर्मिला वीरांगना वेश में शतुघ्न के समीप खड़ी हो जाती है। लक्ष्मण के प्रति उर्मिला का प्रेम आधुनिक युग के स्त्री-पुरुष की तरह शारीरिक न होकर आत्मिक, पवित्र और शाश्वत है। अपने पति लक्ष्मण के दुखों के दिन में उसका साथ न दे पाने के कारण वह खुद को अभागिनी मानते हुए पश्चाताप करती है। वनवास की अवधि के बाद जब लक्ष्मण अयोद्धा आते है, तब तक उर्मिला का यौवन समाप्ति की ओर है। फिर भी उर्मिला अपने पति एवं परिवार के साथ दासी बनकर रहने में ही आत्मगौरव मानती है। वह सखी से कहती है –

'अब तो केवल रहूँ सहा स्वामी की दासी,
मैं शासन को नहीं, आज सेवा की प्यासी।' [7]

उर्मिला के रूप में एक भारतीय संस्कारी नारी के लिए यह कम गौरव की बात नहीं कि वह दास्य-भाव में भी पत्नी-धर्म का निर्वाह करना चाहती/जानती है। इस प्रकार उर्मिला ने अपनी चेतना से भारतीय आदर्शमय नारी की एक उदान्त स्वरूप मुखरित किया है।

**कैकेयी :**

कवियों और जनसाधारण के द्वारा सबसे अवहेलित नारी पात्र कैकेयी को गुप्त जी ने राजमहिषी, प्रिया, स्वामिनी माता, विमाता आदि अनेक पक्षों में अभिनव दिशा प्रदान की है। गुप्त जी के अनुसार कैकेयी उदार वात्सल्य की प्रतिमूर्ति थी, क्योंकि मंथरा के आविर्भाव से पहले कैकेयी के मन में राम और भरत के प्रति कोई भेद नहीं थे। वे मंथरा से कहती है –

'नहीं क्या मेरा, बेटा राम ?
कहा रानी ने पाकर खेद'
भला दोनों में है क्या भेद ?' [8]

पुत्र चाहे जैसा भी क्यों न हो, परंतु संसार में माता का, पुत्र के प्रति हमेशा स्वार्थपूर्ण भावना रहता है। महाभारत की गांधारी इसका जीता-जागता सबूत है। पांडवों के उत्थान और कौरवों के पतन पर गांधारी ने स्वार्थ-प्रेरित होकर श्रीकृष्ण को अभिशाप दे दिया था–

'प्रभु हो
पर मारे जाओगे पशुओं की तरह।' [9]

परंतु इसमें उल्लेख्य बात यह है कि गांधारी ने इसके लिए कभी पश्चाताप नहीं किया। लेकिन कैकेयी इसका अपवाद है। क्योंकि उसके मन में राजनीतिक स्वार्थ का आग्रह उतना प्रबल नहीं है, जितना भरत के हित सुखद भविष्य का। माता के रूप में तो वह भरत से अधिक राम के प्रति समर्पित थे। साधारणत: नारी की एक विशेषता यह है कि वह चाहे जितना भी अमर्यादातीत कार्य क्यों न करे, अंत में वह उसके कारण आत्मग्लानि एवं शोभ के साथ पश्चाताप भी करती है। कैकेयी भी इससे अलगाव नहीं। वह राम को वन से लौटा लाने की योजना में सक्रिय भाग लेती है। उस समय उसे ऐसा लगता है मानो कैकेयी का प्रायचित्त भरत के कठोर वाणी से तीव्रतर होता हुआ चित्रकूट में जाकर पूर्ण हो जाता है। डॉ. नगेंद्र के शब्दों में –

'भरत की विमुखता अंत में उसके मोहांधकार को दूर कर देती है और चित्रकूट में
हम उसकी ग्लानि को शत-सहस्त्र धाराओं में बहते हुए पाते है।' [10]

कैकेयी चित्रकूट-सभा में राम से आग्रह करती हुई कहती है –

'यह सच है तो फिर लौट चलो घर भैया,
अपराधिन मैं हूँ तात, तुम्हारी मैया।' [11]

गुप्त जी ने कैकेयी की वीरांगना रूप का भी बड़ा तेजस्वी वर्णन किया है। राम-रावण युद्ध का

समाचार सुनकर कैकेयी अधीर हो उठती है और राम की सहायता हेतु वह भरत के साथ स्वयं जाना चाहती है –

'भरत जायेगा प्रथम और यह मैं जाँऊंगी,
ऐसा अवसर भला दूसरा कब पाँऊंगी ?' [12]

इस प्रकार कवि गुप्त जी ने परंपरागत लोक दृष्टि की लीक से हटकर कैकेयी को एक सहृदया माता, सहज-

सरज नारी, वात्सल्यमयी तथा एक वीर क्षत्राणी आदि रूपों में हमारे समक्ष उपस्थित किया है।

**सीता :**

आधुनिक युग नारी जागरण एवं नारी चेतना का युग है। ऐसी स्वातंत्र एवं स्वावलंबीता की झलक साकेत की सीता में मिलती है। सौंदर्यमयी एवं कोमलांगी होने के बावजूद भी वह स्वावलंबी जीवन के संबंध में अपना विचार इस प्रकार व्यक्त करती है –

'औरों के हाथों यहाँ नहीं पहती हूँ,
अपने पैरों पर खड़ी आप चलती हूँ।' [13]

राजनंदिनी सीता वन-पर्वत में भील बालाओं को उद्देश्य करके उसे कर्मवाद का संदेश देते हुए कहती है –

'औ भोली कोल-किरात-भिल्ल-बालाओं,
मुझकों कुछ करने योग्य काम बतलाओ।' [14]

सिर्फ यही नहीं, बल्कि सीता जन-सामान्य की उपकारक चेतना शक्ति का प्रतीक भी है। वनवास के अवसर पर उसने भील-कन्याओं को उर्धनग्न स्थिति में देखकर वह स्वयं सूत कातने तथा वस्त्र बुनने की उनकी मददगार बनती है। वनवास की अवधि की कष्टमय स्थिति में भी सीता अपना क्षत्राणी धर्म को कभी नहीं भूलती। राम के द्वारा मृग-मारिछ का पीछा करने तथा राम की कातर स्वर सुनने पर अपने पति की रक्षार्थ वह सिंहनी बन जाती है और लक्ष्मण के समक्ष दहाड़ते हुए कहती है –

'क्या क्षत्रिया नहीं मैं बोलो,
पर तुम कैसे क्षत्रिय हो?' [15]

जब रावण सीता को अपने शारीरिक बल द्वारा लंका की रानी बनाने की बात प्रकट करता है, तब सीता अपनी असहाय अवस्था में भी रावण को अपने सतीत्व एवं अद्‌भूत साहस के बल से प्रभावित करती है। सीता उन्हें फटकारते हुए कहती है –

'मैं वह सीता हूँ, सुन रावन,
जिसका खुला स्वयंवर था।
वर लाया क्यों मुझें न पामर,
यदि यथार्थ ही तू नर था?' [16]

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि गुप्त जी की सीता सतीत्व और आर्य नारी की मर्यादा को व्यापक चेतना प्रदान करनेवाली है। साथ में वह गांधीवादी विचारों के पोषक एवं आदर्श नारी की प्रतीक है। उपलब्धियाँ – मेरे इस लेख से मुझें निम्नलिखित उपलब्धियाँ प्राप्त हुई हैं –

1. इससे नारी में नवीन संजीवनी शक्ति संचार हो सकती है।

2. इसके द्वारा नारी चेतना अपनी समग्रता के साथ भारतीयता तथा नैतिकता के प्रति समर्पित

होती हुई समाज में मानवीय मूल्यों की रक्षक बनने की संभावनाएँ बनी रहती है।

3. यह नि:संदेह कहा जा सकता है कि गुप्त जी के साकेत के नारी पात्र (उर्मिला, कैकेयी, सीता आदि) समकालीन संदर्भों के जीवंत दस्तावेज हैं।

4. नारी कमजोर और शक्तिहीन नहीं है बल्कि नारी पूरी शक्ति के साथ जीवन संघर्ष करने को तत्पर है।

5. इसमें विविध रूपों में नारी के व्यक्तित्व, नये आदर्श एवं मूल्यों का उद्घोष हुआ है।

6. जिस प्रकार आत्मा अमर है, ठीक उसी प्रकार आत्मिक-प्रेम (लक्ष्मण-उर्मिला) भी अमर, पवित्र और शाश्वत है।

**निष्कर्ष :**

गुप्त जी नारी चेतना तथा नारी उत्थान की अनिवार्यता से प्रभावित एवं प्रेरित कवि थे। उनका युग नारी जागरण का युग था। गुप्त जी पर अपने युग की विचारधारा का प्रभाव पड़ा और उन्होंने अपने काव्यों में नारी की महत्ता प्रदान की। उनके काव्यों में चित्रित नारी-चेतना सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक तथा सांस्कृतिक आदि विविध आयामों को समेटकर प्रवाहित हुई है।

गुप्त जी के साकेत की नारियाँ पुरुष की अद्धांगिनी ही नहीं, बल्कि सहयोगिनी भी हैं। वे त्यागमयी है, सेवा भाव से ओतप्रोत हैं और कर्तव्यपरायणा है। उनके व्यक्तित्व में साहस, शौर्य, शील, संयम आदि का सामंजस्य देखने को मिलता है। उर्मिला भू-पर स्वर्ग भाव बरसाने वाली नारी है। परोपकार और सहृदयता से उनका हदय कानन भरा हुआ है। वे अपने कर्तव्य के साथ स्वयं में ही नहीं, बल्कि लक्ष्मण के माध्यम से आत्म चेतना का संदेश देती

हुई आधुनिककालीन समाज में भातृत्वबोध की भावना को बलवती करती है। कैकेयी के चरित्र को गुप्त जी ने बड़े ही सहृदयता के साथ अंकित किया है। कैकेयी का अपनी गलतियों के लिए पश्चाताप आधुनिक समाज की हर माता के लिए एक चुनौती एवं चेतना बनकर रह गई है। सीता भी आदर्श पत्नी के रूप में चित्रित हुई है। चित्रकूट में अपने हाथों काम करके सीता राजभवन का-सा आनंद प्राप्त करने के साथ-साथ आधुनिक युग को कर्मवाद का संदेश देनेवाली एक सशक्त नारी का प्रतीक बन गई है।

इस प्रकार साकेत महाकाव्य की नारी परंपरागत होकर भी हमेशा मानव जीवन की मुख्य प्रेरक शक्ति रही है। अंत में हम यह कह सकते हैं कि गुप्त जी ने आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी जी द्वारा लिखित 'कवियों की उर्मिला विषयक उदासीनता' शीर्षक लेख से प्रेरित होकर न केवल साकेत की ही रचना की है, अपितु अपने काव्यों के विविध नारी पात्रों के माध्यम से साहित्य-क्षेत्र में उपेक्षित नारी-पात्रों को प्रतिष्ठित किया और उनकी चेतनाओं के विविध पहलुओं को हमारे समक्ष खोलकर रख दिया है। ❑

**सन्दर्भ सूची:**


1. शंकरदेव, श्रीमंत, श्यमंत हरण, पद संख्या-34, पृष्ठ संख्या-10, श्रीमंत भट्टाचार्य, भट्टाचार्य एजेंसी, प्रकाशक: चिरांग चापरी, डिब्रुगढ़।
2. गुप्त, मैथिलीशरण, साकेत, प्रथम सर्ग, पृष्ठ संख्या- 7, प्रकाशक: साहित्य सदन, चिरगाँव (झाँसी), 2019
3. गुप्त, मैथिलीशरण, साकेत, षष्ठ सर्ग, षृष्ठ संख्या- 83, वही
4. गुप्त, मैथिलीशरण, साकेत, षष्ठ सर्ग, षृष्ठ संख्या- 83, वही
5. गुप्त, मैथिलीशरण, साकेत, षष्ठ सर्ग, षृष्ठ संख्या- 92, वही
6. गुप्त, मैथिलीशरण, साकेत, दशम सर्ग, षृष्ठ संख्या- 214, वही
7. गुप्त, मैथिलीशरण, साकेत, द्वादश सर्ग, षृष्ठ संख्या- 286, वही
8. गुप्त, मैथिलीशरण, साकेत, द्वितीय सर्ग, षृष्ठ संख्या-16, वही
9. वर्मण, अमूल्य चन्द्र, पाठक, भूषण चन्द्र, हिंदी साहित्य संकलन (संपादित), पृष्ठ संखा- 124, गांधारी का अभिशाप, धर्मबीर भारती; असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी-32
10. डॉ नगेन्द्र, साकेत: एक अध्यन, पृष्ठ संख्या-25, प्रकाशक: मयूर पेपरबैक्य, ए-95, सेक्टर-5, नोएडा-201301, दूसरा संस्करण-2008
11. गुप्त, मैथिलीशरण, साकेत, अष्टम सर्ग, षृष्ठ संख्या-132, प्रकाशक : साहित्य सदन, चिरगाँव (झाँसी), 2019
12. गुप्त, मैथिलीशरण, साकेत, द्वादश सर्ग, षृष्ठ संख्या-263, वही
13. गुप्त, मैथिलीशरण, साकेत, अष्टम सर्ग, षृष्ठ संख्या-117, वही
14. गुप्त, मैथिलीशरण, साकेत, अष्टम सर्ग, षृष्ठ संख्या-120, वही
15. गुप्त, मैथिलीशरण, साकेत, एकादश सर्ग, षृष्ठ संख्या-39, वही
16. गुप्त, मैथिलीशरण, साकेत, एकादश सर्ग, षृष्ठ संख्या-247, वही

ISSN 2321-4945
PEER REVIEWED & REFEREED JOURNAL
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

विरासत

# मराठा स्वतंत्रता आंदोलन के प्रेरक के रूप में छत्रपति संभाजी : एक ऐतिहासिक अध्ययन

सूर्य प्रकाश

अध्यक्ष, इतिहास विभाग
मिहिर भोज पी. जी. कॉलेज,
दादरी- ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश
8171853145
surya9587@gmail.com

**शोध सार :**

छत्रपति संभाजी महाराज ने अपने जीवन काल में मुगल शासक औरंगजेब का प्रतिरोध करने का भरसक प्रयास किया लेकिन जंजीरा के सीदियों, गोवा व चौल के पुर्तगालियों एवं आंतरिक षडयंत्रों से उत्पन्न समस्याओं के कारण वह औरंगजेब जैसी विकट चुनौती से निपट ना सके हालांकि उनके द्वारा बुरहानपुर, रामसेज, वाई के युद्धों में मुगलों के विरुद्ध सफलता दर्ज की गई लेकिन जल्द ही उन्हें संगमेश्वर से मुगलों द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। मुगलों के अधीन उनके यातनापूर्ण बंदी जीवन व उनकी मृत्यु ने मराठों को मुगलों के विरुद्ध संगठित रूप प्रदान किया जिस कारण राजाराम, ताराबाई के काल में मराठों ने न केवल अपने क्षेत्र उनसे हस्तगत किये बल्कि संपूर्ण भारत में सर्वोच्च सत्ता के रूप में स्वयं को स्थापित भी किया। प्रस्तुत शोधालेख में छत्रपति संभाजी द्वारा किए गए मुगल प्रतिरोध तथा उनकी यातनापूर्ण मृत्यु के कारण उत्पन्न मराठा आक्रोश के चलते मुगलों के विरुद्ध मराठा स्वतंत्रता संग्राम (1689 ई.–1707 ई.) की सफलता का प्रामाणिक रूप से वर्णन किया जाएगा।

**बीज शब्द :**

मराठा, मुगल, स्वतंत्रता, दुर्ग, विद्रोह, आक्रमण, अधिकार, शहादत।

**मुख्य अंश :**

1680 ई. में छत्रपति शिवाजी की मृत्यु के समय उनके बड़े पुत्र संभाजी पन्हाला के किले में कैद थे जिस कारण शिवाजी की दूसरी पत्नी सोयराबाई ने अपने 10 वर्षीय पुत्र राजाराम का 21 अप्रैल 1680 ई. को राज्याभिषेक कर दिया। संभाजी ने अपने पिता की मृत्यु की खबर सुनकर पन्हाला के किले के किलेदार को मार दिया [1] और प्रधान सेनापति व अपने सौतेले मामा हमीर राव मोहिते को अपनी ओर मिलाकर [2] अपना पहला राज्याभिषेक 20 जुलाई 1680 ई. को पन्हाला के किले में कराया [3] और बाद में अपनी सौतेली माँ सोयराबाई व भाई राजाराम को नजरबंद कर अपना दूसरा राज्याभिषेक 16 जनवरी 1681 ई. को रायगढ़ के किले में कराया। उन्होंने नीलोपंत को अपना पेशवा नियुक्त किया [4] और उत्तर भारत के कन्नौज (वर्तमान उन्नाव, उत्तर प्रदेश) के ब्राह्मण कवि कलश को अपना सलाहकार नियुक्त किया। [5] उन्होंने उसे पेशवा से भी अधिक वरीयता प्रदान की। [6] संभाजी उसे छंदोगामात्य अर्थात कवियों का शिखर कहकर बुलाते थे। जबकि मराठा दरबारी उसे कलुश या कलुषा कहकर मजाक उड़ाते थे। [7]

गद्दी पर बैठते ही संभाजी ने स्वराज की स्थापना के लिए मुगलों को हिंदुस्तान से खदेड़ने का प्रण लिया। संभाजी ने सर्वप्रथम जनवरी 1681ई. में बुरहानपुर पर आक्रमण कर मुगलों के खजाने को लूटा।[8, 9] इसी वर्ष शहजादा अकबर अपने पिता औरंगजेब के विरुद्ध विद्रोह कर मराठों का सहयोग पाने के लिए दक्कन आ गया।[10],[11] संभाजी को जैसे ही इसकी सूचना मिली उन्होंने नेताजी पालकर को भेज कर नौगथना के पास पाली गाँव में छप्परदार शिविर लगवाया।[12] 1682 ई. में शहजादा अकबर और मराठों के विरुद्ध औरंगजेब 3 लाख सैनिकों के साथ दक्कन में आ गया। उसने मराठों से मिलने जा रहे अकबर का मार्ग अवरुद्ध करने के लिए शिहाबुद्दीन खान को नासिक के पास मराठों के किलों को जीतने भेजा। शिहाबुद्दीन ने नासिक से सात मील दूर उत्तर में रामसेज का घेरा डाला लेकिन मराठा सेना के आ जाने के कारण उसे यह घेरा उठाना पड़ा।[13] संभाजी जहाँ एक ओर आंतरिक षड्यंत्रों, जंजीरा के सीदियों व पुर्तगालियों के विद्रोह को दबाने में व्यस्त थे तो वहीं दूसरी ओर वह औरंगजेब के विरुद्ध शहजादा अकबर का सहयोग लेने के मामले में असमंजस की स्थिति में थे। अत: ऐसी परिस्थितियों का फायदा उठाकर औरंगजेब ने 1686 ई. में बीजापुर और 1687 ई. में गोलकुंडा जीत लिया और और इसी वर्ष शहजादा अकबर निराश होकर हमेशा-हमेशा के लिए ईरान चला गया।

अत: अब औरंगजेब ने अपना पूरा ध्यान संभाजी पर केंद्रित किया। 1687 ई. में औरंगज़ेब द्वारा भेजी गई बीजापुरी सेना और मराठों के बीच वाई के युद्ध में भिड़ंत हुई जिसमें मराठों ने मुगलों के विरुद्ध विजय पताका फहराई लेकिन संभाजी के प्रधान सेनापति हमीर राव मोहिते शहीद हो गए।[14] उल्लेखनीय है कि गणों जी शिर्के और संभाजी आपस में एक दूसरे के साले और बहनोई थे। वतनदारी के मुद्दे पर इन दोनों में आपसी मतभेद भी था अत: गणों जी शिर्के और कान्हो जी शिर्के ने संभाजी के प्रिय कवि कलश को संगमेश्वर से खेलना के दुर्ग में शरण लेने को मजबूर कर दिया।[15] संभाजी ने खेलना पहुँचकर उन्हें हरा दिया। इसके बाद संभाजी रायगढ़ जाने से पूर्व कुछ समय के लिए कवि कलश के साथ संगमेश्वर रुके। जहाँ वह आनंद मनाने में व्यस्त हो गए।[16] प्रसिद्ध इतिहासकार आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव[17] व जे. एल. मेहता[18] के अनुसार इस जगह का पता शिर्के बंधुओ ने कोल्हापुर के मुगल सेनापति मुकर्रब खान उर्फ शेख निजाम हैदराबादी को दे दिया जबकि निकालो मनुची[19], ईश्वर दास नागर[20] विश्वासघात करने का आरोप कवि कलश पर ही लगाते हैं। वहीं साकी मुस्तैद खान[21], जदुनाथ सरकार[22] आदि इतिहासकार सूचना पहुँचाने का श्रेय मुगल जासूसों को देते हैं।

बहरहाल, मुकर्रब खान ने तीव्र गति से मात्र तीन दिन में[23] कोल्हापुर से 90 मील दूर संगमेश्वर पहुंचकर 11 फरवरी 1689 ई. को आक्रमण कर दिया।[24] संभाजी और उनके साथी वीरतापूर्वक लड़े, लेकिन अंत में उन्हें जंजीरों से जकड़ कर जोकरों वाले कपड़े पहनाकर, घंटियाँ बाँधकर, मजाक उड़ाते हुए पेडगाँव के निकट बहादुरगढ़ के किले में लाया गया।[25, 26, 27, 28] अकलुज में ठहरे हुए औरंगजेब ने प्रसन्न होकर अकलुज का नाम अपने वजीर असद खान के नाम पर असद नगर रख दिया तथा कर मुक्त जमीन (सयूरघल) गुलबर्गा के संत गेसूदराज की दरगाह के लिए दान की। वहाँ से बहादुरगढ़ आकर औरंगजेब ने जमीन पर बैठकर अल्लाह का शुक्रिया अदा किया।[29] ऐसा माना जाता है कि इसी समय कवि कलश ने औरंगजेब का मजाक उड़ाते हुए इन पंक्तियों को पढ़ा –

'यावन रावण की सभा, संभू बंध्यो बजरंग।
लहु लसत सिंदुर सम, खूब खेल्यो रनरंग।।
ज्यो रवि छबी लखत ही, खद्योत होत बदरंग।
त्यो तुव तेज निहार के, तख्त तज्यो अवरंग।।'

जिसका अर्थ है कि जिस प्रकार से रावण की सभा में हनुमान जी को बाँधा गया था उसी प्रकार शंभू आपको भी औरंगजेब के दरबार में बाँधा गया है। रणभूमि में लड़ते हुए आपके शरीर से बहने वाला लहू हनुमान जी के शरीर के सिंदूर के जैसा लग रहा है। जिस प्रकार सूर्य के प्रकाश के आते ही जुगनू की रोशनी फीकी पड़ जाती है, उसी प्रकार आपके तेज को देखकर औरंगजेब ने अपना तख्त त्याग दिया है। इस पर औरंगजेब क्रोधित होकर महल के अंदर चला गया और उसने अपने दूत रुहुल्ला खान के माध्यम से निम्न तीन शर्तें संभाजी के सामने रखवाई[30, 31] जिससे कि उन्हें जीवित छोड़ा जा सके –

पहली शर्त- मुगलों का खजाना वापिस लौटा दिया जाए,

दूसरी शर्त-मराठों द्वारा सारे किले मुगलों को दे दिए जाएं और

तीसरी शर्त-विद्रोही मुगलों के नाम बता दिया जाए।

संभाजी ने यह सब करने से साथ इनकार कर दिया। उन्होंने औरंगजेब के इस्लाम कबूलने के प्रस्ताव को भी ठुकरा दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने औरंगजेब को चिढ़ाते हुए अपनी मित्रता के बदले में उसकी बेटी से विवाह करने का प्रस्ताव तक रख दिया। इस तथ्य का उल्लेख आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव [32], जदुनाथ सरकार [33] , एल.पी. शर्मा [34], वी. डी. महाजन [35] आदि इतिहासकार अपने-अपने ग्रंथों में भी करते हैं यह सुनकर औरंगजेब आग बबूला हो गया। उसने 15 दिनों तक लगातार संभाजी और कवि कलश को भयंकर यातनाएं दी। उनके नाखून खींचे गए, उनकी जीभ काट दी गई, उन्हें अंधा कर दिया गया और फिर उन दोनों को बहादुरगढ़ से कोरेगाँव ले जाया गया। कोरेगांव में 11 मार्च 1689 ई. [36, 37, 38] को उनके शरीर के टुकड़े-टुकड़े करके कुत्तों के सामने डाल दिया गया। [39, 40, 41, 42, 43, 44] उनके सिर में भूसा भरकर सारे दक्कन में घुमाया गया। ऐसा माना जाता है कि कुछ समय बाद उनके सिर व अन्य हिस्सों को पास के ही स्थान वधू बद्रक से प्राप्त किया गया और भीमा नदी के किनारे स्थित तुलापुर (महाराष्ट्र) में उन दोनों का अंतिम संस्कार किया गया। उन दोनों की समाधि आज भी तुलापुर में है। संभाजी को मौत की सजा देना औरंगजेब की बड़ी राजनीतिक भूल थी। [45] औरंगजेब संभाजी के माध्यम से दक्कन पर नियंत्रण रख सकता था लेकिन उसने वह मौका गवा दिया। संभाजी अपने जीते जी लोगों के लिए कुछ अधिक न कर सके थे, लेकिन उनकी मृत्यु ने उन्हें शहीद बना दिया। [46] उनकी शहादत से प्रेरित मराठों ने उनके आदर्शों पर चलकर मुगलों के विरुद्ध एक स्वतंत्रता संग्राम का शंखनाद किया, जो 1689 ई. से शुरू होकर 1707 ई. तक चला।

संभाजी की शहादत के बाद उनकी पत्नी येसूबाई ने छत्रपति शिवाजी और सोयराबाई के पुत्र राजाराम को 19 फरवरी 1689 ई. को मराठा छत्रपति घोषित किया, लेकिन जैसे ही उन्होंने मुगल सेनापति जुलिकार खान उर्फ एतिकाद खान के नेतृत्व में रायगढ़ की ओर मुगल फौज के कूच करने की खबर मिली। उन्होंने समझदारी दिखाते हुए राजाराम को एक संन्यासी के वेश में रायगढ़ से खेलना के दुर्ग की ओर भेज दिया। [47] जुलिकार खान रायगढ़ के किले पर घेरा डाले बैठा रहा और उसे सफलता हाथ न लगी, लेकिन विश्वासघाती सूर्यजी पिसाल ने वाई नामक क्षेत्र की वतनदारी के लालच में आकर 13 नवंबर 1689 ई. को किले का दरवाजा खोल दिया। [48] येसूबाई प्रह्लाद नीरा जी और शंकर जी मल्हार के सहयोग से मुगल फौज से वीरतापूर्वक लड़ी, लेकिन अंत में मुगलों ने रायगढ़ पर अधिकार कर उन्हें एवं उनके पुत्र शाहूजी को बंदी बना लिया। इसके बाद मुगल फौज ने राजाराम की तलाश में खेलना के दुर्ग पर भी आक्रमण कर दिया। यहाँ मुगलों को असफलता का सामना करना पड़ा, क्योंकि राजाराम मुगल फौज को चकमा देकर योगी के वेश में जिंजी के किले की ओर जा चुके थे। वहाँ उन्हें रिश्ते के भाई तंजौर के शाहजी की मदद से संघर्ष को जारी रखा [49] और इस तरह संभाजी की शहादत ने मराठों में मुगलों से स्वतंत्रता के जो बीज बो दिए थे, उससे उत्पन्न मराठा प्रतिरोध पश्चिमी तट से पूर्वी तट तक फैल चुका था।

यद्यपि जुल्फिकार खान जिंजी के किले पर 8 वर्षों तक घेरा डाले बैठा रहा, लेकिन उसे कोई सफलता नहीं मिली। इसी बीच राजाराम ने मुगलों के विरुद्ध मराठा आक्रोश को भाँपते हुए अपने सभी मराठा सरदारों को यह छूट दे दी कि वे मुगलों के जिस क्षेत्र को जीतेंगे वे उन्हीं के ही अधीन रहेंगे। [50] अत: उनके काल में प्रह्लाद नीरा जी, रामचंद्र नीलकंठ, परशुराम त्र्यंबक, शंकर जी नारायण, संताजी घोरपडे, धन्ना जी जाधव, बहरजी जैसे पराक्रमी मराठा सरदारों ने औरंगजेब की नाक में दम कर दिया। [51] मुगलों की बड़ी दुर्दशा कर दी गई। मराठों के किलों पर घेरा डालने वाले मुगल शिविरों को ही कई बार लूट लिया गया। [52, 53] जुलिकार खान और मुगल दरबार के बीच के सारे संपर्क काट दिए गए। खेलना, पन्हला जैसे महत्वपूर्ण दुर्ग जीते गए। इस्माइल खान, शरजा खान, अली मर्दान खान, रूहुल्ला खान जैसे शक्तिशाली मुगल सेनापतियों को मराठों द्वारा फिरौती लेकर ही छोड़ा गया। [54] मुगलों को अब एक संभाजी के स्थान पर संभाजी जैसे अनेक मराठा सरदारों से भिड़ना पड़ रहा था। ऐसे में स्थानीय मराठा नागरिकों का भी सहयोग इन सरदारों को प्राप्त हो रहा था। हालांकि जुल्फिकार खान को 8 वर्ष तक जिंजी का घेरा डालने के बाद सफलता तो मिल चुकी थी, लेकिन राजाराम उसे फिर से चकमा देकर 1698 ई. में खेलना और फिर 1699 ई. में सतारा चले गए और मुगल फौज को इसकी भनक तक न लगी। खानदेश, बरार, बगलाना जैसे मुगल क्षेत्रों से मराठों द्वारा चौथ एवं

सरदेशमुखी वसूली जाने लगी।[55] अत: अब औरंगजेब को स्वयं मोर्चा संभालना पड़ा। इसी बीच 17 मार्च 1700 ई. को बीमारी से मराठा छत्रपति राजाराम की मृत्यु हो गई। इसके बाद ही औरंगजेब सतारा जीत सका। वहीं दूसरी ओर राजाराम की विधवा ताराबाई ने अपने पुत्र शिवाजी द्वितीय को छत्रपति घोषित कर स्वयं उसकी संरक्षिका बन गई और उन्होंने भी औरंगजेब के विरुद्ध विजय अभियान जारी रखा। अब औरंगजेब को आक्रमण के स्थान पर बचाव की नीति अपनानी पड़ी। [56] उसने 1703 ई. में मराठों से सुलह करने के लिए शाहूजी को रिहा करने की योजना भी बनाई, लेकिन मराठों पर विश्वास के अभाव में उसे यह योजना त्यागनी पड़ी। [57] अत: अब ताराबाई ने मुगल साम्राज्य पर प्रहार करते हुए 1704 ई. में सतारा को जीत लिया, साथ ही बसंतगढ़, सिंहगढ़, रायगढ़ आदि के किले भी जीते। मुगलों के समृद्ध नगर बुरहानपुर, सूरत, भड़ोंच आदि को बुरी तरह लूटा गया। [58] इन्हीं विपत्तियों का सामना करते-करते औरंगजेब की दक्कन के औरंगाबाद में 3 मार्च 1707 ई. को मृत्यु हो गई। प्रसिद्ध इतिहासकार सर जदुनाथ सरकार के अनुसार 'जिस तरह 'फ्रांस का राजा नेपोलियन प्रथम कहता था कि स्पेन के नासूर ने मुझे बर्बाद कर दिया, ठीक उसी तरह दक्कन के नासूर ने औरंगजेब को बर्बाद कर दिया।' [59] औरंगजेब के बाद अगले मुड़ल शासक बहादुर शाह प्रथम ने मराठा संग्राम की धधकती लपटो से अपने तख्त को सुरक्षित रखने तथा मराठा छत्रपति की गद्दी के लिए शाहूजी और ताराबाई के बीच संघर्ष को जन्म देने के लिए शाहूजी को रिहा कर दिया। बहादुर शाह प्रथम ने शाहूजी को छत्रपति स्वीकार कर दक्कन से उनके द्वारा चौथ वसूलने के अधिकार पर भी मोहर लगा दी।

**उपसंहार :**

स्पष्ट है कि संभाजी की शहादत के कारण येसुबाई, राजाराम ओर ताराबाई के काल में जन्मे मराठा आक्रोश के चलते जहाँ एक ओर मराठों ने अपने किलों को मुगलों से पुन: जीता। वहीं दूसरी ओर मुगल बादशाह को छत्रपति को मान्यता एवं उसके अधिकार देने के लिए मजबूर होना पड़ा। छत्रपति संभाजी की मृत्यु के बाद मुगलों के विरुद्ध राष्ट्रीय प्रतिरोध के युद्ध की शुरुआत हुई। [60] छत्रपति संभाजी अपने जीवित रहते जो कार्य न कर सके थे वह उनकी मृत्यु ने पूरा किया। उनकी मृत्यु के बाद मराठे मुगलों के विरुद्ध पुन: संगठित हुए। [61] उनके बंदी जीवन और मृत्यु ने मराठा जाति को एकता के सूत्र में पिरोकर उसमें वह शक्ति व साहस भर दिया कि वे मुगल सम्राट को हराने के लिए कटिबद्ध हो गए [62, 63] और अंतत: मुगल सम्राट बहादुर शाह प्रथम द्वारा शाहूजी को मान्यता देने के साथ ही मराठा स्वतंत्रता संग्राम लगभग 20 वर्ष बाद सफलतापूर्वक समाप्त हो गया। ❑


**संदर्भ ग्रंथ सूची :**

1. आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव, भारत का इतिहास (1000 से 1707 ई. तक), शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी, आगरा, पृष्ठ संख्या 658
2. एल.पी. शर्मा, मध्यकालीन भारत, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल प्रकाशन, आगरा, 2011, पृष्ठ संख्या 206
3. जे.एल. मेहता, एडवांस्ड स्टडी इन द हिस्ट्री ऑफ़ मॉडर्न इंडिया (1707-1813), न्यू डॉन प्रेस, नई दिल्ली, 2005, पृष्ठ संख्या 48
4. आर. सी. मजूमदार, एच.सी. रायचौधरी, कालीकिंकर दत्ता, एन एडवांस्ड हिस्ट्री ऑफ इंडिया, मैकमिलन पब्लिशर्स इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली, 2010, पृष्ठ संख्या 516
5. आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव, भारत का इतिहास (1000 से 1707 ई. तक), शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी, आगरा, पृष्ठ संख्या 658
6. जे. एल. मेहता, एडवांस्ड स्टडी इन द हिस्ट्री ऑफ़ मॉडर्न इंडिया (1707-1813), न्यू डॉन प्रेस, नई दिल्ली, 2005, पृष्ठ संख्या 49
7. डॉ. लईक अहमद, मुगल कालीन भारत, प्रयाग पुस्तक भवन, इलाहाबाद, 2019, पृष्ठ संख्या 282
8. सर जदुनाथ सरकार, हिस्ट्री आफ औरंगज़ेब, वॉल्यूम 4, लाइफ़ स्पैन पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, 2021, पृष्ठ संख्या 198
9. डॉ. लईक अहमद, मुगल कालीन भारत, प्रयाग पुस्तक भवन, इलाहाबाद, 2019, पृष्ठ संख्या 281
10. एल.पी. शर्मा, मध्यकालीन भारत, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल प्रकाशन, आगरा, 2011, पृष्ठ संख्या 207
11. इम्तिया ? अहमद, मध्यकालीन भारत (8वीं से 18वीं शताब्दी), नेशनल पब्लिकेशन, पटना, 2016, पृष्ठ संख्या 529
12. आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव, भारत का इतिहास (1000 से 1707 ई. तक), शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी, आगरा, पृष्ठ संख्या 659
13. वही
14. जे.एल. मेहता, एडवांस्ड स्टडी इन द हिस्ट्री ऑफ़ मॉडर्न इंडिया(1707-1813), न्यू डॉन प्रेस, नई दिल्ली, 2005, पृष्ठ संख्या 49
15. सर जदुनाथ सरकार, हिस्ट्री आफ औरंगज़ेब, वॉल्यूम 4, लाइफ़ स्पैन पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, 2021, पृष्ठ संख्या 340
16. वही
17. आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव, भारत का इतिहास (1000 से 1707 ई. तक), शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी, आगरा, पृष्ठ संख्या 660
18. जे.एल. मेहता, एडवांस्ड स्टडी इन द हिस्ट्री ऑफ़ मॉडर्न इंडिया (1707-1813), न्यू डॉन प्रेस, नई दिल्ली, 2005, पृष्ठ संख्या 50
19. निकोलो मनुची, स्टोरिया दो मोगोर, अंग्रेजी अनुवादक- विलियम इर्विन, जॉन मरे अल्बमार्ले स्ट्रीट, लंदन, 1907, पृष्ठ संख्या 310

20. ईश्वर दास नागर, फतुहाते अलमगीरी अंग्रेजी अनुवादक-तसनीम अहमद, जागोवाल प्रिंटिंग प्रेस, नई दिल्ली, 1978, पृष्ठ संख्या 253
21. साकी मुस्तैद खान, मासिर ए अलमगीरी, अंग्रेजी अनुवादक- सर जदुनाथ सरकार, रॉयल एशियाटिक सोसाइटी ऑफ़ बंगाल, कलकत्ता, 1947 पृष्ठ संख्या 193
22. सर जदुनाथ सरकार, हिस्ट्री आफ औरंगज़ेब, वॉल्यूम 4, लाइफ़ स्पैन पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, 2021, पृष्ठ संख्या 340
23. वही, पृष्ठ संख्या 341
24. आर.सी. मजूमदार, एच. सी. रायचौधरी, कालीकिंकर दत्ता, एन एडवांस्ड हिस्ट्री ऑफ इंडिया, मैकमिलन पब्लिशर्स इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली, 2010, पृष्ठ संख्या 516
25. निकोलो मनुची, स्टोरिया दो मोगोर, अंग्रेजी अनुवादक- विलियम इर्विन, जॉन मरे अल्बमार्ले स्ट्रीट, लंदन, 1907, पृष्ठ संख्या 311
26. आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव, भारत का इतिहास (1000 से 1707 ई. तक), शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी, आगरा, पृष्ठ संख्या 660
27. साकी मुस्तैद खान, मासिर ए अलमगीरी, अंग्रेजी अनुवादक- सर जदुनाथ सरकार, रॉयल एशियाटिक सोसाइटी ऑफ़ बंगाल, कलकत्ता, 1947 पृष्ठ संख्या 194
28. सर जदुनाथ सरकार, हिस्ट्री ऑफ औरंगज़ेब, वॉल्यूम 4, लाइफ़ स्पैन पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, 2021, पृष्ठ संख्या 342
29. साकी मुस्तैद खान, मासिर ए अलमगीरी, अंग्रेजी अनुवादक- सर जदुनाथ सरकार, रॉयल एशियाटिक सोसाइटी ऑफ़ बंगाल, कलकत्ता, 1947 पृष्ठ संख्या 195 -196
30. आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव, भारत का इतिहास (1000 से 1707 ई. तक), शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी, आगरा, पृष्ठ संख्या 661
31. जे.एल. मेहता, एडवांस्ड स्टडी इन द हिस्ट्री ऑफ़ मॉडर्न इंडिया (1707-1813), न्यू डॉन प्रेस, नई दिल्ली, 2005, पृष्ठ संख्या 50
32. आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव, भारत का इतिहास (1000 से 1707 ई. तक), शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी, आगरा, पृष्ठ संख्या 661
33. सर जदुनाथ सरकार, हिस्ट्री आफ औरंगज़ेब, वॉल्यूम 4, लाइफ़ स्पैन पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, 2021, पृष्ठ संख्या 343
34. एल.पी. शर्मा, मध्यकालीन भारत, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल प्रकाशन, आगरा, 2011, पृष्ठ संख्या 207
35. विद्याधर महाजन, मध्यकालीन भारत, एस चंद एंड कंपनी लिमिटेड, नई दिल्ली, 2005, पृष्ठ संख्या 253
36. साकी मुस्तैद खान, मासिर ए अलमगीरी, अंग्रेजी अनुवादक- सर जदुनाथ सरकार, रॉयल एशियाटिक सोसाइटी ऑफ़ बंगाल, कलकत्ता, 1947 पृष्ठ संख्या 196
37. आर.सी. मजूमदार, एच. सी. रायचौधरी, कालीकिंकर दत्ता, एन एडवांस्ड हिस्ट्री ऑफ इंडिया, मैकमिलन पब्लिशर्स इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली, 2010, पृष्ठ संख्या 516
38. सर जदुनाथ सरकार, हिस्ट्री आफ औरंगज़ेब, वॉल्यूम 4, लाइफ़ स्पैन पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, 2021, पृष्ठ संख्या 344
39. जे.एल. मेहता, एडवांस्ड स्टडी इन द हिस्ट्री ऑफ़ मॉडर्न इंडिया (1707-1813), न्यू डॉन प्रेस, नई दिल्ली, 2005, पृष्ठ संख्या 50
40. डॉ. लईक अहमद, मुगल कालीन भारत, प्रयाग पुस्तक भवन, इलाहाबाद, 2019, पृष्ठ संख्या 282
41. एल.पी. शर्मा, मध्यकालीन भारत, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल प्रकाशन, आगरा, 2011, पृष्ठ संख्या 207
42. विद्याधर महाजन, मध्यकालीन भारत, एस चंद एंड कंपनी लिमिटेड, नई दिल्ली, 2005, पृष्ठ संख्या 253
43. आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव, भारत का इतिहास (1000 से 1707 ई. तक), शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी, आगरा, पृष्ठ संख्या 661
44. सर जदुनाथ सरकार, हिस्ट्री आफ औरंगज़ेब, वॉल्यूम 4, लाइफ़ स्पैन पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, 2021, पृष्ठ संख्या 344
45. सतीश चंद्र, मध्यकालीन भारत, जवाहर पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, 2018, पृष्ठ संख्या 349
46. जे.एल. मेहता, एडवांस्ड स्टडी इन द हिस्ट्री ऑफ़ मॉडर्न इंडिया (1707-1813), न्यू डॉन प्रेस, नई दिल्ली, 2005, पृष्ठ संख्या 50
47. साकी मुस्तैद खान, मासिर ए अलमगीरी, अंग्रेजी अनुवादक- सर जदुनाथ सरकार, रॉयल एशियाटिक सोसाइटी ऑफ़ बंगाल, कलकत्ता, 1947, पृष्ठ संख्या 197
48. आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव, भारत का इतिहास (1000 से 1707 ई. तक), शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी, आगरा, पृष्ठ संख्या 662
49. सतीश चंद्र, मध्यकालीन भारत, जवाहर पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, 2018, पृष्ठ संख्या 349
50. एल.पी. शर्मा, मध्यकालीन भारत, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल प्रकाशन, आगरा, 2011, पृष्ठ संख्या 208
51. विद्याधर महाजन, मध्यकालीन भारत, एस चंद एंड कंपनी लिमिटेड, नई दिल्ली, 2005, पृष्ठ संख्या 254
52. आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव, भारत का इतिहास (1000 से 1707 ई. तक), शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी, आगरा, पृष्ठ संख्या 662
53. आर.सी. मजूमदार, एच.सी. रायचौधरी, कालीकिंकर दत्ता, एन एडवांस्ड हिस्ट्री ऑफ इंडिया, मैकमिलन पब्लिशर्स इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली, 2010, पृष्ठ संख्या 517
54. सतीश चंद्र, मध्यकालीन भारत, जवाहर पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, 2018, पृष्ठ संख्या 352
55. विद्याधर महाजन, मध्यकालीन भारत, एस चंद एंड कंपनी लिमिटेड, नई दिल्ली, 2005, पृष्ठ संख्या 254
56. आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव, भारत का इतिहास (1000 से 1707 ई. तक), शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी, आगरा, पृष्ठ संख्या 663
57. इम्तियाज अहमद, मध्यकालीन भारत (8वीं से 18वीं शताब्दी), नेशनल पब्लिकेशन, पटना, 2016, पृष्ठ संख्या 530
58. एल.पी. शर्मा, मध्यकालीन भारत, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल प्रकाशन, आगरा, 2011, पृष्ठ संख्या 208
59. सर जदुनाथ सरकार, हिस्ट्री आफ औरंगज़ेब, वॉल्यूम 4, लाइफ़ स्पैन पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, 2021, पृष्ठ संख्या 347
60. आर.सी. मजूमदार, एच.सी. रायचौधरी, कालीकिंकर दत्ता, एन एडवांस्ड हिस्ट्री ऑफ इंडिया, मैकमिलन पब्लिशर्स इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली, 2010, पृष्ठ संख्या 516
61. विद्याधर महाजन, मध्यकालीन भारत, एस चंद एंड कंपनी लिमिटेड, नई दिल्ली, 2005, पृष्ठ संख्या 253
62. आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव, भारत का इतिहास (1000 से 1707 ई. तक), शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी, आगरा, पृष्ठ संख्या 661
63. एल.पी. शर्मा, मध्यकालीन भारत, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल प्रकाशन, आगरा, 2011, पृष्ठ संख्या 207

ISSN 2321-4945
PEER REVIEWED & REFEREED JOURNAL
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

मंथन

# राजेश जोशी की कविताओं में अभिव्यक्त यथार्थ

**मनीषा कुमारी**
हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग,
जम्मू-केंद्रीय विश्वविद्यालय, सांबा
जम्मू-कश्मीर-181143
8082745262
mk2161078@gmail.com

**डॉ. अरविद कुमार यादव**
शोध निर्देशक, हिंदी एवं अन्य
भारतीय भाषा विभाग,
जम्मू-केंद्रीय विश्वविद्यालय, सांबा
जम्मू-कश्मीर-181143
9425157244
kumar.arvind15@gmail.com

समकालीन हिंदी कविता के महत्वपूर्ण कवि राजेश जोशी अपने समय, समाज एवं परिधि में रचे-गढ़े हैं। उसी परिधि एवं भावभूमि में उपजा उनका काव्य साहित्य है, जो युगबोध, तद्जनित परिस्थितियों एवं जीवन यथार्थ से लबरेज है। उनके काव्य साहित्य के विषय में नरेश सक्सेना कहते हैं कि 'राजेश जोशी भाषा को लिरिकल बनाते हुए उस संगीत तक ले जाते हैं, जहाँ से अर्थों की उड़ान शुरू होती है। वह थियेटर की सभी तकनीकें, प्रश्नाधारित संवाद, लय और गीतात्मकता का सीधा इस्तेमाल करते हैं। किंतु कविता की मूल प्रतिज्ञा, सूक्ष्मता और संवेदनीयता से नहीं डिगते। राजेश की कविता की ताकत रेटारिक का अर्थ ही बदल देती है। वह देखते-देखते भाषा को वस्तु और वस्तु को उसकी अंतर्वस्तु में बदल देती है। भोपाल राजेश की कविताओं में एक ऑर्गेनिक संरचना की तरह गुँथा है। वह उनकी बोली, बानी, मिजाज, मौसम सभी कुछ में व्याप्त है। शायद इसी को लक्ष्य कर ऋतुराज ने लिखा था, वह अपने अनुभव को सिरजते वक्त शोक गीत की लयात्मकता नहीं छोड़ते। लय उनकी कविताओं में सहज भाव से आती है, जैसे कोई कुशल सरोदवादक आलाप में भोपाल राग का विस्तार कर रहा है! राजेश की राजनीतिक चेतना किताबी नहीं है। उनके मंतव्य स्पष्ट हैं। निष्कर्षों को लेकर दुविधा नहीं है। राजेश की राजनीतिक सम्मान की कविताएँ रेटारिक या स्थूल होने की जगह बारीकी और नफासत का नमूना पेश करती है। मार्क्सवाद के संस्पर्श से जिन कवियों ने अपनी समझ और संवेदना को गहरा किया है, राजेश जोशी को उनमें अलग से चिह्नित किया जा सकता है। समय, स्थान और गतियों के अछूते संदर्भों से भरी है राजेश की कविता। यहाँ काल का बोध गहरा और आत्मीय है। अपने मनुष्य होने के अहसास और उसे बचाए रखने की जद्दोजहद हैं राजेश की कविताएँ।'[1] उनका काव्य साहित्य समाज की वास्तविक तस्वीर, संबंधों में बढ़ती दूरी, एकाकीपन, संवेदनाओं का क्षरण, बदलते मानवीय संबंध, मानवीय मूल्यों में गिरावट, अपसंस्कृति, एकल परिवार की अवधारणा, मानव जीवन का संघष, खोखली अर्थव्यवस्था, खोखली न्याय व्यवस्था, जर्मराती शासन व्यवस्था, भ्रष्टाचार का पर्दाफाश, निजीकरण एवं शिक्षा का बाजारीकरण, सांप्रदायिकता, विकास में रुकावट, सत्ता का दोहरा चरित्र एवं न्याय प्रणाली पर वर्चस्व,

राजनीतिक अस्थिरता, स्त्री जीवन की दारुण-कहानी, स्थानीयता, आधुनिकता एवं बदलते जीवन शैली के तमाम प्रश्नों को हमारे बीच परोसता है।

मनुष्य अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं और अनुभवों के बीच अक्सर कुछ अदृश्य दूरी को महसूस करता है। जब हम दो पंक्तियों को देखते हैं तो इन दोनों के बीच एक अंतराल, एक खाली स्थान होता है। यह असंख्य भावनाओं और विचारों से भरा होता है, जिसे हम शब्दो में नहीं कर सकते हैं। इस अंतराल में वह सब कुछ समाहित होता है, जो बाहर नहीं आ पाता, किंतु हमारे आंतरिक मन में चलता रहता है। दो पंक्तियों के बीच का खाली स्थान केवल एक शारीरिक अंतराल नहीं है, बल्कि यह विचारों, संवेदनाओं एवं भावनाओं का प्रतीक है, जिस प्रकार शब्दों के बीच का मौन कभी-कभी बहुत गहन अभिव्यक्ति देता है, वैसे ही दो पंक्तियों के बीच की चुप्पी भी अत्यधिक अर्थपूर्ण होती है। राजेश जोशी का काव्य इन दो पंक्तियों के बीच के अर्थपूर्ण अंतराल को उजागर करता है, जहाँ से जीवन की वास्तविकता एवं अस्तित्व की सच्चाइयाँ बाहर आती हैं। इस तरह की कविताएँ हमें हमारे विचारों और अनुभवों के बीच मौजूद उस शून्यता को समझने की प्रेरणा देती है। 'दो पंक्तियों के बीच' कविता हमें यह एहसास दिलाती है कि व्यक्ति जो शब्दों में बोलता है, वही महत्वपूर्ण एवं सत्य नहीं होता है। यह अंतराल हमारी छिपी हुई भावनाओं, आंतरिक द्वंद्व एवं उन प्रश्नों का प्रतीक है, जिनका उत्तर हम कभी भी प्राप्त नहीं कर सकते हैं। 'दो पंक्तियों के बीच' कविता में एक गहरी, सार्थक एवं वास्तविक अभिव्यक्ति है, जो यह दर्शाती है कि जीवन में कुछ बातें, कुछ भावनाएँ शब्दों से परे होती हैं। यह कविता हमें उस अंतराल की महत्ता को समझाती है, जो हमारे भीतर छुपा रहता है, और यह भी कि वह स्थान जहाँ शब्द समाप्त होते हैं, वहाँ से विचारों और संवेदनाओं की सच्ची शुरुआत होती है। जोशी 'दो पंक्तियों के बीच' कविता में लिखते हैं-

'कविता की दो पंक्तियों के बीच मैं वह जगह हूँ
जो सूनी सूनी सी दिखती है हमेशा
सबसे छिपाकर रखी कवि की एक अज्ञात दुनिया तक
यहाँ आने से पहले अपने जूते बाहर उतार कर आना
कि तुम्हारे पैरों की कोई आवाज न हो
एक जरा सी बाहरी आवाज नष्ट कर देगी
मेरे पूरे जादुई तिलिस्म की!' [2]

जोशी की कविता जीवन अनुभूति की कविता है, जिसमें टूटते एवं बदलते मानवीय संबंध, कम होती संवेदना, बढ़ रहे निजीपन, अमानवीयता, अनैतिकता, व्यक्ति की स्वार्थपरता, जीवन की कठोरता, नीरसता, एकाकीपन एवं संवेदना से जुड़े तमाम प्रश्न एवं मुद्दे हमारे सामने प्रस्तुत करती है। आज तकनीक के बढ़ते प्रभाव से व्यक्ति की जीवन शैली में भी बदलाव हुआ है। आधुनिकता की दौड़ ने व्यक्ति के लिए मानसिक दबाव उत्पन्न कर दिया है। इस प्रतिस्पर्धा के चलन ने व्यक्ति को स्वयं तक केंद्रित कर दिया है। परिणामत: व्यक्तिगत एवं पारिवारिक संबंधों में दूरियाँ बढ़ती जा रही हैं। यह दूरियाँ केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक एवं भावनात्मक स्तर पर भी दिन-प्रतिदिन बढ़ रही हैं, जो संबंधों की आत्मीयता को प्रभावित कर कमजोर बना रही है। व्यक्ति अपने करियर, शिक्षा एवं व्यक्तिगत लक्ष्यों में इस तरह उलझ गया है कि उसके पास दूसरे के लिए समय ही नहीं है। परिवार के सदस्य एक-दूसरे से जुड़े रहने के बजाय अलग-अलग व्यस्तताओं में खो गए हैं। उसी व्यस्तता ने उनके बीच आपसी संवाद, समझ एवं आत्मीयता की कमी को जन्म दिया है, जिसके फलस्वरूप रिश्तों में भावनात्मक खालीपन और अजनबियत का आभास बढ़ता जा रहा है। सोशल मीडिया और डिजिटल दुनिया का प्रभाव भी संबंधों में दूरियों को बढ़ा रहा है। जहाँ एक ओर ये प्लेटफॉर्म लोगों को जोड़ने का दावा करता है, वहीं वास्तविक जीवन में ये एकजुटता को खत्म करता जा रहा है। लोग अपनी समस्याओं को व्हाट्सअप स्टेटस एवं सोशल मीडिया पर व्यक्त करने में अधिक विश्वास करने लगे हैं, जबकि व्यक्तिगत बातचीत और संवाद में कमी आती जा रही है। रिश्तों में सतहीपन एवं गहरे भावनात्मक संबंधों के अभाव को राजेश जोशी 'संयुक्त परिवार' कविता के माध्यम से रेखांकित करते हैं-

'कम हो रहा है मिलना जुलना

कम हो रही है जान पहचान
सुख दुख में भी पहले की तरह इकट्ठे नहीं होते लोग
तार से आ जाती है बधाई और शोक संदेश
अब सिर्फ एलबम में रहते हैं
परिवार के सारे लोग एकसाथ
टूटने की इस प्रक्रिया में क्या क्या टूटा है
कोई नहीं सोचता' [3]

जोशी का काव्य प्रेम एवं संवेदना की जटिलताओं को गहराई से व्यक्त करता है, जिसमें वर्तमान की तुलना में अतीत की सादगी, आत्मीयता, प्रेम, आदर-सम्मान एवं भाईचारा की भावनाओं को चित्रित किया गया है। उनके काव्य में एक नॉस्टेल्जिया (यादें) है, जो समय के साथ बदलती दुनिया की विसंगतियों को रेखांकित करता है। उनकी कविताओं में पुरानी यादों से तादात्म्य, गुजरे हुए क्षणों की बारीकियां एवं विशिष्टता है, जो प्रेम, संवेदना एवं आत्मीयता की वास्तविकता को दर्शाता है। व्यक्ति समाज एवं संस्कृति से संवेदना, शिष्टाचार एवं अपनत्व का भाव जो कभी हमारी पहचान हुआ करते थे, खत्म होते जा रहे हैं। 'संयुक्त परिवार' कविता की बानगी प्रस्तुत है-

'इस तरह कभी कोई नहीं लौटा होगा
बचपन के उस पैतृक घर से
लड़ते झगड़ते भी साथ-साथ रहते थे सारे भाई बहन
पल दो पल को बिठा ही लिया जाता था हर आने वाले को
पूछ लिया जाता था गुड़ और पानी को
खबर मिल जाती थी बाहर गए आदमी की
ताला देखकर शायद ही कभी कोई लौटा होगा घर से' [4]

राजेश जोशी का काव्य समकालीन परिवेश के यथार्थ का काव्य है, जिसमें शिक्षा-व्यवस्था, रोजगार-प्रक्रिया, कर्मचारियों का तबादला आदि में पनप रहे भ्रष्टाचार का नग्न चित्रण किया गया है। उनका काव्य सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए भ्रष्टाचार की खिलाफत करता है। इनका काव्य भ्रष्टाचार की चपेट में शिक्षा जगत एवं इससे उत्पन्न कठिनाइयों से जूझते हुए शिक्षक के जीवन का दस्तावेज है। जोशी के काव्य में तबादले का मुद्दा केवल नौकरी की बदलती स्थिति तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे जुड़े मानवीय पहलुओं को भी उजागर किया गया है। तबादला एक व्यक्ति की पहचान, उसकी स्थिरता एवं उसके पारिवारिक जीवन पर गहरा प्रभाव डालता है। तबादला केवल शैक्षिक एवं प्रशासनिक बदलाव नहीं करता है, बल्कि यह प्रक्रिया शिक्षक के मानसिक संतुलन एवं उसके कामकाजी उत्साह को भी प्रभावित करता है। 'घर की याद' कविता में भ्रष्टाचार से उत्पन्न असंतोष एवं निराशा से ग्रसित शिक्षक का अंकन किया गया है। वह तबादले की अर्जियों लेकर शिक्षा विभाग के चक्कर काटता है। अर्जी मंजूर न होने पर शिक्षक हताशा एवं निराशा भरा जीवन व्यतीत करने लगता है, जो उसके कार्य क्षेत्र को भी प्रभावित करता है। जोशी का काव्य इस मुद्दे को एक समग्र सामाजिक संदर्भ में प्रस्तुत करता है, जहाँ प्रशासनिक निर्णयों का भप्राव व्यक्ति के निजी जीवन एवं कामकाजी मनोवृत्तियों पर पड़ता है। 'घर की याद' कविता की बानगी प्रस्तुत है-

'ढाबे की टूटी बेंच पर बैठ कर
चाय में डुबा डुबा कर बन खाते हुए मुश्किल से दबाता हूँ
मन में हूक सी उठती घर की याद
प्राइमरी स्कूल का एक मास्टर फटेहाल...
बडबडाता है
यहाँ जंगल में फेंक दया है मुझे
घर से ढाई सौ मील दूर
दस बरस में लगाई हैं मैंने सैंकड़ों अर्जियाँ
लगाए हैं पचासों चक्कर शिक्षा विभाग के
राज्य परिवहन की बसों को दे चुका हूँ अपनी सारी पगार
न जाने कितने ढाबों का पी चुका हूँ पानी
खा चुका हूँ नमक
कोई नहीं सुनता
कोई नहीं सुनता' [5]

राजेश जोगी का काव्य शिक्षा एवं न्याय व्यवस्था में पनप रहे भ्रष्टाचार को सहजता में उभारता है, जिसमें भ्रष्ट-व्यवस्था, बढ़ती बेरोजगारी, उज्ज्वल भविष्य एवं अपने सपनों के साथ टकराते हुए युवाओं का अंकन है। इस भ्रष्ट व्यवस्था से पीड़त शिक्षित युवा अपनी नौकरी की इच्छा को पूर्ण नहीं कर पा रहा है। उसकी शिक्षा एवं नौकरी पाने के लिए की गई मेहनत की आज कोई



कीमत नहीं रह गई है। आज की इस शिक्षा पद्धति का यही दुर्भाग्य है। जोशी द्वारा रचित रुको बच्चों, क्यों रोई वो इतने बरस बाद, न्याय आदि कविताओं में खोखली एवं भ्रष्ट न्याय व्यवस्था को चित्रित किया गया है। 'रुको बच्चों' कविता की मूल संवेदना भ्रष्ट न्याय व्यवस्था से संबंधित है। वर्तमान की घृणित न्याय व्यवस्था, न्यायाधीश का दोहरा चरित्र एवं दिखावटीपन का अंकन किया गया है। गाड़ियों की तेज रफ्तार में घूमता हुआ यह सफेदपोश वाला व्यक्ति न्याय व्यवस्था का न्यायाधीश नहीं है, वह केवल दिखावा मात्र है, जिसका प्रमाण उसके ऑफिस में कई सालों से धूल खाती पड़ी हुई फाइलें बता रही हैं। 'रुको बच्चों' कविता आज भी न्याय की उम्मीद में इंतजार कर रही उन फाइलों का दस्तावेज है-

'रुको बच्चों!
उस न्यायाधीश की कार को
निकल जाने दो
कौन पूछ सकता है उससे कि
तुम जो चलते हो इतनी
तेज कार में
कितने मुकद्दमें लम्बित हैं
तुम्हारी अदालत में
कितने साल से...' [6]

